3 राजधानी
चारबाग में मिलीं घर से भागीं दो किशोरियां

6 अभिमत
कौशल विकास पर ध्यान देना आवश्यक

10 स्पोर्ट्स
पंत ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

11 विदेश
ट्रंप ने यूरोप और ब्राजील पर से यात्रा प्रतिबंध हटाए

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 91
लखनऊ, बुधवार, 20 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



काजल अग्रवाल ने अपने प्रशंसकों से साधा संपर्क
विविध-12

# निर्माताओं ने बताए टीके से जुड़े जोखिम और फायदे

## सीरम इंस्टीट्यूट और भारत बायोटेक ने वैक्सीन लगवाने वालों की मदद के लिए जारी की फैक्ट शीट



**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**देशव्यापी** टीकाकरण अभियान शुरू होने के तीन दिन बाद और दुष्प्रभावों (एईएफआई) के कई मामले सामने आने के पश्चात कोविड वैक्सीन निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) तथा भारत बायोटेक ने परामर्श जारी किया है, जिसका मकसद टीका लगवाने वालों को उनकी वैक्सीन से जुड़े जोखिम और फायदे के बारे में बताया जा सके।

भारत में फिलहाल दो वैक्सीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, इसमें सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड तथा भारत बायोटेक की कोवैक्सीन शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि जनवरी की शुरुआत में डीसीजीआई से मंजूरी मिलने के तुरंत बाद दोनों फर्मों ने एकदूसरे के टीके की उपयोगिता पर सवाल उठाए थे। भारत बायोटेक ने अपनी फैक्ट शीट में बुखार से पीड़ित लोगों, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं तथा रक्त विकारों से पीड़ित लोगों को टीका नहीं लगवाने की सलाह दी है। टीका निर्माता कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर कोवैक्सीन के बारे में (शेष पेज 9)

## सरकार ने दिलाया भरोसा टीके पूरी तरह सुरक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सरकार** ने मंगलवार को कोविड-19 के टीके के प्रतिकूल प्रभाव की आशंकाओं से इनकार करते हुए कहा कि टीकाकरण के बाद दुष्प्रभाव और गंभीर समस्या अब तक नहीं देखने को मिली है। प्रतिकूल प्रभाव के बेहद कम मामले सामने आएं हैं और दोनों टीके पूरी तरह से सुरक्षित हैं। केंद्र ने कहा कि टीका लेने वाले कुल लोगों में से 0.18 प्रतिशत में ही प्रतिकूल असर देखने को मिला, जबकि 0.002 प्रतिशत लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा जो कि बहुत निम्न स्तर है। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा कि टीकाकरण के बाद दुष्प्रभाव और गंभीर समस्या अब तक नहीं देखने को मिली है। प्रतिकूल असर के नगण्य मामले आए हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दोनों टीके सुरक्षित हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दोनों टीके सुरक्षित हैं। पॉल ने कहा कि यह निराशाजनक है कि कुछ डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्यकर्मी टीका लेने से इनकार कर रहे हैं और उन्होंने लोगों से टीके की खुराक लेने का अनुरोध किया। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा, उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक टीकाकरण के बाद प्रतिकूल असर (एईएफआई) के अब तक (शेष पेज 9)

## भारत छह देशों को करेगा वैक्सीन की आपूर्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने मंगलवार को घोषणा की कि वह सहायता अनुदान के तहत बुधवार से भूटान, मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमा और सेशेल्स को कोविड-19 के टीके की आपूर्ति करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि भारत वैश्विक समुदाय की स्वास्थ्य सेवा जरूरतों को पूरा करने के लिए भरोसेमंद सहयोगी बनकर काफी सम्मानित महसूस कर रहा है और बुधवार से टीकों की आपूर्ति शुरू होगी तथा आने वाले दिनों और काफी कुछ होगा। गौरतलब है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े दवा उत्पादक देशों में से एक है और कोरोना वायरस का टीका खरीदने के लिए काफी देशों ने सम्पर्क किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि घरेलू जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भारत आगामी हफ्ते, (शेष पेज 9)

# प्रदेश में चयन का मापदंड केवल मेरिटः योगी

## कहा, पौने चार लाख युवाओं को पारदर्शी तरीके से दी गई नौकरी

## माध्यमिक शिक्षा के 436 नवचयनित प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापकों को मिली तैनाती



लखनऊ में अपने आवास पर माध्यमिक शिक्षा के नव चयनित प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में चयन का मापदंड केवल मेरिट है। बीते 3 वर्ष 10 माह के भीतर प्रदेश के पौने चार लाख युवाओं की सरकारी नौकरी का सपना साकार हुआ है। सभी नियुक्तियां शुचिता, पारदर्शिता और गोपनीयता की प्रमाण हैं। एक भी चयन पर सवाल या संदेह नहीं किया जा सकता। जो युवा चयनित हुए हैं, उनकी प्रतिभा, क्षमता और मेहनत ने उन्हें सफलता दिलाई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा के 436 नवचयनित प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण कर रहे थे। मुख्यमंत्री आवास पर हुए इसे कार्यक्रम में 6 नवचयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिला जबकि कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़े शेष नवचयनित युवाओं को स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए। नवचयनित प्रवक्ताओं और सहायक अध्यापकों को सफलता की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सफलता ने आपके भीतर जिस आत्मबल और आत्मविश्वास को बढ़ाया है, वह प्रदेश के स्वर्णिम भविष्य की झलक दिखाता है। योगी ने कहा कि शिक्षक की सेवा महज 6-8 घंटे की नहीं होती, बल्कि शिक्षक जीवनपर्यंत शिक्षक ही होता है। उन्होंने कहा कि भविष्य का भारत कैसा होगा, इसकी नींव यही शिक्षक अपनी कक्षाओं में रखेंगे। नवचयनित प्रवक्ताओं और अध्यापकों को समाज निर्माण की महती जिम्मेदारी का आभास कराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी शिक्षक अपने तय विषय के अलावा अन्य विषयों की जानकारी भी रखें। शासन की नीतियों और जनकल्याणकारी नीतियों को समझें और यथासंभव समाज के लोगों को लाभान्वित करें। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट और महराजगंज आदि जनपदों के नवचयनित शिक्षकों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीखने की कोई सीमा नहीं होती। कोई भी कभी पूर्ण नहीं होता।

हर गतिविधि कुछ न कुछ सिखाती है। शिक्षक होने के बाद भी हमें हमेशा कुछ नया अभिनव सीखते-पढ़ते रहना चाहिए। हमारी शिक्षा व्यवस्था महज किताबी न रहे, बल्कि व्यवहारिक बने, इसकी जिम्मेदारी इन्हीं शिक्षकों की है। उन्होंने चार फरवरी से शुरू हो रहे चौरीचौरा घटना के शताब्दी वर्ष और 15 अगस्त से देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के आयोजनों से अधिकाधिक छात्रों को जोड़ने के लिए नवचयनित शिक्षकों को प्रेरित भी किया। इसके साथ ही सीएम योगी ने कहा (शेष पेज 9)

# बाइडेन-कमला आज लेंगे शपथ



अमेरिका के नए राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के शपथ ग्रहण की पूर्व संध्या पर अमृतसर में मंगलवार को उनके चित्र बनाता कलाकार।

**भाषा।** वॉशिंगटन

**जो बाइडन** बुधवार को अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति जबकि कमला हैरिस उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगी। ट्रम्प समर्थकों द्वारा कैपिटल हिल (संसद भवन परिसर) पर हाल में हुए हमले के बाद ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर सुरक्षा की बढ़ती चिंताओं के बीच बुधवार को बाइडन और हैरिस शपथ ग्रहण करेंगे। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स 12 बजते ही (स्थानीय समयानुसार) कैपिटल के वेस्ट फ्रंट में बाइडन को पद की शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण का यह पारंपरिक स्थान है जहां नेशनल गार्ड्स के 25 हजार से अधिक जवान सुरक्षा में तैनात रहेंगे। निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समर्थकों के हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए इस स्थान को किले में तब्दील कर दिया गया है। बाइडन (78) अपने परिवार की 127 वर्ष पुरानी बाइबिल के साथ शपथ लेंगे। इस दौरान उनकी पत्नी जिल बाइडन अपने हाथों में बाइबिल लिए खड़ी रहेंगी।

## विधान परिषद के सभी 12 प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन तय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** विधान परिषद के 12 प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। उप्र परिषद में 30 जनवरी को रिक्त हो रही 12 सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा जमा किए गए नामांकन पत्रों की जांच में 12 नामांकन पत्र वैध पाए गए। विशेष सचिव विधानसभा एवं निर्वाचन अधिकारी बृज भूषण दूबे ने बताया कि मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे से नामांकन पत्रों की जांच प्रारंभ की गई। नामांकन पत्रों की जांच में एक प्रत्याशी महेश चंद्र शर्मा का नामांकन पत्र में किसी भी प्रस्तावक के ना होने के कारण खारिज कर दिया गया है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुल 13 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए थे। जिनमें स्वतंत्र देव सिंह, डॉ. दिनेश शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, अरविंद कुमार शर्मा, कुंवर मानवेन्द्र सिंह, गोविंद नारायण शुक्ला, सलिल विश्नोई, अश्वनी त्यागी, सुरेन्द्र चौधरी, धर्मवीर प्रजापति, महेश (शेष पेज 9)

# नसीमुद्दीन सिद्दीकी व राम अचल राजभर गए जेल

## दयाशंकर सिंह के परिवार की महिलाओं व उनकी बेटी पर अभद्र टिप्पणी का मामला

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**भाजपा** नेता दयाशंकर सिंह के परिवार की महिलाओं व उनकी बेटी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने के आपराधिक मामले में आत्मसमर्पण करने वाले बसपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव नसीमुद्दीन सिद्दीकी व राम अचल राजभर को एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

विशेष जज पवन कुमार राय ने इन दोनों मुल्जिमों की जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तारीख मुकर्रर की है। बीते 18 दिसंबर को विशेष अदालत ने इनकी सम्पति कुर्क करने का आदेश दिया था। जबकि इससे पहले फरार घोषित करते हुए इनके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही से पहले की नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। बावजूद इसके मुल्जिमान अदालत में हाजिर नहीं हुए। मंगलवार को इन दोनों मुल्जिमों ने अदालत में आत्मसर्पण किया और जमानत पर रिहा करने की गुहार लगाई। विशेष अदालत ने आत्मसमर्पण मंजूर करते हुए इन्हें न्यायिक हिरासत में लेने का आदेश दिया। जबकि इनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए अभियोजन की ओर से अपना पक्ष रखने के लिए समय की मांग की गई।

अदालत ने अभियोजन की इस मांग को मंजूर कर लिया। इसके बाद दोनों मुल्जिमों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि 22 जुलाई 2016 को इस मामले की नामजद एफआईआर दयाशंकर सिंह की मां तेतरी देवी ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी इस एफआईआर में नसीमुद्दीन, राम अचल राजभर व मेवालाल सहित बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायवाती को भी नामजद किया था। जिसके मुतातिक 20 (शेष पेज 9)

## सरकार ने व्हाट्सऐप को हालिया बदलावों को वापस लेने को कहा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सूचना** प्रौद्योगिकी पर संसदीय समिति की गुरुवार को होने वाली बैठक से पहले सरकार ने मंगलवार को व्हाट्सऐप से उसके मैसेजिंग ऐप की प्राइवेसी पॉलिसी (निजता नीति) में हाल में किए गए बदलावों को वापस ने को कहा है। केंद्र ने कहा कि यह एकतरफा बदलाव अनुचित और अस्वीकार्य है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने व्हाट्सऐप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विल कैथकार्ट को कड़े शब्दों में लिखे एक पत्र में कहा कि भारत में व्हाट्सऐप के सबसे अधिक उपयोक्ता (यूजर) हैं और भारत व्हाट्सऐप के लिए सबसे बड़ा बाजार है। पत्र में कहा गया, व्हाट्सऐप की सेवा शर्तों एवं गोपनीयता नीति (शेष पेज 9)

# एस-400 मिसाइल प्रशिक्षण के लिए भारतीय सैन्य दल जाएगा रूस



एस-400 मिसाइल की फाइल फोटो।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## अमेरिका की प्रतिबंध लगाने की धमकी के बावजूद सरकार ने किया फैसला

**भारतीय** सैनिकों का एक दल एस-400 वायु रक्षा प्रणाली के परिचालन का प्रशिक्षण प्राप्त करने अगले कुछ दिन में रूस के लिए रवाना होगा, क्योंकि इस मिसाइल प्रणाली के पहले बैच की आपूर्ति इस साल के उत्तरार्ध में मॉस्को द्वारा किए जाने की उम्मीद है।

भारत में रूस के राजदूत निकोले आर कुदाशेव ने मंगलवार को रूसी दूतावास में आयोजित कार्यक्रम में एक समूह से संवाद करते हुए कहा कि एस-400 दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को मजबूती प्रदान करने वाली महत्वकांक्षी परियोजना है।

उन्होंने कहा कि भारत-रूस सैन्य एवं सैन्य प्रौद्योगिकी संबंध निरंतर बढ़ने वाले असाधारण पारस्परिक हितों, सामंजस्य, निरंतरता और पूरकता पर आधारित हैं। उल्लेखनीय है कि (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,398 | ↑ | 834 | |
| निफ्टी | 14,521 | ↑ | 239 | |
| सोना | 48,480 | ↑ | 198 | /10g |
| चांदी | 65,340 | ↑ | 1008 | /kg |

## क्विक न्यूज

### संसद कैंटीन में भोजन पर दी जाने वाली सब्सिडी समाप्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को बताया कि संसद की कैंटीन में सांसदों, अन्य को भोजन पर दी जाने वाली सब्सिडी बंद कर दी गई है। बिरला ने इससे जुड़े वित्तीय पहलुओं के बारे में कोई जानकारी नही दी। सब्सिडी समाप्त किए जाने से लोकसभा सचिवालय को सालाना 8 करोड़ रुपए की बचत हो सकेगी। लोकसभा अध्यक्ष ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि उत्तर रेलवे के बजाय अब आईटीडीसी संसद की कैंटीनों का संचालन करेगा। उन्होंने कहा कि संसद सत्र शुरू होने से पहले सभी सांसदो से कोविड-19 जांच कराने का अनुरोध किया जाएगा। बिरला ने कहा कि सांसदों के आवास के निकट भी उनके आरटी-पीसीआर कोविड-19 परीक्षण किए जाने के प्रबंध किए गए है। बिरला ने कहा कि केंद्र, राज्यों द्वारा निर्धारित की गई टीकाकरण अभियान नीति सांसदो पर भी लागू होगी।

# कंगारुओं के गढ़ गाबा को भी भेदा, ये है न्यू इंडिया

## भारत ने ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के 32 साल के अपराजेय क्रम को तोड़ा, श्रृंखला 2-1 से जीती

## नौ स्टार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद टीम इंडिया ने अपने दमखम का लोहा मनवाया




ब्रिसबेन में चौथे टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया को हराने के बाद ट्रॉफी के साथ प्रसन्न मुद्रा में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी

**भाषा।** ब्रिसबेन

**अपने** दो युवा बल्लेबाजों शुभमन गिल और ऋषभ पंत की आकर्षक अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने मंगलवार को यहां चौथे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में तीन विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज करके श्रृंखला अपने नाम करने के साथ आस्ट्रेलिया की गाबा में 32 वर्षों से चली आ रही बादशाहत भी खत्म कर दी। भारत ने एडीलेड में पहला टेस्ट मैच गंवाने के बाद शानदार वापसी की और आस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर लगातार दूसरी बार श्रृंखला में 2-1 से हराकर बार्डर-गावस्कर ट्राफी अपने पास बरकरार रखी।

भारत ने यह जीत तब दर्ज की जबकि उसके कई शीर्ष खिलाड़ी चोटिल होने या अन्य कारणों से टीम में नहीं थे। गिल शतक से चूक गए लेकिन उन्होंने 91 रन की प्रवाहमय पारी खेली जबकि पंत ने आक्रामकता और रक्षण की अच्छी मिसाल पेश करके नाबाद 89 रन बनाए। भारत के सामने 328 रन का लक्ष्य था और उसने सात विकेट पर 329 रन बनाकर गाबा में अपनी पहली जीत दर्ज की। इन सबके बीच चेतेश्वर पुजारा की 211 गेंदों पर खेली गई 56 रन की पारी खेलकर फिर से अपना जुझारूपन दिखाया। उन्होंने अपने इन दोनों युवा साथियों को खुलकर खेलने का मौका दिया। पुजारा ने गिल के साथ 240 गेंदों पर 114 और पंत के साथ 141 गेंदों पर 61 रन की उपयोगी साझेदारियां की। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले गाबा में आखिरी टेस्ट मैच 1988 में वेस्टइंडीज के खिलाफ गंवाया था। इसके बाद से उसे इस मैदान पर कभी हार नहीं मिली थी। यह कुल पांचवां और आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा अवसर (शेष पेज 9)

25 YEARS SILVER JUBILEE
LAL BAHADUR SHASTRI INSTITUTE OF MANAGEMENT
Approved by AICTE, Ministry of Education, Govt. of India
knowledge takes you beyond the obvious
LBSIM Announces Admissions to its Two Year Full Time PGDM Programs (2021-23)
POST GRADUATE DIPLOMA IN MANAGEMENT
• GENERAL (NBA ACCREDITED) Accorded equivalence with MBA by AIU • FINANCIAL MANAGEMENT (NBA ACCREDITED) Accorded equivalence with MBA by AIU
• RESEARCH AND BUSINESS ANALYTICS
Salient Features of LBSIM
- 12 Terminal Bloomberg Lab & Analytics Lab with SPSS and SAS etc.
- Ranked 15th (Outlook-private standalone institutions) & 35th (India Today-India's top B-Schools) in 2020.
- Highly qualified faculty with Ph.D.
- Consistent strong placement record since the inception of the Institute.
- State of the art infrastructure & Resourceful Library.
- Well furnished residential accommodation separately for boys and girls.
• Eligibility: Graduation or equivalent degree in any discipline from a recognized university. Students graduating in 2021 may also apply.
• Selection: Shall be based on CAT 2020/Current GMAT Score, Written Ability Test (WAT), Group Discussion, Personal Interview, Academic, Extra-Curricular Achievements and Work Experience.
LAST DATE FOR APPLYING - 22 JANUARY 2021
Apply online at https://forms.lbsim.ac.in
AACSB
LAL BAHADUR SHASTRI INSTITUTE OF MANAGEMENT
Plot No. 11/7, Sector-11, (Near Sector-11 Metro Station) Dwarka, New Delhi-110075, Phone: 011-25307700
Email: admission@lbsim.ac.in
Website: www.lbsim.ac.in
Follow us:

# विधान मंडल लोकतंत्र का मंदिर व आस्था का केन्द्र

## मुख्यमंत्री ने किया विधान परिषद के सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधान** परिषद के सभापति रमेश यादव तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधान परिषद के सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण एवं चित्र वीथिका का उद्घाटन किया। उन्होंने विधान परिषद के वर्तमान सदस्यों की पट्टिका का अनावरण भी किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश, देश का सबसे बड़ा राज्य है। सर्वाधिक सदस्य संख्या के साथ प्रदेश का विधान मण्डल देश का सबसे बड़ा विधान मण्डल है। उन्होंने कहा कि विधान मण्डल लोकतंत्र का मन्दिर व आस्था का केन्द्र है। राज्य के इस उच्च सदन में सौन्दर्यीकरण के लिए किये गये कार्य सराहनीय हैं। विधान परिषद का इतिहास अत्यन्त गौरवशाली है। 5 जनवरी 1887 को विधान परिषद का गठन किया गया था। उस समय प्रदेश को उत्तर पश्चिम प्रान्त एवं अवध प्रान्त के नाम से जाना जाता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधान परिषद के 1887 से अब तक की यात्रा का अपना एक समृद्ध इतिहास रहा है। वर्ष 1937 में अपने गठन के पश्चात विधान परिषद की प्रथम बैठक तत्कालीन परिषद भवन के एक समिति कक्ष में हुई थी। उसी समय ही विधान परिषद के लिए एक अलग मण्डप का निर्माण प्रारम्भ कर दिया गया था, जो वर्ष 1937 में तैयार हो गया। दिनांक 31 जुलाई 1937 को विधान परिषद ने अपनी प्रथम बैठक इसी मण्डप में की गयी थी। अगले 15 से 17 वर्षों में यह विधान परिषद भवन अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा होगा। योगी ने कहा कि इस विधान परिषद से महामना पं. मदन मोहन मालवीय, पूर्व मुख्यमंत्री पं. गोविन्द बल्लभ पन्त, पूर्व मुख्यमंत्री डा सम्पूर्णानन्द, सर तेज बहादुर सप्रू, प्रख्यात कवियित्री महादेवी वर्मा आदि का इस सदन से जुड़ाव रहा है। विधान परिषद की प्रथम बैठक थार्न हिल मेमोरियल हाल प्रयागराज में हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्ष 2019 में बापू की 150वीं जयन्ती के अवसर पर सतत विकास लक्ष्य पर चर्चा के लिए 36 घण्टे तक राज्य विधान मण्डल चला था। 100 सदस्यीय इस विधान परिषद में भी सतत विकास लक्ष्यों पर चर्चा की गयी थी। इस चर्चा का उद्देश्य था कि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित किया जा सके। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, विधान परिषद सदस्य स्वतंत्रदेव सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गुरु गोविन्द सिंह की जयन्ती पर सीएम ने दीं शुभकामनाएं

- विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने भी प्रदेशवासियों को दीं हार्दिक शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने खालसा पंथ के संस्थापक दसवें सिख गुरु गोविन्द सिंह की जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह ने समाज को सत्य, न्याय, धर्म और भलाई हेतु प्रेरित किया। गुरु गोविन्द सिंह ने जुल्म, अन्याय, अत्याचार के विरुद्ध आगे बढ़कर नेतृत्व प्रदान किया।

गुरु जी ने समाज के उपेक्षित वर्ग के लोगों को समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित कर सामाजिक समरसता का वातावरण बनाने का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। हम सभी को गुरु गोविन्द सिंह के बताए रास्ते पर चलकर देश और समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने गुरु गोविन्द सिंह जयन्ती के अवसर पर समस्त अनुष्ठानों में कोविड 19 के प्रोटोकॉल तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन करने की अपील की है। वहीं विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने गुरु गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुख-समृद्धि की कामना की है। श्री दीक्षित ने अपने संदेश में कहा कि गुरु गोविंद सिंह की जयंती प्रकाश पर्व के रूप में भी मनायी जाती है। उन्होंने मानवता को शांति, प्रेम, करुणा, एकता और समानता के साथ-साथ भारतीय जीवन मूल्यों की रक्षा और समाज के उत्थान के लिए खालसा पंथ के जरिए राजनीतिक और सामाजिक विचारों को आकार दिया।

**दयाल डिग्री कालेज**
जीतामऊ - सीतापुर
आवश्यकता है
**प्राचार्य - 01 पद**
योग्यता एवं वेतनमान
यू.जी.सी. के मानकानुसार।
नोट : आवेदन विज्ञापन तिथि से पन्द्रह दिन तक मान्य है।
**प्रमोद वर्मा** प्रबन्धक
दयाल डिग्री कालेज
लहरपुर-बिसवां रोड, जीतामऊ-सीतापुर
मो.नं. 9415138920, 8953941017

**सरस्वती महिला महाविद्यालय**
विजय नगर, कानपुर-208005
फोन- 0512-2234528
बी.टी.सी. (D.El.Ed.) पाठ्यक्रम में विभागाध्यक्ष, प्रवक्ताओं एवं गैर शैक्षणिक पदों की। विभागाध्यक्ष-01, प्रवक्ता-शिक्षा में परिप्रेक्ष्य / शिक्षा के आधार 01 पद, प्रवक्ता-विज्ञान 01 पद, प्रवक्ता - मानविकी और समाजविज्ञान 01 पद, प्रवक्ता-गणित 01 पद, प्रवक्ता-भाषा 01 पद, प्रवक्ता-ललितकला/ निष्पादक कला 01 पद, प्रवक्ता-शारीरिक शिक्षा 01 पद, कार्यालय सहायक 01 पद, कम्प्यूटर आपरेटर 01 पद, कम्प्यूटर लैब असिस्टेंट 01 पद, पुस्तकालयाध्यक्ष 01 पद।
योग्यता एवं वेतनमान राज्य सरकार के स्ववित्त पोषित योजना के अधीन/एन.सी.टी.ई. के नियमावली के मानकानुसार।
नोट- इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की दो छाया-प्रति, दो पासपोर्ट फोटोग्राफ के साथ दिनांक 30.01.2021 तक रजिस्टर्ड डाक या व्यक्तिगत आवेदन करें एवं दिनांक 04.02.2021 को साक्षात्कार हेतु प्रातः 11 बजे समस्त मूल प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित हों। **श्याम जी निगम**
(प्रबन्धक/सचिव)

# ग्रामीण इलाकों में दौड पड़ी मिशन रोजगार की गाड़ी

- सूबे में 89945 शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने जनसेवा केंद्र खोलने में दिखाई रुचि
- मात्र दो माह में 53026 युवाओं ने गांवों में जनसेवा केंद्र खोलकर शुरू किया स्वरोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इंटरनेट** तकनीक के विकास संबंधी शुरुआती दौर में किसी ने नहीं सोचा होगा कि यह एक ऐसा आविष्कार बनेगा जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा सकेगा। परन्तु आज संचार तकनीक के जरिये ही प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़े लिखे बेरोजगार युवा जनसेवा केंद्र खोलने में रुचि ले रहे हैं। जिसके चलते बीते दो माह में ही 89945 युवाओं ने ग्रामीण इलाकों में जनसेवा केंद्र खोलने के लिए कदम बढ़ाया है। इनमें से 53026 युवाओं ने तो जनसेवा केंद्र खोल कर ग्रामीणों को शासन के 35 विभागों की 258 सेवाओं का लाभ मुहैया कराते हुए धन कमाना भी शुरू कर दिया है। जल्दी ही 36919 युवाओं का जनसेवा केंद्र भी शुरू हो जायेगा, इन युवाओं के जनसेवा केंद्र को खोलने की अनुमति शासन से मिल गई है।

मात्र दो माह में ग्रामीण क्षेत्रों के पढ़े लिखे 89945 बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार मुहैया कराने के मामले में मिली यह सफलता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच का नतीजा है। मुख्यमंत्री खुद भी टेक्नोसेवी हैं। वह खुद भी लैपटाप पर कई विभागों की फाइलों का निस्तारण करते हैं। वह दर्पण डैशबोर्ड से सरकारी योजनाओं की प्रगति की ऑनलाइन मॉनीटरिंग भी करते रहे हैं। संचार तकनीक के अपने ज्ञान के चलते ही मुख्यमंत्री ने सूबे के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए बीते नवंबर में ग्रामीणों को सरकार की सेवाएं मुहैया कराने के बाबत जनसेवा केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर) के तीसरे चरण को शुरू करने का फैसला किया था। मुख्यमंत्री ने अपने इस फैसले तहत चार महीने में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 1.5 लाख जन सेवा केन्द्रों को खोले जाने का लक्ष्य रखा था। यही नहीं इस परियोजना से उन्होंने करीब 4.5 लाख ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार मुहैया करने का टार्गेट भी तय किया था। यह टार्गेट तय करते हुए मुख्यमंत्री को विश्वास था कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनसेवा केंद्र खुलने से ग्रामीणों को सरकार की सेवाओं को पाने के लिए शहर नहीं आना पड़ेगा। जिसके चलते ग्रामीणों के धन तथा समय की बचत होगी और जनसेवा केंद्र गांवों में रोजगार मुहैया कराने का अवसर उत्पन्न करेगा।

इन जनसेवा केन्द्रों को खोलने वाले युवाओं को अच्छी आमदनी हो और वह जनसेवा केंद्र में कम से कम दो लोगों को रोजगार दे सकें। इस सोच के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसेवा केंद्र के तीसरे चरण की कार्य योजना को तैयार करवाया था। जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में एक जन सेवा केंद्र की जगह दो जन सेवा केंद्र खोलने का फैसला किया गया। पहले प्रत्येक ग्राम पंचायत में न्यूनतम एक जन सेवा केंद्र और शहर में 10 हजार की आबादी पर न्यूनतम एक जन सेवा केंद्र खोला जाता था। गांवों में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू हुई इस योजना के तहत जन सेवा केंद्रों के माध्यम से प्रदेश के 35 विभागों की 258 शासकीय सेवाएं गांव के लोगों को उपलब्ध कराने का फैसला भी तब किया गया। इसके अलावा गांव स्तर पर खोले जाने वाले इन जनसेवा केन्द्रों से अच्छी कमाई की जा सके इसके लिए प्रति सेवा 30 रुपये शुल्क लेना तय किया गया। पहले यह शुल्क 20 रुपये था। यही नहीं जनसेवा केंद्र संचालक की आय बढ़ाने के लिए उसे प्रति ट्रांजेक्शन 4 रुपये की जगह सरकार की तरफ से 11 रुपये दिए जाने का फैसला भी किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अफसरों के अनुसार ग्रामीण इलाकों में 1.5 लाख जनसेवा केंद्र खोलने का लक्ष्य अगले माह में पूरा हो जाएगा।

# जेपी नड्डा का दो दिवसीय दौरा कल से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष 21 जनवरी से दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ आएंगे। नड्डा का यह दौरा कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नड्डा यूपी में पंचायत चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा अगले विधान सभा चुनाव को लेकर संगठन द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर भी चर्चा करेंगे। जगत प्रकाश नड्डा 21 व 22 जनवरी को लखनऊ में रहेंगे। जगत प्रकाश नड्डा प्रवास के दौरान पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों, अवध व कानपुर क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों व जिलाध्यक्षों, अवध व कानपुर क्षेत्र के सांसदों व विधायकों तथा सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स के साथ अलग-अलग बैठके करेंगे। नड्डा लखनऊ में आयोजित प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

# वाहन चोरी की बढ़ती घटनाएं रोकने को योजनाबद्ध ढंग से कार्रवाई करे पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



प्रदेश में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने गंभीरता दिखाते हुए इनकी रोकथाम के लिए पुलिस अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। फील्ड में तैनात सभी एडीजी, आईजी, डीआईजी व पुलिस कप्तानों को इस संबंध में डीजीपी ने एक परिपत्र जारी कर वाहन चोरी के अपराधों वह अपराधियों के खिलाफ कार्ययोजना के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने निर्देशित किया है कि वाहन चोरी की घटना की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल जनपद के नियन्त्रण कक्ष को सूचित करते हुए जनपद के समस्त थाना, चौकियों पर चोरी गए वाहन की चेकिंग कराना सुनिश्चित करते हुये प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित की जाए। जनपदीय डीसीआरबी में चोरी गए वाहनों के चेचिस नम्बर आदि को एनसीआरबी द्वारा विकसित वेबसाइट पर फीडिंग कराई जाए। वाहन चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा बरामद किए गए वाहनों को चोरी गए वाहनों के अभियोगों से मिलान कर उनके वाहन स्वामियों को नियमानुसार वापस किए जाने का सतत प्रयास किया जाए। वाहन चोरी के अपराध में पूर्व में पकड़े गए अभियुक्तों का फोटो सहित डोजियर थाने, डीसीआरबी में रखा जाए। वाहन चोरी के अभ्यस्त अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाए। ऐसे अपराधियों का सहयोग करने वाले जैसे वाहन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर चोरी के वाहनो के बेचने में सहायता करने वाले आदि व्यक्तियों को भी चिन्हित किया जाए। वाहन चोरों के अन्तर्जनपदीय, अन्तराज्यीय गैंग जो प्रकाश में आते हैं, उनका अपराधिक इतिहास संकलित करते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्रवाई की जाए तथा चोरी किए गए वाहनों से अर्जित सम्पत्ति का गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत जन्तीकरण की कार्रवाई नियमानुसार की जाए। वाहन चोरी के पंजीकृत अपराधों की विवेचना का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर शीघ्रता से कराए हुये न्यायालय में प्रभावी ढंग से पैरवी कराई जाए।

# ई-संजीवनी सेवा से चिकित्सीय परामर्श लेने वाला यूपी पहला राज्य : अमित मोहन

**लखनऊ।** कोविड 19 के दौर में संक्रमण को देखते हुए उपचार को लेकर सरकार की तरफसे शुरू की गई ई संजीवनी सेवा के तहत चिकित्सीय परामर्श लेने वाला यूपी देश का पहला राज्य बन गया है। प्रदेश में ई-संजीवनी के माध्यम से 24 घंटे में 5299 तथा अब तक कुल 4,15,209 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मियों वैक्सीनेशन लगाने का कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन एवं क्रम के अनुसार कोविड वैक्सीनेशन का कार्य संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन लगाने के बाद फ्रंट लाइन कर्मियों तथा उसके बाद 50 वर्ष से अधिक आयु वाले एवं 50 वर्ष से कम आयु वाले जो किसी गम्भीर बीमारी से ग्रस्त है उनको वैक्सीन लगायी जायेगी। उन्होंने बताया कि मेरा कोविड केन्द्र ऐप के माध्यम से उपयोगकर्ता द्वारा 5 किलोमीटर के दायरे में स्थित कोविड जांच केन्द्र की जानकारी प्राप्त की जा सकती है तथा जांच का परिणाम डीजीएमएचयूपी वेबसाइट पर स्मार्ट फोन के माध्यम से जाना जा सकता है।

# पारदर्शी सिस्टम के रूप में काम करेगा प्रहरी एप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोक** निर्माण विभाग में लागू किये गये प्रहरी एप की विशेषताओं व विशिष्टियों की विस्तार से जानकारी देने हेतु नीति आयोग भारत सरकार के संयोजन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग का आयोजन मंगलवार को किया गया। लोक निर्माण विभाग स्थित कमाण्ड सेन्टर से लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण व सचिव समीर वर्मा ने प्रहरी एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नितिन रमेश गोकर्ण ने बताया कि प्रहरी एप मोस्ट ट्रान्सपेरेन्ट सिस्टम है, इसके इस्तेमाल से उत्तर प्रदेश में इसकी बेहद प्रशंसा हो रही है। समीर वर्मा ने प्रजेन्टेशन के दौरान प्रहरी एप की विशेषताओं व विशिष्टियों तथा उसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने प्रहरी एप के माध्यम से तकनीकी बिड हेतु ठेकेदारों द्वारा भरे जाने वाले मास्टर डाटा जैसे अनुभव, मैनपॉवर, मशीनरी आदि का प्रहरी एप पर प्रोसेस करना तथा टेण्डर डालने की प्रक्रिया में विभिन्न स्तरों पर की जाने वाली कार्यवाही तथा तकनीकी मूल्यांकन के विभिन्न पैरामीटर्स के ऊपर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रहरी एप के पारदर्शी सिस्टम और इसके लागू होने से तमाम समस्याओं का निराकरण भी हो गया है। इससे पहले टेण्डरिंग में तमाम तरह की शिकायतें आती थीं और उनके निराकरण में अनावश्यक रूप से समय बर्बाद होता था। प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग व सचिव लोक निर्माण विभाग ने प्रहरी एप के प्रजेन्टेशन के दौरान तमाम शंकाओं, आशंकाओं आदि का समाधान किया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में नीति आयोग, विभिन्न राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के लोक निर्माण विभाग, तत्सम्बन्धित विभागों, एनआईसी, सीपीडब्लूडी आदि विभागों के उच्चतम स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा से किसान, नौजवान सभी दुखीः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा झूठ बोलने और समाज में नफरत फैलाने वाली पार्टी है, भाजपा से किसान, नौजवान सभी दु:खी हैं। भाजपा ने रंग बदलने और नाम बदलने के अलावा कोई काम नहीं किया है।

भाजपा सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश अपराध, भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, बेरोजगारी, खराब शिक्षा, चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था, किसानों की फसलों की लूट, नाबालिग बच्चियों और महिलाओं से बलात्कार, हत्या, फर्जी एनकाउण्टर आदि में नम्बर एक पर है। भाजपा प्रदेश को जाने किस दिशा में ले जा रही है। श्री यादव ने कहा कि गन्ने का बकाया भुगतान नहीं हुआ। समाजवादी पार्टी की सरकार में 2012 से 2017 के बीच भाजपा द्वारा चीनी मिल बिकने का आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने कहा केन्द्र सरकार के पास अच्छा मौका है जब 26 जनवरी को वह किसान विरोधी तीनों बिल वापस ले ले और किसानों की मांगे मान ले। समाजवादी कार्यकर्ताओं के पास खेती है, सब किसान आंदोलन के साथ हैं, भाजपा का खेती से कोई रिश्ता नहीं, वे बाजार से रिश्ता रखते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के स्वदेशी आंदोलन का क्या हुआ। देश में तिलहन, दलहन को प्रोत्साहन देने की जगह विदेशों से पॉम आयल का आयात किया जा रहा है जबकि सरसों का समर्थन मूल्य किसानों को नहीं मिलता है।

## भाजपा नेता समेत कई सपा में शामिल



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति में मंगलवार को उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता एवं उत्कृष्ट प्रतिभा रखने वाले तमाम युवा आईकान, सीतापुर के वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष मिश्र, बरेली के ब्लाक प्रमुख तथा प्रबुद्ध समाज के कई प्रमुख लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं अखिलेश यादव की कार्यशैली से प्रभावित होकर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का कहना था कि सन् 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की बहुमत की सरकार बनाने तथा अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का उन्होंने संकल्प लिया है।

# सभापति से की वीर सावरकर की तस्वीर हटाने की मांग

**लखनऊ।** विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता दीपक सिंह ने सभापति को पत्र लिखकर कहा है कि विनायक दामोदर सावरकर की फोटो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, अमर शहीदों, क्रांतिकारियों के बीच में लगाया जाना आपत्तिजनक है। उन्होंने सावरकर की फोटो मुख्य द्वार से हटाए जाने की मांग की है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम आशुतोष से बदलकर आशुतोष मिश्र रख लिया है। भविष्य में मुझे आशुतोष मिश्रा S/o रामजी मिश्र के नाम से जाना जाये। 366 L.I.G बर्रा-2, कानपुर - 208027

# बदनाम बिल्डरों का कारोबार होगा बंदः राजीव कुमार

## पीएचडी चेंबर के वर्चुअल कार्यक्रम में यूपी रेरा के चेयरमैन ने कहा रेरा कानून के कारण बेहतर प्रदर्शन करने वाले बिल्डर ही टिकेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीएचडी** चेंबर के एक वर्चुअल कार्यक्रम में आज यूपी रेरा के चेयरमैन राजीव कुमार ने कहा कि रेरा क़ानून की वजह से रियल स्टेट कारोबारी और खरीदारों के बीच खोया विश्वास फिर से क़ायम करने में मदद मिली है। जल्द ही हमें यह देखने को मिलेगा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले बिल्डर ही बाज़ार में टिकेंगे। कम बेहतर को अपना प्रदर्शन सुधारना होगा और बदनाम बिल्डरों को अपना कारोबार बंद करना पड़ेगा। उन्होंने कहा क़रीब 20 प्रतिशत बिल्डर ही इस तीसरी श्रेणी में आते हैं जिनके कारोबारी तौर तरीक़े आपत्तिजनक और क़ानून के विरुद्ध हैं। जिनकी वजह से ही आज रेरा जैसे क़ानून की आवश्यकता पैदा हुई है। रेरा क़ानून की सफलता सही मायनों में तब मानी जाएगी जब रेरा अदालत में शिकायतें आना बेहद कम या ख़त्म हो जाएं। उन्होंने कहा रियल एस्टेट सेक्टर में देश की जीडीपी को दुगुना करने की क्षमता है। रेरा क़ानून की वजह से ख़रीदार अब बाज़ार में वापस लौट रहे हैं जिससे अंततः रीयल एस्टेट सेक्टर को ही फायदा होगा।




प्रतिष्ठित उद्योगपति व पीएचडी चेंबर के यूपी चेयरमैन ललित खेतान ने कहा कि केंद्रीय रेरा क़ानून को लागू करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। पूरे देश में रेरा का पहला कॉनक्लेव भी उत्तर प्रदेश में ही आयोजित किया गया था। होम बायर्स की समस्याओं को सुलझाने के लिए यूपी रेरा अथॉरिटी प्रभावी भूमिका निभा रही है। कोविड के दौरान भी वर्चुअल अदालतों के माध्यम से रेरा ने पीड़ितों को न्याय देखकर बेहतर काम किया है। पीएचडी चेंबर यूपी चैप्टर के को चेयरमैन मनीष खेमका ने कहा कि भारत में रेरा क़ानून लागू होने के बाद जनवरी 2021 तक साठ हज़ार से ज़्यादा मामले निपटाए जा चुके हैं। जिनमें से 40 प्रतिशत से ज़्यादा मामलों का निपटारा अकेले उत्तर प्रदेश में किया गया है। बीते साल मई और दिसंबर में यूपी रेरा अथॉरिटी ने पहली बार स्थानीय स्तर पर होम बायर्स की समस्याओं को सुलझाने के लिए ऑनलाइन रेरा संवाद का आयोजन किया था जोकि निश्चित ही एक प्रशंसनीय पहल है। जनवरी 2021 की शुरुआत तक पूरे भारत में रेरा के तहत क़रीब 60 हज़ार रियल स्टेट प्रोजेक्ट्स और क़रीब 46 हज़ार रियल इस्टेट एजेंट्स का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। रेरा चेयरमैन को दिए अपने सुझाव में खेमका ने कहा कि रियल स्टेट से संबंधित समस्याओं के त्वरित निदान के लिए रेरा के मार्गदर्शन में किसी भी मुक़दमे से पूर्व बिल्डर्स और होम बायर्स के बीच संवाद की सम्भावनाएँ तलाशी जानी चाहिए व इस दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए। पीएचडी चेंबर की इस वेबिनार में हलवासिया एंड संस के मुकुंद हलवासिया ने आशा जतायी कि रेरा क़ानून से रियल स्टेट का कारोबार बढ़ेगा।

# निजीकरण को बढ़ावा देकर पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त किया जा रहाः लल्लू

- कांग्रेस ने अति पिछड़ा वर्ग सम्मेलन आयोजित कर भाजपा सहित अन्य दलों पर साधा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मिशन** 2022 को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस ने जातिगत समीकरणों को साधने की कवायद शुरू कर दी है। इसी के तहत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मंगलवार को अति पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की अगुवाई में हुए इस सम्मेलन में 19 अति पिछड़ी जातियों (धीवर, कश्यप, मल्लाह, केवट, कहार, प्रजापति, बिन्द आदि) के हक, सम्मान और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का कांग्रेस द्वारा संकल्प लिया गया। सम्मेलन में संविधान को कमजोर करने, आरक्षण को साजिशन समाप्त करने का षडयन्त्र करने और निजीकरण करके पिछड़ों की हकमारी करने के प्रयासों पर निन्दा प्रस्ताव पारित किया गया। निन्दा प्रस्ताव पिछड़ा वर्ग के चेयरमैन मनोज यादव ने सम्मेलन में रखा जिसका सभी ने हाथ उठाकर समर्थन किया। अतिपिछड़ा वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि निजीकरण को बढ़ावा देकर पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त किया जा रहा है। संविधान को कुचला जा रहा है। दलितों, पिछड़ों पर ऐतिहासिक अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं भी अति पिछड़े समाज से आता हूं। मल्लेसिया समुदाय से हूं। सपा, बसपा और भाजपा ने केवट, बिन्द, मल्लाह के नदी, नाले, तालाब के पट्टे का अधिकार इन तीनों ने ही छीना है।

**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अल्पकालीन ई- निविदा सूचना**
अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दो भागों में आन-लाईन आमंत्रित की जाती है, आनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.01.2021 को अपरान्ह 11.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है एवं जिसके खुलने की तिथि 30.01.2021 को अपरान्ह 02.00 बजे निर्धारित है। निविदा के प्रथम भाग में निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि, जो कि दिनांक-29.01.2021 तक (आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0) द्वारा अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर के बैंक खाता संख्या 0170002100023127 (IFSC Code-PUNB0017000, Punjab National Bank, Fatehpur) में जमा की जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथायोज्य यू0टी0आर0 संख्या पे-इन-स्लिप की मूलप्रति (इश्यू बैंक के कन्फर्मेशन मेल की प्रति) ई-निविदा प्रपत्रो के साथ ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, एवं सम्बन्धित बैंक से पुष्टि तथा निविदा के प्रथम भाग की शर्तों के पूर्ण होने के उपरान्त ही निविदा का द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा का प्रथम भाग खुलने पर फर्मों द्वारा सभी शर्तें पूरी करने वाले ठेकेदारों/फर्मो के सभी अभिलेखों की सत्यता की जांच इस कार्यालय द्वारा करायी जायेगी। फर्जी अभिलेख/प्रपत्र पाये जाने पर सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस पर निविदा खोली जायेगी। क्र0सं0 1 निविदा संख्या 88/वि0वि0 मं0फ0/2020-21 धरोहर धनराशि 5000.00 निविदा प्रपत्र मूल्य 590.00 कार्य का विवरण एस0टी0 पोलों के पेन्टिंग का कार्य। क्र0सं0 2 निविदा संख्या 89/वि0वि0मं0फ0/2020-21 धरोहर धनराशि 5000.00 निविदा प्रपत्र मूल्य 590.00 कार्य का विवरण 10 के0वी0ए0 से 100 के0वी0ए0 क्षतिग्रस्त परिवर्तको को बदलने का कार्य। क्र0सं0 3 निविदा संख्या 90/वि0वि0 मं0फ0/2020- 21 धरोहर धनराशि 5000.00 निविदा प्रपत्र मूल्य 590.00 कार्य का विवरण विभिन्न स्टेशनरी/लेखन सामग्री की अपूर्ति क्र0सं0 4 निविदा संख्या 91/वि0वि0मं0फ0/2020-21 धरोहर धनराशि 5000.00 निविदा प्रपत्र मूल्य 590.00 विभिन्न स्टेशनरी/ लेखन सामग्री की आपूर्ति नोटः- उपरोक्त निविदाओं का विस्तृत विवरण ई-निविदा की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर
पत्रांक 3838 दिनांक 19.1.21
"राष्ट्रहित में बिजली बचाएं"

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# कोरोना को नियंत्रित करने में सफल रही हमारी रणनीतिः योगी

## सतर्कता बरतना आवश्यक, थोड़ी लापरवाही भी पड़ सकती है भारीः सीएम



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोविड 19 के सम्बन्ध में प्रदेश में अपनाई गई रणनीति का परिणाम है कि हमारे राज्य में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। इसके बावजूद अभी भी इस महामारी के प्रति हर स्तर पर सतर्कता बरतना आवश्यक है। थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। उन्होंने कोविड 19 से बचाव तथा उपचार की प्रभावी व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन अभियान का प्रथम चरण प्रगति पर है। इसके अन्तर्गत हेल्थ वर्कर्स को वैक्सीन की प्रथम डोज दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी तीन सप्ताह में समस्त हेल्थ वर्कर्स का वैक्सीनेशन कार्य पूरा किया जाए। पहले चरण में वैक्सीनेट किए गए लोगों को कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज 15 फरवरी से दिया जाना शुरू किया जाए। उन्होंने कोविड 19 वैक्सीनेशन अभियान के द्वितीय चरण की सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि कोरोना वैक्सीनेशन कार्य के मद्देनजर प्रदेश के पुलिस आदि विभिन्न सुरक्षा बलों का डाटा बेस तेजी से तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड 19 की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके दृष्टिगत प्रदेश में टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। उन्होंने प्रतिदिन कोविड 19 के कम से कम 1.50 लाख टेस्ट किए जाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने निर्देशित किया कि सर्विलांस सिस्टम तथा कान्टैक्ट ट्रेसिंग को पूरी सक्रियता से जारी रखा जाए। समस्त कोविड चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं, मेडिकल उपकरणों एवं आक्सीजन की बैकअप सहित पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जनपदों में स्थापित इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को प्रभावी बनाए रखते हुए कोविड 19 के नियंत्रण की कार्यवाही सुचारु ढंग से की जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल तथा सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राजधानी में 73, सूबे में मिले कोरोना के 376 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण कम हो रहा है। मंगलवार को राजधानी में कोरोना के 73 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 376 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 8172 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 1947 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8584 मरीजों की और राजधानी में 1157 की मौत हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,21,486 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,64,46,710 सैम्पल की जांच की गयी है। प्रदेश में 8,172 कोरोना के एक्टिव मामलों में से 2,796 लोग होम आइसोलेशन में है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घण्टों में 789 तथा अब तक कुल 5,80,482 लोग कोविड 19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं।

## इंडिगो 28 मार्च से शुरू करेगा लखनऊ से आगरा विमान सेवा

**सरोजनीनगर( सं. )।** राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ ही एयरलाइंस कंपनियों ने उड़ाने बढ़ाने शुरू कर दी हैं. वहीं नए एयरपोर्ट पर भी विमान सेवा शुरू की जाएगी। उत्तर प्रदेश उड्डयन विभाग जहां प्रदेश के छोटे शहरों को भी विमान यात्रा से जोड़ने की कवायद कर रहा है. उसी कड़ी में इंडिगो एयरलाइंस 28 मार्च से लखनऊ से आगरा के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू करने जा रही है, इंडिगो एयरलाइंस ने 28 मार्च से लखनऊ से आगरा के बीच सीधी उड़ान शुरू करने का शेड्यूल जारी कर दिया है। इंडिगो की फ्लाइट आगरा के लिए लखनऊ से सुबह 9 बजे उड़ान भरकर 10.45 पर पहुंचेगी।

## सगा भाई ही निकला दिव्यांग बहन का कातिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### रविवार की सुबह अमेठी में आम के बाग में मिला था शव

**गोसाईंगंज** में रविवार को हुई दिव्यांग महिला रेखा अवस्थी की हत्या उसके सगे भाई ने गला रेत कर की थी। गोसाईंगंज पुलिस ने अभियुक्त की निशान देही पर तालाब से आलाकत्ल बरामद करने के साथ हत्या का खुलासा करने का दावा किया। पुलिस ने मृतका के भाई प्रदीप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक अमेठी के शहजादपुर मोहल्ला निवासी मानसिक रूप से दिव्यांग 45 वर्षीय रेखा अवस्थी अपने भाई प्रदीप उर्फ अन्नू व आशू के साथ रहती थी। रविवार की सुबह घर से दो सौ मीटर दूर रेखा का शव आम के बाग में मिला था। जिसकी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की गई थी। पुलिस ने महिला की हत्या के बाद भाइयों के बार बार बयान बदलने के कारण उन्हें भी हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में उसने बहन की हत्या का जुर्म कबूल किया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त प्रदीप ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी दिव्यांग बहन से छुटकारा पाने के लिए घटना वाली रात को बाग में ले जाकर बांके से गला रेत कर हत्या कर दी। वह बहन की सेवा से परेशान था। प्रदीप ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात 3 बजे हत्या के इरादे से बांका साथ लेकर अपनी दिव्यांग बहन रेखा को शौच कराने के बहाने घर से दो सौ मीटर दूर लेकर गया था। उसने बहन का गला रेतकर बांका पास के तालाब में फेक दिया। छोटा भाई रास्ते का रोड़ा न बने इस लिए बहन के हत्या में अपने भाई को फंसाने व पड़ोसी जमील खुर्शीद व सलमान से पैंसा ऐंठने के लिए साजिश रची। पुलिस ने बताया कि तालाब से हत्या में प्रयोग किया जाने वाला बांका भी बरामद किया गया है।

वहीं प्रदीप ने बहन की हत्या में अपने पड़ोसी खुर्शीद व जमील को 84 लाख रुपये चेक से दिए जाने की बात कही। उसने पुलिस को बताया कि उसने अपना फैल्ट बेचकर पैसा दिया था लेकिन पुलिस को न जमीन बेचने का कोई रिकार्ड मिला और न ही खाते से रुपये ट्रांसफर का। तभी शक हो गया कि प्रदीप झूठ बोल रहा है।

## नाराज होकर घर से भागीं दो किशोरियां चारबाग में मिलीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कमिश्नरेट** पुलिस ने घर से अचानक लापता हुई हुई दो नाबालिग बहनों को सकुशल बरामद किया है। बताया गया है कि पुलिस को सोमवार की देर रात दो नाबालिग लड़कियों के राजेंद्र नगर मोड़ पर ठिठुरने की सूचना मिलीं। पुलिस ने दोनों से पूरी घटना की जानकारी ली और उसके बाद दोनों को कृष्णानगर स्थित आशा ज्योति केंद्र में दाखिल किया। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों अपने माता पिता की डांट से नाराज होकर घर से निकल आयीं और गाजियाबाद से लखनऊ पहुंच गई।

इन दोनों किशोरियों का लखनऊ में कोई नहीं था, तभी देर रात इन दोनों को चारबाग के राजेंद्रनगर ठिठुरते देखा गया। घर से भागी हुई दोनों बहनों को पुलिस ने आशा ज्योति केंद्र में दाखिल करते हुए गाजियाबाद पुलिस से सम्पर्क कर परिजनों को इस बात की जानकारी दी। जिसके बाद आज गाजियाबाद से उसके परिजन अपने बच्चों को लेने लखनऊ पहुंच गए। नाका कोतवाल मनोज कुमार मिश्रा के अनुसार किशोरियों में से एक की उम्र 14 वर्ष तो दूसरी कि 16 वर्ष है। जो गाजियाबाद के वसुंधरा इलाके से गायब थीं।

## नाबालिग से दुराचार व हत्या का प्रयास करने वाले को सात साल की सजा

**लखनऊ( वि.सं. )।** नाबालिग लड़की से दुराचार व उसकी हत्या का प्रयास करने के एक मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने मुल्जिम सुनील कुमार वर्मा को दोषी करार दिया है। विशेष जज राम विलास प्रसाद ने इसे सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही इस पर 20 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सरकारी वकील मो. इंतजार अहमद गाजी के मुताबिक 21 जून 2014 को पीड़िता की मां ने इस मामले की एफआईआर थाना गोमतीनगर में दर्ज कराई थी।

**SANJAY GANDHI POSTGRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
Raebareli Road, Lucknow-226014 (UP)

**Application for JRF**

The following staff positions are available under the "Centre of Advance Research and Excellence ARE on Kidney Diseases-Biomarkers & newer therapeutic" under Dr. Swasti Tiwari, funded by ICMR, New Delhi

**Name of the post: Junior Research Fellow**

| | |
|---|---|
| Number of post | 01 |
| Essential qualification | M.Tech in Bioinformatics/ Instrumentation/ Biotechnology with 4 Year Bachelor's degree or Equivalent |
| Desirable qualification | One year research experience in Bioinformatics with Big data Analysis (Microarray & NGS) and min 6 Month JRF Experience |
| Age limit | 30 years (Age relaxation for SC/ST/OBC/PH Candidates will be as per Govt. of India norms) |
| Emoluments | Salary @ 25,000+20%HRA=30,000 |

These posts are entirely temporary. Project duration is 5 years initial appointment will be given for one year, and could be renewed on yearly basis subjected to his/her performance. The post can also be terminated with one month's notice from either side. No Accommodation will be provided, Interested candidates are requested to email their CV and necessary certificates at molmed.sgpgi@gmail.com **latest by 25-01-2021.** Interview of shortlisted candidate will be held on **29-01-2021 from 10 am** onwards at the Department of Molecular Medicine & Biotechnology SGPGIMS, 4th Floor PMSSY Building, and Lucknow 226014, **Reporting time is 9:30 am.** The applicants are requested to bring a copy of short CV along with supporting documents. No TA/DA will be paid. The director reserves the right to cancel the advertisement/ section without assigning any reason.

**Prof. Swasti Tiwari**
**Principal Investigator**
**Department of Molecular Medicine & Biotechnology**

**ADVT.No.: R/39/2020-21**

## शकुंतला गौतम ने स्थानीय नगरीय निकाय का संभाला पदभार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्थानीय** नगरीय निकाय का बागपत की डीएम रहीं शकुन्तला गौतम ने नए निदेशक के तौर पर कार्यभार ग्रहण किया। नए निदेशक ने निदेशालय का निरीक्षण कर कर्मचारियों साथ बैठक की। बैठक में निदेशक ने लंबित सेवा संबंधी मामलों का तत्परता से निस्तारण करने का आदेश दिया। साथ ही आईजीआरएस पोर्टल और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से मिल रही शिकायतों का समयबद्धता और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आदेश दिया। इसके साथ ही शासन से आये बजट का समय से प्रयोग करने का निर्देश दिया। निदेशक ने केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित योजनाओं के लिए नियत बैठकें समय से करने और एमआईएस का डाटा समय से अपलोड करने के भी निर्देश दिए।

## हाउस टैक्स व मार्ग प्रकाश की सबसे ज्यादा आयीं शिकायतें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### लोक मंगल दिवस पर महापौर ने अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई के दिए निर्देश

**आलमबाग** और ठाकुरगंज के नगरनिगम कार्यालयों में लोक मंगल दिवस का आयोजन किया। महापौर से कालीचरण मार्केट में गलत हाउस टैक्स का निर्धारण और स्ट्रीट लाइट न होने से अंधेरा होने की शिकायत की। शिकायत पर महापौर ने अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का आदेश दिया है। वहीं, 93 शिकायतें दर्ज की गयी थी, जिन्हें निस्तारित करने का आदेश दिया है।

मंगलवार को नगर निगम के आलमबाग और ठाकुरगंज कार्यालय में लोक मंगल दिवस आयोजित किया गया। कालीचरण मार्केट में दुकान लगाने वाले सुनीता पांडेय ने महापौर संयुक्ता भाटिया को बताया दुकान संख्या 25 का कर निर्धारण दूसरी दुकानों की तुलना में गलत किया गया है, जिसे संशोधित कराया जाना चाहिए। महापौर ने जोनल अधिकारी को जाँच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। न्यू हैदरगंज निवासी अविनिश कुमार ने महापौर को बताया कि क्षेत्र के हँसखेड़ा में प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण अंधेरा रहता है, जिस पर महापौर ने अधिशासी अभियंता मार्गप्रकाश को खाली पोलों पर प्रकाश व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया। नोमान अहमद निवासी अकबरी गेट ने महापौर को बताया कि गली में इंटरलॉकिंग और नाली न होने के कारण सड़क पर पानी भरा रहने की बात कही। महापौर ने अधिशासी अभियंता को स्थल निरीक्षण कर समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया। वहीं, बजरंग बिहार निवासी कमल किशोर गुप्ता ने महापौर को बताया कि उनकी गली में मेन रोड तक नाली और सड़क न होने से यहाँ के निवासी नारकीय जीवन जी रहे है, जिसपर महापौर ने अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया। ठाकुरगंज में महापौर द्वारा गरीबों को कंबल का वितरण किया गया। लोक मंगल दिवस पर कुल 93 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें गृहकर की 22, मार्ग प्रकाश की 24, सफाई से 6, जलसंस्थान की 8, अभियन्त्रण की 31, पशु चिकित्सा की एक एवं अन्य विभागों से एक शिकायतें प्राप्त हुई।

## लेखपाल को चार साल का सश्रम कारावास

**लखनऊ( वि.सं. )।** रिश्वत के एक आपराधिक मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने अमौसी के लेखपाल मृत्युजंय वाजपेई को दोषी करार दिया है। विशेष जज हरेंद्र बहादुर सिंह ने इसे चार साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इस पर 20 हजार का जुर्माना भी ठोंका है।




**ANGEL BROKING LIMITED.**
Regd. Off: G-1, Akruti Trade Centre, MIDC, Road No. 7, Andheri(E), Mumbai-93. SEBI Registration No (Stock Broker): INZ000161534

**PUBLIC NOTICE**

| Trade Name | AP Name | BSE Reg No. | NSE Reg No. | MCX Reg No. | NCDEX Reg No. | MCX sx | Regd Address Of Ap |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| GHUFRAN AHMAD | GHUFRAN AHMAD | | AP0397251611 | | | | No- 6/668 Tayron Wali Gali Masjid Mubin Manzil Ke Samnesaray Rehman Masjid Mubin Manzil Aligarh-202001,Uttar Pradesh |
| SANJEEV KUMAR | SANJEEV KUMAR | | AP0397215201 | | | | Ganga Nagar Chaka, Naini, Allahabad Near Cod(Army) Gate Allahabad-211008,Uttar Pradesh |
| VIKAS SINGH | VIKAS SINGH | | AP0397268931 | | | | Post Bindmathiya Village Naithi Mubarakpur Azamgarh Azamgarh Azamgarh-276404,Uttar Pradesh |
| PRAMOD KUMAR | PRAMOD KUMAR | AP01061201108406 | AP0397245011 | MCX/AP/130815 | | | 1 Vikas Bhawan Road Near Triloki Cold Stor Gayatri Nagar Obari Nawabganj Near Triloki Cold Stor Barabanki-225003,Uttar Pradesh |
| ROHIT SAXENA | ROHIT SAXENA | | AP0397159171 | | | | C-75 Ekta Nagarchacha Nehru Park Punjab National Bank Behind Mahila Branch Bareilly-243001,Uttar Pradesh |
| SHIVAM KAPOOR | SHIVAM KAPOOR | AP0106120199292 | AP0397165381 | | | | S/O Ram Babu Kapoor C-33 Rajendra Nagar Near Bank Of Baroda Near Selection Point Tower Bareilly-243122,Uttar Pradesh |
| VIKAS DUBEY | VIKAS DUBEY | | AP0397169181 | MCX/AP/114091 | | | H.No 159 Kathari 1 Sahsepur Saharpatti Teh Aurai Dist Sant Ravidas Nagar Near Aurai Chauraha Bhadohi-221306,Uttar Pradesh |
| LAKSHMAN KUMAR | LAKSHMAN KUMAR | AP01061201104250 | AP0397232761 | MCX/AP/127280 | | | Sahulara Sahulara Near Inayat Nagar Faizabad-224164,Uttar Pradesh |
| VISHWANATH PRATAP SINGH | VISHWANATH PRATAP SINGH | AP01061201106974 | AP0397240351 | MCX/AP/129353 | | | Kot Saray Faizabad Faizabad Kot Saray Faizabad-224001,Uttar Pradesh |
| NEELAM GUPTA | NEELAM GUPTA | AP0106120121109 | AP039788911 | MCX/AP/36828 | | | 5-232 Nitganja Bazaar Nitganja Bazaar Farrukhabad-209625,Uttar Pradesh |
| NARENDRA SINGH | NARENDRA SINGH | | AP0397274141 | | | | Shivam Palace Ke Samne Tapa Kalajalesar Road Firozabad Firozabad-283203,Uttar Pradesh |
| ANAND TRIPATHI | ANAND TRIPATHI | | AP0397250671 | MCX/AP/132938 | | | L.I.G Second 549 Vikash Nagar Colony Gorakhpur Near Chura Mill Gorakhpur-273007,Uttar Pradesh |
| HARSHIT SHARMA | HARSHIT SHARMA | | AP0397200201 | | | | 14/113 Civil Lines, Padam Tower-2, Office No.383, 3Rd Floor, Kanpur-208001,Uttar Pradesh |
| HIMANSHU BHATIA | HIMANSHU BHATIA | AP0106120174601 | AP0397176651 | | | | 631/24F Dev Nagar Extension Sector-8 Indira Nagar Lucknow Indira Nagar Uttar Pradesh Near- Ismailganj Chowki Lucknow-226016,Uttar Pradesh |
| AHMAD IZHAR LATEEF | AHMAD IZHAR LATEEF | | AP0397256271 | | | | Gf-24 Ansal City Centrehazratganj Opp Family Court Lucknow-226001,Uttar Pradesh |
| ANKUR VERMA | ANKUR VERMA | AP0106120172771 | AP0397170591 | | | | H.no. C-1631/122 Rajajipuram Sector-C Near Green Field School Lucknow-226017, Uttar Pradesh |
| RAGHAV AWASTHI | RAGHAV AWASTHI | | AP0397278171 | MCX/AP/138614 | | | 541-Ht/182 N Hazzi Tola Nr SBI Campwell Roadtiraha Lucknow SBI Campwell Road Tiraha Lucknow-226003,Uttar Pradesh |
| ANSH INVESTMENTS | YOGESH KUMAR TIWARI | AP0106120138341 | AP039754041 | MCX/AP/2120 | 85903 | 4007 | House No 3/34, Viram Khand, Gomti Nagar, Near Patrakar Puram Chauraha, Lucknow-226010,Uttar Pradesh |
| SAMIR MISHRA | SAMIR MISHRA | | AP0397256731 | MCX/AP/135153 | | | Kasba Khas Kasba Khas Kasba Khasmau Jamal Mirjapur Mau Mau-275105, Uttar Pradesh |
| MOHAMMAD MOIN | MOHAMMAD MOIN | | AP0397215741 | MCX/AP/123505 | | | 190 Moh Bhoore Khan Near Noori Presspilibhit Pilibhit Near Noori Press Pilibhit-262001,Uttar Pradesh |
| SANDEEP GOSWAMI | SANDEEP GOSWAMI | AP0106120167709 | AP0397157771 | MCX/AP/111573 | 114895 | | Pakadiya Naugawan Pilibhituttar Pradesh-262001 Near- Primery School Pilibhit-262001,Uttar Pradesh |
| RAJKUMAR | RAJKUMAR | | AP0397210661 | | | | C-5 Gopal Nagar Saharanpur Gopal Nagar Saharanpur-247001,Uttar Pradesh |
| NAND LAL MAURYA | NANDLAL MAURYA | | AP0397243241 | MCX/AP/132317 | | | S/O Radhey Shyam Maurya Ward No-6 Shivrampur Saripur Bhadohi Sant Ravidas Nagar-221314,Uttar Pradesh |
| SANTOSH KUMAR YADAV | SANTOSH KUMAR YADAV | | AP0397255441 | | | | Bhiti Sultanpur Near Shahpur Bazar Sultanpur-222303,Uttar Pradesh |
| DEEPAK SRIVASTAVA | DEEPAK SRIVASTAVA | | AP0397253381 | | | | D 3 E.S.I, Mahaveer Road Pandeypur Varanasi Near-Shiv Mandir Varanasi-221002,Uttar Pradesh |

This is to inform/confirm that we have discontinued our Business Relations with the above mentioned Authorized Persons. Clients and General Public are warned against Dealing in with them in his/their capacity as our Authorized Persons and we hereby confirm that we will not be liable in any manner for any consequence of such dealings/deals. Clients are requested to contact our centralized desk **022-3355 1111/4218/5454 or email us to support@angelbroking.com.**

**Date : 20.01.2021**
**Place : Uttar Pradesh**

**For ANGEL BROKING LTD**
**Sd/-**
**Authorised Signatory**

# पीएम आवास योजना के काम में तेजी लाएं: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



सीएम योगी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत आवास निर्माण की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन हेतु केन्द्र से प्राप्त धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र समय से केन्द्र सरकार को प्रेषित किया जाए ताकि आगामी किश्त की धनराशि समय से प्राप्त हो सके।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रवासी एवं निवासी श्रमिकों व कामगारों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ साथ उनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए भी कृतसंकल्पित है। प्रवासी एवं निवासी श्रमिकों व कामगारों की सामाजिक सुरक्षा के सम्बन्ध में प्रभावी व्यवस्था बनाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यवाही का एक प्रस्तुतिकरण किया जाए। उन्होंने प्रवासी एवं निवासी श्रमिकों व कामगारों को आयुष्मान भारत योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान का लाभ प्रदान किए जाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष का अन्तिम त्रैमास प्रारम्भ हो गया है। इसके दृष्टिगत राजस्व संग्रह कार्य से जुड़े सभी विभागों के शीर्ष अधिकारियों द्वारा राजस्व प्राप्ति की गहन समीक्षा करते हुए लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। जीएसटी के तहत अधिक राजस्व प्राप्ति के लिए रणनीति बनायी जाए। उन्होंने स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को अधिक से अधिक राजस्व पूर्ति के सम्बन्ध में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसी अचल सम्पत्ति का विवरण संकलित किया जाए, जिसकी अभी तक रजिस्ट्री नहीं हुई है। ऐसी सम्पत्ति की रजिस्ट्री की कार्यवाही पर विशेष ध्यान दिया जाए। इससे विभाग द्वारा अधिक राजस्व संग्रह किया जा सकेगा।

## दुर्घटनाएं रोकने के लिये विभागीय समन्वय जरूरी: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क सुरक्षा व सड़क दुर्घटनाओं एवं इनमें होने वाली जनहानि को रोकने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ एक माह का अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए हैं। यह अभियान पूरे प्रदेश के सभी जनपदों में एक साथ चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री इस अभियान का शुभारम्भ 21 जनवरी को करेंगे। सड़क सुरक्षा माह 21 जनवरी से प्रारम्भ होकर 20 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। परिवहन विभाग एवं गृह विभाग संयुक्त रूप से इसके नोडल विभाग होंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर सड़क सुरक्षा माह की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में व्यापक जन जागरूकता के कार्यक्रम संचालित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा अभियान के शुभारम्भ सम्बन्धी कार्यक्रमों से जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाए।

# माफियाओं के घरों पर बुलडोजर चलने से उनके आकाओं को हो रहा दर्द: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्तवंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश में गुंडे-माफियाओं, अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चल रहे हैं तो उनके आकाओं और सरगनाओं को दर्द हो रहा है। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव का विलाप भी इसी की कड़ी है। आश्चर्य है कि जिनकी सरकार में कानून व्यवस्था की बदतर स्थिति, बेकाबू अपराध के कारण यूपी की अंतर्राष्ट्रीय बदनामी हुई थी आज वह बदलते और चमकते उत्तर प्रदेश पर प्रश्न उठा रहे हैं।

सपा मुखिया के आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा लगता है कि सपा अध्यक्ष अपनी सरकार की असफलताओं के आंकड़े आज गिना रहे थे। उनकी सरकार की अराजकता, युवा, किसान विरोधी नीतियों का ही फल था कि जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। अवसरवादी गठबंधनों का खेल खेलने के बाद भी जनता से नकारे जाने के कारण सपा सहित पूरा विपक्ष हताश और अवसादग्रस्त है। श्री सिंह ने कहा कि जिस सपा सरकार में भर्ती आयोग भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए थे, लाखों युवाओं की मेधा से खिलवाड़ किया गया, नौकरियों में भ्रष्टाचार का नंगा नाच हुआ आज उसके कर्ता-धर्ता के मुंह से युवाओं की चिंता हास्यास्पद और घड़ियाली आंसू से अधिक कुछ नहीं है। प्रदेश की भाजपा सरकार में अब तक 3.75 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं और एक भी शिकायतें नहीं आई हैं। यह पारदर्शिता की मिसाल है जिससे अखिलेश को खुली आंखों से देखना व महसूस करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा प्रमुख किसानों के हितों की बात किस मुंह से कर रहे है? सपा प्रमुख में साहस व ईमानदारी हो तो वह बताएं कि उनकी सरकार में गन्ना किसानों को कितना भुगतान हुआ, कितनी गेहूं-धान की खरीद हुई? भाजपा सरकार अब तक किसानों को 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान कर चुकी है।

## डीआरएम ने दिए रोजाना पटरियों की जांच के आदेश

**लखनऊ।** ट्रेन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम गंभीर हो गये हैं, सोमवार की सुबह चारबाग रेलवे के पास शहीद एक्सप्रेस के दो कोच बेपटरी होने के बाद डीआरएम ने परिचालन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने रेल पटिरयों की रोजाना जांच कराने के आदेश दिये हैं। उनका कहना है कि रेल पटरियों पर रोजाना पेट्रोलिंग करने के साथ रेल पटिरयों को अवश्य चेक किया जायेगा। उन्होंने इसके निगरानी के लिए एक समिति का गठन कर दिया है जिसमे वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक से लेकर कई अधिकारी मानीटरिंग करेंगे। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर ट्रेन के लोको पायलटों को भी और बेहतर से प्रशिक्षित किया जायेगा। वहीं रेल हादसे के दौरान मौके पर पहुंचने वाली रिलीफ ट्रेनों को हाइटेक किया जायेगा। हादसे की सूचना मिलते ही रिलीफट्रेन 135 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से रवाना होगी और मौके पर पहुंचेगी। इसमें पूरी मेडिकल टीम भी मौजूद रहेगी। ट्रेन में ऑपरेशन थिएटर की भी व्यवस्था की जायेगी। इससे घायलों का समय पर इलाज संभव होगा और लोगों की जानें बचाई जा सकेगी। रिलीफ ट्रेन का पूरी तरह से आधुनिकीकरण किया जायेगा।

# यौन शोषण के मामलों में आंतरिक समिति की भूमिका अहम: रेखा शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रीय** महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि कई संस्थानों में आंतरिक समिति का रोल बहुत जरूरी है। महिलाएं काम पर जाती हैं तो कई बार यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। बहुत से ऐसे संस्थान हैं, जिनमे 10 से ज्यादा लोग काम करते हैं। वहां आंतरिक कमेटी नहीं हैं या हैं तो ठीक से काम नहीं करती हैं। अगर कोई घटना होती है तो ये प्रूफ करना पीड़ित महिला का काम नहीं, आंतरिक समिति का है। मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध) अधिनियम 2013 के अंतर्गत गठित स्थानीय परिवाद समिति की कार्यशाला को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सम्बोधित किया। उन्होंने यौन उत्पीड़न के मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि रिसर्च डिपार्टमेंट में ज्यादा शिकायतें आती हैं। उनकी रिसर्च रोक दी जाती है। गिव एंड टेक का दबाव डाला जाता है। इन मामलों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ये समिति को जांचना होगा। समिति में कम से कम 4 सदस्य होने चाहिए। लेकिन किसी ने 11 तो किसी ने सात बना लिए। किसी घटना में सीनियर दबाव बनाते हैं, लेकिन सदस्यों को दबाव में नहीं आना चाहिए। राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की उपाध्यक्ष सुषमा सिंह ने आंतरिक समिति की कार्यप्रणाली, उसके महत्व पर प्रकाश डाला और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्त्री सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को ध्यान में रखते हुए शुरू किये गए अभियान मिशन शक्ति के सुदृढ़ीकरण में आंतरिक शिकायत समिति किस प्रकार एक सकारात्मक भूमिका निभा सकती है से भी अवगत कराया।

# छात्रों को आने वाले कल के लिए तैयार कर रहा सीएमएस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड (आईईओ-2021) का ऑनलाइन उद्घाटन आज सायं प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा द्वारा रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के बीच सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. शर्मा ने कहा कि सीएमएस छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही पर्यावरण जैसे जरूरी विषयों पर सामाजिक चेतना जगाने में भी अग्रणी है और इस प्रकार सीएमएस छात्रों को आने वाले कल के लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सीएमएस ने अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड आयोजित किया है।

इससे पहले, आईईओ-2021 के उद्घाटन समारोह का शुभारम्भ वर्चुअल प्लेटफार्म पर स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना व विश्व शान्ति प्रार्थना से हुई। इस अवसर पर अपने संबोधन में सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाये रखने हेतु जन-जन को सक्रिय सहयोग की महती आवश्यकता है। यह ओलम्पियाड किशोर एवं युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति उनके दायित्वों से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

## तीन फरवरी को बिजली अभियंताओं व कार्मिकों का कार्य बहिष्कार

**लखनऊ।** देश के 15 लाख बिजली कर्मियों के साथ उप्र के बिजली कर्मचारी केंद्र सरकार की निजीकरण की नीतियों के विरोध में एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए 3 फरवरी को कार्य बहिष्कार करेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने केंद्र सरकार की निजीकरण की नीतियों के विरोध में एवं बिजली कर्मियों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए 3 फरवरी को एक दिवसीय सांकेतिक कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। संघर्ष समिति ने इस आशय का नोटिस केंद्रीय विद्युत मंत्री और प्रदेश सरकार को प्रेषित कर दिया है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों प्रभात सिंह, जीवी पटेल, सुहेल आबिद, विनय शुक्ला, शशिकांत श्रीवास्तव, एके श्रीवास्तव, ने बताया कि निजीकरण का प्रयोग उड़ीसा, ग्रेटर नोएडा और आगरा में बुरी तरह विफल हो चुका है फिर भी केंद्र सरकार ने बिजली के निजीकरण के लिए अमेंडमेट बिल 2020 एवं स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट जारी किया है।

### गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की जानकी पुरम पुलिस ने गत दिनों एक युवक की हुई गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे शातिर हत्यारों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम ने बताया कि गत दिनों एक महिला ने थाने पर सूचना दी कि उसके पुत्र सुधीर सिंह 20 को जानकीपुरम विस्तार निवासी संजय सिंह व उसके साथी शिव भजन उर्फछोटू ने लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए थे। पुलिस टीम ने मंगलवार की सुबह फरार दोनो आरोपियों को दबोच कर सलाखों के पीछे भेज दिया।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिलेगी दो अतिरिक्त साड़ी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार पोषण अभियान के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को दो अतिरिक्त साड़ी उपलब्ध कराने जा रही है। इसके लिए नेशनल न्यूट्रीशन मिशन कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत 27 करोड़ 79 लाख 48 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। इस संबंध में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 में नेशनल न्यूट्रीशन मिशन कार्यक्रम में प्राविधानित धनराशि 40222.77 लाख रुपये के सापेक्ष शासनादेश 11 सितम्बर 2020 द्वारा 27185.84 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई थी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**लखनऊ।** आलमबाग मवाइया चौकी प्रभारी गिरिजेश कुमार गिरि ने बताया कि सोमवार की देर रात आलमबाग थाना क्षेत्र स्थित मवाइया छत्तापुल के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक गम्भीर रुप से लहूलुहान होकर घायल हो गया था। जिसे इलाज के सदर स्थित सीएचसी अस्पताल भेजवाया गया था जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी मानकनगर के रुप में हुई है।

### फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**लखनऊ।** वजीरगंज कोतवाली इलाके में घरेलू विवाद के कारण निजी स्कूल में आया का काम करने वाली महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। इंस्पेक्टर घनश्याम मणी त्रिपाठी ने बताया कि बांस मण्डी वजीरगंज निवासी फातिमा पत्नी रौनक एक निजी स्कूल में आया का काम करती थी। मंगलवार को फातिमा ने दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर फांसी लगाली।

### गंदगी मिलने पर तीन फर्मों पर 50-50 हजार का जुर्माना

**लखनऊ।** ठाकुरगंज, ऐशबाग, चरक चौराहे का नगर आयुक्त द्वारा सफाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चौक चौराहे से मडिकल कालेज रोड, इमाम बाड़ा रोड का जायजा लेने के दौरान कई स्थान पर कूड़ा डंप किया पाया गया, जिससे नाराज नगर आयुक्त ने कड़ी फटकार लगाते हुए केआरपी इंटर प्राइजेज सहित तीन फर्मों पर 50 हजार का जुर्माना लगाया। साथ ही चुंगी के पास नो वेंडिंग में अवैध दुकानें और राकाबगंज के प्लाट में कूड़ा मिलने पर प्लाट मालिक पर नोटिस और कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### बाइक से चार लाख ले उड़े टप्पेबाज

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के काजीखेड़ा गांव निवासी अम्बर लाल बैक से पैसा निकाल कर मंगलवार की शाम बाइक में लगे झोले में पैसा रखकर घर वापस जा रहे थे तभी रामबाग चौराहे से कुछ दूर जाने के बाद वह बाइक खड़ी करके पेशाब करने लगे। उसी बीच दो बाइक सवार लोग उनकी बाइक के झोले से रुपये निकाल कर फरार हो गए। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत गोसाईंगंज पुलिस से की। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश सिंह के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### लविवि व आईएटीओ के बीच अनुबन्ध

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ़टूरिज़्म स्टडीज़ और इंडियन एसोसिएशन ऑफटूर ऑपरेटर्स के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। एमओयू पर लविवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने हस्ताक्षर किए। इंडियन एसोसिएशन टूर ऑपरेटर्स की ओर से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड चैप्टर के अध्यक्ष प्रतीक हीरा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

### डीएलएड का सत्र शून्य होने के आसार

**लखनऊ।** सूबे के 2500 निजी डीएलएड कालेजों में प्रवेश को लेकर शासन स्तर पर कोई निर्णय न हो पाने से सत्र शून्य होने के कगार पर है। परीक्षा नियामक संस्था की तरफसे अभी इस बाबत कोई निर्णय नही लिया गया है। ऐसे में डीएलएड के इच्छुक छात्रों को मायूसी का सामना करना पड़ सकता है। जबकि डीएलएड में प्रवेश को लेकर पूर्व में उप्र स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन ने बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश चंद्र द्विवेदी को पत्र भी लिखा है।

## एडीएम की पहल पर दिव्यांग को मिला न्याय

**मोहनलालगंज।** पैंतालीस साल पहले ताऊ को पट्टे में मिली जमीन का मालिकाना हक पाने के लिए डेढ़ वर्ष से तहसील समाधान दिवस के चक्कर लगा रहे दिव्यांग सोनू को एडीएम विपिन मिश्र की पहल पर मंगलवार को न्याय मिल गया। एडीएम की सख्ती से घण्टेभर में ही सारी कार्रवाई पूरी होते देख न्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहे दिव्यांग की आंखों से आंसू छलक पड़े। किसी और को इस तरह फरियाद लेकर भटकना नहीं पड़े इसके लिए एडीएम ने सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिमाह तहसील समाधान दिवस की एक चौथाई शिकायतों की खुद से रैण्डम चेकिंग कर रिपोर्ट तैयार करने की हिदायत दी है। मोहनलालगंज के रतियामऊ निवासी चलने-फिरने में लाचार सोनू के ताऊ सुखदीन को 1975 में हुआ भूमि आवंटन ताऊ और पिता बाबूलाल के निधन के बाद वरासत के जरिए उसके नाम दर्ज हो गई। लेकिन राजस्वकर्मियों की लापरवाही से जमीन को अब तक संक्रमणीय घोषित नहीं किया गया। पिछले डेढ़ वर्ष से दिव्यांग सोनू गांव के लोगों की मदद से बीस किलोमीटर की दूरी तय करके हर तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर गुहार लगाता रहा लेकिन जिम्मेदार उसे खोखला भरोसा देकर टरकाते रहे। पायनियर ने दिव्यांग की फरियाद को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की तो तहसील अधिकारियों की फटकार पड़ने के बाद उसकी फाइल आरके दफ्तर पहुंचाई गई। और चेनमैन को उसके घर भेजकर मूल दस्तावेज मंगवाए गए। मंगलवार को दिव्यांग सोनू फिर फरियाद लेकर तहसील समाधन दिवस में शिकायतें सुन रहे एडीएम वित्त एवं राजस्व विपिन मिश्र के पास पहुंचा तो उन्होने मातहतों को तलब कर अपनी मौजूदगी में सारी कार्रवाई पूरी कराई।

## ऑल इंडिया लेवल पर पलक अग्रहरि को मिली 10वीं रैंक

**लखनऊ।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) ने मंगलवार को दिसंबर में हुए फाउंडेशन कोर्स के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। आईसीएसआई के रिजल्ट में पलक अग्रहरि ने 84.50 प्रतिशत मार्क्स के साथ राजधानी में टॉप किया है। वहीं ऑल इंडिया लेवल पर साधिका को 10वीं रैंक प्राप्त हुई है। जबकि तान्या कलहंस ने सीएस फाउंडेशन कोर्स में 78 प्रतिशत मार्क्स के साथ राजधानी में दूसरा और ऑल इंडिया लेवल पर 23वां स्थान प्राप्त किया है। राजधानी में तीसरे नंबर पर 76 प्रतिशत मार्क्स के साथ साक्षी रही है। संस्थान ने परीक्षा में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए ई मार्कशीट भी जारी की है। रिजल्ट जारी होने के साथ ही संस्थान ने रैंक लिस्ट भी जारी की है। बता दें कि जारी रिजल्ट में पूरे देश से टॉप 30 रैंक में करीब 275 से अधिक उम्मीदवारों का नाम शामिल है। आईसीएसआई लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष अतुल कुमार रावत ने बताया कि दिसंबर में हुए सीएस फाउंडेशन एग्जाम मे लखनऊ चैप्टर से 246 स्टूडेंट्स एग्जाम में शामिल हुए थे।

# अधिकारियों के सामने नारेबाजी कर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता। मोहनलालगंज



**छह** सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील की सभी कोर्ट का बहिष्कार कर रही मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को परिसर में घूम-घूम कर जमकर प्रशासन विरोधी नारेबाजी की। अधिकारियों की कार्यशैली से खफा अधिवक्ताओं ने तहसील समाधान दिवस के प्रवेश द्वार पर भी नारेबाजी और प्रदर्शन किया। हालांकि अफसरों की कोशिश के बावजूद भी अधिवक्ता बातचीत किए बिना ही वापस लौट गए।

मोहनलालगंज तहसील में राजस्व संहिता के कुछ प्राविधानों का सख्ती से पालन कराने समेत छः सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील बार एसोसिएशन पदाधिकारियों के आह्वान पर अधिवक्ता तहसील की सभी कोर्ट का बहिष्कार किए हुए हैं। मंगलवार को बार पदाधिकारियों की अगुवाई में नाराज अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में घूम-घूम कर नारेबाजी करते हुए तहसील समाधान दिवस के प्रवेश द्वार तक पहुंचकर अधिकारियों के विरोध में जमकर नारेबाजी और जोरदार प्रदर्शन किया। एडीएम वित्त एवं राजस्व विपिन मिश्र और एसडीएम विकास सिंह नाराज अधिवक्ताओं से बातचीत के लिए सभागार से बाहर आए लेकिन मांगे पूरी होने तक अधिवक्ताओं ने बातचीत से इनकार कर दिया। यही नहीं शाम को एसडीएम ने फिर से बार एसोसिएशन पदाधिकारियों को वार्ता का प्रस्ताव दिया लेकिन अधिवक्ता अपनी मांगों पर अडिग रहे।

## आखिरकार वृद्धा का मकान ढहाने वाले दबंगों पर दर्ज हुई एफआईआर

**बीकेटी।** बेटे के अंतिम संस्कार में शामिल होने गयीं। दोनो आंखों से देखने में अक्षम महिला का मकान दंबगो ने गिराकर उसपर कब्जा कर लिया था। न्याय के लिये दर दर भटक रही पीड़ित महिला का दर्द समाचार पत्रों में प्रकाशन के तीसरे दिन आख़िरकार दबंगो पर मुक़दमा दर्ज कर लिया गया। गौरतलब है कि बीकेटी थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव की रहने वाली सरस्वती देवी दोनो आंखों से देखने मे अक्षम हैं। उनकी स्थित को देखते हुये 1995 में उन्हें इंद्रा आवास दिया गया था। उनका बेटा कानपुर में रहकर काम करता था। बीते 24 दिसम्बर को उसकी मौत हो गयीं। जिसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिये वह कानपुर गयीं थी। लेकिन जब वह वापस लौटी तो उनका आवास तोड़कर उसकी जगह दबंगो ने नया निर्माण कर लिया था। रविवार को एसडीएम व सोमवार को सीओ की जांच के उपरांत मंगलवार को दबंग मन्नालाल सूरज नीरज के विरुद्ध एससीएसटी सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर, कानपुर नगर

Website: www.nppghatampur.in, e-mail-nppghatampur.up@gmail.com

पत्रांक-567/ई-टेण्डर/स्वा0भा0मि0/2020-21 दिनांक-12.01.2021

**ई-टेण्डर निविदा सूचना**

जिलाधिकारी महोदय कानपुर नगर द्वारा स्वीकृत स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन में मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRF) सेन्टर के निर्माण हेतु नगर पालिका रिषद घाटमपुर जनपद कानपुर नगर को प्राप्त धनराशि 33.67 लाख की कार्ययोजना पत्रांक 1414 दिनांक 23.12.2020 के क्रम में उक्त कार्य करने के इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित तालिका के अनुसार नगर पालिका परिषद घाटमपुर जनपद कानपुर नगर ई-निविदा आमंत्रित करती है। निविदा प्रपत्र पालिका के वेब साइट nppghatampur.in एवं etenter.up.nic.in से प्राप्त किए जा सकते है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी/नियम एवं शर्ते पालिका कार्यालय मे सम्बन्धित लिपिक से प्राप्त कर सकते है।

| क्र0 | ई-निविदा विवरण | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि | 20.01.2021 समय 09.00 बजे |
| 2 | ई-निविदा जमा/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 30.01.2021 समय 12.00 बजे |
| 3 | प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि | 30.01.2021 समय 02.00 बजे |
| 4 | तकनीकी ई-निविदा खोलने की तिथि | 30.01.2021 समय 03.00 बजे |
| 5 | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | तकनीकी निविदा सत्यापन उपरान्त |

**कार्य विवरण**

| क्र0 | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि (लाख में) | अर्नेस्टमनी 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य | कार्य समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRF) सेन्टर का निर्माण कार्य | 33,67,000.00 | 67,340.00 | 3,540.00 | 31 मार्च 2021 |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
घाटमपुर कानपुर नगर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
घाटमपुर कानपुर नगर

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी महोली, सीतापुर

पत्रांक- 1586/चतुर्थ रा०वि०/नि0सू०/20-21 दिनांक - 18 जनवरी, 2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

क्षेत्र पंचायत महोली, सीतापुर के पंजीकत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त योजना में प्राप्त धनराशि एवं स्वीकृत कार्यों का निर्माण कार्य करवाने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म दिनांक 21 जनवरी, 2021 को विक्रय किये जायेंगे। टेन्डर फार्म का मल्य 500/-रू0 प्रति फार्म होगा तथा दिनांक 08.02.2021 को पूर्वान्ह 12 बजे तक विक्रित निविदायें निविदा बाक्स में डाली जायेंगी। तदोपरान्त उसी दिन खण्ड विकास अधिकारी कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अपरान्ह 03 बजे गठित समिति की उपस्थिति में खोली जायेंगी। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सामान्य धरोहर के रूप में कार्य की लागत का 02 प्रतिशत की धनराशि को जमा करना होगा, जो नकद के रूप में अथवा अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 अथवा डाकघर से निर्गत बचत पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जो खण्ड विकास अधिकारी महोली के पक्ष में बन्धक होगा। ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत बिल से 2 प्रतिशत आय कर व सरजार्च, निर्धारित जी0एस0टी0 कर 2 प्रतिशत, अवशेष 08 प्रतिशत जमानत राशि की एफ0डी0 बन्धक करनी होगी। 02 प्रतिशत जमानत निविदा के साथ एफ0डी0 बन्धक होगी। खण्ड विकास अधिकारी को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर दे। अन्य शर्तों की जानकारी किसी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 02 प्रतिशत लाख में | कार्य पूर्ण होने की अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इन्द्रौली में पेन्टेड रोड से गांव तक इण्टरलाकिंग कार्य | 6.083 | .121 | 3 माह | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त |
| 2. | बंजरिया में पेन्टेड रोड से नानकपुर गांव तक इण्टरलाकिंग कार्य | 8.384 | .167 | 3 माह | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त |
| 3 | बगहा पेन्टेड रोड से ककरहिया सम्पर्क मार्ग पर इण्टरलाकिंग कार्य | 8.822 | 0.176 | 3 माह | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त |

(महेन्द्र प्रताप सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी,
महोली, सीतापुर।

## कार्यालय नगर पंचायत बभनान बाजार, बस्ती।

संख्या मेमो/न0पं0ब.बा0/2020-21 दिनांक : 19.1.2021

**सार्वजनिक सूचना**

इस कार्यालय के पत्र संख्या-1273 न0पं0ब0बा0/2020-21 दिनांक 8.1.2021 द्वारा प्रकाशित निविदा में दिनांक 20.01.2021 को ठेकेदारों द्वारा निविदा डाली जानी थी। चूंकि दिनांक 20.01.2021 को सार्वजनिक अवकाश हैं ऐसी स्थिति में दिनांक 20.01.2021 को डाली जाने वाली निविदा अब दिनांक 22.01.2021 को कार्यालय जिलाधिकारी एल0बी0सी0 पटल पर समय 02:00 दिन तक डाली जायेंगी तथा उसी दिन 03:00 बजे दिन में अपर जिलाधिकारी महोदय के समक्ष ठेकेदारों के उपस्थिति में खोला जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बभनान बाजार
बस्ती

अध्यक्ष
नगर पंचायत बभनान बाजार
बस्ती

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, इटावा

पत्रांक : मु0चि0अ0/अन्धता/निविदा/2020-21/325
दिनांक : 15.1.2021

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रेसवायोपिया बुजुर्ग व्यक्तियों को निशुल्क वितरित किये जाने वाले चश्मों को क्रय करने हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है।

इच्छुक फर्मे दिनांक 21.01.2020 से दिनांक 22.01.2021 तक निविदा फार्म अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के कम्प्यूटर सेल/लेखा अनुभाग कक्ष से प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 29.01.2021 को अपरान्ह 02.00 बजे तक सील बन्द लिफाफा में जमा करना सुनिश्चित करें। निविदा को दिनांक 29.01.2021 की अपरान्ह 03.30 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी इटावा कार्यालय में क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
इटावा

# समाधान दिवस में शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर डीएम ने दिया जोर

● कहा, निस्तारण में लापरवाही न बरतें अधिकारी

● कई मामलों में दिया तुरन्त कार्रवाई का निर्देश

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



समाधान दिवस में जन सुनवाई करते डीएम व अन्य अधिकारी — पायनियर

**शासन की** मंशा के अनुसार जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं अधिकारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने हेतु जनपद के समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तहसील आलापुर में उपस्थित होकर जन समस्याओं का निस्तारण किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि जन समस्याओं को ध्यान पूर्वक समझ कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छोटे अथवा बड़े मामलों में अधिकारीगण अपने कार्यों के प्रति रूचि लेते हुए मौके पर उपस्थित होकर सही - गलत का फैसला सुनिश्चित करें। भूमि विवाद एवं पैमाइश के अधिक मामले तहसील में आए ,भूमि विवाद एवं पैमाइश के मामलों में उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर पारदर्शिता पूर्ण निस्तारण करें। इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष एरम फतमा पुत्री मेराज अहमद ग्राम माडर मऊ ,रामनगर ,जहांगीरगंज ने शिकायत किया कि उसकी मम्मी सन्नो का परिवार रजिस्टर से नाम काट दिया गया है और अलग अंकित कर दिया गया है एवं सन्नो देवी को न्यायालय से आदेश अनुसार मेराज अहमद द्वारा खर्च अदा नहीं किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ रामनगर मोहम्मद आरिफ को तत्काल मामले की जांच कर आख्या देने का निर्देश दिया और समुचित कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए आदेशित किया। शिक्षित बेरोजगार प्रार्थिनी पूजा पुत्री महेंद्र ग्राम फतेहपुर खास, रामनगर जहांगीरगंज में मत्स्य पालन हेतु पट्टा आवंटन कराए जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल को पात्रता की जांच कर पट्टा कराने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी के समक्ष मोहनलाल पुत्र रामलाल ग्राम परसनपुर, जहांगीरगंज ,राजेसुल्तानपुर शिकायत पत्र में प्रस्तुत किया कि दिनांक 06-09-19 को प्रार्थी के हक में पंजीकृत बैनामा नामांतरण होने के उपरांत कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा खतौनी में नाम दर्ज नहीं किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रकरण को जांच उपरांत खतौनी में नाम दर्ज कराने के निर्देश देते हुए आख्या मांगे। नरेंद्र बहादुर ग्राम भवानीपुर उमरे ,रामनगर ,जहांगीरगंज ने हैंडपंप रिबोर कराने हेतु शिकायत पत्र प्रेषित किया ,जिस पर जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को हैंडपंप तत्काल मरम्मत कराकर आख्या प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किए। सुशीला देवी ग्राम अमेडी ,रामनगर ,आलापुर ने गाटा संख्या 638 क पर विपक्षी कमलेश सिंह पुत्र उदय राज सिंह द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने का शिकायत पत्र प्रस्तुत किया, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को मौके पर उपस्थित होकर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिए। शांति देवी ग्राम सनदहा मझगवां ने अपने शिकायत का पत्र में अवगत कराया की विपक्षी गढ़ प्रेमचंद्र गौतम ,रामसेवक, चित्रलेखा, योगीराज गौतम द्वारा मेरी पुश्तैनी आबादी वाले जमीन में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवाश की दीवार गिरा दिया गया है। जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष बसखारी को मौके पर भेजकर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का निर्देश दिए। मोनिका तिवारी ग्राम शकाशीपुर ,जहांगीरगंज राजेसुल्तानपुर ने गाटा संख्या 153/0.168 हेक्टेयर जमीन पर विपक्षी द्वारा 15 धुर अवैध कब्जा का प्रकरण जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया, जिस पर जिलाधिकारी ने एसओ राजेसुल्तानपुर को मौके पर भेजकर प्रकरण का निस्तारण कराने का निर्देश दिए।तहसील आलापुर में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 109 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं अन्य शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा गया। तहसील अकबरपुर में अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ,उपजिला अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष 137 शिकायत पत्र प्रस्तुत किए गए, मौके पर 05 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया ,अन्य शिकायत पत्रों को अधिकारियों को सौंप कर निस्तारण हेतु रवाना किया गया।

तहसील भीटी में उपजिलाधिकारी भीटी एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों के समक्ष कुल 111 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें 05 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गयास तहसील टांडा में उपजिलाधिकारी टांडा की उपस्थिति में तहसील दिवस का आयोजन किया गया इस दौरान कुल 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 05 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। तहसील जलालपुर में कुल 106 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 08 का निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ सौंपा गया कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## युवा सप्ताह का समापन पुरस्कारों का वितरण

**गोरखपुर।** चंद्रकांति रामावती देवी आर्य महिला पीजी कॉलेज द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत युवा सप्ताह के समापन समारोह के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ. विजयलक्ष्मी मिश्रा ने स्वयं सेविकाओं को स्वलक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करने का उपाय बताया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अधिकारीगण डॉ. अमिता अग्रवाल, डॉ. पवन कुमार, सुश्री पूजा गुप्ता एवं निर्णायक मंडल के पदाधिकारीगण डॉ. आस्था प्रकाश, डॉ. सुमन सिंह, डॉ. शिवानी श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभाग किये जाने वाली छात्राओ के नाम की घोषणा की गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्तागण डॉ. रेखा श्रीवास्तव, डॉ. प्रीति त्रिपाठी, डॉ. विवेक शुक्ला, श्रीमती स्वप्निल पांडेय, सुश्री प्रिया, अंकिता, दीपिका आदि उपस्थित रहें।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं 106 शिकायतें

● आठ का हुआ निस्तारण

संवाददाता। जलालपुर, अम्बेडकरनगर



समाधान दिवस में भाग लेते एसडीएम व अन्य अधिकारी — पायनियार

**उप जिलाधिकारी** भरत लाल सरोज की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें कुल 106 शिकायतें आई जिनमें से 8 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में सैकड़ों शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों को लेकर पहुंचे उनमें से नगपुर के हिदायतुल्ला वा अस्ताना की अमीना खातून ने बताया कि दर्जनों बार राशन कार्ड बनवाने के लिए शिकायत कर चुके हैं परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। मसूदपुर के विश्वनाथ को शौचालय निर्माण में मात्र 6000 मिले हैं और डडवा सीसरा के बहादुर को मनरेगा में काम करने के बाद भी मजदूरी नहीं मिली है वही मुंडेरा के गिरीश ने शिकायत किया कि हमारे खेत में हाई वोल्टेज के तार लटके हुए हैं जिसकी शिकायत मैंने कई बार किया परंतु आज तक दुरुस्त नहीं हो पाया जिससे हम लोगों को खेती बारी करने में काफी असुविधा हो रही है । इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार बृजेश वर्मा, खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडे , सप्लाई विभाग के अनिल कुमार ,ईओ धर्मेंद्र बहादुर सिंह कानूनगो संचित पांडे अंकिता सिंह समेत तमाम विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# गांव में शव पहुंचते ही मचा कोहराम

● विधवा मां का इकलौता सहारा था कृष्ण कुमार

● सोमवार को सड़क हादसे में हुई थी पति और पत्नी की मौत

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



मृतकों के घर मौजूद भीड़ — पायनियर

**सोमवार को** राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर हुए सड़क हादसे में मृतक पति- पत्नी का शव गांव में पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृतक युवक की विधवा मां व घर पर रही एक 12 वर्षीय पुत्री की आंखों में बेबसी के आंसू को देखकर सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों की आंखों से बरबस ही आंसू छलक पड़े।लोग इस सड़क दुर्घटना में एक साथ हुए पति पत्नी की दर्दनाक मौत व दुर्घटना में घायल दोनों बच्चों एवं पारिवारिक हालात को देखकर हतप्रभ थे। बता दें कि बीते सोमवार की दोपहर बसखारी थाना क्षेत्र के निवासी कृष्ण कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष अपनी पत्नी रेखा व अपने दो पुत्रों के साथ बाइक से गोविंद साहब मेला देखने जा रहे थे। कि इसी बीच पुलिस चौकी लहटोरवा के पहले पहुंचते ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार एक बोलेरो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क किनारे पानी भरे खाई में जा गिरी। जिसमें पति और पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई व गंभीर रूप से घायल ऋषभ और रितिक का इलाज आजमगढ़ के हॉस्पिटल में अभी भीचल रहा है। वहीं मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद जब मृतक पति पत्नी का शव उनके निवास स्थान बुकिया ग्राम सभा मे लाया गया। तो हजारों की संख्या में ग्रामीण पुरुष व महिलाओं की भीड़ लग गई।बताया जाता है कि दुर्घटना में मृतक युवक अपने परिवार के साथ साथ अपनी विधवा मां का भी एक मात्र सहारा था। वही पति-पत्नी की मौत से जहां बच्चे अनाथ हो गए वहीं विधवा मां पर भी यह घटना बज्रपात बनकर टूट पड़ी। हालांकि घटना के बाद से ही जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा बच्चों के भरण-पोषण के लिए आर्थिक मदद देने का आश्वासन दिया जा रहा है।जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा दिया जाने वाला आश्वासन अनाथ बच्चों व बूढ़ी विधवा मां के लिए राहत पहुंचा पाएगा या फिर ग्रामीणों के आक्रोश को शांत करने के लिए कोरा आश्वासन ही साबित होकर रह जाएगा।यह तो आने वाले भविष्य ही बताएगा। वहीं इस मामले में बसखारी पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। फिलहाल गमगीन माहौल में दोनों शवों को अन्तिम संस्कार के लिए चहोड़ा घाट ले जाया गया।अंतिम संस्कार के दौरान जाम की सुगबुगाहट को लेकर एहतियातन पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# गोवंश लदी ट्रक चढ़ी पुलिस के हत्थे, दो गौ तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

● पुलिस मुकदमा कायम कर पका रही पुलिसया खिचड़ी

● ग्रामीणों की सक्रियता के बाद नींद से जागी इनायत नगर पुलिस

● कई महीनों से चल रहा था गौ तस्करी का अवैध धंधा

**इनायत** नगर थाना क्षेत्र के करौली बाजार के पास ग्रामीणों की सक्रियता से इनायत नगर पुलिस को एक ट्रक गोवंश पकड़े जाने में कामयाबी हाथ लग गई है हालांकि पुलिस मामले को रफा.दफा करने में पूरी तरह से जुटी रही किंतु मामला मीडिया के संज्ञान में आने के बाद इनायत नगर पुलिस तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करने को मजबूर हो गई। फिलहाल देर शाम तक पुलिसिया खिचड़ी पकती रही और मुकदमा कायम किए जाने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली इनायतनगर अंतर्गत तरौली बाजार क्षेत्र में काफी दिनों से गोवंशों की तस्करी होती थी। लेकिन गौ तस्कर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहे थे। सोमवार की देर रात मुखबिर ने इनायतनगर पुलिस को सूचना दिया कि गौ तस्कर तरौली बाजार से थोड़ी दूर पहले गुड्डू तिवारी के बाग से छुट्टे मवेशियों को ट्रक में लादकर कहीं ले जाने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही इनायतनगर थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिहं थाने के सिपाहियों मनोज कुमार प्रजापतिए सिपाही राम कुमारए आलोक कुमार व गौरव मलिक की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने घेराबंदी की योजना बना ली। इसी बीच गौ तस्करों को पुलिस के आने की भनक लग गई और ट्रक चालक समेत गौ तस्कर रफूचक्कर हो गए। गोवंश लदी डीसीएम पुलिस के हत्थे चढ़ गई। पुलिस टीम ने ट्रक में लदे गोवंशों को सुरक्षित उतारते हुए बाग में बंधे अन्य पशुओं को आजाद कर दिया। इसी बीच दो युवक पुलिस के हत्थे चढ़े। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने उन्हें पकड़कर थाने ले आई और उनसे कड़ी पूछताछ शुरू कर दी है। मौके पर गोवंश से लदी मिली ट्रक यूपी 62 टी 0874 को कब्जे में ले लिया और थाने ले आई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामले में एक तथाकथित पत्रकार भी शामिल है जिसकी बाग से ही गोवंशों को ट्रक में लोड कर तस्करी का काम किया जाता था। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिसिया कार्यवाही की प्रक्रिया पूरी तरह से चल रही है। जब की खबर लिखे जाने तक मामले में कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था।

## एडीजी जोन ने राम मंदिर के लिए दिए 1.10 लाख रुपये



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**श्री राम** जन्मभूमि निधि समर्पण अभियान के तहत गोरखपुर जोन के एडीजी दावा शेरपा व उनकी पत्नी पूनम शेरपा ने एक लाख दस हजार रुपए की समर्पण राशि विभाग कार्यवाह आत्मा सिंह व भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह की उपस्थिति में प्रदान किया। वहीं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राधे मोहन मिश्र ने एक लाख इक्यावन हजार रुपए की समर्पण राशि प्रान्त प्रचारक सुभाष, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप व विभाग कार्यवाह आत्मा सिंह की उपस्थिति में प्रदान किया। इस दौरान भाग कार्यवाह अभिषेक शर्मा, भाग प्रचारक राममोहन, नगर कार्यवाह मधुसूदन पांडेय, नगर संघचालक श्रीराम उपस्थित रहें।

# जेल भेजा गया फर्जी नेवी अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**गोरखपुर के** चिलुआताल इलाके की छात्रा को अगवा करने के मामले में लव जिहाद की पुष्टि नहीं हो पाई है। आरोपित ने खुद को नेवी का अफसर बताकर नौकरी दिलाने के नाम पर छात्रा का शारीरिक शोषण किया है। पुलिस ने लव जिहाद की धारा हटा दी है। छात्रा के बयान के आधार पर नौकरी के नाम पर जालसाजी और रेप की धारा बढ़ा दी है। इन्हीं दोनों धाराओं में कनार्टक के रहने वाले महबूब को पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बताया जाता है कि चिलुआताल इलाके की रहने वाली सेवानिवृत्त जवान की बेटी चार जनवरी को घर से लापता हो गई थी। 11 जनवरी को छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने कर्नाटक, बीजापुर के इंडी निवासी महबूब के खिलाफ अपहरण व उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश 2020 (लव जिहाद) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस को दिए तहरीर में सेना से रिटायर्ड जवान ने बताया था कि चार जनवरी को अपनी नाबालिग बेटी को छोड़ने वह उसके कालेज गए थे। शाम तक घर न लौटने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पांच जनवरी को उन्होंने गुमशुदगी दर्ज कराई। छानबीन करने पर पता चला कि महबूब नामक एक युवक उनकी बेटी के संपर्क में था। खुद को हिंदू बताकर उसने बेटी से दोस्ती की। नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसे अगवा कर लिया है। एसएसपी जोगेंद्र कुमार के निर्देश पर चिलुआताल थाने के दारोगा राजकुमार सिंह दो सिपाहियों के साथ आरोपित को पकड़ने बीजापुर गए थे। सर्विलांस की मदद से उन्होंने आरोपित को पकड़ लिया। अपहृत को बरामद करने के बाद दोनों को स्थानीय कोर्ट में पेश किया। ट्रांजिट रिमांड मिलने पर गोरखपुर लाया गया। यहां छात्रा के बयान के आधार पर अपहरण और लव जिहाद की पुष्टि नहीं हो पाई। हालांकि रेप और जालसाजी की बात जरूर सामने आई जिसके बाद पुलिस ने यह दोनों धाराएं बढ़ा दी।

### मिस्डकॉल के जरिये हुआ परिचय

छात्रा ने पुलिस को बताया कि एक साल पहले मिस्डकॉल के जरिए महबूब से परिचय हुआ। उसने खुद को नेवी का अफसर बताया। वह अक्सर फोन करता था और बातचीत करता था। वह कहता कि उसे नेवी में वह नौकरी दिला देगा। उसके झांसे में आकर उसके साथ कनार्टक चली गई। उसने नौकरी के नाम पर शारीरिक शोषण किया। छात्रा का कहना है कि उसकी जालसाजी की जानकारी के बाद अब वह अपनी भूल पर पछता रही है। अगर भरोसा करके नहीं गई होती तो यह घटना नहीं होती। इस संदर्भ में इंस्पेक्टर चिलुआताल नीरज राय ने बताया है कि आरोपित ने अपने धर्म की पहचान गलत नहीं बताई थी। उसने शुरू से ही अपना नाम महबूब बताया था। उसने धर्म परिवर्तन कर छात्रा से शादी नहीं की है। इसलिए यह मामला लव जिहाद कानून के दायरे में नहीं आता है। युवती को नौकरी दिलाने के नाम पर उसका शारीरिक शोषण किया है। इसलिए लव जिहाद की धारा हटाकर जालसाजी और रेप की धारा बढ़ाई गई है।

## सम्पत्ति के लालच में की गई थी सिफ्ते हसन की हत्या

● तीन गिरफ्तार

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र

**टाण्डा थाना** क्षेत्र में रविवार को सुबह इब्राहिमपुर कुसमा व धौरहरा गांव के निकट राष्टीय राजमार्ग के किनारे मिला शव दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बेथरा गांव निवासी सिफ्ते हसन का था। प्रारम्भिक जांच में पुलिस ने हत्या कर शव फेंके जाने का मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान पता चला कि सिफ्ते हसन की हत्या सम्पत्ति के लालच में की गई थी जिसमें उसके ही परिजन शामिल थे। सिफ्ते हसन अविवाहित था तथा टाण्डा में लूम चलाकर अपना पेट पालता था। उसका भाई सरदार खां भी टाण्डा में ही काम करता था। अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र ने बताया कि सिफ्ते हसन जब घर से टाण्डा के लिए चला, उसी समय उसे कार में बैठा लिया गया था। सिफ्ते हसन की बहन रेशमा खातून ने दोस्तपुर थाने के ही बभनहिया पूरब निवासी सुनील कुमार मिश्र से शादी कर ली थी। शादी के बाद सुनील सुहेल बन गया था और जिला मुख्यालय पर मीरानपुर मोहल्ले में रहता था। सुनील उर्फ सुहेल,रेशमा तथा सरदार खां की पत्नी शकीला बानों ने मिलकर सिफ्ते हसन के सिर पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी थी तथा शव को हाईवे के किनारे खेत में फेंक दिया था। पुलिस ने सुनील, रेशमा तथा शकीला बानों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयोग किया गया रॉड भी बरामद कर लिया है।

# 24 जनवरी से 26 जनवरी तक प्रदेश के सभी जनपदों में मनाया जायेगा यूपी दिवस

संवाददाता। अयोध्या

**मण्डलायुक्त** एमपी अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले चयनित कलाकारों की सूची प्रमुख सचिव संस्कृतिए संस्कृति निदेशक को भेज दिया तथा कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अन्य आवश्यक कार्यवाही किया जाय। उ0प्र0 दिवस 24 जनवरी से 26 जनवरी 2021 तक प्रदेश के सभी जनपदो में मनाया जायेगा। उ0प्र0 दिवस के आयोजन हेतु शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के 18 मण्डलो में अलग-अलग विधाओ की सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें अलग.अलग विधाओ के कलाकारो ने भाग लिया। अयोध्या मण्डल में फरूवाही लोक नृत्य एवं पारम्परिक रामलीला.राम विवाह प्रसंग पर प्रतियोगिता अर्न्तराष्टीय रामकथा संग्राहलय में आयोजित की गई जिसमें दोनो विधाओ के कई दलो ने प्रतिभाग किया और आकर्षण एवं मनमोहक प्रस्तुति की। फरूवाही लोक नृत्य में विजय यादव, मुकेश कुमार, माता प्रसार वर्मा, महेश कुमार, रमा प्रजापति दलो ने तथा रामलीला में संगीता अहूजा, सजीवन मिश्रा, सुरेन्द्र प्रसाद पाठक, महावीर सरन तथा विश्राम पाण्डेय के दलो ने आकर्षण प्रस्तुति के साथ उपस्थित दर्शको का मन मोह लिया, उपस्थित दर्शको ने तालिया बजाकर कलाकारो को जहां उत्साह वर्धन किया वही देश एवं प्रदेश की लोक कलाओ को बनाये एवं संरक्षित रखने हेतु लोक कलाओ के प्रदर्शन का अलोकन किया। राम विवाह के दौरान भगवान राम के विवाह के समय से चली आ रही वैदिक विवाह पद्धति की आकर्षक प्रस्तुति दलो द्वारा प्रस्तुत की गई उसी वैदिक विवाह रीति का प्रचलन पूरे भारत में अनुकरणीय और उसी विवाह पद्धति को भारतवंशी अपने विवाह के समय अपनाते है। फरूवाही लोक नृत्य में भी आकर्षक प्रस्तुति की गई। फरूवाही लोक नृत्य एंव परम्परिक रामलीला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दलो को नोयडा एवं लखनऊ में आयोजित यूपी दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का सुअवसर प्राप्त होगा तथा उन्हे उसी दौरान पुरस्कृत भी किया जायेगा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल ने आयुक्त अयोध्या मण्डल, अयोध्या द्वारा अध्यक्ष के रूप में अपर जिलाधिकारी नगर डा0 वैभव शर्मा को नामित किया गया था तथा अयोध्या आकाशवाणी के केन्द्र प्रभारी योगेन्द्र प्रसाद, राजा मोहन डिग्री कालेज मनूचा की प्रचार्या डा0 रोमा अरोड़ा, साकेत महाविद्यालय के संगीत विभाध्यक्ष डा0 सुरभि पाल, संस्कृति विभाग लखनऊ से आये अधिकारी अभय सिंहए अयोध्या शोधसंस्थान के प्रशासनिक अधिकारी रामतीरथ निर्णयाक मण्डल के सदस्य के रूप में तथा उप निदेशकए सूचना अयोध्या मण्डल, अयोध्या डा0 मुरलीधर सिंह सदस्य सचिव के रूप में प्रतिभाग करने के साथ दोनो विधाओ में उत्कृष्ट दलो का चयन किया तथा इसकी सूचना आयुक्त महोदय द्वारा शासन को भेज दी गई है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी कुमकुम से वर्चुअल संवाद करेंगे आज पीएम मोदी

**अयोध्या।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ब्लाक मसौधा के ग्राम पंचायत मुमताजनगर के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी कुमकुम पत्नी दिलीप से वर्चुअल संवाद करेंगे। उक्त अवसर पर हमारे जनपदए मण्डल के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा कार्यक्रम स्थल का भ्रमण किया गया तथा मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार एवं अन्य अधिकारियों से तैयारी की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधि भी रहेंगे तथा मीडिया प्रतिनिधियों से कार्यक्रम स्थल पर आने का अनुरोध किया गया है। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगा।

## एक दिवसीय ललित कला महोत्सव 24 को



**गोरखपुर।** नेशनल एजुकेशनल सोसायटी अपने स्थापना काल से ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति कटिबद्ध एवं संकल्पित है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सोसायटी द्वारा प्रतिवर्ष, वर्ष के अंत में अपने पूर्व पदाधिकारियों की स्मृति में महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज में ललित कला महोत्सव का आयोजन करती है। इस वर्ष भी कोविड-19 से बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार संक्षिप्त रूप में ही सही महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी सोसायटी के सचिव मंकेश्वर नाथ पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि राय बहादुर राम नरायन लाल एवं हर नरायन लाल स्मृति में चित्रकला, प्रकाश नरायन श्रीवास्तव की स्मृति निबंध एवं राय बहादुर राम गरीब लाल की स्मृति में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 24 जनवरी को किया जायेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में स्थानीय एवं मंडल के शिक्षण संस्थानों से लगभग 4 हजार प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे बताया कि 25 जनवरी को दोपहर दो बजे से विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया जायेगा। इंटरमीडिएट कॉलेज के पूर्व छात्र रह चुके भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, देवरिया के सांसद रमापति राम त्रिपाठी पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

# अनिवासी भारतीय

## ब्रिटेन व अमेरिका में दबदबा

**कहा** जाता है कि पश्चिमी दुनिया में अनिवासी भारतीयों का दबदबा है, फिर चाहे वे आप्रवासियों की पहली पीढ़ी से संबंधित हों अथवा तीसरी या चौथी पीढ़ी से। पश्चिमी देशों में उनका असर 'भारतीय' समुदाय की संख्या की तुलना में अधिक है। तमिल व जमैका मूल की महिला कमला हैरिस आंशिक रूप से भारतीय नस्ल की हैं। अपनी तमिल मां के बावजूद हैरिस स्वयं को 'अश्वेत' के रूप में परिभाषित करती हैं। वे संयुक्त राज्य अमेरिका के एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण पद पर पहुंच रही हैं और बहुत से लोगों ने खुलेआम उनके बहुत जल्द संभावित राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में आने की उम्मीद लगाई है। धाराप्रवाह संस्कृत व तमिल बोलने में सक्षम हैरिस भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की दूर की रिश्तेदार हैं। हैरिस के अलावा भारतीय मूल के 20 से अधिक लोग बाइडेन-हैरिस प्रशासन में 20 जनवरी को अपनी भूमिका प्राप्त करेंगे। वे लगभग पूर्ण श्वेत ट्रंप प्रशासन तथा ओबामा प्रशासन से भी अलग होंगे जिसमें अभिनेता कलपन मोदी या 'काल पेन' भारतीय मूल का सर्वाधिक उल्लेखनीय चेहरा थे। हालांकि, पश्चिमी देशों में बड़े पद पर पहुंचने वाली हैरिस पहली भारतीय नहीं हैं। बोरिस जान्सन के कैबिनेट में भारतीय मूल के मंत्री हैं जिनमें चांसलर ऋषि सुनक व गृह सचिव प्रीति पटेल सर्वाधिक उल्लेखनीय हैं। भारत में हम लोग विदेशों में अपने बंधुओं की उपलब्धियों से प्रसन्न होते हैं, पर उनमें से अनेक ने इस पद पर पहुंचने के लिए संस्थागत नस्लवाद का सामना किया है। इस संबंध में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इनमें से अनेक लोग अपने भारतीय मूल पर भले ही गर्व करें, पर उनका अपने



मूल देश से कुछ लेनादेना नहीं है। यदि उनमें से किसी का संबंध भारतीय समाज के निचले दर्जे से रहा हो तो उनके मन में भारत की छवि खराब होगी और वे उसके प्रति शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण भी अपना सकते हैं। वास्तव में इस बात की पूरी संभावना है कि पश्चिमी दुनिया में भारतीय मूल के राजनेता व नौकरशाह इस शक्ति का प्रयोग भारतीय नीति निर्माताओं पर दबाव डालने के लिए करें। वास्तव में अमेरिका में प्रमिला जयपाल जैसे लोगों ने ऐसा करने का प्रयास भी किया है। इसके साथ ही, वैश्विक राजनीति के कारण पश्चिमी दुनिया को भारत के निकट आने की आवश्यकता है क्योंकि चीन के खिलाफ मजबूती प्रदर्शित करना उनके लिए महत्वपूर्ण है। आस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका और भारत के बीच क्वाड गठबंधन एक यथार्थ है और इसका महत्व बना रहेगा। 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन हस्टन में किया था तथा ट्रंप को पिछले साल भारत यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। इसके कुछ प्रभाव भारतीय नीति निर्माताओं पर पड़ सकते हैं। इस प्रकार अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की सफलताओं पर प्रसन्न होते हुए भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कुछ यथार्थों की अनदेखी उचित नहीं होगी। अनेक भारतीय पश्चिमी दुनिया में पहुंचने पर 'घेरेबंदी' की मानसिकता का अनुभव करते हैं। यह स्थिति स्पष्ट रूप से सैन जोस, कैलीफोर्निया व एडिसन, न्यूजर्सी, आदि शहरों में दिखती है। भारत में हमें यह तथ्य अनदेखा नहीं करना चाहिए। यह भी सच है कि पश्चिमी दुनिया में भारतीयों की बहुत बडी संख्या केवल उच्च जातीय आप्रवासियों की नहीं है, बल्कि उनमें से अनेक अत्यधिक आत्मकेन्द्रित मानसिकता वाले हो सकते हैं। वास्तव में पश्चिमी समुदायों की तुलना में भारत में सामाजिक जातीय गतिशीलता ज्यादा आसान है। पश्चिम में प्रवास करने वाले समुदायों में यह ज्यादा कठिन है क्योंकि उनका सामाजिक ढांचा अतीत में जड़ें जमाए हो सकता है, जबकि भारत ने प्रगति कर ली है।

# कौशल विकास पर ध्यान देना आवश्यक

नई शिक्षा नीति राष्ट्रीय प्राथमिकताओं व समकालीन यथार्थ के अनुरूप है। इसमें लंबे समय से अनदेखे किए जा रहे क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है।



**ए. सूर्यप्रकाश**
(लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)



दशकों तक हठधर्मिता के बाद शिक्षा क्षेत्र में केन्द्र सरकार तथा नीति निर्माताओं ने एक नई शिक्षा नीति-एनईपी पेश की है जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं तथा समकालीन यथार्थ के अनुरूप है। इसका कारण यह है कि नई नीति में तीन अत्यन्त महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है जिनकी लंबे समय से अनदेखी हो रही थी। ये हैं-समग्र एवं बहुविषयी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा व कौशल संवर्धन तथा डिजिटल शिक्षा के माध्यम से अवसरों की समानता। केन्द्र ने अतीत में भी शिक्षा नीतियां बनाई हैं। लेकिन अतीत की अनेक अन्य चीजों की तरह ये नीतियां भी दूरदृष्टि, पैसे व प्रतिबद्धता के अभाव में निरर्थक सिद्ध हुईं। अंततः वे कुछ खोखले शब्द बन कर रह गईं तथा अतीत की चीजें बन गईं।

इनकी स्थिति अतीत की सरकारों द्वारा छापी गई अनेक चीजों जैसी बन गई। लेकिन इस बार चीजें अलग हैं क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में असली समस्याओं की पहचान के साथ ही उनसे निपटने का प्रयास किया गया है। इनमें बच्चों की शुरुआती शिक्षा, स्कूलों के पाठ्यक्रम व शिक्षाशास्त्र, भाषाई शिक्षा, समग्र व समन्वित शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा तथा भारतीय भाषाओं, कला व संस्कृति को बढ़ावा देना शामिल हैं। इस नीति के सभी आयामों को एक स्तंभ में समाहित करना कठिन है, इसलिए हमें अपने ध्यान कुछ आयामों जैसे, समग्र, बहुविषयी व व्यावसायिक शिक्षा पर देना चाहिए। एनईपी में तक्षशिला व नालन्दा जैसे विश्वविद्यालयों के बहुविषयी दृष्टिकोण की बात कही गई है जहां अच्छी शिक्षा का अर्थ 64 'कलाओं' का ज्ञान देना था। इनमें गायन, पेंटिंग, रसायन, गणित, चिकित्सा, इंजीनियरिंग तथा बढ़ईगीरी, वस्त्र निर्माण जैसे व्यावसायिक कौशलों के साथ संप्रेषण व बहस जैसे कौशल भी शामिल हैं। दूसरे शब्दों में यह समग्र ज्ञान था जो अपने आप में संपूर्ण व समग्र शिक्षा थी। यह व्यक्तियों को विभिन्न विषयों की मूलभूत समझदारी देने के साथ ही उनको शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों तथा जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करती थी। एनईपी के अनुसार, 'विचार यह है कि रचनात्मक मानव व्यवहार की सभी शाखाओं को कला समझना चाहिए जो विशिष्ट रूप से भारतीय मूल की हैं। इनमें गणित, विज्ञान, व्यावसायिक विषय, पेशेवर विषय तथा भावनात्मक कौशल शामिल हैं।' इनको 'भारतीय शिक्षा में वापस लाया जाना चाहिए और यही बात उस शिक्षा के बारे में सही है जो 21वीं शताब्दी के लिए आवश्यक है।' यदि एनईपी का यह उद्देश्य कथन पूरी प्रतिबद्धता से लागू किया जाए तो देश में उच्च शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन होंगे, जबकि यह कला और विज्ञान विषयों के बीच दशकों से विभाजन के कारण बरबाद हो गई है, जैसे कि ये विषय एक दूसरे के दुश्मन हों। इस नीति को इतनी क्रूरता के साथ लागू किया जाता था कि परास्नातक व पीएचडी डिग्री धारक भी अपनी शिक्षा और दुनिया की समझदारी के बारे में अधूरेपन की भावना से ग्रस्त होते थे तथा इसके परिणामस्वरूप अपने पश्चिमी समकक्षों के बीच खो जाते थे जिनको समग्र शिक्षा का लाभ मिलता था। दुःख की बात है कि हमारे राजनेताओं, नौकरशाहों व शिक्षा विदों ने ऐसी नीति चला कर ज्ञान को खाचों में बांटा तथा छात्रों को कठोर विभागों में बांट कर उनको अपने पाठ्यक्रम से बाहर वाले क्षेत्रों में विचरण से वंचित कर दिया। इस संकुचित दृष्टिकोण वाली नीति के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनसे पूछा जाना चाहिए कि लाखों भारतीय छात्रों को इस विचारहीन खांचेबंदी में क्यों बांटा गया। दूसरा मुद्दा व्यावसायिक शिक्षा का है। स्वतंत्रता के बाद से भारतीयों को बताया गया है कि ब्लू कालर या शारीरिक परिश्रम वाले काम आदि कम शिक्षित लोगों के काम हैं जो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों-आईटीआई से पास होते हैं। इनमें फैक्ट्री में लेथ मशीन चलाना या फिटर या टर्नर होना, बुलडोजर या ऐसी ही बड़ी मशीन चलाना, बढ़ईगीरी, प्लंबिंग, आधारभूत बिजली का काम, आदि शामिल हैं। मध्यवर्गीय बच्चों को कालेजों में जाकर डिग्रियां प्राप्त करनी चाहिए जिनमें कौशल बहुत कम होता है तथा उनको 'बाक्स वाला' या निजी क्षेत्र में कार्यकारी या शिक्षक बनना चाहिए। उनमें से कम सौभाग्यशाली सरकारी क्लर्क बनेंगे, जबकि ज्यादा स्मार्ट सिविल सेवा परीक्षायें पास कर बाबू बनेंगे। इसके साथ ही 'सुरक्षित' सरकारी नौकरियां नौजवानों का अंतिम लक्ष्य बन गईं। इस व्यवस्था ने छात्रों के उद्यमिता कौशलों को प्रेरित नहीं किया या उनको नए अवसर पाने के लिए चुनौती नहीं दी। इस प्रकार थोड़े भाषा कौशल व अंग्रेजी में स्मार्ट छात्रों को अच्छी आमदनी के अवसर मिले, जबकि उद्योगों व विनिर्माण क्षेत्र चलाने में सक्षम असली कौशल वाले तथा देश के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी को बढ़ाने वाले लोगों, जैसे लेथ आपरेटरों व एलेक्ट्रीशियनों आदि को निचली श्रेणी में रखा गया। इनको कामगार वर्ग बताया गया। यह विकृति दशकों तक बनी रही क्योंकि भारतीय मध्य वर्ग ने घोषणा कर दी थी कि डिग्री प्रमाणपत्र उसके क्षेत्र तथा विवाह बाजार में प्रवेश के लिए जरूरी है। आईटीआई में तीन साल के प्रशिक्षण के बाद डिग्री बांटने के समय यह आसानी से देखा जा सकता है। अंततः नई शिक्षा नीति-एनईपी ने इस विसंगति पर गौर कर इसे समाप्त करने का प्रयास किया है।

यह वास्तव में शर्म की बात है कि मध्य वर्ग की इस विकृत आदत ने कौशल-विहीन शिक्षा को आगे बढ़ाया और यह स्वतंत्रता के बाद 70 साल तक जारी रही। इसका हमें भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। बारह पंचवर्षीय योजनाओं के बाद 19-24 वर्ष आयुवर्ग के भारतीय श्रमशक्ति के केवल पांच प्रतिशत हिस्से को ही औपचारिक व्यावसायिक शिक्षा मिली, जबकि यह प्रतिशत अमेरिका में 52, जर्मनी में 75 तथा दक्षिण कोरिया में 96 था। इसका अर्थ है कि सर्वाधिक विकसित देशों में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त नौजवानों का हिस्सा अधिक था, जबकि भारतीय मध्य वर्ग व नीति निर्माताओं में इसकी कमी थी। इसका कारण यह है कि व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यतः आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ने वाले या कक्षा 11 व 12 के बाद उन छात्रों के लिए रखा गया जिन्होंने व्यावसायिक प्रशिक्षण का रास्ता चुना था। एनईपी के अनुसार, इसके परिणामस्वरूप 'व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा शिक्षा की तुलना में कमतर समझा गया जिसका उद्देश्य वे छात्र थे जो मुख्यधारा शिक्षा के अयोग्य थे।' एनईपी वह सामाजिक स्तर पदानुक्रम उलटना चाहती है जिसका संबंध व्यावसायिक शिक्षा से है। अब योजना यह है कि स्कूली व उच्च शिक्षा क्षेत्र में 50 प्रतिशत छात्रों को 2025 तक व्यावसायिक शिक्षा दी जाए। व्यावसायिक शिक्षा वाले क्षेत्रों को स्नातक डिग्रियां पाने में सक्षम बनाया जा रहा है। वैकल्पिक रूप से स्नातक छात्र चार-वर्षीय बहुविषयी कार्यक्रमों में शामिल होकर अपनी डिग्रियों के साथ व्यावसायिक कौशल भी प्राप्त कर सकेंगे। संक्षेप में शिक्षा व्यवस्था में कुशल और योग्य प्रमाणपत्र प्राप्त करने वालों तथा अकुशल पर 'पैक डिग्री वालों' के बीच रंगभेद जैसी स्थिति समाप्त हो जाएगी। जिस दिन भारत में कुशल कामगारों को उनका उचित स्थान मिलेगा, उसी दिन भारत प्रगति की दिशा में लंबी छलांग लगाएगा। अब हमें सरकार व नीति निर्माताओं पर दबाव बनाए रख कर पूरी ईमानदारी और क्षमता के साथ एनईपी का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा।

# महामारी काल में रेलवे की सराहनीय भूमिका

"कोरोनावायरस महामारी के दौरान दक्षिण-मध्य रेलवे ने देश को दिखा दिया कि विपत्ति को अवसर में कैसे बदला जाता है।"

**राम आचार्य**
(लेखक रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य हैं)



कोविड-19 महामारी नी भले ही भारतीय अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर डाला हो लेकिन दक्षिण मध्य रेलवे ने ऐसे अवसर पर श्रमिक विशेष ट्रेनें चलाकर हैदराबाद से हजारों की संख्या में प्रवासी श्रमिकों को बिहार, उत्तर प्रदेश और ओडिसा में शहरों व कस्बों तक पहुंचाने का काम किया। प्रवासी श्रमिकों को सैकड़ों किलोमीटर पैदल चल कर जाने को विवश करने के बजाए ट्रेन द्वारा उनके घरों तक पहुंचाने के लिए बढ़ती व देशव्यापी इच्छा को भांपकर उसके अनुरूप काम किया, जबकि पैदल चलकर जाने की प्रक्रिया में कुछ मजदूरों की मौत भी हो गई थी। ऐसे में दक्षिण मध्य रेलवे ने समयोचित कदम उठाया। उसने भूख से पीड़ित, गरीब तथा थके हुए श्रमिकों की मदद करने की पहल की जो टूटने की कगार पर पहुंच गए थे। दक्षिण मध्य रेलवे ने 1 मई 2020 से हैदराबाद के निकट लिंगमपल्ली से झारखंड में हतिया तक एक विशेष श्रमिक ट्रेन चलाई, उसके पश्चात तेलंगाना, महाराष्ट्र तथा आंध्र प्रदेश में स्थित अपने स्टेशनों से उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी भारत के विविध स्टेशनों तक 242 विशेष श्रमिक ट्रेनें चलाईं। अगले दो महीनों के दौरान, दक्षिण मध्य रेलवे ने लगभग 3,13,500 यात्रियों को ट्रेन से भेजा और संचालनों के चरम पर, 43 श्रमिक विशेष ट्रेनें 12 घंटे के भीतर चलाई गईं।

कोरोना महामारी के तेज होते प्रसार के बीच, दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने उन श्रमिकों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार किया जो वापस अपने कस्बों व घरों को लौट रहे थे। दक्षिण मध्य रेलवे ने सामाजिक दूरी बनी रहना, सभी ट्रेनों को बार-बार सैनीटाइज किया जाना तथा सभी के द्वारा हैंड सैनीटाइजरों का इस्तेमाल किया जाना संपर्कहीन थर्मल स्कैनिंग तथा टिकट परीक्षण कर्मचारियों द्वारा कैमरों के द्वारा टिकट परीक्षण किया जाना सुनिश्चित किया। साथ में, स्टेशनों पर तैनात किए गए कर्मचारी पीपीई किटें, दस्ताने एवं चेहरे का सुरक्षा आवरण पहने रहते थे, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे और यात्री वायरस से बचे रहें। उन्होंने सह भी निश्चित किया कि यात्री मास्क पहनें तथा कोविड नियमों का पालन करें। यदि वे ऐसा नहीं करते तो अपने कस्बों व गांवों को लौटने वाले लोगों के लिए परिणाम घातक हो जाते। मूल स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों के लिए तथा स्टेशनों से होकर गुजरने वाली ट्रेनों के लिए रेलवे कैटरिंग एवं पर्यटन निगम एवं कुछ गैर सरकारी संगठनों की सहायता से विशेष अंतरालों पर खाद्य सामग्री का प्रबंध किया जाता था। जैसे कि कोविड-19 रोगाणु देश के लिए निबटने हेतु किसी संकट के तौर पर पर्याप्त नहीं था, कि 5 मई को त्रासद स्थिति पैदा हुई जब विजाग में गैस लीक होने की घटना हो गई। परिणामतः, उस शहर से होकर विशेष श्रमिक ट्रेनों समेत सभी ट्रेनों का आवागमन रोकना पड़ा, और उन्हें थोड़ विलंब के पश्चात वैकल्पिक मार्गों से भेजा गया।

हालांकि, एससीआर के लिए यात्री गाड़ियों को बंद करना अधिक संख्या में मालगाड़ियां एवं विशेष पार्सल ट्रेनें चलाने के लिए एक अवसर था, धन अर्जित करने के लिए, जब देशव्यापी स्तर पर सामान्य आर्थिक गतिविधियां ठप हो गईं थीं। हैदराबाद के निकट काचीगुड़ा गुड्स शेड से से नई गुवाहाटी तक साप्ताहिक विशेष पार्सल ट्रेनें चलाईं गईं जिनमें मछलियां, सूखे मछलियां, अंडे, नीबू, तेल, घी आदि चीजें भेजी जाती थीं। कोविड-19 महामारी ने रेलवे को नया माल लादकर भेजने का भी अवसर प्रदान किया और उसने ककिंडा सी पोर्ट लिमिटेड से औद्योगिक नमक, नागिरेड्डीपल्ली से चावल, कडप्पा से दालें, नागरसोल से प्याज़, रेड्डीपालेम से सूखी मिर्चें व निजामाबाद से हल्दी लादकर भेजना प्रारम्भ किया। ये सभी चीजें बांग्लादेश भेजी जाती थीं।

अखिल भारतीय रेल यातायात अपने चरम स्तर से घटकर आधा रह जाने से एससीआर को विशाल गोदावरी नदी पर बने सेतु की बड़े पैमाने पर मरम्मत करने का अवसर मिला। 1977 में बने सेतु की मरम्मत किया जाना आवश्यक था और व्यापक बदलाव भी, लेकिन ऐसे व्यस्त मार्ग पर लंबे समस तक यातायात बंद रखना असंभव था। महामारी के कारण मरम्मत का काम लगभग 43 वर्षों के अंतराल के बाद शुरू किया गया, जिसमें तीन किलोमीटर लंबे सेतु पर संपूर्ण ट्रैक का नवीनीकरण शामिल थाजिसके लिए 36 घंटों के लिए यातायात रोक देना अनिवार्य था। ट्रैक को स्थानापन्न करने का काम गहनता से परीक्षण किए जाने के उपरांत प्लासर क्विक रिलेइंग प्रणाली मशीनों की मदद से किया गया, जबकि सड़क यातायात चलता रहा। इसी तरह, 1970 में काजीपट में लकड़ी के स्लीपरों के साथ जो सीजर्स क्रासओवर्स बिछाए गए थे, 72 घंटे तक यातायात बंद करने की संभावना के कारण, जो महामारी से पूर्व सोच से भी परे था। इसी तरह, विजयवाड़ा यार्ड में, उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व कोस्ट माल आवागमन के लिए उत्तरी व दक्षिणी छोरों पर लकड़ी के स्लीपर हआ करते थे। लाकडाउन के दौरान उनके स्थान पर पीएससी स्लीपर बिछाए गए। कुल मिलाकर, 8,257 किलोमीटर के ट्रैक पर पेदल चलकर गश्त की गई और स्लाइडिंगें पूरी की गईं। यात्रियों की संख्या में जबर्दस्त गिरावट आने की बदौलत, अकोला-खंडवा उत्तर-दक्षिण लिंग के अकोला और अकोट के बीच 44 किलोमीटर ट्रैक को मीटर गेज से ब्रांड गेज में बदला गया और अस्तित्वमान 149 किलोमीटर लंबे एकल ट्रैक को दोहरे ट्रैक में बदला गया।

उसके संजाल में फैली 44 स्वास्थ्य इकाइयों एवं पांच बड़े अस्पतालों के साथ, एससीआर क्वारंटाइन केंद्रों जैसी बेहद अहम सुविधाएं मुहैया कराने में अहम भूमिका अदा कर सका, जिसमें 1,017 बिस्तर तीन स्पताह की अल्पावधि में उपलब्ध करा दिए गए। एससीआर की पुरातन कार्यशाला निजाम स्टेट रेलवे के काल की है जिसमें स्वचालित हैंड सैनीटाइजर डिस्पेंसर निर्मित किए गए, पैरों से चलाए जाने वाले नल तथा जल प्रशीतक लगाए गए। एससीआर के कर्मचारियों एवं यात्रियों को सुरक्षित रखते हुए ये कैंटीनों एवं मुख्यद्वारों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए तथा एससीआर ने काफी सराहना अर्जित की। कोरोनावायरस महामारी के दौरान दक्षिण-मध्य रेलवे ने देश को दिखा दिया कि विपत्ति को अवसर में कैसे बदला जाता है।

## आप की बात

### कृषि कानून और न्यायपालिका

**कृषि** कानूनों पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने एक प्रकार से सरकार की खिंचाई करते हुए कहा है कि उसने अतीत में दी गई सलाह पर पूरी तरह अमल नहीं किया और जिम्मेदारी उस पर टालने का प्रयास किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को याद दिलाया है कि वह नए कृषि कानूनों पर गतिरोध पर अपनी जिम्मेदारी से मुंह न मोड़े तथा न्यायालय मूलतः नीतिगत मामले में अपनी भूमिका को अनदेखा नहीं कर सकता है। इस प्रकार देश की शीर्ष अदालत ने निश्चित रूप से लोकतांत्रिक विमर्श का महत्व उजागर किया है। शीर्ष अदालत द्वारा कृषि कानूनों पर फिलहाल स्थगन लगाए जाने को कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र में न्यायालय के हस्तक्षेप व क्षेत्राधिकार के अतिक्रमण की संज्ञा दी जा रही है लेकिन न्यायालय ने गतिरोध के मामले में सरकार द्वारा कई रास्ता न निकाल पाने की स्थिति में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया है। सच है कि न्यायपालिका हाथ पर हाथ धरे बैठी नहीं रह सकती। अदालत के कठोर दृष्टिकोण को किसान संगठनों की विजय के तौर पर पेश किया जा सकता है लेकिन वास्तव में यह सरकार की राजनीतिक विफलता है।

– **विजय शंकर**, प्रयागराज

### महिलाओं पर भारी पड़ी महामारी

**महामारी** के बुरे प्रभावों में कार्यबल में गिरने वाली महिलाओं की संख्या पर चर्चा बहुत कम हुई है। बहुत सी महिलाएं, जिनकी नौकरियां चली गईं अथवा भारत तथा विश्व स्तर पर महामारी के दौरान नौकरी से अवकाश पर रहीं, अब उन्हें उपयुक्त रोजगार मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, घरेलू नौकरों की अनुपलब्धता, घरेलू कामों का बोझ, देखभाल के काम एवं बच्चों की आनलाइन शिक्षा समेत बहुत से कारकों ने उन्हें महामारी के दौरान घरों पर रहने के लिए बाध्य कर दिया। अन्य कारकों ने भी अर्थव्यवस्था को अप्रत्याशित आघात पहुंचाया है जो अचानक अपने 30 प्रतिशत प्रतिबद्ध कार्यबल से वंचित हो गई है। इससे न केवल परिवारों की वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई है बल्कि लैंगिक समानता को भी धक्का लगा है। भारत में विद्यमान निराशाजनक लैंगिक समता परिदृश्य में महिलाओं के लिए वर्तमान माहौल में नौकरी पाना कठिन हो गया है। भारत में कोविड-19 से संघर्ष के दौरान पर्यावरण सरोकार एवं प्राथमिकताएं पीछे चली गईं क्योंकि सरकार ने अपना सारा दम घातक वायरस तथा देश पर पड़ने वाले इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभावों से लड़ने में लगा दिया।

– **विशाल भारद्वाज**, वाराणसी

### अमेरिका में बिगड़े हालात

**अमेरिका** में राष्ट्रपति चुनाव क्या हुए वहां हिंसा का माहौल कायम हो गया। कैपिटल हिल पर उन्मादियों के हमले और उसमें निर्दोष लोगों के मारे जाने से 20 जनवरी को होने वाली राष्ट्रपति पद की शपथ बाईडेन के लिए चुनौती बन गई है। लोगों का ताबड़तोड़ गोलियां और बंदूके खरीदना किसी अनहोनी की आशंका जताता है। ट्रंप समर्थक जिस तरह से लामबंद है वह अमेरिकी शांति और व्यवस्था के लिए बुरा शगुन है। अब बाईडेन को अपनी ताकत दिखाना होगी ताकि वहां के नागरिक सुकून से रह सके। 6 जनवरी को कैपिटल हिल में दंगे और हिंसा के बाद से ही अमेरिकी हालत ठीक नहीं हुई है। डेमोक्रेट और रिपब्लिकन कार्यकर्ता अपनी सुरक्षा के लिए एक दूसरे के प्रति शंकित हैं। यही वजह है कि बाइडेन के शपथ समारोह से पूर्व अमेरिका में लोग अपनी सुरक्षा के लिए खुद साधन जुटाने लगे हैं। जानकारी बताती है कि कैपिटल हिल की घटना के बाद अमेरिका में बंदूक और गोलियों की चार गुना खरीद बढ़ गई है। ऐसे हालातों में शपथ समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हो सकेगा कहना अभी जल्दबाजी होगी।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**आज** भारत बड़े फैसले आत्मविश्वास के साथ ले रहा है। वह न बड़े काम कर रहा है बल्कि बेहतर भी कर रहा है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**कर्नाटक** के मराठी भाषी एवं सांस्कृतिक क्षेत्र को महाराष्ट्र में लाना सीमा पर शहीद होने वाले सिपाहियों के प्रति श्रद्धांजलि होगी।

– **उद्धव ठाकरे**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री



**क्षेत्रवाद** और भाषावाद की बातें देश की एकता के लिए हानिकारक हैं। मैं इसकी कड़े शब्दों में भर्त्सना करता हूं।

– **बीएस येदियुरप्पा**
कर्नाटक के मुख्यमंत्री

# रामनगर का सफेद बैंगन व मटर एयरपोर्ट से शारजाह संयुक्त अरब अमीरात के लिए रवाना

● आने वाले समय में वाराणसी से जलमार्ग के रास्ते पानी की जहाज से भी एग्रीकल्चर प्रोडक्ट को बांग्लादेश सहित साउथ एशिया के देशों को सीधे भेजा जाएगाः दीपक अग्रवाल

सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी





**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के किसान दिन प्रतिदिन अपने उपज का निर्यात राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कर रहे है। जिससे उनके आय में वृद्धि हो रहा है। वाराणसी लंगड़ा एवं दशहरी आम, काला एवं सांवा चावलए हरी मिर्च एवं अन्य सब्जियों के बाद अब वाराणसी का हरा मटर एवं यहां के ही रामनगर क्षेत्र का प्रसिद्ध सफेद बैगन का शिपमेन्ट मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से शारजाह संयुक्त अरब अमीरात को सीधे भेजा गया। अध्यक्ष एपीडाए वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय एम अंगामुथु एवं कमिश्नर दीपक अग्रवाल मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के कार्गो सेंटर से वाराणसी के मटर एवं यहाँ के रामनगर के रामनगर के सफेद बैंगन के एक बड़े शिपमेन्ट को हरी झंडी दिखाकर शारजाह संयुक्त अरब अमीरात के लिये रवाना किया। इस अवसर पर अध्यक्ष एपीडाए वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय एम अंगामुथु ने कहा कि वाराणसी सहित अन्य आसपास के जिलों में किसानों की पैदावार को लगातार निर्यात करने की पहल हो रही हैए इससे उत्तम किस्म की खेती के साथ.साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि यहा के आमए फ्लए चावल के बाद अब यहां की सब्जियां भी राष्ट्रीय.अंतरराष्ट्रीय बाज़ारो में निर्यात होने लगी हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में वाराणसी के इस पूरे परिक्षेत्र को एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट का व फूड प्रोसेसिंग का बहुत बड़ा हब बनाया जा रहा है।

# गोलियों से गूंजा यूपी काजेल का परिसर मुख्य गेट पर छात्रों ने दिया धरना



● कालेज के छात्र पर चली तीन राउंड गोली

**वाराणसी।** शिवपुर थाना अंतर्गत यूपी कॉलेज में सुबह तड़के ही छात्र अनूप रघुवंशी पर तीन राउंड गोली बदमाशों द्वारा चलाई गई। जिसमें बाल बाल बचे छात्र अनूप रघुवंशी ने इस संबंध में छात्र नेताओं से बात की और सभी छात्र मिलकर यूपी कॉलेज के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए।

रुद्र प्रताप सिंह जो कॉलेज के 11 वीं का छात्र है विगत कुछ दिनों पूर्व शशी अंजनी एरौकी प्रतिक सिंह को हत्या के आरोप में गिरफ्तार करवाया था। जिससे अपराधियों का रोष अनूप रघुवंशी और रुद्र प्रताप सिंह पर बढ़ गया और इसी बढ़ती आक्रोश में आकर अपराधियों ने अनूप रघुवंशी और रुद्र प्रताप सिंह पर हमला कर दिया और रुद्र प्रताप सिंह का सर फोड़ दिया साथ ही अनूप रघुवंशी पर 3 राउंड फायरिंग की। छात्रों का कहना है कि आए दिन कॉलेज परिसर में बदमाश और अराजक तत्व घूमते रहते हैं। कालेज प्रशासन इस पर कोई सुध नहीं लेती है। जिससे आए दिन छात्रों पर आत्मघाती हमले होते रहते हैं।

## क्विक न्यूज

### ओम नमः शिवाय से लें समाज सेवा की प्रेरणाः मेलाधिकारी



पूजन करते मेला प्रबंधक विवेक शुक्ला

● मेलाधिकारी ने ओम नमः शिवाय के दस स्थानों पर आज से शुरू होने वाले विशाल अन्नक्षेत्र के शुभारंभ के लिये किया भूमि पूजन

**प्रयागराज।** मेलाधिकारी प्रयागराज विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि प्रयागराज के माघ मेला में बहुत सारी संस्थाओं के शिविर लगते हैं लेकिन समाज सेवा का जो जज़्बा ओम नमः शिवाय संस्था में देखने को मिलता है वह और कहीं और नही मिलता है। यह बातें माघ मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने ओम नमः शिवाय के अन्नक्षेत्र के लिये परेड के फोर्ट रोड चौराहे पर मंगलवार को भूमि पूजन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि कोविड 19 के दौरान मार्च.2020 से लाकडाउन के दौरान ओम नमः शिवाय संस्था के लोगों ने प्रयागराज लखनऊ कानपुर और अयोध्या में दिन रात विशाल अन्नक्षेत्र चलाकर प्रभावित लोगों की मदद की। उसी तरह से माघ मेला अर्द्धकुंभ मेला और कुंभ मेला के दौरान लाखों लोगों की कई स्थानों पर दिन रात विशाल अन्नक्षेत्र चलाकर सेवा की है। ओम नमः शिवाय संस्था के गुरुदेव ने बताया कि प्रतिदिन एक लाख लोगों को 10 स्थानों पर दिन रात खाना खिलाया जायेगा। इसके लिये देश के अलग अलग हिस्सों से करीब एक हजार स्वयंसेवक आये हैं जो दिन रात श्रद्धालुओं की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि खाना बनाने के लिये मशीन मंगाई गयी है। गुरुदेव ने कहा कि माघ मेला के दौरान कोविड 19 के सभी मानकों का पालन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अन्नक्षेत्र बुधवार सुबह सात बजे से शुरू हो जायेगा। इस दौरान मेला प्रबंधक विवेक शुक्ला दीपक पटेल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

### जेसीबी ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारी, मौत

**पाटन।** बिहार थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक बाइक सवार युवक सड़क किनारे पटरी भरान का कार्य कर रही जेसीबी की चपेट में आ गया। जिसमें उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव को पीएम के लिए भेजा। घटना के बाद जेसीबी चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना मंगलवार सुबह 10 बजे करीब बिहार मौरावां मार्ग पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यहां गौरा मोड़ के निकट जेसीबी द्वारा सड़क के पटरी भराई का कार्य किया जा रहा था। तभी वहां से गुजर रहा बाइक सवार युवक धर्मेश (18) पुत्र सुंदर लाल लोधी निवासी दर्शन खेड़ा, थाना बिहार अचानक जेसीबी की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जेसीबी चालक की लापरवाही से युवक के सिर में मशीन की बकिट लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हल्का इंचार्ज प्रेमावती ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए भेजा। अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही युवक ने दम तोड़ दिया। प्रभारी थाना निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया जेसीबी कब्जे में ले ली गई है, तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दूधिये को रौंदा

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के उन्नाव रोड स्थित कोतवाली गेट के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर से बाइक सवार दूधिया की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चहलहा के मजरा मिसिर खेड़ा निवासी अखिलेश 20 वर्ष पुत्र अमर सिंह दूध बेचने का काम करता था। प्रतिदिन की तरह वह दूध बेचने के बाद बकाया पैसे लेने उन्नाव रोड पर जा रहा था। रास्ते में कोतवाली गेट के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पीछा कर दुर्घटना को अंजाम देने वाले आलू लदे ट्रक को पकड़ कर कब्जे में ले लिया। जबकि चालक फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का निस्तारण जीरो

**बांगरमऊ, उन्नाव।** स्थानीय तहसील कार्यालय के सभागार में उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुल 84 शिकायतें पंजीकृत हुई। इनमें सबसे अधिक राजस्व विभाग की 52 शिकायतें आई। इसके अलावा पुलिस की 8, समाज कल्याण से संबंधित 3, खाद एवं रसद की दो और चकबंदी से संबंधित 7 शिकायती पत्र दर्ज हुए। अन्य विभागों की चार अर्जियां प्राप्त हुई। खास बात यह है कि मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।

### राम मंदिर के लिए ब्लाक प्रमुख ने किया दान

**नवाबगंज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहयोग से अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए धन संग्रह की कवायद शुरू है। इसी क्रम में प्रांत प्रचारक कौशल किशोर को नवाबगंज के ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह द्वारा दो लाख इक्यावन हजार का चेक दान स्वरूप दिया गया। स्थानीय विधायक बृजेश कुमार रावत और उनकी पत्नी श्रीमती नेक रानी देवी ने एक लाख का चेक समर्पित किया गया। इसी तरह विश्व हिंदू परिषद से खंड प्रचारक विनोद मिश्र, आरएसएस खंड प्रमुख अखिलेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी के हांथो में नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने इकत्तीस हजार रूपए का सहयोग किया। स्थानीय ब्यवसायी श्री अनंत सिंह ने इक्कीस हजार और अन्य व्यवसाइयों ने भी सहयोग किया।

### राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन की 33वीं कड़ी का हुआ भव्य आयोजन

**वाराणसी।** बीएचयू में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत जागे युवा जागे भारत कार्यक्रम श्रृंखला में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत 33 वाँ ऑनलाइन राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन में युवा कलाकारों ने शास्त्रीय गायन एवादन और नृत्य के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया । राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में त्रिपुरा केंद्रीय विश्वविद्यालय त्रिपुरा के कुलपति प्रोफेसर गंगा प्रसाद प्रसेन ने किया । अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि भारतीय युवाओं को उनके ऐतिहासिक धरोहर से अवगत कराने का प्रमुख कार्यक्रम है एक भारत श्रेष्ठ भारत जिसके अंतर्गत युवा एक राज्य और दूसरे राज्य के रीति रिवाजए लोक परंपराओं को समझ और आत्मसात कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय प्रभाग झांसी की अधिकारी डॉ संध्या रानी ने कहा कि यह समय की मांग है कि हम अपने युवाओं को उनके सांस्कृतिक धरोहरों से रूबरू कराएं। संगीत सम्मेलन का शुभारंभ दिल्ली की युवा कलाकार सुश्री रितु प्रिया मिश्रा के शास्त्रीय गायन से हुआ। उन्होंने अपनी शास्त्रीय गायन का आरंभ राग मिश्र शिवरंजनी में किया। तत्पश्चात उन्होंने ठुमरी की प्रस्तुति की। संचालन डॉ बाला लखेन्द्र ने किया।

# कप्तान की सारनाथ व लंका थानेदार को कड़ी चेतावनी

● फरियादियों को पूरी तरह सुनवाई थाने में की जाएं नहीं तो हटना तय है

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**क्राइम मीटिंग की** बैठक में एसएसपी अमित पाठक ने सारनाथ और लंका थानेदार के कामकाज से संतुष्ट नहीं दिखे। एसएसपी ने दोनों थानेदारों की कार्यशैली में सुधार करने के लिए आखिरी चेतावनी दी है।

वाहन चोरी और घर, दुकान में चोरी की घटनाओं में थानेदार हर हाल में अंकुश लगाएं। जो ऐसा नहीं कर पा रहे हैं वह कारवाई होने से पहले खुद ही थानेदारी छोड़ दें। यह बातें पुलिस लाइन स्थित सभागार में मंगलवार को क्राइम मीटिंग एवं खुलासा करते हुए कही। आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर थानेदार प्रभावी तरीके से निरोधात्मक कार्रवाई करें और विवाद के जो भी बिन्दु हो सकते हैंउनका समय रहते समाधान कर लें।किसी भी थाना, चौकी या पिकेट से अवैध वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। जिस थाना क्षेत्र से सर्वाधिक लोग शिकायत लेकर कप्तान की आफिस में आयेगें तो माना जाएगा कि वहॉ फरियादियों की सही तरीके से सुनवाई नहीं हो रही है। महिलाओं व बच्चों से जुड़े मामलों में किसी भी किस्म की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## क्षेत्राधिकारी सदर ने थाना लोहता का निरीक्षण किया

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**सोमवार को** पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर डॉ राकेश कुमार मिश्रा ने लोहता थाना निरीक्षण के लिए पहुंच गए। जहां उन्हें पुलिसकर्मियों ने सशस्त्र सलामी दी। इसके बाद उन्होंने थाने में स्थित दफ्तर में रखे अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों से सभी रजिस्टर में अपराध अंकित होने तथा कार्रवाई के बारे में जानकारी की। सीओ ने थाने पर मौजूद दरोगा व पुलिसकर्मियों से शस्त्र खुलवाए खुद भी शस्त्र के बारे में पुलिसकर्मियों को जानकारी दी। इसके बाद वह पुलिसकर्मियों के बैरक में पहुंच गए। जहां सुविधाओं की जानकारी की। पुलिस कर्मियों से समस्याओं के बारे में भी पूछा। कंप्यूटर कक्ष में निरीक्षण करते हुए आनलाइन कार्य के बारे में जानकारी की। पुलिस कर्मियों की बैठक में सीओ ने सभी उपनिरीक्षको से कहा कि अपनी विवेचना समय से गुणवत्ता के अनुसार शीघ्र निपटायें।

# सपा कार्यकर्ता सम्मेलन में 22 में बाइसिकल का दिया गया नारा





संवाददाता। मौरावां

**मंगलवार को** पूर्व विधायक उदयराज यादव के नेतृत्व में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में 22 में बाइसकिल का नारा दिया गया। उन्होंने केंद्र की मोदी और राज्य की योगी सरकार पर टिप्पडी करने के साथ ही स्थानीय विधायक को भी निसाने पर लिया।

अपने कार्यकाल में कराये गये विकास कार्यो की फेहरिस्त लेकर आये पूर्व उदयराज यादव ने मौजूदा विधायक को चुनौती देते हुए कहा कि वह घोषणा तीन सैकड़ा सड़कों के निर्माण की करतें है मगर अब तक 30 भी नही बनी है। हैरत तो यह कि सड़को की गड्ढा भराई भी नही हुयी। सड़के कैसी है बताने की जरूरत नहीं हैरानी की बात यह कि जो सड़क उन्होंने स्वीकृत कराई थी माननीय उसे अपनी बताकर गाल बजा रहें हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले मैन अपने कार्यकाल में 100 बेड का अस्पताल बनवाया था जो चार साल बाद शुरू नहीं हो पाया। बेहतर बिजली व्यवस्था को लेकर यादव ने कहा कि 132 केवीए सहित दर्जनों उप केंद्रों की स्थापना करवाई उन्होंने सवाल किया कि गाल बजाने और झूठ फैलाने से कुछ नहीं होगा। पूर्व विधायक ने मौजूदा विधायक को हर मोर्चे पर फेल करार दिया और कहा 22 में बाइसकिल को बम्पर वोटों से जिता दो। कार्यकर्ता सम्मेलन को अन्नू टंडन, उदयराज यादव, दिलीप सिंह कृष्णा व अन्य ने कार्यक्रम को सम्बोधित कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

## पचास हजार से अधिक पौधे लगाने में दिया योगदान

**प्रयागराज।** हरित आवरण ग्रीन को सुधारने और ग्रामीण आजीविका का समर्थन करने के अभियान में भाग लेना चाहते हैं। पौधरोपण के बाद लोगों को ग्रो ट्रीज़ द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रत्येक प्रमाण पत्र वृक्षारोपण के जियो टैग स्थान के साथ एक अलग ट्री ई प्रमाण पत्र संख्या रखता है। जिससे लोगों को लगाए गए पौधे की प्रगति का पता लगाने और ट्रैक करने की अवसर मिलता है। इस पहल के माध्यम से लगाए गए अधिकांश पौधे प्राकृतिक तौर पर काफी हद तक स्वदेशी हैं। ताकि जैव विविधता बनी रहे। यह प्रयास जंगलों को बहाल करने में मदद करने वन्यजीवों के आवासों को बेहतर बनाने ग्रामीण आजीविका का समर्थन करने पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल गतिविधियों और सामाजिक रूप से दायित्व निभाने के लिए किया जा रहा है। जो कि ईएसजी के थीम से सीधा संबंध रखते हैं। एमडी और सीईओ निमेश शाह ने कहा कि एक पौधा लगाने की पहल के माध्यम से पूरा प्रयास किया गया है।

# इविवि के प्रोफेसर और व्यवसाइयों ने मंदिर निर्माण के लिए किया निधि समर्पण

● पीयूष रंजन निषाद ने विभाग प्रचारक को सौंपा 5 लाख 51 हजार का चेक

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



विभाग प्रचारक कृष्ण चंद्र जी एवं गजेंद्र जी को 5 लाख 51 हजार का चेक देते पीयूष रंजन निषाद

**अयोध्या नगरी** में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए प्रयागराज के रामभक्त बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ विश्व हिन्दू परिषद और विचार परिवार की टोलियां रामभक्तों के घरों पर पहुंच पहुंच कर निधि संग्रह में लगी हुई हैं। मंगलवार को श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु भाजपा के पीयूष रंजन निषाद द्वारा गजेंद्र जी क्षेत्र शारीरिक प्रमुख एवं विभाग प्रचारक कृष्ण चंद्र जी को 5 लाख 51000 हजार की धनराशि का चेक सौंपा गया। इस अवसर पर सेवा भारती के अध्यक्ष सुजीत सिंह जिला कार्यवाह अजय सिंह जिला अभियान प्रमुख गुरु प्रकाश राव उपस्थित रहे। श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए प्रयागराज नैनी के भाग संघचालक दशरथ जी द्वारा सह विभाग प्रचारक डा पीयूष एवं नैनी भाग के जिला कार्यवाह अजय के समक्ष एक लाख एक हजार रुपये की धनराशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर अभियान प्रमुख वेद अजीत सुकृत प्रमोद रजनीकांत अंशु नवनीत आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। देवरस नगर प्रयाग दक्षिण भाग के ट्रांसपोर्ट नगर में रहने वाले व्यवसायी सुनील केसरवानी ने टोली प्रमुख नवीन अत्री को रुपये 21000 का चेक समर्पित किया। प्रयाग उत्तर भाग के इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डा बी के सिंह इलाहाबाद विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक और रसायन शास्त्र विभाग के प्रोफ़ेसर रामेंद्र सिंह द्वारा मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण हेतु आर्थिक सहयोग किया गया। इविवि के प्राचीन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष और मुख्य कुलानुशासक प्रो हर्ष कुमार संस्कृत विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो उमाकांत यादव ने भी आर्थिक सहायता की। प्रीतम नगर के रहने वाले सेवानिवृत्त चिकित्साधिकारी डा सन्तोष कुमार त्रिपाठी ने 51 हजार की राशि प्रदान की। भारतीय वायुसेना के ठेकेदार राज कुमार त्रिपाठी एलआईसी कॉलोनी देव प्रयागम झलवा ने 51000 हजार का सहयोग किया। रामपुर नगर में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के क्रम में नगर के सह संघचालक जय प्रकाश जायसवाल द्वारा 51551 की सहयोग राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख गजेंद्र जी नैनी भाग के सह संघचालक विजय प्रताप सहभाग कार्यवाह विंध्याचल विभाग सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख विनोद भाग के समरसता प्रमुख रामकृष्ण एवं अभियान समिति के सह संयोजक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला राजेश सिंह मनीष विश्वास विपिन नैनी भाग के निधि प्रमुख अजीत जायसवाल आदि उपस्थित रहे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के तहत नैनी क्षेत्र के मनीष महरा ने एक लाख रूपये का सहयोग किया। महापौर अभिलाषा गुप्ता अभियान प्रमुख गुरु प्रकाश राव सेवा भारती के अध्यक्ष सुजीत सिंह नैनी भाग के सह भाग कार्यवाह विन्ध्याचल नगर कार्यवाह नागेश दिलीप केसरवानी उमाकांत दीक्षित आदि उपस्थित रहे। राजर्षि नगर नैनी भाग में डा विनोद कुमार प्रसाद श्रीकृष्णा हॉस्पिटल ने 11000 रूपये का सहयोग किया। यहीं के घनश्याम यादव ने 21 हजार का चेक प्रदान किया। इस मौके पर नगर के संघ चालक राजेंद्र प्रताप नगर के सह अभियान प्रमुख बालकृष्ण नगर कार्यवाह अभिषेक विजय मंगल बलभद्र उज्ज्वल दिव्येश एवम राम हर्ष रहे।

**श्रीराम नगर में निकली प्रभात फेरीः** श्रीराम नगर प्रयाग दक्षिण भाग के जलालपुर घोसी ग्राम सभा में बच्चों द्वारा श्रीराम मंदिर निर्माण में निधि समर्पण हेतु जनजागरण के लिए प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी संघ स्थान गौतम बुद्ध शाखा से यूनाइटेड बस्ती तक गयी। जिसमें नगर कार्यवाह संदीप गुप्ता दिनेश अंकित विश्वनाथ सुमित मिथिलेश आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# चरखी दादरी आश्रम से लोग लें सीखः विवेक चतुर्वेदी

● मेलाधिकारी ने चरखी दादरी के शिविर में किया सेनेटाइजर टनल का शुभारंभ



चरखी दादरी शिविर में सेनेटाइजर टनल का शुभारंभ करते मेलाधिकारी

**प्रयागराज।** माघमेला के प्रभारी मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने गंगोली शिवाला मार्ग पर लगे हरियाणा के चरखी दादरी आश्रम के शिविर के गेट पर लगे सेनेटाइजर टनल का शुभारंभ मंगलवार को किया। शिविर में कोविड 19 का पालन करते हुए बिना मास्क के शिविर में लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध होगा। शिविर में प्रवेश के सभी रास्ते बंद रहेंगे। प्रवेश के लिये मुख्य द्वार है। जहाँ से घुसने पर लोग सेनेटाइजर टनल से ही आ जा सकेंगे। इसके बाद लोगों के हाथ को सेनेटाइज किया जाता है और लगाने के लिये मास्क दिया जाता है। मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम महराज को बधाई दी। उन्होंने कहा कि माघ मेला में आने वाले संत महात्मा पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज से सीख लें कि इस भीषण महामारी में स्वयं को सुरक्षित रखते हुए दूसरों को भी सुरक्षित रख रहे हैं। अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज ने कहा कि सभी को सुरक्षित रहना है तो सतर्क रहना होगा। तभी वह लोग कोविड से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि कल्पवासियों और शिविर के लोगों का कोविड टेस्ट कराया गया है।

**चरखी दादरी आश्रम हरियाणा में अन्नक्षेत्र आज सेः** माघ मेला के गंगोली शिवाला मार्ग पर लगे हरियाणा के चरखी दादरी आश्रम के शिविर में अन्नक्षेत्र बुधवार की सुबह सात बजे से शुरू होकर माघी पूर्णिमा तक चलेगा। चरखी दादरी आश्रम हरियाणा के पीठाधीश्वर एवं अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज ने बताया कि अन्नक्षेत्र में संत महात्मा और श्रदालु प्रसाद ग्रहण कर सकते हैं। सुबह और शाम को नाश्ता और चाय का वितरण श्रद्धालुओ और संत महात्माओं में होगा।

**स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज से मिलने पहुंचे डीएमः** माघमेला स्थित चरखी दादरी के शिविर में स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज से मिलने के लिए डीएम भानुचंद्र गोस्वामी पहुंचे। जहां उन्होंने स्वामी जी का हालचाल लिया। डीएम ने संस्थाओं के महंतों से भेंट की तथा वहां कोविड 19 प्रोटोकॉल का अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। डीएम ने दंडी बाड़ा के स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज के दर्शन कर उनके शिविर में रह रहे कल्पवासियों से बातचीत की तथा सभी की आरटीपीसीआर रिपोर्ट चेक की।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में लंबित शिकायतों पर डीएम ने व्यक्त की नाराजगी

संवाददाता। पाटन



**संपूर्ण समाधान** दिवस बीघापुर तहसील मुख्यालय पाटन में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। डीएम ने पुलिस और राजस्व के लंबित मामलों पर कड़ा एतराज जताया। उन्होंने अगले थाना दिवस तक सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की चेतावनी दी। विद्युत विभाग, विकास, शिक्षा व अन्य लंबित शिकायतों पर भी डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने शिकायत कर्ताओं के प्रार्थना पत्रों को पर गंभीर रुख अपनाया।

स्थानीय तहसील मुख्यालय में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मंगलवार को शिकायत कर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 10 बजे से ही शिकायतकर्ताओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद शिकायतकर्ता सीधे डीएम व एसपी से ही मिलने का इंतजार कर रहे थे। लगभग 11:30 बजे पहुंचे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शिकायत कर्ताओं को सुनना शुरू किया। इस दौरान पिपरासर गांव की रामरानी की वरासत संबंधी शिकायत पर डीएम नाराज हो गए। वरासत संबंधी राम रानी की शिकायत पर डीएम ने तत्काल ही संबंधित लेखपाल को निलंबित करने का आदेश दिया। लेकिन जब एसडीएम दयाशंकर पाठक ने वरासत का कार्य पूरा हो जाने संबंधी इंतखाब प्रस्तुत किया तो डीएम का रुख कुछ नरम हुआ। भगवंतनगर निवासी यार मोहम्मद व रजन आदि ने ईदगाह की भूमि संबंधी शिकायती पत्र दिया जिस पर डीएम ने आज ही दोनों पक्षों के साथ बैठक कर शिकायत निस्तारित करने के आदेश दिए। स्थानीय निवासी पूर्व प्रधान मुन्नी देवी ने गांव में अवैध कब्जों व सेवानिवृत्त एएनएम की शिकायत दर्ज कराई जिस पर डीएम ने चकबंदी अधिकारी को आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। ऊँचगांव सानी निवासी बृजेंद्र सिंह की शिकायत पर थाना प्रभारी बीघापुर व सीओ को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कोटवर ग्राम के यदु कुंवर सिंह ने लेखपाल पर अपने सहायकों से वसूली करवाने के आरोप लगाए तो डीएम ने लेखपाल को तलब कर सख्त चेतावनी दी।

**174 में 15 मामलों का मौके पर हुआ निस्तारणः** बीघापुर तहसील में आज कुल 174 शिकायते दर्ज की गई। इनमें से 60 राजस्व की रहीं। इनमें से 15 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। 35 पुलिस विभाग की, 36 विकास विभाग की, 8 समाज कल्याण विभाग की तथा 35 शिकायतें अन्य विभागों की आई।

**केस 1:** पचासा ग्राम निवासी प्रेम शंकर अपनी कृषि भूमि पर कब्जा पाने के लिए पिछले एक वर्ष से भटक रहा है। प्रेम शंकर ने बताया कि उसे कृषि भूमि का आवंटन किया गया था। लेकिन वह कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अपनी भूमि पर खेती नहीं कर पा रहा है। लगभग आधा दर्जन प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद भी उसकी शिकायत का निस्तारण राजस्व विभाग द्वारा नहीं किया गया।

**केस 2:** देवरा हार निवासी राम श्री पत्नी स्वर्गीय श्याम बिहारी ने बताया कि उसके पति का निधन करीब एक वर्ष पूर्व मार्ग दुर्घटना में हो गया था। इसके बाद से वह किसान दुर्घटना बीमा योजना का लाभ पाने के लिए तहसील मुख्यालय के चक्कर लगा रही है। कई बार उच्चाधिकारियों से मिलने और प्रार्थना पत्र देने के बावजूद अब तक उसे किसान दुर्घटना बीमा का लाभ नहीं मिल सका है।

**पूर्व प्रधान मुन्नी देवी ने किया डीएम व एसपी का सम्मानः** सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर पाटन पंहुचे डीएम रविन्द्र कुमार व एसपी आनंद कुलकर्णी का स्थानीय महिला पूर्व प्रधान मुन्नी देवी ने राधा कृष्ण की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। पूर्व प्रधान ने दोनों अधिकारियों की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए जनहित में न्याय करने वाला बताया।

**डीएम ने बृद्धा कि की आर्थिक मददः** समाधान दिवस के समापन के बाद बाहर निकलते समय तालिहाई गांव निवासी वृद्ध सुर्जकला ने मौखिक रूप से राशनकार्ड संबंधी अपनी समस्या बताई तो डीएम ने ध्यान से सुना। एसडीएम को निस्तारण के अलावा उन्होंने वृद्धा को माताजी कहकर पुकारा और अपने पास से आर्थिक मदद की।

# महाराष्ट्र ग्राम पंचायत चुनाव में लोगों ने एमवीए सरकार का समर्थन किया: शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र में हाल में हुए ग्राम पंचायत चुनाव में लोगों ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाडी सरकार का समर्थन किया है जिसके नतीजे सोमवार को घोषित किए गए। विपक्षी भाजपा पर हमला करते हुए शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में लिखा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर राज्य में राजनीतिक क्रांति रोकी नहीं जा सकती। शिवसेना ने कहा कि भाजपा को एमवीए के समर्थन में जनादेश को स्वीकार करना चाहिए नहीं तो राज्य की जनता उस पार्टी को आगे भी पराजय देगी।

15 जनवरी को राज्य की 12,711 ग्राम पंचायत के लिए हुए चुनाव में करीब 1.25 लाख प्रत्याशियों को जीत मिली है। इस चुनाव में प्रत्याशियों ने पार्टियों के चुनाव चिह्न पर चुनाव नहीं लड़ा था लेकिन राजनीतिक दलों या स्थानीय नेताओं द्वारा प्रत्याशी तय किए गए थे। सत्तारूढ़ एमवीए- शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन- ने ग्राम पंचायत में बड़ी जीत मिलने का दावा किया है जबकि विपक्षी भाजपा ने चुनाव में मजबूत पक्ष बनकर उभरने का दावा किया है।

शिवसेना ने दावा किया कि ठाकरे सरकार लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है और उनकी देखरेख में राज्य का विकास तेज हुआ है। शिवसेना ने प्रश्न किया, एमवीए के सभी घटकों ने ग्राम पंचायत चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है। यह राज्य में ठाकरे सरकार के समर्थन में जनादेश नहीं है तो क्या है? सामना ने लिखा, ग्राम पंचायत चुनाव ने जनता की राय बता दी है। इसे स्वीकार करें नहीं तो महाराष्ट्र की जनता और पराजय देने तक चुप नहीं रहेगी।

शिवसेना ने कहा, महाराष्ट्र में राजनीतिक क्रांति प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर विभाग के कार्यकर्ताओं की मदद से रोकी नहीं जा सकती। महाराष्ट्र की मिट्टी अलग है। पार्टी ने दावा किया कि भाजपा राधाकृष्ण विखे पाटिल, रावसाहेब दानवे, चंद्रकांत पाटिल, राम शिंदे और नीतीश राणे सहित अपने प्रमुख नेताओं के गढ़ में ग्राम पंचायत चुनाव हार गई है। शिवसेना ने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने मराठवाड़ा एवं विदर्भ क्षेत्र में बड़ी बढ़त हासिल की है। सामना ने संपादकीय में लिखा, शिवसेना ने कोंकण में जीत दर्ज की है लेकिन कुछ स्थानों पर झटका लगा है। इसकी समीक्षा बाद में की जाएगी लेकिन कुल मिलाकर पूरे राज्य के नतीजे दिखाते हैं कि जनता ने भाजपा को खारिज कर दिया है।

## गोवा में नगर निकाय चुनाव तीन महीने के लिए स्थगित

**पणजी।** गोवा राज्य निर्वाचन आयोग ने पणजी नगर निगम, 11 नगरपालिका परिषदों के चुनाव और विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए होने वाले उपचुनाव तीन महीने के लिए स्थगित कर दिए हैं। ये चुनाव पिछले साल 18 अक्टूबर को होने थे, आयोग ने कोविड-19 महामारी के कारण इन्हें तीन महीने के लिए स्थगित कर दिया था। 11 नपा परिषदों के चुनाव, पणजी शहर के निगम चुनाव, विभिन्न ग्राम पंचायतों के वार्डों के लिए उपचुनाव, और नावलिम (दक्षिण गोवा) जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव अप्रैल 2021 तक तीन महीने के लिए या आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव की अगली तारीख तक के लिए स्थगित किए जाते हैं। यह नहीं बताया गया कि चुनाव स्थगित करने का कारण क्या है। तटवर्ती राज्य में 12 नपाप और एक नगर निगम है। गोवा में 11 नगर पालिका परिषद का कार्यकाल चार नवंबर, 2020 को पूरा हो गया था, जिसके बाद नपाा प्रशासन निदेशालय ने इन निकायों के लिए प्रशासक नियुक्त किए थे।



नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कोरोना महामारी के बीच समाज सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए।

## ओम्मन चांडी केरल विधानसभा चुनाव में कर सकते हैं कांग्रेस नीत यूडीएफ की अगुवाई

**तिरुवनंतपुरम।** ऐसी संभावना है कि पूर्व मुख्यमंत्री ओम्मन चांडी केरल में अप्रैल-मई में होने वाले अहम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की अगुवाई करेंगे। कांग्रेस सूत्रों ने संकेत दिया कि दिल्ली में पार्टी में शीर्ष स्तर पर बैठक के बाद यह संभावना व्यक्त की गई है। वैसे मुख्यमंत्री उम्मीदवार की घोषणा चुनाव के बाद की जाएगी।

चुनाव की निगरानी एवं माकपा नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को टक्कर देने के वास्ते रणनीतियां तैयार करने के लिए चांडी की अगुवाई में दस सदस्ईय समिति बनाई गई है। एलडीएफ दूसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आने तथा बारी-बारी से दोनों मोर्चों के सत्तासीन होने की संभावना संबंधी कथन को झूठा साबित करने के लिए प्रयासरत है। चांडी (70), कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य ए के एंटनी, विपक्ष के नेता रमेश चेन्नितला, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एम रामचंद्रन ने सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया एवं वायनाड के सांसद राहुल के साथ चर्चा की थी। एंटनी ने बाद में कहा कि मुख्यमंत्री का उम्मीदवार मोर्चा के विजई होने के बाद घोषित किया जाएगा।

दिल्ली से कल रात यहां पहुंचने पर हवाई अड्डे पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने चांडी पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाईं और उनका जबर्दस्त स्वागत किया। वैसे भी यूडीएफ के घटक इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और आरएसपी ने हाल के स्थानीय चुनाव में मोर्चा के खराब प्रदर्शन प्रदर्शन पर सुझाव दिया था कि चांडी को मोर्चा में वापस लाया जाना चाहिए तथा उन्हें और जिम्मेदारियां दी जानी चाहिए। अन्य सदस्य एंटनी, चेन्नितला, रामचंद्रन, केरल के पार्टी मामलों की प्रभारी तारिक अनवर, कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल हैं।

## पुडुचेरी के मुख्यमंत्री नारायणसामी धरने पर बैठे

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी के मुख्यमंत्री वी नारायणसामी और उनके मंत्री मंगलवार को कल्याण मंत्री एम कंडासामी से मिलने की अनुमति नहीं मिलने के बाद यहां धरने पर बैठ गए। कंडासामी कुछ खास परियोजना से संबंधित फाइलों को आगे नहीं बढ़ाने को लेकर उप राज्यपाल किरण बेदी के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। मुख्यमंत्री नारायणसामी, स्वास्थ्य मंत्री मल्लाडी कृष्णा राव और राजस्व मंत्री एम ओ एच एफ शाह जहां और सांसद वैथीलिंगम के साथ कंडासामी से मिलने जा रहे थे, तभी उन्हें राजनिवास के बाहर ड्यूटी पर तैनात केंद्रीय पुलिस कर्मियों ने रोक दिया और उनसे मुलाकात की कथित तौर पर अनुमति नहीं दी। इसके खिलाफ प्रदर्शन करते हुए वे सड़क पर धरने पर बैठ गए और इन नेताओं के साथ मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सुरक्षा कर्मियों के बीच तीखी नोंक-झोंक होने लगी। बाद में मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं को बताया कि वह 21 या 22 जनवरी को कंडासामी के साथ दिल्ली जाएंगे।

## कोविड-19 संकट में गरीबों का 79 लाख से ज्यादा का राशन हड़पा गया, मुख्य आरोपियों पर एनएसए

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** कोविड-19 संकट से जूझ रहे गरीबों के लिए सरकार का भेजा गया 79 लाख रुपए से ज्यादा का राशन यहां शासकीय कर्मचारियों की मिलीभगत से कथित तौर पर हड़प लिया गया। इस घोटाले का मंगलवार को खुलासा करते हुए जिला प्रशासन ने 31 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि घोटाले के तीन मुख्य आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

डीएम मनीष सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में बताया, हमारी जांच में पता चला है कि अप्रैल से लेकर दिसंबर 2020 के बीच शहर में उचित मूल्य की 12 सरकारी दुकानों के जरिए कुल 79 लाख चार हजार 479 रुपए का राशन गरीब वर्ग के लोगों को प्रदान करने के बजाय खुले बाजार में बेच दिया गया। हितग्राहियों के बयानों से पता चलता है कि खासकर कोविड-19 के लॉकडाउन के वक्त उन्हें जानकारी नहीं थी कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत उनके लिए अलग से राशन भेजा गया है। इस अज्ञानता का फायदा उठाकर उचित मूल्य की सरकारी दुकानों से उन्हें यह राशन प्रदान नहीं किया गया और इसे दस्तोवजों के फर्जीवाड़े के जरिए खुले बाजार में बेच दिया गया।

सिंह ने बताया कि राशन माफिया ने उचित मूल्य की सरकारी दुकानों के कर्ता-धर्ताओं की मिली-भगत से गेहूं, चावल, नमक, शक्कर, चना दाल, तुअर दाल, साबुत चना और कैरोसीन की बड़ी खेप हड़प ली। इस घोटाले के मुख्य आरोपियों के रूप में राशन दुकानदारों के एक संगठन के अध्यक्ष भरत दवे, श्याम दवे और प्रमोद दहीगुड़े की पहचान हुई है। तीनों के खिलाफ एनएसए लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि इन तीनों समेत कुल 31 लोगों के खिलाफ शहर के अलग-अलग पुलिस थानों में 10 प्राथमिकियां भी दर्ज कराई गई हैं। राशन घोटाले के आरोपियों में उचित मूल्य की सरकारी दुकानों के कर्मचारियों के साथ ही जिले के तत्कालीन खाद्य नियंत्रक आरसी मीणा शामिल हैं।

सिंह के मुताबिक मीणा पर राशन माफिया से मिलीभगत के साथ ही यह आरोप भी है कि उन्होंने उनके कनिष्ठ अफसरों को इस घोटाले की सही जांच करने से रोका और उनका भविष्य खराब करने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि गड़बड़ियों के खुलासे पर इंदौर संभाग के आयुक्त (राजस्व) पवन शर्मा ने तत्कालीन खाद्य नियंत्रक को 13 जनवरी को निलंबित कर दिया था। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन की विस्तृत जांच जारी है और इंदौर के अलावा राज्य के अन्य जिलों से भी राशन घोटाले के तार जुड़े होने के संकेत मिल रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### शुभेंदु अधिकारी की रैली में जा रहे पार्टी कायकर्ताओं पर हमला

**खेजुरी (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले मे मंगलवार को पार्टी नेता शुभेंदु अधिकारी की रैली मे शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओ पर देशी बम और पत्थरों से हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना करीब सवा दो बजे हुई, तब भाजपा कार्यकर्ता रैली में शामिल होने हेरिया जा रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हमले में कई भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए और कुछ वाहनो के साथ भी तोड़फोड़ की गई। उसके बाद विरोध मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने सड़कें जाम कर दी। भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओ का इस घटना के पीछे हाथ है। हालांकि सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस ने इस आरोप से इनकार किया है। अधिकारी ने बताया कि इस घटना के सिलसिले मे अब तक कोई गिरफ्तारी नही की गई है क्योंकि बड़ी संख्या मे पुलिसकर्मी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रैली स्थल पर व्यस्त थे। उन्होंने कहा, यह घटना करीब सवा दो बजे हुई। कुछ अज्ञात लोगो ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया जो रैली मे जा रहे थे। उनमे से कुछ घायल हो गए। हम मामले की जांच कर रहे है और स्थिति नियंत्रण मे है।

### माओवादियों से ज्यादा खतरनाक है भाजपा : ममता

**पुरुलिया (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भाजपा को माओवादियो से ज्यादा खतरनाक बताते हुए आरोप लगाया कि भगवा पार्टी चुनाव से पहले लोगो से झूठे वादे कर रही है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि राजनीति एक पवित्र विचारधारा और दर्शन है तथा कपड़ो की तरह रोज विचारधारा नही बदली जा सकती है। राज्य मे अप्रैल-मई मे होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कई नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस छोड़ दी है। कभी वामपंथ का गढ़ रहे पुरुलिया जिले मे एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा माओवादियों से भी ज्यादा खतरनाक है। उन्होंने कहा, भाजपा से जो जुड़ना चाहते हैं वो जा सकते है, लेकिन हम भगवा पार्टी के सामने कभी अपना सिर नही झुकाएंगे। हाल के दिनों में तृणमूल कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा नेताओं ने झूठे वादे कर जंगलमहल इलाके के आदिवासियो को गुमराह किया और लोकसभा चुनाव जीतने के बाद उनके पास कभी नही आए। पुरुलिया भी जंगलमहल इलाके मे आता है। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पुरुलिया समेत जंगलमहल इलाके मे सभी सीटो पर जीत हासिल की थी।

### शिवाजी की प्रतिमा हटाने पर ग्रामीणों ने किया पथराव

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले मे मंगलवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा के स्थानांतरण का विरोध कर रहे ग्रामीणो द्वारा पथराव करने से दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। जिले के मुक्ताईनगर क्षेत्र के निमखेड़ी मे सोमवार रात को एक सार्वजनिक स्थल पर बिना अनुमति के दो फुट ऊंची एक प्रतिमा लगाई गई थी और स्थानीय प्रशासन द्वारा उसे हटाए जाने का अनुरोध करने पर कुछ गांव वालो ने विरोध करना शुरू कर दिया। आज जब स्थानीय प्रशासन और पुलिस का एक दल घटनास्थल पर पहुंचा और प्रतिमा को हटाने का प्रयास किया गया तब कुछ गांव वालो ने पथराव किया जिससे दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। कानून व्यवस्था बरकरार रखने के लिए पुलिस को नियुक्त किया गया है और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

### इंद्राणी मुखर्जी की अर्जी खारिज

**मुंबई।** शीन बोरा हत्याकांड की मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी की उस याचिका को यहां की विशेष सीबीआई अदालत ने मंगलवार को खारिज कर दी। जेल मे सजा पाए कैदियो के लिए निर्धारित पोशाक पहनने से छूट देने का इस आधार पर अनुरोध किया था कि वह विचाराधीन कैदी है। 2015 मे गिरफ्तारी के बाद से ही इंद्राणी भायखला महिला जेल मे कैद है। इंद्राणी ने पिछले महीने अदालत को बताया कि था कि वह विचाराधीन कैदी है, जेल अधिकारी उनसे हरे रंग की साड़ी पहनने के लिए कह रहे है जो सजा पाए कैदियो की पोशाक है। वकील के जरिए याचिका दायर कर इस वर्दी को पहनने से छूट देने का अनुरोध किया। विशेष न्यायाधीश जेसी जगदले ने उनकी अर्जी खारिज कर दी है। 24 वर्षीय शीना बोरा इंद्राणी की पहले पति से जन्मी संतान थी। अप्रैल 2012 में कार में बोरा का गला घोटकर हत्या कर दी गई और शव को पड़ोसी रायगढ़ जिले मे ठिकाने लगा दिया गया। 2015 मे हत्या का खुलासा होने के बाद मुंबई पुलिस ने इंद्राणी के अलावा उसके चालक श्यामवर राय और पूर्व पति संजीव खन्ना को भी गिरफ्तार किया। इसके बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई।

### कमल हासन के पैर की सर्जरी हुई

**चेन्नई।** अभिनेता से नेता बने कमल हासन के एक पैर की सर्जरी हुई है और उनकी तबीयत अब ठीक है। हासन की बेटियो श्रुति हासन और अक्षरा हासन ने एक बयान मे मंगलवार को इस बारे मे बताया। चेन्नई के श्री रामचंद्र अस्पताल मे हासन की सर्जरी की गई। उन्हें चार-पांच दिनों मे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। मक्कल निधि मय्यम के प्रमुख कमल हासन ने रविवार को कहा था कि वह अपने पैर की सर्जरी करवाएंगे।



मुंबई में भाजपा नेता राम कदम पार्टी कर्ताओं के साथ नई वेब सीरीज तांडव का विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## दो इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

**भाषा।** बीजापुर (छत्तीसगढ़)

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने दो इनामी महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के गंगालूर और पामेड़ थाना क्षेत्र में दो महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सोमवार को गंगालूर थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों को गश्त पर रवाना किया गया था। दल जब पदेड़ा-चेरपाल की ओर था, तब सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर पदेड़ा गांव से एक महिला नक्सली कोरसा मासे उर्फ शांति (24) को गिरफतार किया।

उन्होंने बताया कि नक्सली माड़ डिविजन में कंपनी नम्बर एक की सदस्या है। गिरफ्तार नक्सली पर आठ लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार महिला नक्सली पिछले वर्ष दिसंबर महीने में गंगालूर क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया निर्माण और नए शिविर खोलने के विरोध में रैली में शामिल हुई थी। इस दौरान उसने भीड़ को भड़काने की कोशिश की थी। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में पामेड़ थाना क्षेत्र में एक और महिला नक्सली को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पामेड़ थाना क्षेत्र में जिला बल और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के संयुक्त दल को सोमवार को गश्त पर रवाना किया गया था और इस दौरान दल ने चेरला मार्ग से दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन की अध्यक्ष सुनीता कारम (20) को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिला नक्सली पर एक लाख रुपए का इनाम था। उसके खिलाफ पामेड़ थाना क्षेत्र में बने नए शिविर पर पिछले वर्ष दिसंबर महीने में गोलीबारी करने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों को अदातल में भी पेश किया गया।

## मप्र सरकार तांडव के निर्माताओं के खिलाफ मामला दर्ज करेगी: मंत्री

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को कहा कि अमेजन प्राइम वीडियो पर दिखाई जा रही वेब सीरीज तांडव के निर्माताओं के खिलाफ प्रदेश सरकार कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का मामला दर्ज करेगी। पत्रकारों द्वारा अमेजन प्राइम की वेब सीरीज तांडव के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने कहा, जीशान अयूब, सैफ अली खान और अब्बास जफर ने जिस तरह से हमारे धर्म पर प्रतिक्रिया दी और हमारी भावनाओं को आहत किया, उसकी मैं निंदा करता हूं। मध्यप्रदेश सरकार इस संबंध में एक मामला दर्ज करेगी।

वेब सीरीज तांडव पर भाजपा के विरोध पर अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के विचारों पर प्रतिक्रिया देते हुए मिश्रा ने कहा कि किसी अन्य धर्म के खिलाफ कोई टिप्पणी करने वाली फिल्म अब तक क्यों नहीं बनी? ए सिर्फ हिंदुओं को ही निशाना क्यों बनाते हैं? और जब हम इसका विरोध करते हैं तो अन्य राजनीतिक दलों को बुरा क्यों लगता है? यह तुष्टीकरण की राजनीति अच्छी नहीं है।

मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी इस वेब सीरीज की विषय वस्तु पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने ट्वीट किया, हमारी आस्था पर चोट और हमारे देवी-देवताओं का अपमान करने का अधिकार किसी को नहीं है। ओटीटी प्लेटफार्म्स पर परोसी जा रही अश्लीलता हमारे किशोरों के लिए ठीक नहीं है इसलिए इन मंचों पर कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार इस पर स्वत: संज्ञान ले रही है। इससे पहले, सोमवार को मध्य प्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग और राज्य विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा ने सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से अपील की थी कि वे हिंदू देवी-देवताओं का कथित तौर पर उपहास उड़ाने के आरोप में अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज तांडव पर प्रतिबंध लगाया जाए।

इससे पहले, भाजपा सांसद मनोज कोटक और मुंबई में पार्टी के विधायक राम कदम भी इस वेब सीरीज को लेकर आपत्ति जता चुके हैं। अभिनेता सैफ अली खान, डिंपल कपाड़िया, सुनील ग्रोवर, तिग्मांशु धूलिया, डिनो मोरिया, कुमुद मिश्रा, मोहम्मद जीशान अयूब, गौहर खान और कृतिका कामरा अभिनीत तांडव का शुक्रवार को अमेजन प्राइम ओटीटी पर प्रीमियर हुआ। फिल्मकार अली अब्बास जफर ने हिमांशु किशन मेहरा के साथ इस राजनीतिक नाटक का निर्माण, व निर्देशन किया है। इसे गौरव सोलंकी ने लिखा है, जो फिल्म आर्टिकल 15 के लेखन के लिए जाने जाते हैं। इस सीरीज की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए रविवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने इस मुद्दे पर अमेजन प्राइम से स्पष्टीकरण मांगा है।

## मप्र में लव जिहाद को लेकर पहला मामला बड़वानी जिले में दर्ज

**भाषा।** बड़वानी (मप्र)

**मध्यप्रदेश** में लव जिहाद पर बनाए गए कानून के तहत पुलिस ने पहला मामला बड़वानी जिले में दर्ज किया है। पुलिस ने 22 वर्षीय युवती की शिकायत पर 28 वर्षीय एक विवाहित पुरुष के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। बड़वानी थाना प्रभारी राजेश यादव ने मंगलवार को बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर रविवार रात को पलसूद गांव के 28 वर्षीय निवासी सोहेल मंसूरी के खिलाफ बलात्कार और धार्मिक स्वतंत्रता अध्यादेश 2020 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस माह के शुरुआत में लागू इस कानून के तहत शादी के लिए लोगों के साथ धोखाधड़ी कर धर्मांतरण कराने वालों को दंडित करने का प्रावधान हैं। यादव ने बताया कि मामला पलसूद थाना क्षेत्र का है इसलिए आगे कार्वाई के लिए वहां भेजा जा रहा है।

थाना प्रभारी ने बताया कि महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने खुद को सनी नाम से एक हिन्दू के तौर पर पेश किया और बाद में उसे पता चला कि वह शादीशुदा मुस्लिम पुरुष है। उन्होंने कहा कि पीड़िता के अनुसार उसने आरोपी से दूरी बनानी शुरू कर दी लेकिन वह शादी और धर्मांतरण के लिए महिला पर दबाव बनाता रहा।

मामला दर्ज होने के बाद शिकायत कर्ता महिला ने पत्रकारों से कहा, यह लव जिहाद का मुद्दा है, इसलिए मैंने शिकायत कराई। लड़का मुस्लिम था और हिन्दू बनकर मेरे साथ संबंध बनाता रहा। उसने मेरे साथ मारपीट भी की और चार साल तक मेरा शारिक शोषण किया।


कुल्लू में पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में वोट डालने के लिए व्यास नदी को रोपवे से पार करते हुए ग्रामीण।

# कांग्रेस नहीं चाहती सरकार की किसानों से वार्ता सफल हो: भाजपा

भाषा। नई दिल्ली



**भाजपा** ने मंगलवार को कांग्रेस पर विरोध और अवरोध की नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि तीन कृषि कानूनों को लेकर सरकार और किसान संगठनों के बीच जारी वार्ता को वह सफल होते नहीं देखना चाहती। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा द्वारा उठाए गए सवालों को नजरअंदाज करने के लिए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया और कहा कि कांग्रेस को खून शब्द से बहुत प्यार है इसलिए उसने खेती का खून नामक शीर्षक से पुस्तिका जारी की।

ज्ञात हो कि राहुल गांधी ने आज किसानों की पीड़ा पर खेती का खून शीर्षक से एक पुस्तिका जारी की और इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए तीन केंद्रीय कृषि कानूनों को लेकर एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और दावा किया कि कृषि क्षेत्र पर तीन-चार पूंजीपतियों का एकाधिकार हो जाएगा जिसकी कीमत मध्यम वर्ग और युवाओं को चुकानी होगी। जावड़ेकर ने राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि चार-पांच परिवार आज देश पर हावी हैं। देश में राज किसी परिवार का नहीं है, 125 करोड़ जनता का देश पर राज है, ए फर्क अब हुआ है। 50 साल कांग्रेस ने सरकार चलाई तो सिर्फ एक ही परिवार की सरकार चली, एक ही परिवार सत्ता में रहा। उन्होंने कहा कि कल सरकार और किसान संगठनों के बीच 10वें दौर की वार्ता होने वाली है और उससे एक दिन पहले राहुल गांधी का रवैया कांग्रेस के विरोध-अवरोध की नीति को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा, कांग्रेस का ए खेल है। वह नहीं चाहती की किसानों की समस्या का समाधान हो। सरकार और किसानों की वार्ता सफल हो, ये कांग्रेस नहीं चाहती। इसलिए कांग्रेस विरोध-अवरोध की नीतियां अपनाती है।

उन्होंने भरोसा जताया कि सरकार और किसानों के बीच जारी वार्ता सफल होगी। किसानों की स्थिति के लिए कांग्रेस की नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए जावड़ेकर ने कहा कि 50 साल सत्ता में रहते हुए उसने विनाशकारी राजनीति की जिसके चलते गरीब किसान हुआ और उसे उसकी उपज का उचित मूल्य तक नहीं मिला। उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग ने 2006 में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी लेकिन कांग्रेस ने कभी उसकी सिफारिशों को लागू नहीं किया। जावड़ेकर ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा खेती का खून नाम से पुस्तिका जारी करने पर कांग्रेस को खून शब्द से बहुत प्यार होने का आरोप लगाया और कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने खून की दलाली जैसे शब्दों का बहुत बार इस्तेमाल भी किया है।

उन्होंने पूछा, ये खेती का खून कह रहे हैं, लेकिन विभाजन के समय जो लाखों लोग मरें क्या वो खून का खेल नहीं था? 1984 में दिल्ली में 3 हजार सिखों को जिंदा जलाया गया, क्या वो खून का खेल नहीं था?भागलपुर में हजारों लोग मारे गए, क्या वह खून का खेल नहीं था? कांग्रेस के शासनकाल में किसानों ने आत्महत्या की, क्या वह खून नहीं था? भाजपा अध्यक्ष नड्डा की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब न देने के लिए भाजपा नेता ने राहुल गांधी को आड़े लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की सबसे प्रमुख पार्टी है, उसके अध्यक्ष नड्डा जी ने सवाल क्या पूछे, राहुल गांधी भाग गए। अगर प्रश्नों का उत्तर नहीं पता तो अपनी असफलता कबूल करनी चाहिए।

## सज्जाद लोन की पार्टी पीपुल्स कांफ्रेंस गुपकर गठबंधन से अलग हुई

**श्रीनगर।** पीपुल्स कांफ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने मंगलवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी सात दलों के गुपकर गठबंधन (पीएजीडी) से अलग हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गठबंधन के कुछ घटकों ने जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनाव में छद्म प्रत्याशी खड़े किए। लोन ने अपने फैसले की घोषणा गुपकर गठबंधन के प्रमुख और नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला को लिखी चिट्ठी में की है। लोन ने लिखा, यह तथ्य है कि गुपकर गठबंधन ने इस चुनाव में स्पष्ट रूप से सबसे अधिक सीटों पर जीत दर्ज की। हम आंकड़ो को छिपा नहीं सकते हैं और गुपकर गठबंधन द्वारा जीती गईं सीटों के अलावा, एक अन्य महत्वपूर्ण आंकड़ा पांच अगस्त (अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निषक्रिय करने) के संदर्भ मतों की संख्या है जो गुपकर गठबंधन के खिलाफ है। बाद में उन्होंने इस पत्र को मीडिया में भी साझा किया।



पटना में मंगलवार को दसवें सिख गुरु गोबिंद सिंह की 354वीं जयंती मनाने के लिए 'नगर कीर्तन', 'धर्म जुलूस' में भाग लेतीं सिख श्रद्धालु।

# कोविड-19: भारत में सात माह बाद एक दिन में सबसे कम 10,064 नए मामले सामने आए

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** में बीते सात महीने से अधिक समय में कोरोना वायरस के एक दिन में सबसे कम 10,064 नए मामले सामने आए जिसके साथ संक्रमण के कुल मामले बढ़कर।,05,81,837 पर पहुंच गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक मंगलवार को संक्रमण मुक्त होने वाले लोगों की कुल संख्या।,02,28,753 हो गई।

मंत्रालय द्वारा जारी सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटे में 137 लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर।,52,556 पर पहुंच गई। संक्रमण से एक दिन में मरने वालों की संख्या भी बीते करीब आठ महीने में सबसे कम है। इसमें बताया गया कि संक्रमणमुक्त होने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है और यह।,02,28,753 है। इसके साथ ठीक होने वालों की राष्ट्रीय दर 96.66 फीसदी हो गई है। वहीं, संक्रमण से मृत्यु दर 1.44 फीसदी है। देश में कोविड-19 का इलाज करा रहे लोगों की संख्या तीन लाख से कम बनी हुई है। वर्तमान में 2,00,528 संक्रमितों का इलाज चल रहा है जो संक्रमण के कुल मामलों का 1.90 फीसदी है।

भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख के पार, 28 सितम्बर को 60 लाख के पार, 11 अक्टूबर को 70 लाख से अधिक, 29 अक्टूबर को 80 लाख से अधिक और 20 नवम्बर को 90 लाख से अधिक हो गए थे। कुल मामले 19 दिसम्बर को एक करोड़ से अधिक हो गए थे।

## जंगली हाथियों ने बेतला में जंजीर में बंधे पालतू हाथी को हमला कर मार डाला

भाषा। लातेहार, मेदिनीनगर

**झारखंड** के बेतला राष्ट्रीय उद्यान में बीती रात दो जंगली नर हाथियों ने धावा बोलकर एक चालीस वर्षीय पालतू नर हाथी को मार डाला। पलामू बाघ अभयारण्य (पलामू टाइगर रिजर्व) के उपनिदेशक कुमार आशीष ने भाषा को बताया कि सोमवार देर रात दो जंगली नर हाथी बेतला राष्ट्रीय उद्यान के पलामू किला स्थित आश्रय स्थल (शेड) पहुंच गए और उन्होंने वहां रखे गए पालतू नर हाथी पर घेरकर हमला किया।

उन्होंने बताया कि जंगली हाथियों के हमले में काल भैरव नामक पालतू नर हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जंजीर से बंधा होने के कारण काल भैरव हाथी संभवत: कोई प्रतिवाद नहीं कर सका और न ही वह मौके से भाग कर अपनी जान बचा सका। उन्होंने बताया कि आश्चर्यजनक रूप से जंगली हाथियों ने वहां मौजूद चार मादा हाथियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। उन्होंने बताया कि मृतक हाथी पलामू बाघ अभयारण्य में आधिकारिक तौर पर संरक्षित हाथी था, जिसे बेतला राष्ट्रीय उद्यान स्थित पलामू किला में बनाए गए आश्रय स्थल (शेड) में रखा गया था। आशीष ने बताया कि कर्नाटक सरकार से मैसूर से काल भैरव नर हाथी और मुर्गेस तथा सीता नामक मादा हाथी वर्ष 2018 में दस लाख रुपए में खरीदे गए थे। उन्होंने बताया कि काल भैरव को विशेष रूप से जंगली हाथियों के हमले से सुरक्षा के उद्देश्य से ही खरीदा और प्रशिक्षित किया गया था। बेतला में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी (रेंजर) प्रेम प्रसाद ने बताया कि गत रात जंगली हाथियों के झुण्ड ने लगभग साढ़े नौ बजे अचानक आश्रय स्थल पर हमला कर दिया और पालतू हाथी और उनमें हुए खूनी संघर्ष में चालीस वर्षीय वयस्क नर हाथी काल भैरव की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि मृतक हाथी कुछ दिनों से बीमार था। यह पूछे जाने पर कि आखिर एक जंजीर में बंधे पालतू हाथी को दो जंगली नर हाथी मारते रहे और वन अधिकारी, महावत आदि इस दौरान क्या कर रहे थे, उपनिदेशक आशीष ने दावा किया कि वन विभाग के लगभग तीस की संख्या में कर्मचारियों ने निगरानी टावर से पटाखे फोड़े, मशालें जलाईं लेकिन दोनों हमलावर हाथी मतवाले होने के कारण पीछे नहीं हटे। उन्होंने दावा किया कि हमलावर हाथियों ने जब इस बात की संतुष्टि कर ली कि पालतू हाथी मारा जा चुका है तभी वह वापस जंगल में लौटे। यह पूछे जाने पर कि आखिर शेड में मौजूद चार मादा हाथियों को हमलावर हाथियों ने कोई नुकसान क्यों नहीं पहुंचाया, आशीष ने कहा, इसकी जांच की जा रही है लेकिन संभवत: नरों के बीच की प्रतिस्पर्धा की भावना के चलते ऐसा हुआ होगा।

## कश्मीरी हिन्दुओं ने यूएनएमओजी के जम्मू कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया

**जम्मू।** कश्मीर घाटी से 31 वर्ष पहले कश्मीरी हिन्दुओं के विस्थापन के खिलाफ मंगलवार को समुदाय के लोगों ने यहां संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (यूएनएमओजी) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने घाटी में वापसी, पुनर्वास और घाटी में बसने के लिए एक स्थान देने की अपनी मांगों के समर्थन में यह प्रदर्शन किया। उन्होंने यह भी मांग की कि 1990 में उन लोगों को घाटी से बाहर करने के पीछे जिम्मेदार लोगों को दंडित करने के लिए एक नरसंहार आयोग का गठन किया जाए। होलोकास्ट डे पर जम्मू शहर के विभिन्न हिस्सों में विस्थापित समुदाय के लोगों ने इस प्रदर्शन समेत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। गांधीनगर में यूएनएमओजी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित एकत्रित हुए, धरने पर बैठे तथा न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी की।

**रेलवे रिश्वत मामला**

## सीबीआई ने दक्षिण दिल्ली के होटल से 2.04 करोड़ नकद बरामद किए

भाषा। नई दिल्ली

**उत्तर** पूर्व फ्रंटियर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को रिश्वत देने के मामले में आरोपी एबीसीआई इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा दक्षिण दिल्ली के एक होटल में छुपाकर रखी गई 2.04 करोड़ रुपए की नकदी सीबीआई ने जब्त की है। एजेंसी के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एजेंसी ने एक करोड़ रुपए की रिश्वतखोरी के मामले में उत्तर पूर्व फ्रंटियर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एम. एस. चौहान और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बताया कि अभी तक करीब 4.43 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। केन्द्रीय एजेंसी के प्रवक्ता आर. सी. जोशी ने एक बयान में कहा, नई दिल्ली की कैलाश कालोनी स्थित एक निजी फर्म (कथित रूप से रिश्वतखोरी मामले में संलिप्त) के परिसर की गहन तलाशी के दौरान पता चला कि वहां से कुछ चीजों को हटाकर दिल्ली में अन्य जगहों पर छुपाया गया है। उन्होंने कहा, गहन तलाशी के बाद उस जगह से करीब 2.04 करोड़ रुपए और अन्य सामग्री आगे की जांच के लिए जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि उससे पहले दिल्ली, उत्तराखंड, असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में अलग-अलग 26 जगहों की तलाशी के दौरान करीब 2.39 करोड़ रुपए बरामद हुए थे।

बयान के अनुसार, इसमें एक करोड़ रुपए की कथित रिश्वत भी शामिल है। बताया जाता है कि रिश्वतखोरी के मामले में रंगे हाथों पकड़ी गई यह सबसे बड़ी रकम है। उसमें कहा गया है, इसके अलावा आरोपी के परिसर से आभूषण और संपत्ति के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। अभी तक करीब 4.43 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं।

## एनआईटी, केंद्र पोषित तकनीकी संस्थानों के दाखिला मानदंड में छूट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एनआईटी और केंद्र पोषित तकनीकी संस्थानों में दाखिले के मानदंड में मंगलवार को छूट देने की घोषणा की और इसके तहत कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत अंक की अर्हता को हटा दिया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने ट्वीट किया कि आईआईटी जेईई (एडवांस) और पिछले वर्ष के अकादमिक वर्ष में किए गए निर्णय के अनुरूप अगले शैक्षणिक सत्र 2021-22 में एनआईटी, आईआईआईटी, स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) एवं अन्य केंद्र पोषित तकनीकी संस्थानों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के लिए 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत अंक के अर्हता मनदंड को हटाने का फैसला किया गया है। गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर एनआईटी में और केंद्र से वित्त पोषित अन्य तकनीकी संस्थानों में दाखिले के लिए अर्हता में पिछले वर्ष छूट देने की घोषणा की गई थी।

# कृषि क्षेत्र के मालिक बन जाएंगे तीन-चार पूंजीपति: राहुल

● कहा, कानूनों को वापस लेना एकमात्र समाधान

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों को लेकर मंगलवार को एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि इन कानूनों का मकसद कृषि क्षेत्र पर तीन-चार पूंजीपतियों का एकाधिकार स्थापित करना है और इसकी कीमत देश के मध्य वर्ग को भी चुकानी पड़ेगी। तीनों कानूनों को वापस लेने की मांग करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि वह देशभक्त और साफ-सुथरे व्यक्ति हैं तथा वे देश की रक्षा के लिए मुद्दे उठाते रहेंगे। राहुल गांधी ने किसानों की पीड़ा पर खेती का खून शीर्षक से एक पुस्तिका भी जारी की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, देश में एक त्रासदी पैदा हो रही है। सरकार इस त्रासदी को नजरअंदाज करना चाहती है और लोगों को गुमराह करना चाहती है। किसानों का संकट इस त्रासदी का एक हिस्सा मात्र है। कांग्रेस नेता ने दावा किया, हवाई अड्डों, बुनियादी ढांचा, ऊर्जा, दूरसंचार, रिटेल और दूसरे क्षेत्र में हम देख रहे हैं कि बड़े पैमाने पर एकाधिकार स्थापित हो गया है। तीन-चार पूंजीपतियों का एकाधिकार है।

ये तीन-चार लोग ही प्रधानमंत्री के करीबी हैं और उनकी मदद करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि क्षेत्र अब तक एकाधिकार से अछूता था, लेकिन अब इसे भी निशाना बनाया जा रहा है और ए तीनों कानूनों इसीलिए लाए गए हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा इससे पहले खेती में एकाधिकार नहीं था। इसका फायदा किसानों, मजदूरों, गरीबों और मध्यम वर्ग को मिलता था। खेती का पूरा ढांचा था जो इनकी रक्षा करता था।

## शिक्षा नीति का कार्यान्वयन मसौदा जल्द होगा जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य सूचियों के साथ कार्यान्वयन योजना का मसौदा तैयार किया है तथा विशेषज्ञ समूहों के विश्लेषण एवं राज्यों सहित अन्य पक्षकारों के सुझाव के आधार पर दस्तावेज को अंतिम रूप दिया जा रहा है जिसे शीघ्र ही जारी किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, स्कूली शिक्षा एंव साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) ने कार्य सूचियों के साथ कार्यान्वयन योजना का एक मसौदा तैयार किया है।

# रिपोर्ट तैयार करते वक्त समिति के सदस्य कृषि कानून पर अपनी निजी राय अलग रखेंगे: घनवट

भाषा। नई दिल्ली



**कृषि** कानूनों पर उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित समिति के प्रमुख सदस्य अनिल घनवट ने मंगलवार को कहा कि विभिन्न हितधारकों से कृषि कानून पर बातचीत करने के दौरान समिति के सदस्य अपनी निजी राय को हावी नहीं होने देंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे किसी पक्ष या सरकार के पक्ष में नहीं हैं। यहां हुई समिति की पहली बैठक के बाद घनवट ने कहा कि किसानों और अन्य हितधारकों के साथ पहली बैठक बृहस्पतिवार को प्रस्तावित है।

उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने 11 जनवरी को चार सदस्ईय समिति का गठन किया था लेकिन प्रदर्शनकारी किसानों ने नियुक्त सदस्यों द्वारा पूर्व में कृषि कानूनों को लेकर रखी गई राय पर सवाल उठाए। इसके बाद एक सदस्य भूपिंदर सिंह मान ने खुद को इससे अलग कर लिया है। बता दें कि दिल्ली की सीमा पर हजारों की संख्या में किसान करीब दो महीने से नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्र सरकार और प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच भी नौ दौर की अलग से बात हुई थी लेकिन मुद्दे को सुलझाने की यह पहल बेनतीजा रही।

घनवट जो शेतकरी संगठन के अध्यक्ष हैं, ने कहा कि समिति 21 जनवरी को किसानों और अन्य हितधारकों से पहले चरण की वार्ता करेगी। उन्होंने कहा कि समिति की सबसे बड़ी चुनौती प्रदर्शनकारी किसानों को हमसे बातचीत के लिए तैयार करने की होगी। हम इसका यथासंभव प्रयास करेंगे।

# पेज 1 का शेष

## निर्माताओं ने...

तथ्य प्रकाशित किए हैं और कहा है कि टीके के असर को लेकर परीक्षण अभी बाकी है तथा तीसरे चरण के परीक्षण में इसका अध्ययन किया जा रहा है। इसलिए यह बताना जरूरी हो जाता है कि टीका लगवाने का मतलब यह नहीं है कि कोविड-19 से संबंधी जरूरी एहतियातों का पालन करना छोड़ दिया जाए। दिल्ली में आरएमएल अस्पताल के रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) तथा कनार्टक में कुछ डॉक्टरों ने कोवैक्सीन के इस्तेमाल से इनकार कर दिया था। उन्होंने कोविशील्ड को कोवैक्सीन पर तरजीह दी थी।

## सरकार ने...

केवल 0.18 प्रतिशत मामले आए हैं और केवल 0.002 प्रतिशत लोगों को ही अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जो कि निम्न स्तर है। जहां तक हमें पता है पहले तीन दिनों में प्रतिकूल असर का यह सबसे कम मामला है। उन्होंने कहा कि भारत में पहले दिन कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत सबसे अधिक लोगों को टीके दिए गए। भूषण ने कहा कि पहले दिन भारत में 2,07,229 लोगों को टीके दिए गए जबकि अमेरिका में पहले दिन 79,458 लोगों का टीकाकरण हुआ। ब्रिटेन में पहले दिन 19,700 और फ्रांस में केवल 73 लोगों को टीके दिए गए। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यहां यह है कि अगर हम पहले सप्ताह के आंकड़ों पर गौर करें तो अमेरिका में 5,56,208 लोगों का टीकाकरण हुआ जो कि हम तीन दिनों में ही पार कर गए।

## भारत छह...

महीने में चरणबद्ध तरीके से सहयोगी देशों को कोविड-19 टीकों की आपूर्ति करेगा। मंत्रालय के बयान के अनुसार, भारत इस संबंध में श्रीलंका, अफगानिस्तान और मारिशस से टीके की आपूर्ति के लिए जरूरी नियामक मंजूरी की पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहा है। इसमें कहा गया है कि भारत को महत्वपूर्ण सहयोगी देशों और पड़ोसियों से भारत निर्मित टीके की आपूर्ति के लिए कई अनुरोध प्राप्त हुए हैं। मंत्रालय ने कहा, इन अनुरोधों की प्रतिक्रिया और कोविड महामारी के खिलाफ मानवता की लड़ाई में सभी की मदद और भारत के टीके के उत्पादन एवं आपूर्ति की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए 20 जनवरी से भूटान, मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमा, सेशेल्स को आपूर्ति शुरू की जाएगी।

## प्रदेश में...

कि दशकों बाद देश में भविष्य की जरूरतों के मुताबिक नई शिक्षा नीति तैयार हुई है। यह नीति भारत को दुनिया में ज्ञान का केंद्र बनाने वाली है। ऐसे में यह जरूरी है कि हर शिक्षक नवीन नीति की भावनाओं से जुड़े। संवाद के दौरान एक वाराणसी की अपर्णा पांडेय और मुख्यमंत्री के बीच रोचक बातचीत भी हुई। संस्कृत प्रवक्ता पद के लिए चयनित अपर्णा से मुख्यमंत्री योगी ने संस्कृत में ही बातचीत की। योगी ने पूछा कि भवत्या: नाम किम, जवाब में अपर्णा ने भी संस्कृत में जवाब देते हुए कहा मम नाम अपर्णा। इसके बाद सीएम योगी ने अपर्णा द्वारा कालिदास रचित कुमार सम्भवम पर उनके द्वारा लिखित टीका के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि 19 मार्च 2021 को जब वर्तमान राज्य सरकार चार वर्ष कार्यकाल पूरा कर रही होगी तब तक चार लाख युवाओं की सरकारी नौकरी का सपना पूरा हो चुका होगा। उन्होंने कहा कि बीते पौने चार साल में करीब 15 लाख युवाओं को सीधे तौर पर सेवायोजित किया गया है जबकि डेढ़ करोड़ युवाओं को स्वत: रोजगार से जोड़ा गया है। मिशन रोजगार का क्रम सतत जारी रहेगा। इससे पहले उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा विभाग ने पारदर्शी तंत्र का उदाहरण प्रस्तुत किया है। आज नवीन संबद्धता से लेकर, स्थानांतरण, रिजल्ट सहित सभी व्यवस्था ऑनलाइन हो गई हैं। कोविडकाल में भी पठन पाठन सुचारु रखने में डिजिटल तंत्र की भूमिका रही। डॉ. शर्मा ने कहा कि समय से प्रवेश, समय पर परीक्षा और गुणवत्तापूर्ण पठन पाठन के लिए विभाग प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला ने चयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद सहित माध्यमिक शिक्षा विभाग के अनेक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## विधान परिषद...

चंद्र शर्मा, अहमद हसन एवं राजेंद्र चौधरी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी को शाम 3 बजे तक नामांकन करने वाले अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे इसके उपरांत विजयी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाएगी।

## नसीमुद्दीन सिद्दीकी...

जुलाई 2016 को बसपा सुप्रीमो मायावती ने राज्य सभा में उन्हें, उनकी बेटी, उनकी बहू व नातिन तथा उनके परिवार की सभी महिलाओं को गालियां दी व अपशब्द कहे। जबकि इसके दूसरे दिन नसीमुद्दीन सिद्दीकी, रामअचल राजभर व मेवालाल की अगुवाई में बसपा कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर उनके पुत्र दयाशंकर सिंह को मां व बहन की गंदी गंदी गालियां दी तथा अभद्र टिप्पणी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। वर्ग और जातीय भेद बताते हुए भीड़ को हिंसा के लिए उत्तेजित किया। दयाशंकर की 12 वर्षीय बेटी के लिए खुलेआम अमर्यादित नारे लगाए।

## सरकार ने...

में प्रस्तावित बदलावों में इसके उपयोगकर्ताओं को इससे बाहर रहने का विकल्प नहीं दिया गया है। यह भारतीय नागरिकों की स्वायत्तता और उनकी पसंद के संबंध में गंभीर चिंताएं पैदा करता है। मंत्रालय ने व्हाट्सऐप को प्रस्तावित बदलावों को वापस लेने तथा सूचना की गोपनीयता, पसंद की स्वतंत्रता व डेटा सुरक्षा पर रवैए पर पुन: विचार करने को कहा। अपनी नई प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर हुई आलोचनाओं के बाद व्हाट्सऐप ने 16 जनवरी को इसे टाल दिया था।

## एस-400...

अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ पांच अरब डॉलर में एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की पांच इकाई खरीदने का करार किया था। भारत ने यह करार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाने की धमकी के बावजूद किया था। भारत ने इस मिसाइल प्रणाली को खरीदने के लिए वर्ष 2019 में 80 करोड़ डॉलर की पहली किस्त का भुगतान किया था। एस-400 रूस की सबसे आधुनिक लंबी दूरी की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है। हाल में अमेरिका ने रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के खिलाफ तुर्की पर प्रतिबंध लगाए हैं। अधिकारियों ने बताया कि करीब 100 भारतीय सैनिक इस महीने एस-400 के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए रूस रवाना होंगे। रूसी दूतावास द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक कुदाशेव ने कहा कि सैन्य सहयोग दोनों देशों के विशेष एवं गौरवान्वित करने वाले रणनीतिक संबंधों का मुख्य आधार हैं और भारत और रूस की दोस्ती क्षेत्र एवं दुनिया में स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

## कंगारुओं के...

है जबकि भारत ने पहला टेस्ट गंवाने के बाद शृंखला जीती। भारत ने अपना तीसरा सबसे बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया। इस जीत में भारतीय गेंदबाजों का योगदान भी अहम रहा। चोटी के गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण भारत के अनुभवहीन आक्रमण ने मैच में 20 विकेट लेकर आस्ट्रेलिया को 369 और 294 रन ही बनाने दिए। भारत ने पहली पारी में 336 रन बनाए थे। आस्ट्रेलिया ने नई गेंद से पुजारा और मयंक अग्रवाल (नौ) के विकेट लिए लेकिन पंत ने दूसरे छोर से रन बनाने जारी रखे और वाशिंगटन सुंदर (22) ने उनका पूरा साथ दिया। आस्ट्रेलियाई खेमे में हताशा साफ नजर आ रही थी। सुंदर ने कमिन्स की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर माहौल बदला जबकि पंत ने लियोन पर लगातार दो चौके लगाए। पंत के साथ छठे विकेट के लिए 53 रन जोड़कर सुंदर लियोन की गेंद पर बोल्ड हो गए। पहली पारी में 67 रन बनाने वाल शार्दुल ठाकुर ने आसान कैच दे दिया लेकिन पंत डिगे नहीं। उनका हर शॉट भारतीयों में जोश और आस्ट्रेलियाई प्रशंसकों में निराशा भर देता। उन्होंने आखिर में जोश हेजलवुड पर विजई चौका लगाया। पंत की 138 गेंदों की पारी में नौ चौके और एक छक्का शामिल हैं। भारत आखिरी दिन अगर रिकार्ड 325 रन बनाकर जीत दर्ज कर पाया तो इसका पूरा श्रेय गिल और पंत को जाता है। रोहित शर्मा (सात) के सुबह जल्दी आउट होने के बावजूद गिल ने मजबूत इरादों के साथ बल्लेबाजी की।

## विरोधी खिलाड़ी को मारने पर मेस्सी दो मैचों के लिए निलंबित

**बार्सीलोना।** स्पेनिश फुटबॉल महासंघ ने स्पेनिश सुपर कप फाइनल में विरोधी खिलाड़ी को हाथ से मारने के लिए बार्सीलोना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी पर दो मैचों का निलंबन लगा दिया है। टीम की 3-2 से हार के बाद मेस्सी ने एटलेटिको बिलबाओ के एक खिलाड़ी के सिर पर हाथ से प्रहार किया। दोनों बॉक्स की तरफ दौड़ रहे थे। वह खिलाड़ी मैदान पर गिर गया और मेस्सी को लालकार्ड दिखाया गया। मेस्सी पर 12 मैचों का प्रतिबंध भी लग सकता था लेकिन महासंघ की प्रतिस्पर्धा समिति ने ही ही मैचों का निलंबन लगाया।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन के लिए पहुंचे दो खिलाड़ी कोविड–19 पॉजिटिव

**मेलबर्न।** साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए यहां पहुंचे दल में कोरोना वायरस से संक्रमण के तीन नए मामले मिले है जिसमें दो खिलाड़ी भी शामिल है। विक्टोरिया की राज्य सरकार ने मंगलवार को तीन नए मामलों की जानकारी दी जिसमें पहली बार दो खिलाड़ियों के संक्रमित होने के बारे में पता चला।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 4–2 से हराया

**सैंटियागो (चिली)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आखिरी नौ मिनट में तीन गोल कर यहां चिली को 4-2 से शिकस्त दी। भारत की जीत में गगनदीप (51वें और 59वें मिनट) के दो गोल के अलावा मुमताज (21वें मिनट) और संगीता कुमारी (53वें मिनट) का योगदान रहा। चिली के लिए अमंडा मर्टिनेज (चौथे मिनट) डोमिंगा लुडेर्स (41वें मिनट) ने भी एक-एक गोल किया।

## ऑबमेयांग ने दिलाई आर्सनल को शानदार जीत

**लंदन।** आर्सनल के कप्तान पियरे एमरिक ऑबमेयांग ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में एक महीने से भी अधिक समय बाद गोल दागा जिससे उनकी टीम न्यूकास्टल के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज करने में सफल रही। ऑबमेयांग ने 16 दिसंबर के बाद लीग में कोई गोल नहीं किया था लेकिन न्यूकास्टल के खिलाफ उन्होंने दो गोल दागे। पहला हाफ गोलरहित छूटने के बाद ऑबमेयांग ने 50वें मिनट में पहला गोल किया।

## इब्राहिमोविच के दो गोल से मिलान ने कैगलियारी को हराया

**कैगलियारी (इटली)।** जाल्टन इब्राहिमोविच के दो गोल की मदद से एसी मिलान ने आखिरी क्षणों में दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए के एक मैच में कैगलियारी को 2-0 से हराया।

# युवा जोश ने उड़ाए कंगारुओं के होश

## भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर पहुंचा



**भाषा।** दुबई

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा के मैदान पर चौथे टेस्ट में तीन विकेट की रोमांचक जीत के साथ श्रृंखला को 2–। से अपने नाम करने वाली भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। इस जीत के साथ भारतीय टीम के नाम 430 अंक हो गए है जो न्यूजीलैंड (420) और ऑस्ट्रेलिया (332) से अधिक है। आईसीसी ने ट्वीट किया, गाबा में कड़े मुकाबले में मिली जीत के बाद, भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर खिसक गया। भारत ने डब्ल्यूटीसी शुरू होने के बाद पांच श्रृंखला में 13 मैच खेले हैं। इसमें टीम ने कुल अंकों में से 71.1 प्रतिशत अंक हासिल किए है। भारत ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला के बाद इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भी भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को हटाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। न्यूजीलैंड 118.44 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर है। भारत (117.65) और ऑस्ट्रेलिया (113) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

### रहाणे ने कप्तानी पर कहा, सबके योगदान के कारण सफल रहा

**ब्रिसबेन।** विषम परिस्थितियों में विदेशी सरजमी पर भारत को टेस्ट श्रृंखला की सबसे यादगार जीत दिलाने वाले अजिंक्य रहाणे ने कहा कि सभी खिलाड़ियों के योगदान के कारण वह कप्तान के तौर पर सफल रहे। मैच के बाद उन्होने कहा, देश का नेतृत्व करना सम्मान की बात है। यह मेरे बारे में नही, बल्कि टीम के बारे में था। मै सफल रहा क्योंकि सभी ने योगदान दिया।

### मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा पल : पंत

**ब्रिसबेन।** भारत की आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ऋषभ पंत ने इस ऐतिहासिक जीत को अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा पल करार दिया। उन्होंने मैच के बाद कहा, यह मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा क्षण है और मुझे खुशी है कि जब मै नही खेल रहा था तब भी सहयोगी स्टाफ और मेरे साथियों ने मेरा समर्थन किया।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया पहली पारी** : 369 रन, **भारत पहली पारी** : 336 रन, आस्ट्रेलिया दूसरी पारी : 294 रन, **भारत दूसरी पारी**: रोहित का पेन बो कमिंस 07, गिल का स्मिथ बो लियोन 91, पुजारा पगबाधा कमिंस 56, रहाणे का पेन बो कमिंस 24, पंत नाबाद 89, मयंक का वेड बो कमिंस 09, सुंदर बो लियोन 22, ठाकुर का लियोन बो हेजलवुड 02, नवदीप सैनी नाबाद 00, **अतिरिक्त**: 29, **कुल योग**: 97 ओवर में सात विकेट पर : 329 रन, **विकेट पतन**: I-18, 2-132, 3-167, 4-228, 5-265, 6-318, 7-325, **गेंदबाजी**: स्टार्क 16-0-75-0, हेजलवुड 22-5-74-I, कमिंस 24-10-55-4, ग्रीन 3-I-10-0, लियोन 31-7-85-02, लाबुशेन I-0-4-0,

### पांच करोड़ रुपए बोनस देगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला में 2-। से जीत के साथ बोर्डर-गावस्कर ट्राफी बरकरार रखने के लिए पांच करोड़ रुपए बोनस देने की घोषणा की। बोर्ड ने कहा, इस श्रृंखला ने दृढता, प्रतिबद्धता और जुझारूपन की बानगी पेश की। बोर्ड टीम के प्रयासो की सराहना करता है।

## खड़ूस माने जाने वाले शास्त्री की आखें भी जीत के बाद भर आई



**ब्रिसबेन।** मुंबई की भाषा मे उन्हे खड़ूस कहा जाता है यानी वह आम तौर पर अपने जज्बात जाहिर नही करते लेकिन भारत की युवा टीम की आस्ट्रेलिया पर शानदार जीत के बाद रवि शास्त्री भी अपने आंसुओं पर काबू नही रख सके। भारत की अंडर 25 टीम के 22 वर्षीय कप्तान के रूप मे 1984 में शास्त्री ने टीम मैनेजर को मोहम्मद अजहरूद्दीन को उनके दादा की सेहत नासाज होने के बारे में बताने नही दिया था क्योंकि अजहर उस समय भारतीय टीम मे जगह बनाने की दहलीज पर थे और शास्त्री नही चाहते थे कि मैच छोड़कर वह यह मौका गंवाए। वही शास्त्री गाबा का किला फतह होने के बाद हाथ में तिरंगा लेकर मैदान का चक्कर लगाते ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज और शारदुल ठाकुर को देखकर भावुक हो गए। मै भावुक हो गया। आम तौर पर मेरी आंख मे आंसू नही आते लेकिन मै भी भावुक हो गया। मेरी आंखे भर आई क्योंकि यह अवास्तविक था। इन लड़को ने जो किया, वह इतिहास में सबसे शानदार जीत में से एक के रूप मे दर्ज हो जाएगा।

### इससे बढकर कुछ नहीं, 36 रन पर सिमटने के बाद यह जीत अवास्तविक

**ब्रिसबेन।** भारतीय टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने फिटनेस समस्याओं से जूझ रही अपनी टीम की आस्ट्रेलिया पर टेस्ट श्रृंखला में जीत पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में अपने न्यूनतम स्कोर 36 रन पर सिमटने के बाद यह अवास्तविक लगता है। शास्त्री ने आस्ट्रेलिया के इस दौरे को अपना अब तक का सबसे कठिन दौरा बताया। उन्होंने कहा, यह सबसे कठिन दौरा था। इससे बढकर कुछ नही। 36 रन पर आउट होने के बाद यह अवास्तविक लगता है।

## पंत ने तोड़ा धोनी का रिकार्ड, सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बने




**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट मे भारत की जीत के नायको मे रह ऋषभ पंत ने महेंद्र सिंह धोनी का रिकार्ड तोड़ दिया और वह सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए। पंत ने यह आंकड़ा 27वीं पारी में छुआ जबकि धोनी ने 32 टेस्ट पारियो में 1000 रन पूरे किए थे। पंत ने चौथे टेस्ट के पांचवे और आखिरी दिन यह रन पूरे किए। वह 89 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैड के खिलाफ 2018 मे टेस्ट क्रिकेट मे पदार्पण करने वाले पंत इंग्लैड और आस्ट्रेलिया मे शतक जमाने वाले भारत के अकेले विकेटकीपर बल्लेबाज है। पिछली बार 2018-19 के आस्ट्रेलिया दौरे पर भी उन्होंने सिडनी में नाबाद 159 रन बनाए थे जो उनका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। अब तक वह 16 टेस्ट में 1088 रन बना चुके है जिसमे दो शतक और चार अर्धशतक शामिल है।

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी की बधाई





**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई राजनीतिक हस्तियों ने भारतीय क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में खेले गए चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में तीन विकेट की शानदार जीत के लिए बधाई दी। राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, ऑस्ट्रेलिया मे क्रिकेट मे ऐतिहासिक जीत दर्ज की गई। भारत की प्रतिभाशाली युवा क्रिकेट टीम को कड़ी मेहनत से टेस्ट श्रृंखला जीतने पर बधाई। टीम ने असाधारण कौशल और जज्बा दिखाया। राष्ट्र को उनकी उपलब्धि पर गर्व है। मोदी ने ट्वीट कर कहा, ऑस्टेलिया मे भारतीय टीम की सफलता से हम सभी बहुत उत्साहित हैं। पूरे मैच के दौरान उनका प्रदर्शन ऊर्जा और जुनून से लबरेज रहा। उनकी इच्छाशक्ति, दृढ़ता और संकल्प उत्कृष्ट रहा। टीम इंडिया को बधाई। भविष्य के लिए ढेर सारी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ कई राजनेताओं ने भी भारतीय टीम के जज्बे की तारीफ की।उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू के सचिवालय ने उनके हवाले से ट्वीट किया, ब्रिसबेन टेस्ट मे शानदार जीत और बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को बरकरार रखने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई। आपने आज इतिहास रच दिया है। आपके दृढ़ निश्चय और कभी न हार मानने वाले रवैए ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने ट्विटर पर लिखा, भारतीय क्रिकेट टीम को श्रृखला मे ऐतिहासिक जीत के लिए सलाम। पूरे देश को आपकी शानदार उपलब्धि पर गर्व है।

### तेंदुलकर, गांगुली की अगुवाई में खेल जगत ने सराहा





**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, नियमित कप्तान विराट कोहली और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली की अगुवाई में खेल जगत ने ऑस्ट्रेलिया मे जज्बे और धैर्य का अनूठा प्रदर्शन कर चार मैचो की टेस्ट श्रृखला को 2-। से अपने नाम करने वाली भारतीय टीम की तारीफ की। तेंदुलकर ने कहा कि टीम को हर सत्र मे नया नायक मिला। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, हर बार जब हमारे हौसले को ठेस पहुंची, हमने संघर्ष किया टक्कर दी। हमने निडर लेकिन बेपरवाही से नही, क्रिकेट खेलने का आत्मविश्वास दिखाया। चोटों और अनिश्चितताओं का जज्बे और आत्मविश्वास के साथ सामना किया। यह सबसे बड़ी श्रृंखला जीत में से एक है। भारत को बधाई। पूर्व कप्तान गांगुली ने ट्वीट किया, एक उल्लेखनीय जीत, ऑस्ट्रेलिया जाकर इस तरह से एक टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए भारतीय क्रिकेट के इतिहास मे हमेशा के लिए याद किया जाएगा। विराट कोहली ने ट्विटर पर लिखा, शानदार जीत, हां, जिसने भी एडीलेड के बाद हमारी क्षमता पर शक किया उन्हे हमारे प्रदर्शन को देखना चाहिए।

### निर्णायक मौकों को भुनाया भारत ने, आस्ट्रेलिया चूका : पेन



**ब्रिसबेन।** भारत के हाथो टेस्ट श्रृंखला में हार के बावजूद कुछ अधूरे काम पूरे होने तक कप्तान बने रहने के इच्छुक आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन ने कहा कि भारत ने श्रृंखला में अहम मौको को भुनाया जबकि आस्ट्रेलिया चूक गया। भारतीय युवाओं ने सही समय पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आखिरी टेस्ट तीन विकेट से जीता।

### श्रृंखला से सीखा सबक, भारत को कमतर नहीं आंकना : लैगर



**ब्रिसबेन।** फिटनेस समस्याओं से जूझती अनुभवहीन भारतीय टीम से टेस्ट श्रृंखला हारने से स्तब्ध आस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लैंगर ने मंगलवार के कहा कि उन्होंने इस झटके से बड़ा सबक सीखा है कि भारतीय टीम को कभी भी कमतर नही आंकना है। लैंगर ने चैनल सेवन से कहा, यह बेहतरीन टेस्ट श्रृंखला थी। आखिर में एक हारता है और एक जीतता है। आज टेस्ट क्रिकेट जीता। हमें यह हार लंबे समय तक खलेगी। भारत को पूरा श्रेय जाता है। हमने इससे सबक सीखा है।

## कोहली, हार्दिक और ईशांत की वापसी

**भाषा।** नई दिल्ली

### ● इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिए टीम का ऐलान

आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत के शिल्पकारों में शामिल तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के पहले दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जगह दी गई है जबकि नियमित कप्तान विराट कोहली, तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा और हरफनमौला हार्दिक पंड्या की वापसी हुई है। सुंदर और सिराज ने आस्ट्रेलिया दौरे पर ही टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। सिराज ने भारत के लिए सर्वाधिक 13 विकेट लिए जबकि सुंदर ने गेंद और बल्ले दोनों से अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। सीनियर चयन समिति की मंगलवार को हुई बैठक में टीम का चयन किया गया। आस्ट्रेलिया में पहले टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश पर स्वदेश लौटे नियमित कप्तान विराट कोहली की वापसी हुई है जबकि अजिंक्य रहाणे उपकप्तान होंगे। पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण आखिरी टेस्ट नहीं खेल रहे बुमराह टीम में लौटे हैं। वहीं चोट के कारण आस्ट्रेलिया दौरे से बाहर रहे तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा की भी टीम में वापसी हुई है। हार्दिक पंड्या को भी टीम में जगह मिली है। तमिलनाडु के तेज गेंदबाज टी नटराजन को जगह नहीं दी गई है जबकि अक्षर पटेल को चुना गया है। पटेल ने अभी तक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है जो जडेजा का विकल्प हो सकते हैं। टीम में पांच नेट गेंदबाज और पांच स्टैंडबाय खिलाड़ी भी होंगे। पहला टेस्ट चार फरवरी से और दूसरा 13 फरवरी से चेन्नई में खेल जाएगा। अहमदाबाद में तीसरा टेस्ट 24 फरवरी से और चौथा चार मार्च से शुरू होगा।

### यह जीत भारतीय क्रिकेट का जादुई पल : गावस्कर

**ब्रिसबेन।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला पर मिली जीत को भारतीय क्रिकेट का जादुई पल करार देते हुए कहा कि युवा भारतीय टीम ने यह कर दिखाया। गावस्कर ने सोनी टेन 3 से कहा, यह जादू है। भारतीय क्रिकेट का जादुई पल। भारतीय टीम ड्रॉ के लिए नही बल्कि जीत के लिए खेली।

### पंत ने शांत कर दिया: कोच तारक सिन्हा

**कोलकाता।** ऋषभ पंत के कोच तारक सिन्हा ने कहा कि उनके शिष्य ने ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के चौथे टेस्ट में लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी सबसे अच्छी पारी खेलकर आलोचकों को हमेशा के लिए चुप करा दिया।

## सिंधू व श्रीकांत की प्रभावी शुरुआत

**भाषा।** बैंकॉक

### थाईलैंड ओपन समीर ने किया उलटफेर



भारत के चोटी के खिलाड़ियों पी वी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत ने टोयोटा थाईलैंड ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां पहले दौर में सीधे गेम में जीत दर्ज की जबकि समीर वर्मा ने दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी ली जि जिया को हराकर उलटफेर कर दिया। एक सप्ताह पहले एशियाई चरण की पहली प्रतियोगिता में डेनमार्क की मिया ब्लिचफील्ड से पहले दौर में हारने के बाद विश्व चैंपियन सिंधू ने दूसरे टूर्नामेंट के शुरू में विश्व में 12वें नंबर की थाई खिलाड़ी बुसानन ओंगबमरंगफान को महिला एकल मैच में 21–17, 21–13 से हराया। सिंधू ने मैच के बाद कहा, यह अच्छा मैच था और मैं बहुत खुश हूं। यह जीत मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण थी क्योंकि पिछले सप्ताह के टूर्नामेंट में मैं पहले दौर में हार गई थी। इस जीत से सिंधू का बुसानन के खिलाफ रिकार्ड 11–। हो गया है। सिंधू अगले दौर में कोरिया की सुंग जी ह्यून और सोनिया चिया के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी। पुरुष एकल में विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने थाईलैंड के सिटीकोम थम्मासिन को 37 मिनट में 21–11, 21–11 से पराजित किया।

## प्रधान ने हजीरा में शेल इंडिया की एलएनजी ट्रक लदान इकाई का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को गुजरात के हजीरा में शेल इंडिया के तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की ट्रक–लदान इकाई का उद्घाटन किया। इसके साथ ही शेल इंडिया की देश में एलएनजी आपूर्ति परिचालन की शुरुआत हो गई। पेट्रोलियम मंत्रालय की जारी विज्ञप्ति के मुताबिक इस अवसर पर प्रधान ने कहा कि यह इकाई ग्रिड क्षेत्रों के बाहर ऐसी जगहों पर प्राकृतिक गैस की उपलब्धता को बढ़ावा देगी जहां कोई गैस पाइपलाइन नहीं है। उन्होंने कहा कि यह लंबी दूरी की यात्रा तय करने वाले ट्रकों में एलएनजी के इस्तेमाल को भी प्रोत्साहित करेगी। प्रधान ने मंगलवार की गई इस महत्वपूर्ण पहल के लिए शेल इंडिया की टीम की सराहना करते हुए कहा कि एलएनजी क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ने से नए बाजारों के उभरने में मदद मिलेगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, उद्योगों के लिए स्वच्छ ईंधन सुनिश्चित होगा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

## आईटी क्षमता के उपयोग, आरएंडडी में निवेश बढ़ाने की जरूरतः ट्राई

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी विकास क्षमताओं का विस्तार करने के लिए शोध व विकास (आरएंडडी) में निवेश को बढ़ाना और भारत के आईटी उद्योग की क्षमताओं का उपयोग करना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन पीडी वाघेला ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। वाघेला ने 15वें भारत डिजिटल शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेज प्रगति तथा दूरसंचार क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक कदमों को गिनाया। उन्होंने कहा, हमें शोध एवं विकास में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। यह बहुत महत्वपूर्ण है। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए हमें प्रौद्योगिकी के उपभोक्ता के बजाय उत्पादक बनना होगा।

## एसबीआई, एचडीएफसी ,आईसीआईसीआई बैंक वित्तीय प्रणाली के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंक हैं: आरबीआई

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), निजी क्षेत्र का एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक घरेलू प्रणालीगत रूप से महतवपूर्ण बैंक (डी-- एसआईबी) अथवा संस्थान हैं और ए इतने विशाल हैं कि इन्हें असफल नहीं होने दिया जा सकता है। एसआईबी के दायरे में आने वाले बैंकों की उच्चस्तरीय निगरानी की जाती है और बराबर नजर रखी जाती है जिससे कि इन बैंकों के कामकाज को दुरुस्त रखा जा सके और वित्तीय सेवाओं में होने वाली किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके। रिजर्व बैंक ने प्रणालीगत तौर पर महत्वपूर्ण बैंकों के बारे में व्यवस्था को जुलाई 2014 में जारी किया था। डी– एसआईबी के दायरे में आने वाले बैंकों का नाम बताना होता है। यह व्यवस्था 2015 से चल रही है और इन बैंकों को उनके प्रणाली में महत्व के लिहाज से उचित मानदंडों के दायरे में रखा जाता है।

## शेयर बाजारों में दो दिन से जारी गिरावट पर लगा ब्रेक







### ● तेजड़िया लिवाली से सेंसेक्स 834 अंक उछला

**भाषा।** मुंबई

वैश्विक बाजारों की तेजी का असर घरेलू बाजारों में भी देखा गया। इसके चलते शेयर बाजारों में दो दिन से जारी गिरावट का रुख मंगलवार को पलट गया। बंबई शेयर बाजार (बीएसई) में ताजा लिवाली से संवेदी सूचकांक 834 अंक उछलकर 49,400 अंक के करीब पहुंच गया। अमेरिका और अन्य अर्थव्यवस्थाओं में नया प्रोत्साहन पैकेज मिलने की उम्मीद बढ़ने से निवेशकों में विश्वास जगा है जिससे वैश्विक बाजारों में लिवाली बढ़ी है। कारोबार की समाप्ति पर सेंसेक्स 834.02 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 49,398.29 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 25 सितंबर 2020 के बाद एक दिन की यह सबसे बड़ी बढ़त है। उस दिन सेंसेक्स में 835 अंक का उछाल दर्ज किया गया था। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 239.85 अंक यानी 1.68 प्रतिशत बढ़कर 14,521.15 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व सबसे अधिक 6.77 प्रतिशत चढ़ गया। इसके साथ ही बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी, लार्सन एण्ड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा और एनटीपीसी के शेयरों में भी वृद्धि रही। एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक का सेंसेक्स की वृद्धि में करीब करीब आधे का योगदान रहा। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में केवल तीन --टेक महिन्द्रा, आईटीसी और महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा– – में ही 0.54 प्रतिशत तक गिरावट रही। रिलायंस सिक्युरिटीज के रणनीति प्रमुख बिनोद मोदी के अनुसार पिछले दो कारोबारी सत्रों में जबर्दस्त गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजारों में मुख्य तौर पर वैश्विक बाजारों से बेहतर संकेत मिलने का असर रहा। उन्होंने कहा, जेनेट एलेन की ओर से अर्थव्यवस्था को मजबूत समर्थन देने की संभावना जैसा सकारात्मक बयान दिए जाने से दुनियाभर में निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ है। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन ने फैडरल रिजर्व की पूर्व प्रमुख जानेट एलेन को वित्त मंत्री के लिए नामित किया है। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस से आह्वान किया है कि आर्थिक मंदी से लड़ने और यहां तक कि और ज्यादा गिरावट से बचने के लिए और कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

### भारी लिवाली से निवेशकों की संपत्ति में 3.41 लाख करोड़ रुपए का इजाफा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में दो दिन गिरावट के बाद मंगलवार को बड़े उछाल के चलते निवेशकों की संपत्ति मे 3.41 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। बीएसई का 30 शेयरो वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 834.02 अंक यानी 1.72 प्रतिशत बढ़कर 49,398.29 अंक पर बंद हुआ।इससे बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,41,846.01 करोड़ रुपए बढ़कर।,96,19,149.34 करोड़ रुपए हो गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारी बिकवाली के दो दिनो के बाद एशियाई बाजारो के सकारात्मक संकेतो और तरलता बनाए रखने के लिए अमेरिका मे राहत उपायों की उम्मीद के कारण घरेलू बाजार मे तेजी लौट आई।

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 11 पैसे बढ़कर 73.17 पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में तेजी और अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के चलते रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे की तेजी के साथ 73.17 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 73.16 पर खुला और दिन के कारोबार के दौरान 73.14 के ऊपरी स्तर तथा 73.31 के निचले स्तर पर पहुंचा। अंत में रुपया 73.17 के भाव पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 11 पैसे की तेजी दर्शाता है।

## उच्च आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े रहना होगा: कांत

**भाषा।** नई दिल्ली



भारत को यदि अगले तीन दशक के दौरान 9 से 10 प्रतिशत की उच्च आर्थिक वृद्धि के साथ आगे बढ़ना है तो उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ मजबूती से जुड़े रहना होगा। नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने मंगलवार को यह कहा। कांत ने यहां 15वें इंडिया डिजिटल शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को एक प्रमुख वैश्विक निर्यातक देश बनने की आवश्यकता है। इसके बिना भारत के लिए अगले तीन दशकों में एक संपन्न राष्ट्र बनना और अपने लोगों के लिए संपत्ति सृजन करना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा, भारत को यदि अगले तीन दशक की अवधि में 9 से 10 प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल करनी है तो उसे अपने दरवाजे खुले रखने होंगे और वैश्विक अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बने रहना होगा। कांत ने कहा कि सरकार का आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को संरक्षणवादी बनाने के लिए नहीं है बल्कि यह भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत हिस्सा बनाने के लिए है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि कोविड–19 महामारी के बाद के समय में वहीं देश आगे बढ़ सकेंगे जो डिजिटल परिवेश में काम करेंगे, उसे अपनाएंगे।

## पी– नोट के जरिए निवेश 31 माह में सर्वाधिक

**नई दिल्ली।** घरेलू पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट (पी– नोट्स) के जरिए निवेश दिसंबर 2020 के अंत में 87,132 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह पिछले 31 माह का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इससे देश में निवेश को लेकर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख का पता चलता है। पी– नोट भारत में पंजीकृत एफपीआई द्वारा जारी किए जाते हैं। एफपीआई ए नोट ऐसे विदेशी निवेशकों को जारी करते हैं जो कि भारतीय बाजारों में खुद पंजीकृत हुए बिना निवेश करना चाहते हैं। हालांकि पी– नोट के जरिए निवेश करने से पहले उन्हें जांच पड़ताल की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। भारतीय बाजारों में पी– नोट का मूल्य दिसंबर अंत में बढ़ाकर 87,132 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले नवंबर अंत में यह मूल्य 83,114 करोड़ रुपए पर था। इसमें शेयर, रिण पत्र और अन्य मिली जुली प्रतिभूतियों में किया जाता है। आंकड़े बताते हैं कि पी– नोट के जरिए किया गया यह निवेश मई 2018 के बाद सबसे ऊंचा है।

## अमेजन ने स्टार्टअप इंडिया, अन्य के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** अमेजन ने स्टार्टअप इंडिया, सिकोइया कैपिटल इंडिया और फायरसाइड वेंचर्स के साथ साझेदारी की, जिसके तहत शुरुआती स्टार्टअप को अपना ब्रांड वैश्विक स्तर पर ले जाने में मदद के लिए एक कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। अमेजन ग्लोबल सेलिंग प्रपेल कार्यक्रम को प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप की मदद करने के लिए तैयार किया गया है, ताकि उनके उपभोक्ता उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पेशकश की जा सके और वैश्विक ब्रांड को तैयार किया जा सके।

## मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस का उप्र में करेगा विस्तार

**कानपुर।** भारत की अग्रणी स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में एक मैक्स बूपा ने कारोबार बढ़ाने के अगले चरण में कानपुर और उत्तर प्रदेश के अन्य बाजारों में विस्तार की घोषणा की है। कंपनी का कानपुर में एक और कार्यालय खोला है और अगले पांच वर्षों में 20,000 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य बीमा करने का लक्ष्य रखती है। मैक्स बूपा के ग्राहक शहर के 60 नेटवर्क अस्पतालों में भर्ती होने पर कैशलेस इलाज का लाभ उठा सकते हैं और उन्हें 30 मिनट के भीतर कैशलेस क्लेम के लिए प्री.ऑथराइजेशन जैसे लाभ मिलेंगे जिससे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा अधिक सुलभ होगी। पूरे उत्तर प्रदेश के बीमा एजेंटों के एक सर्वे से यह सामने आया है कि कोविड19 आने के साथ स्वास्थ्य बीमा की मांग बहुत बढ़ी है। मैक्स बूपा का लक्ष्य अगले 5 वर्षों में कानपुर के अंदर कुल 15 करोड़ रु प्रीमियम दर्ज करना और पॉलिसी की खरीद में 20 गुनी वृद्धि है। कंपनी 2024,25 तक लगभग 2,000 एजेंट बना कर कानपुर के लोगों को रोजगार का अधिक अवसर देगी।

## जेएलएल इंडिया के सीईओ, कंट्री हेड रमेश नायर ने कंपनी छोड़ी

**नई दिल्ली।** वैश्विक संपत्ति सलाहकार फर्म जेएलएल ने मंगलवार को कहा कि भारत मे उसके सीईओ और कंट्री हेड रमेश नायर ने कंपनी छोड़ दी है और राधा धीर को नया सीईओ बनाया गया है। भारत के सीईओ रमेश नायर फर्म से बाहर अवसरो के लिए जेएलएल छोड़ रहे है। उनकी जगह एक अनुभवी वित्तीय सेवा कार्यकारी राधा धीर ने ली है, जिन्होने डॉयचे बैंक इंडिया और यस बैंक मे वरिष्ठ पदों पर काम किया है।

## नागेंद्र डी राव बने कंपनी सचिव संस्थान के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** नागेद्र डी राव कंपनी सचिवो के शीर्ष संगठन भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के अध्यक्ष और देवेंद्र वी देशपांडे उपाध्यक्ष चुने गए है।

# आगे कई चुनौतियां है, इनसे निपटना आसान नहीं होगा : कमला हैरिस



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका की** नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सोमवार को माना कि 20 जनवरी को जो बाइडन के अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद सरकार के सामने आगे कई चुनौतियां होंगी और उन सबसे निपटना आसान नहीं होगा। बाइडन 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद व्हाइट हाउस में प्रवेश करेंगे।

उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती कोविड-19 महामारी के कारण चरमरा रही अर्थव्यवस्था को दुरूस्त करने की होगी। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण देश में 3,98,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों लोग आर्थिक दिक्कतों का सामना कर रहे हैं।मार्टिन लूथर किंग जूनियर की जयंती पर मनाए जाने वाले डे ऑफ सर्विस के मौके पर सोमवार को एनाकोस्टिया में गैर सरकारी संगठन मार्थाज टेबल में आयोजित कार्यक्रम में हैरिस ने पत्रकारों से कहा, हमें बहुत सारा काम करना है। इन चुनौतियों से निपटना इतना आसान नहीं होगा। हर साल जनवरी के तीसरे सोमवार को मार्टिन लूथर किंग जूनियर की जयंती आयोजित की जाती है। मार्टिन लूथर किंग ने 1950 और 60 के दशक में अश्वेतों के अधिकारों के लिए अहिंसक प्रदर्शन किए थे।हैरिस ने कहा, हमने पहले भी चर्चा की है। जो (बाइडन) ने टीकाकरण, कामकाजी लोगों और परिवारों को राहत देने के लिए योजना बताई है। बहुत कुछ करना है। कुछ लोग कहते हैं कि हमारा महात्वाकांक्षी लक्ष्य है।

लेकिन हमारा मानना है कि कड़ी मेहनत और अमेरिकी संसद के सदस्यों की मदद से हम लोग इसे कर पाएंगे। उन्होंने कहा, मैं अमेरिका की अगली उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने का इंतजार कर रही हूं। मैं फख्र के साथ सिर बुलंद कर वहां जाऊंगी और शपथ ग्रहण में हिस्सा लूंगी। कमला हैरिस और उनके पति डगलस एमहॉफ सोमवार को एनाकोस्टिया में मार्थाज टेबल के कार्यक्रम में मौजूद थे। इस दौरान दंपति ने लोगों के लिए खाद्य सामग्री पैक किया।हैरिस ने कहा, हमलोग यहां सेवा कर रहे कार्यकर्ताओं की मदद के लिए आए हैं। डे ऑफ सर्विस के मौके पर यहां जैक एंड जिल से कई स्कूली छात्र आए हैं। इस दिन हम लोग डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर को श्रद्धांजलि देते हैं और उनके योगदान को याद करते हैं। वर्ष 1994 में संसद ने मार्टिन लूथर किंग हॉलिडे को राष्ट्रीय सेवा दिवस के तौर पर मान्यता दी थी। वर्ष 2009 में तत्कालीन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ओबामा ने राष्ट्रीय सेवा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में अमेरिका के सभी लोगों से हिस्सा लेने का आह्वान किया था।हैरिस (56) बुधवार को उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगी। वह पहली महिला, पहली अश्वेत और दक्षिण एशियाई मूल की पहली उपराष्ट्रपति होंगी।

## बाइडन प्रवासियों के लिए आठ साल की नागरिकता संबंधी विधेयक पेश करेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन अपने प्रशासन के पहले दिन एक आव्रजन विधेयक पेश करने की योजना बना रहे है, जिसमें देश में कानूनी दर्जे के बिना रह रहे करीब एक करोड़ 10 लाख लोगों को आठ साल के लिए नागरिकता देने का प्रावधान होगा।यह आव्रजन विधेयक निवर्तमान ट्रंप प्रशासन की कड़ी आव्रजन नीतियों के विपरीत होगा।विधेयक संबंधी जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि बाइडन के बुधवार को शपथ ग्रहण करने के बाद यह विधेयक पेश किया जा सकता है।राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के तौर पर बाइडन ने आव्रजन पर ट्रंप के कदमों को अमेरिकी मूल्यों पर कठोर हमला करार दिया था और कहा था कि वह इस नुकसान की भरपाई करेंगे।इस विधेयक के तहत एक जनवरी 2021 तक अमेरिका में किसी कानूनी दर्जे के बिना रह रहे लोगों की पृष्ठभूमि की जांच की जाएगी और यदि वे कर जमा करते हैं और अन्य बुनियादी अनिवार्यताएं पूरी करते हैं, तो उनके लिए पांच साल के अस्थाई कानूनी दर्जे का मार्ग प्रशस्त होगा या उन्हें ग्रीन कार्ड मिल जाएगा। इसके बाद उन्हें तीन और साल के लिए नागरिकता मिल सकती है। कई मुस्लिम देशों से लोगों के आगमन पर रोक समेत आव्रजन संबंधी ट्रंप के कदमों को पलटने के लिए बाइडन द्वारा त्वरित कदम उठाए जाने की संभावना है।



वाशिंगटनः नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के 59वें शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर तैनात किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड

## ट्रंप ने यूरोप और ब्राजील पर से यात्रा प्रतिबंध हटाए

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका के** निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक कार्यकारी आदेश जारी करते हुए यूरापीय देशों और ब्राजील पर से यात्रा प्रतिबंध हटा दिए हैं।ट्रंप प्रशासन ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के मद्देनजर यह प्रतिबंध लगाए थे। चीन और ईरान पर लगे ए प्रतिबंध अब भी लगे हैं। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश में कहा कि वह यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, आयरलैंड गणराज्य और ब्राजील पर लागू प्रतिबंधों को हटा रहे हैं। वहीं चीन और ईरान पर प्रतिबंध जारी रहेंगे।उन्होंने कहा कि रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केन्द्र (सीडीसी) के 12 जनवरी को विदेश से आने वाले सभी यात्रियों के कोविड-19 ना होने की पुष्टि वाली रिपोर्ट या संक्रमण मुक्त होने के दस्तावेजों को पेश करने के निर्देश के बाद इस संबंध में निर्णय किया गया।ट्रंप ने कहा कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, आयरलैंड और ब्राजील 12 जनवरी 2021 को जारी किए गए सीडीसी के आदेश के क्रियान्वयन में सहयोग करेगा और यह सुनिश्चित करेंगे कि जांच रिपोर्ट सटीक हों। उन्होंने कहा कि चीन और ईरान के बारे में हालांकि यह नहीं कहा जा सकता।ट्रंप ने कहा, अपने क्षेत्रों में वैश्विक महामारी से निपटने के तरीके, पारदर्शिता की कमी और अभी तक वायरस के खिलाफ लड़ाई में उनका अमेरिका के साथ पूरी तरह से सहयोग ना करना, इस बात को लेकर संदेह उत्पन्न करता है कि वे सीडीसी के 12 जनवरी 2021 के आदेश के क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे।

इस बीच, व्हाइट हाउस की नवनिर्वाचित जेन पाकी ने इस फैसले की आलोचना की है।उन्होंने ट्वीट किया, वैश्विक महामारी की स्थिति के बदतर होने और दुनिया भर में अधिक संक्रामक वेरिएंट सामने आने के कारण, यह अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर प्रतिबंध हटाने का समय नहीं है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने हालांकि कड़े यात्रा प्रतिबंध लागू करने के संकेत दिए हैं।पाकी ने एक अन्य ट्वीट में कहा, चिकित्सक दल के सुझाव के अनुसार, प्रशासन का 26 जनवरी को यात्रा प्रतिबंध हटाने का कोई इरादा नहीं है। बल्कि, हम कोविड-19 के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रा के दौरान जन स्वास्थ्य उपायों को और कड़ा करेंगे।

## ईरान की सेना ने ओमान की खाड़ी के तट पर युद्धाभ्यास शुरू किया

भाषा। तेहरान

**ईरान की** सेना ने मंगलवार को ओमान की खाड़ी के तट पर युद्धाभ्यास की शुरुआत की। यहां के सरकारी टीवी चैनल ने यह जानकारी दी। अमेरिका द्वारा परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ाए गए दबाव से बढ़े तनाव के बाद ईरान की ओर से किए जाने वाले सैन्य अभ्यास की यह नई श्रृंखला है।खबरों के मुताबिक कमांडो टुकड़ियां और विमानों से युद्ध के मैदान में उतारे जाने वाले जवान इस वार्षिक अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। इनके साथ ही लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, सैन्य मालवाहक विमान भी युद्धाभ्यास का हिस्सा हैं। पूरे युद्धाभ्यास की निगरानी ईरान की नेशनल आर्मी के प्रमुख अब्दुल रहीम मोसावी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के तौर पर निर्वाचित जो बाइडन पर परमाणु करार को लेकर दबाव बनाने की रणनीति के तहत ईरान ने सैन्य तैयारियों को तेज किया है। इस समझौते से अमेरिका को निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलग कर लिया था। बाइडन ने कहा कि अमेरिका, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए इस बहुपक्षीय समझौते में वापस आ सकता है। इससे पहले गत शनिवार को ईरान के अर्धसैनिक बल रिवल्यूशनरी गार्ड ने और गत बृहस्पतिवार को नौसेना ने युद्धाभ्यास किया था।

## कैपिटल हमलाः दो और लोग गिरफ्तार गिटारवादक ने किया आत्मसमर्पण

एपी। डलासाइंडियानापोलिस (अमेरिका)

**एफबीआई ने** कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर हुए हमले के मामले में टेक्सास के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, संसद भवन पर हमला करने वाली भीड़ में से जिन लोगों की तस्वीरों के पोस्टर एफबीआई ने जारी किए थे उनमें नजर आए गिटारवादक ने आत्मसमर्पण कर दिया है। एफबीआई की एक प्रवक्ता ने बताया कि गाय रेफिट (48) को शुक्रवार को विली स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं मैथ्यू कार्ल मजोक्को (37) को रविवार को सैन एंटोनियो से गिरफ्तार किया गया। हलफनामे के अनुसार रेफिट छह जनवरी की वारदात के एक वीडियो में नजर आ रहे हैं। रेफिट पर न्याय में बाधा डालने और गैरकानूनी प्रवेश का आरोप लगाया गया है।प्रवक्ता ने बताया कि मैथ्यू पर कैपिटल में गैरकानूनी प्रवेश और उपद्रव करने का आरोप लगाया गया है। वहीं, कैपिटल में घुसने वाली भीड़ के साथ नजर आए गिटारवादक, जिस पर आरोप है कि उसने पुलिस पर मिर्च का स्प्रे किया, उसने आत्मसमर्पण कर दिया है।एफबीआई के इंडियानापोलिस कार्यालय की प्रवक्ता क्रिस बेवेंडर ने बताया कि एफबीआई ने एक पोस्टर जारी किया था, जिसमें कैपिटल में दंगा करने वालों की तस्वीरें थीं और लोगों से उनकी पहचान करने में मदद की अपील की गई थी। जॉन रेयार शेफर इस पोस्टर में था और उसने आत्मसमर्पण कर दिया। उस पर कई आरोप दर्ज किए गए हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने हार स्वीकार नहीं की है और वह तीन नवम्बर को हुए चुनाव में धोखाधड़ी के बेबुनियाद दावे लगातार करते रहे हैं। उनके इन दावों के बीच ही, कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में ट्रंप के समर्थकों ने धावा बोला था और हिंसा की थी, जिसमें कैपिटल पुलिस के एक अधिकारी तथा चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी।



इस्लामाबाद में चुनाव कार्यालय के बाहर पाकिस्तान विपक्षी पार्टी के नेता मौलाना फैजल उर रहमान, मरियम नवाज शरीफ व अन्य

## क्विक न्यूज

### सीनेट की पुष्टि के बाद बाइडन की राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट के नाम आएंगे सामने

**वाशिंगटन।** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट में शामिल किए जाने वाले कुछ अधिकारियो के नाम को लेकर उनके कार्यकाल के पहले दिन भले साफ तस्वीर सामने नही आ पाए लेकिन जिस तेजी से सीनेट मे पुष्टि संबंधी सुनवाई चल रही है उससे लगता है कि कुछ दिन मे राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट का खाका सामने आ सकता है। विदेश विभाग, पेंटागन, गृह सुरक्षा एवं खुफिया विभाग के लिए नामितो के नाम पर पुष्टि बाइडन के शपथ ग्रहण के वक्त तक नही हो पाएगी। बाइडन बुधवार दोपहर को शपथ लेगे। कुछ दिन में उन में से कुछ के नाम सामने आ सकते है। सीनेट सामान्य तौर पर शपथ ग्रहण के दिन रक्षा मंत्री समेत कुछ नामो की पुष्टि करती है लेकिन चार साल पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासन की शुरुआत मे इसमे विलंब हुआ था। तब केवल पेंटागन प्रमुख जेम्स मैटिस के नाम की ही पुष्टि हुई थी। इस वर्ष ट्रंप के महाभियोग तथा वाशिंगटन मे हिसा की आशंका के बीच अभूतपूर्व संख्या मे सैनिको की मौजूदगी के चलते बाइडन के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा दल की जल्द से जल्द नियुक्ति करना सबसे प्रमुख प्राथमिकता होगी।

### कैलिफोर्निया में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 30 लाख के पार पहुंचे

**लॉस एंजिलिस।** कैलिफोर्निया मे कोरोना वायरस के मामले 30 लाख से अधिक हो गए है तथा अमेरिका के किसी भी अन्य बड़े राज्यो मे भी इससे अधिक मामले नही है। यह अमेरिका का ऐसा पहला राज्य है जहां संक्रमण के मामले इस आंकड़े के पार पहुंचे है। जॉन हॉपकिंस विश्वविद्यालय के सोमवार को जारी आंकड़ों मे यह जानकारी दी गई। कैलिफोर्निया की आबादी चार करोड़ है। यहां पिछले वर्ष 24 दिसंबर को संक्रमण के मामले 20 लाख पर पहुंचे थे। यहां कोविड-19 के कारण 33,600 से अधिक लोगो की मौत हो चुकी है।

### पाकिस्तान ने चीन के कोविड-19 टीके के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अधिकारियो ने चीनी कंपनी सिनोफार्म के कोविड-19 टीके के देश में आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। पाकिस्तान मे कोरोना वायरस संक्रमण के मामलो मे लगातार इजाफा हो रहा है। पाकिस्तान के औषधि नियामक प्राधिकरण (डीआरएपी) ने सोमवार को टीके को मंजूरी प्रदान की। इससे दो दिन पहले उसने ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के कोविड-19 टीके के आपात इस्तेमाल की स्वीकृति दी थी। डीआरएपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ आसिम राउफ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) ने सिनोफार्म के टीके को पंजीकृत कर लिया है। डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, आपात इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी गई है और इससे टीके को पाकिस्तान लाने का रास्ता साफ होगा। पाकिस्तान ने पहले ही सिनोफार्म के कोविड-19 टीके की 11 लाख खुराक का ऑर्डर दिया है और इसके आयात की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। पाकिस्तान के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के अनुसार देश में मंगलवार तक कोरोना वायरस के कारण 11,055 लोगो की जान जा चुकी है।

### अर्जेंटीना और चिली में 6.4 तीव्रता का भूकंप

**सेंटियागो (चिली)।** मध्य चिली की सीमा से सटे उत्तरपश्चिम अर्जेंटीना मे शक्तिशाली भूकंप आया, हालांकि इससे जान माल के किसी प्रकार के नुकसान की फिलहाल कोई खबर नही मिली है। भूकंप चिली में भी महसूस किया गया। भूकंप के कारण इलाके मे बिजली गुल हो गई।अमेरिका के भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग ने बताया कि सोमवार रात को आए भूकंप की तीव्रता 6.4 मापी गई और इसका केंद्र पोर्सिटो से 27.6 किमी दूर दक्षिण पश्चिम मे था। भूकंप 14 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप के पहले झटके के करीब पौने एक घंटे बाद दूसरा झटका महसूस किया गया जिसकी तीव्रता 5.0 तीव्रता मापी गई। भूकंप, प्रभावित क्षेत्र से करीब 300 किमी दूर सेंटियागो मे भी महसूस किया गया।

### कैलिफोर्निया में मॉडर्ना टीके के एक लॉट के इस्तेमाल को रोकने की अपील

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** कैलिफोर्निया के राज्य महामारीविद ने राज्य मे कोविड-19 के मॉडर्ना टीके के एक लॉट के इस्तेमाल को रोकने की अपील की है।कई लोगो को यह टीका लगाए जाने के बाद गंभीर एलर्जी हो गई थी, जिसके बाद महामारीविदो ने इसके तीन लाख से अधिक टीको के इस्तेमाल को फिलहाल रोकने की अपील की है। डॉ. एरिका एस पैन ने रविवार को सुझाव दिया कि राज्य अधिकारियो, मोर्डना , यूएस सेंटर्ज फॉर डिजीज कंट्रोल और फेडरल फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की जांच पूरी होने तक प्रदाताओ को मोर्डना टीके की लॉट संख्या 41एल20ए का इस्तेमाल रोक देना चाहिए।पैन ने एक बयान मे कहा, अत्यधिक सतर्कता और टीको की सीमित आपूर्ति को देखते हुए, हम प्रदाताओ को अन्य मौजूद टीको का इस्तेमाल करने का सुझाव देते है।

## भारतीय अमेरिकी संगठनों ने भारत के उच्चतम न्यायालय से संजीव भट्ट को जमानत देने दी अपील की

भाषा। वाशिंगटन

**भारत और** अमेरिका के कई नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं और संगठनों ने भारत के उच्चतम न्यायालय से सोमवार को अपील की कि वह पूर्व पुलिस अधिकारी संजीव भट्ट की जमानत मंजूर करे।इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल (आईएएमसी) और हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में संगठनों और कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि हत्या के एक मामले में भट्ट की दोषसिद्धि गलत है और यह झूठे सबूतों पर आधारित है।न्यायालय 22 जनवरी को भट्ट की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री शशि थरूर ने कहा कि वह भट्ट के साथ हुए अन्याय से क्षुब्ध हैं, जिन्हें समाज के लिए कर्तव्यनिष्ठ होकर सेवा करने और ताकतवर से सच बोलने की अदम्य क्षमता के कारण जेल भेज दिया गया।थरूर ने कहा, संजीव का मामला उस खराब दौर को दर्शाता है, जिसमें हम रह रहे हैं, जहां सभी भारतीयों को संविधान द्वारा प्रदत्त संवैधानिक मूल्य एवं मौलिक अधिकार कई मामलों में कमजोर होते और कई बार ऐसी ताकतों द्वारा छीने जाते भी प्रतीत होते हैं जो उदार नहीं हैं। उन्होंने कहा, जिन भारतीयों की अंतरात्मा संजीव भट्ट की तरह जीवित है, उन्हें खड़े होना चाहिए और इस प्रकार की चुनौतियों के खिलाफ लड़ना चाहिए, जो हमारे गणतंत्र के आधार को कमजोर करने का खतरा पैदा कर रही हैं। प्रख्यात वृत्तचित्र फिल्म निर्माता आनंद पटवर्धन ने कहा कि भट्ट को इसलिए जेल भेज दिया गया, क्योंकि उन्होंने 2002 में हुए नरसंहार का विरोध किया और इसके खिलाफ आवाज उठाई। पटवर्धन ने कहा कि समाज को भट्ट की रिहाई के लिए आंदोलन चलाना चाहिए।मानवाधिकार कार्यकर्ता, शास्त्रीय नृत्यांगना और अभिनेत्री मल्लिका साराभाई ने कहा कि ऐसा नहीं है कि केवल भट्ट के मामले में उनके खिलाफ निश्चित एजेंडा चलाया जा रहा, बल्कि मोदी सरकार के अधिकतर आलोचकों के साथ ऐसा हो रहा।साराभाई ने कहा, यदि कोई सरकार के खिलाफ बोलता है या कोई सवाल पूछता है, जो कि हमारे लोकतंत्र में प्रदत्त मौलिक अधिकार है, तो उसे किसी न किसी तरह दंडित किया जाता है। उसके खिलाफ छापे मारे जाते हैं, झूठे मामले चलाए जाते हैं और उन्हें चुप करा दिया जाता है। आईएएमसी के कार्यकारी निदेशक रशीद अहमद ने कहा कि भारत सरकार को संजीव भट्ट के मामले का राजनीतिक प्रबंधन बंद कर देना चाहिए और सरकार से डरे हुए या स्वयं राजनीतिक बन चुके न्यायाधीशों के बजाए स्वतंत्र न्यायाधीशों की निगरानी में कानून को अपना काम करने देना चाहिए।

## पाक के प्रधानमंत्री ने अर्णब को एयरस्ट्राइक की जानकारी की खबरों पर आक्रोश जताया

एपी। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक भारतीय टीवी एंकर और मीडिया उद्योग के एक पूर्व कार्यकारी के बीच कथित व्हाट्सएप मैसेज के जरिए हुई बातचीत को लेकर मीडिया में आई खबरों पर सोमवार को आक्रोश जताया। इन खबरों के अनुसार बातचीत में यह कहा गया है कि 2019 में पाकिस्तान में भारत का एयरस्ट्राइक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव में जीत की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए की गई।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने चर्चित भारतीय टीवी एंकर अर्णब गोस्वामी और टीवी रेटिंग कंपनी के पूर्व प्रमुख पार्थो दासगुप्ता के बीच व्हाट्सऐप पर कथित बातचीत के बारे में भारतीय मीडिया में आई खबरों को लेकर ट्विटर पर प्रतिक्रिया दी।

खबरों के अनुसार इन कथित मैसेज का आदान-प्रदान एयरस्ट्राइक के तीन दिन पहले हुआ। इस बातचीत से यह संकेत मिलता है कि गोस्वामी को एयरस्ट्राइक के बारे में पहले से जानकारी थी और इसे लोकसभा चुनाव में मोदी की फिर से जीत की संभावना बढ़ाने के इरादे से किया गया था।गोस्वामी रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक हैं और वह मोदी एवं उनकी राष्ट्रवादी नीतियों का समर्थन करने के लिए जाने जाते हैं।कथित व्हाट्सएप चैट के अनुसार 26 फरवरी 2019 के एयरस्ट्राइक से तीन दिन पहले गोस्वामी ने दासगुप्ता से कहा, कुछ बड़ा होगा और सरकार पाकिस्तान पर कुछ इस तरह से हमला करने को लेकर आश्वस्त है जो लोगों को गौरवान्वित करेगा।

इस पर दासगुप्ता, गोस्वामी से कहते हैं कि पाकिस्तान पर हमला मोदी को आगामी चुनाव में बहुमत दिलाएगा। इसके कुछ महीने बाद मई 2019 के चुनाव में मोदी को प्रचंड जीत मिली और उनकी पार्टी बहुमत के साथ संसद पहुंची।यह कथित बातचीत मुंबई पुलिस के उस पूरक आरोपपत्र का हिस्सा है जिसे टीवी रेटिंग में कथित हेरफेर के एक अलग मामले में दायर किया गया है।

इस बारे में सोमवार को न तो दासगुप्ता और न ही गोस्वामी ने कोई टिप्पणी की। हालांकि गोस्वामी के रिपब्लिक टीवी ने एक बयान जारी कर आरोप लगाया कि पाकिस्तान सरकार उनके खिलाफ साजिश रच रही है।पाकिस्तान पर फरवरी 2019 की यह एयरस्ट्राइक जम्मू कश्मीर में उसी महीने आतंकवादियों द्वारा किए गए आत्मघाती बम हमले के जवाब में की गई थी। इस हमले में 40 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। भारत ने इन हमलों के लिए पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद पर आरोप लगाया था और उसने हमले की जिम्मेदारी भी ली थी।

पाकिस्तान ने जैश-ए-मोहम्मद के नेताओं को गिरफ्तार भी किया लेकिन मोदी नीत सरकार ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादी ठिकाने को निशाना बनाने की बात कहते हुए वहां रात में एयरस्ट्राइक की।

## ट्रेंड बाजार

### काजल अग्रवाल ने अपने प्रशंसकों से साधा संपर्क

**हाल** ही में अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने अपने प्रशंसकों के साथ सोशल मीडिया पर एक प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया था। काजल, जिनका हाल ही में विवाह हुआ है, से पूछा गया कि क्या वो अब भी अभिनय करती रहेंगी। काजल ने इस बात का ये कहते हुए उत्तर दिया कि हमें पितृसत्तात्मक सत्ता के विचार से आगे जाना होगा।



इंस्टाग्राम स्टोरीज़ सेक्शन में आयोजित प्रश्न-उत्तर सत्र में एक प्रशंसक ने पूछा, 'क्या आप फिल्में करना जारी रखेंगी?


काजल का उत्तर था, 'जी हां, बिलकुल जारी रखूंगी, हमें पितृसत्तात्मक सत्ता से आगे जाना होगा।' इसके बाद एक प्रशंसक ने पूछा कि 2021 के लिए उन्होंने क्या संकल्प लिया है? उनका उत्तर था, 'मुझे काम और घर के बीच संतुलन स्थापित करना होगा। इसके साथ ही जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ना भी मेरे संकल्पों में से एक होगा।'

### जूही चावला ने सोशल मीडिया पर किया कटाक्ष



**प्रसिद्ध** अभिनेत्री जूही चावला का कहना है कि 'डेसमंड टूटू ने एक बार कहा था, 'अफ्रीका में जब मिशनरीज आए थे, तो उनके पास बाइबल थी और हमारे पास भूमि। उन्होंने कहा, 'चलिये हम प्रार्थना करते हैं।' हमनें आंखें बंद कर लीं। जब आंखें खोलीं तो पाया कि हमारे पास बाइबल थी और उनके पास भूमि। उसी प्रकार जब सोशल नेटवर्किंग आई तो उनके पास वॉट्सऐप और फेसबुक था, हमारे पास स्वतंत्रता। उन्होंने कहा, ये निशुल्क है। हमनें आंखें बंद कर लीं। जब आंखें खोलीं तो पता चला कि हमारे पास वॉट्सऐप तथा फेसबुक थे लेकिन उनके पास हमारी स्वतंत्रता। तो निष्कर्ष ये है कि जब कोई भी वस्तु निशुल्क होती है तो इसका मूल्य वास्तव में आपकी और हमारी स्वतंत्रता ही होता है।

### अभिनय लगता है कठिन अक्षय ओबरॉय को



**अभिनेता** अक्षय ओबरॉय का कहना है कि अभिनय का पेशा कठिन है और इसमें आपको कई पार पटक लग सकती है। उन्होंने इंडस्ट्री को एक निष्ठुर स्थान बताते हुए कहा कि इसमें किसी भी अभिनेता को उसके काम के हिट होने या असफल होने से ही गिना जाता है। ऐसा नहीं है कि केवल बॉलिवुड में ऐसा होता है। पूरी दुनिया में ऐसे ही काम चल रहा है। ये ऐसी कला है जो वाणिज्य के लिए बनी है। ऐसे में यदि आपकी भूमिका सही नहीं हुई तो आपको कोई पूछने वाला नहीं होगा।'

### सिंगर जस्टिन टिंबरलेक को दूसरी बार संतान प्राप्ति

**हॉलिवुड** के गायक और अभिनेता जस्टिन टिंबरलेक और उनकी पत्नी अभिनेत्री जेसिका बील को 2020 में दूसरी बार संतानप्राप्ति का सुख मिला है। अब जाकर टिंबरलेक ने इस समाचार को पुष्ट किया है। उन्होंने अपनी दूसरी संतान जो एक पुत्र है, का नाम फिनीज़ रखा है। गायक जस्टिन टिंबरलेक ने 'द एलेन डिजेनेरेस शो' के दौरान वर्चुअल सहभागिता करते हुए बताया कि वो दो बच्चों के पिता हैं। वो बहुत ही सुंदर और चंचल है। कोई भी सो नहीं रहा है। आगे उन्होंने बताया, 'हम रोमांचित हैं और इससे अधिक आनंदित हम हो ही नहीं सकते थे। हम ईश्वर के प्रति कृतज्ञता काभाव रखते हैं।' दोनों ने 2012 में ही विवाह संपन्न किया था। अप्रैल 2015 में उनके बीच उनके पुत्र सिलास का जन्म हुआ था। इसके बाद डिजेनेरेस का कहना है कि परिवार के बाहर उन्हें भी बील के गर्भ के बारे में पता था।'



# 'अपने काम से प्यार ही मुझे लगे रहने के लिए प्रेरित करता है'

**शिल्पा राव को हम ज़ी टीवी के शो 'इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग, में एक टीम का नेतृत्व करते देख पाएंगे। उनसे इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के पीछे की कहानी तथा इसके साथ ही ये भी जाना कि क्या वो वो इसे अपने संगीत को प्रमाणित करने के लिए ही इसमें सहभागिता कर रही हैं। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-**



**● आप ज़ी टीवी के कार्यक्रम इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग, में एक टीम के कप्तान के रूप में किसकी प्रेरणा से जुड़ने पर सहमत हुए?**

इस टीम के साथ मेरा एक भावनात्मक संबंध है। वे हमारे परिवार जैसे हैं। मैं कई शोज़ पर उनके साथ काम कर चुकी हूं। एक कारण तो ये था। इसके अलावा एक कारण ये है कि शो अच्छा और प्रदर्शन आधारित है। मैं तो संगीत से ही चालित होती हूं। वास्तव में कई मीडिया के लोग बताते हैं कि हम तो आपको कहीं देखते ही नहीं हैं। तो मैं उन्हें उत्तर देती हूं कि आप हमें एअरपोर्ट पर या फिर स्टूडियो में देख सकते हैं। मुझे पता है कि विपणन क्या होता है और आपका बाजारमूल्य आपको अगले स्तर पर ले जाने में समर्थ है। लेकिन अंततः तो यही होता है कि आप जो भी गाते हैं उसकी के आधार पर आपका आकलन होता है। मैं तो संगीत के लिए ही जी रही हूं और ये शो भी संगीत को ही प्रमुखता देता है और यही कारण है कि मैं इसका हिस्सा होकर प्रसन्न हूं। इस शो में मैं वो संगीत बजा सकी हूं जो मैं बजाना चाहती थी और इससे जुड़ने के पीछे मेरा ये एक महत्वपूर्ण कारण था।

**● प्रतिभागियों में आप किस प्रकार की विशेषताएं देखना चाहेंगे?**

मैं उनमें वे सभी गुण देखना चाहूंगी जो मैंने अपने गुरू जी हरिहरन जी से सीखे हैं। उनका कहना था, 'जब भी आप किसी गाने को सुनत हैं, तो देखिये कि वे इसमें क्या अच्छा कर रहे हैं। सभी को बताइये, इसपर काम कीजिये और इसे अगले स्तर तक ले जाइये। आप कभी भी किसी में कमी निकालते हुए उससे वार्तालाप प्रारंभ न कीजिये। संगीत के बारे में ये बहुत महत्वपूर्ण है। संगीत का क्षेत्र इतना विस्तृत है कि आपको निरंतर सीखते ही रहना होता है। आजकल का युवा सदैव शीघ्रता में रहता है। वे बहुत जल्दी ऊंचाइयों पर पहुंचना चाहते हैं। मैं कभी कभी ये सोचकर घबरा जाती हूं कि जीवन में उनका क्या होगा। वे सीख क्या और कैसे पाएंगे। सभी को सीखने की इस लंबी प्रक्रिया का आनंद लेना आना चाहिये।

**● आप कई हिट गाने दे चुके हैं लेकिन आप आज भी उतने ही उत्साह से काम करते हैं। क्या आपको इससे कभी ऊबन नहीं होने लगती?**

इसका उत्तर तो संगीत ही है। मुझे संगीत से लगाव है और मैं इसीको जीता हूं। जैसा कि मैं पहले ही बता चुकी हूं कि हमारे युवाओं को समझना होगा कि वे इस क्षेत्र में क्यों हैं। यदि वे स्टार बनना चाहते हैं तो एक बिंदु के बाद उन्हें काम का आनंद मिलना कम होता जाएगा। लेकिन यदि आप ये संगीत के प्रति अपने लगाव के चलते करते हैं तो आप आजीवन अपने काम का आनंद लेते रह सकते हैं। जब आप संगीत में संतुष्टि खोज लेंगे तो आपको हर बार उसी उत्साह से काम करने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

**● आपको कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं? क्या आप उन्हें अपने प्रकार के संगीत का प्रमाणपत्र मानते हैं या फिर आप उन्हें गंभीरता से नहीं लेते?**

हर बात का आपपर कुछ न कुछ प्रभाव अवश्य होता है। मैं झूठ नहीं बोलूंगीं। यदि आपका नामांकन होता है और आप पुरस्कार जीत जाते हैं तो इसका आप पर प्रभाव अवश्य पड़ता है लेकिन यदि आपका नामांकन होता है और आप पुरस्कार नहीं जीत पाते तो इसका भी आप पर प्रभाव पड़ता है। मेरे कई काम जिनमें बुल्लेया, मनमर्जियां, मलंग था मेहरबान प्रमुख है और ये मेरे दिल के भी निकट हैं, इन्हें कभी किसी प्रकार का नामांकन नहीं मिला। 2010 से 2020 तक मुझे किसी भी प्रकार के पुरस्कार के लिए नामांकन नहीं मिला जबकि मेरे कई गाने हिट हुए थे और हर साल मेरे हिट गाने जा रहे थे। आपपर इनका प्रभाव तो पड़ता ही है कभी आप हर्षित होते हैं तो कभी भावुक। लेकिन अगली सुबह आपको इनसे उबर जाना चाहिये। फिर से आप नया प्रारंभ कीजिये। इन प्रभावों से आप किसी भी प्रकार से भावुक न हो जाइये। मैं जीतू या हारूं, मुझे अपने काम के प्रति प्यार ही मुझे काम में लगे रहने के लिए प्रेरित करता रहता है।

**● आपके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण गाना कौन सा था?**

ऐसे कई गाने हैं जो काफी कठिन थे। मुडि मुडि भी ऐसा ही एक गाना था क्योंकि मैं उस समय एक महान संगीतकार के सामने था। मैं इस कारण से ही काफी घबरा गया था। इसके अलावा गाना भी कठिन था। बुलेया भी कठिन गाना था क्योंकि ये एक जटिल तथा भावुक गीत था।

## वेब बैड



### कमिंग टु अमेरिका

ज़मूंडा जैसे हरे-भरे देश में नए राजा अकीम और उनके विश्वासपात्र सेम्मी एक नई साहसिक यात्रा पर निकल पड़ते हैं। इस यात्रा में वे अफ्रीका से न्यर्याक पहुंच जाते हैं जहां से ये सब प्रारंभ हुआ था। रिलीज़ इसी साल मार्च में अमेजॉन प्राइम वीडियो पर।



### फेटः द विंक्स सागा

अपनी शक्तियों को और बढ़ाने के लिए एक युवाओं का एक दल रोमांस, शत्रुता और मायावी कलाओं के अध्ययन के लिए अल्फी में उत्सुक हैं जो जादू सिखाने वाला एक स्कूल होता हैं कलाकारों में अबीगेल कोवेन, हाना वान डेर वेस्थूइसेन तथा मुस्तफा प्रमुख हैं। नेटलिक्स पर 22 जनवरी से रिलीज़।



### आउटसाइड द वायर

अग्रिम भविष्य में एक ड्रोन पायलट जिसे युद्ध के मैदान में भेजा गया था, एक दूसरे एंड्रॉएड अधिकारी से मिलता है जो परमाणु युद्ध को रोकने के मिशन पर है। कलाकारों में एंथनी मैकी, डैम्सन इदरिस तथा एमिली बीकैम आदि प्रमुख हैं। ये 15 जनवरी से नेटलिक्स पर उपलब्ध है।

## रुपहले पर्दे के नायकों ने भी किया क्रिकेट के नायकों को सलाम




**मुंबई।** अमिताभ बच्चन से लेकर शाहरुख खान और मोहन लाल तक रील लाइफ के नायकों ने रीयल लाइफ के नायकों को सलाम करते हुए आस्ट्रेलिया को टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से मात देने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ की। फिटनेस समस्याओं के कारण अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरी भारतीय टीम ने ब्रिसबेन में 328 रन का रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके चौथा टेस्ट और बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती। शाहरुख ने ट्वीट किया , हमारी टीम की क्या शानदार जीत। पूरी रात जागकर हर गेंद देखी। अब आराम से सो सकूंगा और इस ऐतिहासिक पल को याद करूंगा। उन्होंने लिखा, सभी लड़कों को प्यार। इस जीत तक पहुंचने के लिए उनके जुझारूपन का मुरीद हो गया। चक दे इंडिया। अमिताभ बच्चन ने लिखा , इंडियाााााा इंडिया। ठोक दिया आस्ट्रेलिया को। शानदार जीत। बधाई बधाई बधाई। शरीर पर हमले। चोट। नस्लीय टिप्पणियां। अतुल्य भारत। अक्षय कुमार ने लिखा , टीम इंडिया को शानदार प्रदर्शन पर बधाई। प्रतिकूल परिस्थितियों में मिली जीत। इतिहास रच दिया। वाकई चैम्पियन। रणवीर सिंह ने लिखा , ऐतिहासिक जीत। क्या प्रयास था। गौरवान्वित हूं। अनिल कपूर ने लिखा, ऐतिहासिक जीत। अजिंक्य रहाणे को ऐसी युवा टीम की कप्तानी पर बधाई। शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा और ऋषभ पंत की शानदार पारियां। दक्षिण भारत के सुपरस्टार महेश बाबू ने लिखा, एक बार फिर इतिहास रचाा गया। गाबा का किला फतह। अभी भी नींद में हूं। इस दिन को लंबे समय तक याद रखूंगा। बधाई टीम इंडिया। मोहन लाल ने भी इस जीत को ऐतिहासिक बताकर टीम को बधाई दी। अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने लिखा, क्या जीत थी। गाबा फतेह। टीम इंडिया टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर।

## जुबैदा अच्छी कमाई नहीं कर पाई, लेकिन ये फिल्म मेरे लिए आज भी है खास : श्याम बेनेगल

**मुंबई।** एक अभिनेत्री एवं राजस्थान के एक राजा के अंतरधार्मिक विवाह की पृष्टभूमि पर बनी फिल्म जुबैदा 20 साल पहले रिलीज हुई थी तो बॉक्स ऑफिस पर बहुत कमाई नहीं कर पाई लेकिन इस फिल्म के निर्देशक श्याम बेनेगल के दिल में आज भी यह फिल्म एक खास स्थान रखती है क्योंकि यह भारत के सामंतवादी समाज से लोकतांत्रिक समाज में बदलाव को प्रतिबिंबित करती है।

बेनेगल ने कहा कि वह जुबैदा बेगम के प्रति आकर्षित तब हुए जब उन्होंने अखबार में खालिद मोहम्मद का लेख पढ़ा और सोचा कि यह खुबसूरत प्रेम कहानी थी। उन्होंने बताया कि जुबैदा बेगम की पहली शादी से पैदा बेटा मोहम्मद , शुरुआत में बड़े पर्दे के लिए अपनी मां की कहानी बताने में संकोच कर रहे थे लेकिन बाद में उन्होंने उसे बताया और इस किरदार को पर्दे पर करिश्मा कपूर और मनोज वाजपेई ने निभाया व वर्ष 2001 में इसी नाम से फिल्म रिलीज हुई। फिल्म में राजकुमार की पहली पत्नी का किरदार रेखा ने निभाया।



जुबैदा फिल्म के रिलीज की 20वीं सालगिरह के मौके पर पीटीआई-भाषा को दिए गए साक्षात्कार में बेनेगल ने कहा, उसमें काम करने वाले किसी ने नहीं कमाया। मैं नहीं मानता कि किसी ने भी फिल्म को पैसे के लिए किया लेकिन फिल्म ने राष्ट्रीय अवार्ड जीता।

फिल्म के निर्देशक बेनेगल ने कहा, ...मैं नहीं मानता कि फिल्म ने वित्तीय मामले में अच्छा किया। हम खुश हैं कि जिस तरह से सब हुआ। मैं नहीं मानता कि फारूख रत्तनोसे (निर्माता) खुश थे, वह इससे बहुत पैसा कमाने की उम्मीद कर रहे थे। उन्होंने इस फिल्म में अभिनेत्री जुबैदा बेगम और जोधपुर के महाराजा हनवंत सिंह की प्रेम कहानी को उतारा था। इस दंपति की मौत भारत के पहले लोकसभा चुनाव में सिंह की लगभग निश्चित जीत की खुशी मनाने के लिए निजी विमान से जाने के दौरान हुई। उनका विमान 26 जनवरी 1952 को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और विमान को सिंह उड़ा रहे थे। बेनेगल ने पुराने दिनों की याद करते हुए कहा कि आजादी से पहले उनका जन्म भी हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने बताया कि जुबैदा उन्हें उनके अपने दिनों की याद दिलाती है जब वह अपने आसपास बदलाव महसूस कर सकते थे।

## बेन एफ्लेक और एना डी अरमास अलग हुए

भाषा। लॉस एंजिलिस

**हॉलीवुड** जोड़ी बेन एफ्लेक और एना डी अरमास ने डेटिंग शुरू करने के सिर्फ एक साल बाद ब्रेकअप कर लिया। दोनों कलाकारों की आगामी थ्रिलर फिल्म 'डीप वॉटरै के सेट पर मुलाकात हुई थी और जल्द ही दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी थी। इनके एक करीबी



सूत्र ने पीपुल पत्रिका को बताया कि 32 वर्षीय अरमास ने अपने रिश्ते को समाप्त करने का फैसला किया क्योंकि लॉस एंजिलिस में स्थाई रूप से रहने की उनकी कोई योजना नहीं है। सूत्र ने बताया, बेन अब एना को डेट नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इसे तोड़ दिया। उनका रिश्ता जटिल था। एना लॉस एंजिलिस में रहना नहीं चाहतीं और बेन के बच्चे लॉस एंजिल्स में रहते हैं। एक अन्य सूत्र ने बताया कि जोड़ी का ब्रेक अप आपसी समझदारी से और पूरी तरह से सौहार्दपूर्ण स्थिति में हुआ है। एफ्लेक की शादी पहले अभिनेत्री जेनिफर गार्नर से हुई थी, जो 2005 से 2018 तक चली। दोनों के तीन बच्चे 14 वर्षीय वायलेट, 11 वर्षीय सेराफीना और आठ वर्षीय बेटा सैमुअल हैं।

## सलमान की फिल्म राधे ईद पर होगी रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान ने इस साल ईद के मौके पर सिनेमाघरों में राधे-योर मोस्ट वांटेड भाई की रिलीज की पुष्टि कर दी है। प्रभुदेवा के निर्देशन में बनी यह फिल्म पिछले साल 22 मई को ईद के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के वजह से यह फिल्म रिलीज नहीं हो पाई। पिछले महीने अभिनेता ने अपने जन्मदिन पर कहा था कि दर्शकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। ट्विटर पर 55 वर्षीय अभिनेता ने विलंब से जवाब देने के लिए सिनेमाघरों के मालिकों से माफी मांगी है। सिनेमाघरों के मालिकों ने उनसे अपील की थी कि वे इस फिल्म को सिनेमाघर में रिलीज करें। खान ने एक बयान में कहा, इस कठिन समय में यह एक बड़ा फैसला था। सिनेमाघर के मालिकों और सिनेमा दिखानेवालों की वित्तीय परेशानियों को मैं समझ सकता हूं और मैं राधे को सिनेमाघर में रिलीज करके उनकी मदद करना चाहूंगा। अभिनेता ने कहा कि वह चाहते हैं कि सिनेमाघरों के मालिक कोविड-19 सुरक्षा निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।



मुंबई में जुहू में अपनी कार से उतरतीं फिल्म अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा

# चुनाव के लिए सीतापुर पहुंची मतपत्रों की खेप

## दिल्ली से छपाई कराकर लाए गए मतपत्र

संवाददाता। सीतापुर

**त्रिस्तरीय पंचायत** चुनाव में विभिन्न पदों पर प्रयोग होने वाले मतपत्रों की खेम मंगलवार को पहुंच गई। दिल्ली स्थित प्रेस में छपाई के बाद इन्हें भारी सुरक्षा इंतजामों के साथ सीतापुर लाया गया, जिन्हें पुरानी तहसील के डबल लॉक में सुरक्षित रखवाया गया। अब वहां पर संगीनों के संग पुलिस जवानों का पहरा रहेगा। आपको बता दें कि सीतापुर में 1601 ग्राम पंचायतें हैं। सभी ग्राम पंचायतों का पंच वर्षीय कार्यकाल 25 दिसंबर को खत्म हो चुका है। नए पंचवर्षीय गठन के लिए चुनाव कराए जाने थे मगर कोरोना महामारी के चलते यह चुनाव समय पर कराए नहीं जा सके। अब सरकार ने कोरोना प्रकोप के बीच में पंचायत चुनाव कराने का फैसला लेकर इसकी तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही है। इस चुनाव में सीतापुर जिले को एक करोड़ 22 लाख 32 हजार मतपत्रों का प्रयोग होगा, ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 32 लाख चार सौ, प्रधान पद के लिए 26 लाख 47 हजार 9 सौ, बीडीसी के लिए 31 लाख 98 हजार एवं जिला पंचायत सदस्य पद 31 लाख 85 हजार 7 सौ मतपत्रों का इस्तेमाल किया जाएगा। प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए प्रयोग होने वाले मतपत्रों की छपाई दिल्ली प्रेस में कराई गई। मंगलवार को संगीनों के साये में सभी पदों के मत पत्र सीतापुर पहुंच गए हैं, जिन्हें पुरानी तहसील के भवन में डबल लॉक में सुरक्षित रखवा दिया गया है। अब वहां पर चौबीस घंटे पुलिस का पहरा रहेगा।



## उच्च विद्यालय रसूलपुर बाजार में लगी चौपाल

**सीतापुर।** पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से ब्लॉक पहला की ग्राम पंचायत गौरा के उच्च विद्यालय रसूलपुर बाजार में चौपाल लगाई गई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने योग्य उम्मीदवारों को चुनने का आह्वान किया। डीएम ने समसाबाद बिस्मिल्लाह स्वयं सहायता समूह से ड्रेस सिलाई पेमेंट के बारे में जानकारी ली और पेमेंट न मिलने की शिकायत मिलने में पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बीडीओ को स्वयं साहायता समूह को भुगतवान दिलवाए जाने के निर्देश दिए। दोनो अधिकारियों ने पौध रोपण किया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पहला श्रीकृष्ण प्रेमी, तहसीलदार महमूदाबाद अशोक कुमार, सीडीपिओ विजय लक्ष्मी, अवर अभियंता सुंदरलाल वर्मा, पंचायत सचिव अनुरूध्द वर्मा, एसबी सिंह, अध्यापक सत्यप्रकाश आदि मौजूद थे।

# विकास कार्यों की हकीकत परखेगी विधान सभा की प्राक्कलन समिति

## आज सीतापुर दौरे पर आएगा दस सदस्यीय दल

संवाददाता। सीतापुर

**अगले बरस** यानी 2022 में असेंबली चुनाव हैं। चुनावी साल मानकर अब योगी सरकार ने जिलों में विकास कार्यों की हकीकत परखनी शुरू कर दी है। शायद यही वजह है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति की द्वितीय उप समिति की दस सदस्यीय टीम बुधवार को सीतापुर आएगी। यहां पर विभागीय अफसरों के संग बैठक में गुतगू कर सरकारी विभागों की परियोजनाओं की हकीकत जानेंगी। बाद में अपनी रिपोर्ट सरकार को देगी।आपको बता दें कि शासन स्तर से गठित उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति की द्वितीय उप समिति में ज्ञानेंद्र को सभापति बनाया गया है। जबकि सुरेश्वर सिंह, साकेंद्र प्रताप वर्मा, रोशन लाल वर्मा, धर्मेंद्र सिंह शाक्य पप्पू भइया, दुर्गा प्रसाद यादव, राकेश प्रताप सिंह, डॉ. हरगोविंद भार्गव, कुंवर माधवेंद्र प्रताप सिंह और आशीष सिंह पटेल आशू को बतौर सहयोगी सदस्य बनाए गए हैं। दस सदस्यीय यह टीम बुधवार की दोपहर बारह बजे लखनऊ से सीतापुर के लिए रवाना होगी और वाया सड़क मार्ग होते हुए सीतापुर सर्किट हाउस पहुंचेगी। यहां पर यह टीम समाज कल्याण विभाग, नगर विकास विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, गृह विभाग, ऊर्जा विभाग तथा पर्य्रटन विभाग के अधिकारियों के साथ ही बैठक करेंगी और बिंदुवार संबंधित विभागों की कार्यों की समीक्षा कर प्रगति जानेंगे। इसके अलावा यह टीम विकास कार्यों का स्थलीय सत्यापन भी करेंगे।

## क्विक न्यूज

### राजकीय इण्टर कालेज में लगा मेडिकल शिविर

**सीतापुर।** पिसावां के राजकीय इण्टर कालेज नेरी में मेडिकल शिविर लगा। यहां 152 बालिकाओं की कोरोना आरटीपीसीआर जांच के लिए सैम्पल लिए गए। मैडिकल टीम डॉ अनुराग राजन, प्रशांत शुक्ला, सुरेंद्र कुमार वर्मा, संदीप कुमार आदि शामिल थे।

### चोरों के हौसले बुलंद

**सीतापुर।** जिले में चोरों के हौसले बुलंद हैं। अब चोर बड़े वहानों पर भी हाथ साफकरने लगे हैं। लहरपुर कोतवाली के गांव अकबरपुर में सोमवार रात सुशील कुकार के घर के बाहर खड़ी कार चोर उड़ा ले गए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई हैं।

### युवा सप्ताह समापन समारोह का आयोजन

**सीतापुर।** शहर के मदर्स प्राइड स्कूल में नेहरू युवा केन्द्र की ओर युवा सप्ताह समापन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डीडीओ राकेश पाण्डेय ने अलग-अलग विकास खण्डों के विजेयताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र रोशनी पटवा, विद्यालय की प्रबंधिका मोनिका आनन्द, जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा व मनु शर्मा आदि मौजूद थे।

### जूनियर शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई की हुई बैठक

**सीतापुर।** बीआरसी मिश्रिख में जूनियर शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई की बैठक हुई। इसमें चयन वेतनमान, रूके वेतन के भुगतान आदि पर चर्चा की गई। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रणविजय, मंत्री प्रेम कुमार आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

**रामकोट सीतापुर।** रामकोट थाना के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गुफ्फापुरवा के राजेंद्र प्रसाद घायल हो गए। बताया जा रहा कि घायल व्यक्ति मिश्रिख बीडीओ का ड्राइवर है। घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

### संग्रह अमीनों की यूनियन गठित करने के लिए हुई बैठक

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर तहसील में संग्रह अमीनो की यूनियन गठित करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सर्व सम्मति से प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को तहसील अध्यक्ष, संजय कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष, मनोज कुमार बाजपेई को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सत्येंद्र कुमार वर्मा को महामंत्री, रामलखन मिश्रा को संगठन मंत्री, प्रमोद वर्मा को संयुक्त मंत्री, राजेश कुमार पाल को कोषाध्यक्ष, वितय कुमार को ऑडिटर और सर्वेश कुमार दीक्षित को सचिव नियुक्त किया गया।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**सीतापुर।** श्री कृष्णा ग्रुप ऑफएजुकेशनल इंस्टीट्यूट में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर एक दिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें डायट प्राचार्य मनोज कुमार अहिरवार, डा. प्रनिता सिंह, प्रवक्ता अमित कुमार, रश्मी सिरोही, बृजपाल, आशीष स्वरूप जायसवाल, रामशंकर, रेखा, रोमा आदि ने नई शिक्षा नीति का विश्लेषण किया।

### प्रा.वि. हिलालपुर में हुई संकुल शिक्षक की मासिक कार्यशाला

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के संकुल शिक्षक की मासिक कार्यशाला प्राथमिक विद्यालय हिलालपुर में हुई। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार ने मिशन प्रेरणा के लक्ष्य को समय से प्राप्त करके लहरपुर को प्रेरक ब्लाक बनाने का आह्वान किया। शिक्षक संकुल मुशीर अहमद, राकेश वर्मा उस्मान अली, जेनुल हसन अंसारी, रफीक अहमद, अब्दुल हफीज, राम कैलाश रस्तोगी आदि ने प्रस्तुतीकरण देकर नवीन शिक्षण विधियों से वाकिफकराया।

### बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े पार की बाइक

**सीतापुर।** बेखौफचोरों ने जिला अस्पताल से दिन दहाड़े बाइक पर हाथ साफकर दिया और अस्पताल चौकी पुलिस धूप ही सेंकती रह गई। षहर के हबीबपुर निवासी नरेन्द्र कुमार बाइक से अस्पताल दवा लेने आए थे, वह परिसार में बाइक खड़ी करके दवा लेने चले गए, वापस आए तो मोटर साइकिल गायब मिली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### नाबालिग से छेड़छाड़

**सिधौली सीतापुर।** अटरिया क्षेत्र के एक गांव में मवेशी चरा रही नाबालिग लड़की से पड़ोसी गांव के रामलखन ने छेड़छाड़ की है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। थाना प्रभारी रामनरेश यादव ने बताया कि छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव पर एफआईआर दर्ज

**हरगांव सीतापुर।** हरगांव विकास खण्ड की चर्चित ग्राम सभा नवीनगर से जुड़ा है जहां पर हिस्ट्रीशीटर घोटालेबाज ग्राम प्रधान गुड्डू साईं और पंचायत सचिव राजेश सिंह पर एफआईआर दर्ज करा दी गई है। बता दें आशू पांडेय के शिकायती प्रार्थना पत्र और महेश प्रसाद के शपथ पत्र पर तीन सदस्यीय टीम ने नवीनगर में विकास कार्यो की जांच की थी। सहायक एडीओ धनज्जय सिंह ने लहरपुर कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है।

### प्रकाश पर्व लंगर का आयोजन आज

**सीतापुर।** 20 जनवरी को गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री गुरू सिंघ सभा की ओर से शहर के गुरूनानक नगर में प्रकाष पर्व लंगर का आयोजन किया जाएगा। षाम पांच बजे से पड़ाव मार्केट में प्रसाद वितरण होगा। गुरू सिंघ सभा सीतापुर के अध्यक्ष चरनजीत सिंह ने दी। सिधौली के रामपुर भरौना में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को आधुनिक खेती करने के तरीके बताए गए। इस मौके पर विश्वनाथ यादव, रामसेवक यादव, शिवनारायण यादव, सुरेश चंद्र पाल, राम सिंह, गंगाराम, मनोहर लाल, सुंदरलाल, मुन्नालाल रेवती आदि मौजूद थे।

### भाजपा नेता ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**सीतापुर।** मंदिर निर्माण के लिए धनराषि एकत्र करने के लिए नैमिषारण्य में मिश्रिख - नैमिष अभियान प्रमुख और भाजपा नेता मनोज पांडेय की अध्यक्षता में जन सम्पर्क अभियान चला। विश्व हिन्दू परिषद संगठन मंत्री विमल की उपस्थिति में तीर्थ के सभी प्रमुख मंदिर प्रमुखों और लोगों से सम्पर्क किया गया। अभियान में अभिषेक, स्वदेश, आलोक आदि षामिल रहे।

### गांव रतौसिया में छात्रों ने देखा बाघ

**पिसावां सीतापुर।** पिसवां थाना क्षेत्र के गांव रतौसिया के विद्यार्थी अंकित और गौरव ने गांव के नजदीक बाघ देखे जाने का दावा किया है। उन्होंने इसकी तस्वीर भी मोबाइल में कैद की है। हालांकि जांच करने पहुंची वन विभाग की टीम भेड़िया बता रही है। वन रक्षक विनीत कुमार का कहना है पगचिन्ह बहुत छोटे हैं, ऐसे में बाघ होने की सम्भावना न के बाराबर है।

### पीएम भेजेंगे आवास प्लस योजना के लाभार्थियों के खातों में 16 सौ करोड़ रूपए

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आवास प्लस योजना के तहत बुधवार 16 सौ करोड़ रूपए लाभार्थियों के खतों में आनलाइन भेजेंगे। इसमें सीतापुर 43 हजार 64 लाभार्थियों को 172 करोड़ की धनराषि मिलेगी। इस दौरान एनआईसी में सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, सीडीओ और पीडी के साथ 10 लाभार्थी भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री अन्य जनपदों के 5 लाभार्थियों से बात भी करेंगे। इस आशय की जानकारी परियोजना निदेशक अरुण कुमार सिंह ने दी।

### दो तहसीलदारों के बदले कार्यक्षेत्र

**सीतापुर।** डीएम विशाल भारद्वाज ने लगातार दूसरे दिन भी फेरबदल एक्सप्रेस स्टार्ट रखी। मंगलवार को उन्होंने दो तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। मिश्रिख में न्यायिक तहसीलदार अभिषेक प्रताप को बिसवां तथा बिसवां के तहसीलदार राजकुमार गुप्ता को मिश्रिख का न्यायिक तहसीलदार बनाया गया है।

### अन्नपूर्णा सेवा संस्थान ने कोरोना योद्धाओं को किया सम्मानित

**सीतापुर।** कोरोना काल में मदद देने के लिए अन्नपूर्णा सेवा संस्थान ने केशव केशव ग्रीन सिटी के संचालक मुकेश अग्रवाल, उनके पिता प्रह्लाद अग्रवाल, पत्नी श्वेता अग्रवाल, पुत्र राहुल और केशव अग्रवाल को सम्मानित किया है। संस्थान अध्यक्ष अनिल द्विवेदी, अभय श्रीवास्तव, यासीन इब्ने, उमर, शैलेन्द्री तिवारी ने केशव ग्रीन सिटी पहुंचकर सम्मान दिया। इस मौके पर राकेश यादव, मोहित शुक्ला, रामकुमार शुक्ला, अमित श्रीवास्तव, मुकेश गुप्ता, आकाश राठौर आदि मौजूद थे।

### राजस्व निरीक्षक को डीएम ने लगायी फटकार

**सीतापुर।** जिलाधिकारी भारद्धाज ने महमूदाबाद तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में रामपुर मथुरा राजस्व निरीक्षक रमाकांत अवस्थी को नक्शा दुरुस्त न करने पर फटकार लगाई, साथ ही उन्होंने एसडीएम सुरेश कुमार से मामले की जांच रिपोर्ट तलब की है। कांग्रेसी नेता अय्यूब अहमद डंपी ने सीएचसी में एक्स-रे मशीन लगवाने तो अंकुर ने प्रत्येक चौराहे पर शौचालय बनवाने की मांग रखी। इस मौके पर सीडीओ संदीप कुमार, एसडीएम महमूदाबाद सुरेश कुमार आदि मौजूद थे।

### तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**सीतापुर।** महमूदाबाद के सहरा गांव में इन दिनों चौके-छक्कों की बरसात हो रही है। यहां आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ पं. संतोषी लाल शुक्ल मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रवक्ता शैलेंद्र वर्मा, दबिंदापुर के प्रधान राकेश वर्मा, सहरा के प्रधान संतोष राजेश कुमार वर्मा, सुरेंद्र कुमार वर्मा, मो. हाशिम, दिनेश कुमार, राजकुमार, नदीम, अंबुज कुमार आदि मौजूद थे।

### हजारों का माल ले उड़े चोर

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा कस्बे में चोरों ने मिठाई की दुकान के साथ ही एक घर पर धावा बोलकर हजारों का माल उड़ा दिया। तंबौर रोड स्थित मौर्या मिष्ठान भंडार का ताला तोड़कर 4 हजार की नगदी के साथ ही मिठाई उठा ले गए। सरोज कुमार के घर में चोरों के घुसने पर घर के लोग जग गए, ऐसे में चोर एक बैग ही ले जा पाए। बैग में हजारों की नगदी और कुछ जरूरी सामान था। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### अध्यात्म विद्यापीठ ब्रह्मचर्याश्रम में वितरित हुए स्वेटर

**नैमिषारण्य सीतापुर।** नैमिषारण्य में स्वामी नारदानन्द सरस्वती द्वारा संस्थापित संस्कृत विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य राम चन्द्र पाण्डेय ने गुरुदेव की स्मृति में अध्यात्म विद्यापीठ ब्रह्मचर्याश्रम में स्वेटर बांटे। स्वेटर पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य हरिओम शुक्ल, ईशान्त त्रिवेदी, आचार्य राजेश त्रिपाठी, शिवशंकर मिश्र आदि मौजूद थे।

### कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** परिवहन विभाग ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई और डायट में कार्यशाला का आयोजन किया गया। एआरटीओ (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण ने राहगीरों के कर्तव्य, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, ट्रिपलिंग आदि की जानकारी दी। यात्रीकर अधिकारी शैहपर किदवई ने डीएलएड प्रशिक्षुओं को यातायात नियमों के बारे में बताया।

### बाइक रैली का आयोजन आज

**सीतापुर।** जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए बुधवार को बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली को विधायक रामकृष्ण भार्गव सुबह 9.30 बजे वैदेही वाटिका से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी और नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई।

### पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण पर गोष्ठी का आयोजन

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के एसआर पब्लिक स्कूल में इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें 21 छात्राओं ने हिस्सा लिया। जेनब फातिमा को प्रथम और पल्लवी द्विवेदी द्वितीय स्थान मिला। विजेताओं को मनोज मेहरोत्रा ने सम्मानित किया। इस मौके पर प्रबंधक प्रमोद मिश्रा, प्रधानाचार्य अनुपम श्रीवास्तव, राम गोपाल मिश्रा, मोहम्मद इकरार, अश्वनी जायसवाल, अरविंद वर्मा, रवि शाक्य, मोहम्मद रफी, संदीप कुमार, आशीष कुमार गौड़ आदि मौजूद थे।

### बीएल बनौगा ने यूनिटी क्रिकेट क्लब हिम्मतनगर को हराया

**सिधौली सीतापुर।** अटरिया के एसआरके स्पोर्ट एकादमी मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को बीएल बनौगा और यूनिटी क्रिकेट क्लब हिम्मतनगर के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर यूनिटी क्रिकेट क्लब हिम्मतनगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 122 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। बीएल बनौगा टीम ने 26.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया। 4 विकेट के साथ 43 रन बनाने वाले शिखर अवस्थी को मैन आफद मैच से नवाजा गया। इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक विनय मोहन और एसआरके पब्लिक इंटर कॉलेज की प्रबंधिका सीमा मोहन ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रभात यादव, ललित मोहन, उत्तम कश्यप, नरोत्तम, पीयूष, शुभम सिंह, तूफान सिंह आदि ने मैच का आनंद लिया।

### एसडीएम आरडी राम को दी गई विदाई

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर तहसील परिसर में आयोजित समारोह में एसडीएम आरडी राम को विदाई दी गई। बता दें एसडीएम आरडी राम का तबादला बिसवां तहसील हो गया है। इस मौके पर तहसीलदार मदन मोहन वर्मा, नायब तहसीलदार दिलीप कुमार, लेखपाल संघ अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, रजिस्टार कानूनगो कृष्ण मुरारी, सतीश चंद्र शुक्ला, मानवेंद्र कुमार, लेखपाल बृजेश कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

### सृजन अभियान तहत कार्यक्रम का आयोजन

**सीतापुर।** शहर सटे खगेशियमऊ गांव में कांग्रेस पार्टी ने सृजन अभियान तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत दीक्षित ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों से वाकिफकराया और भाजपा सरकार पर निशाना साधा। इस मौके पर धीरेश कश्यप, शैलेंद्र सिंह, जगदीश कनौजिया, संजय कुमार सनी, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

### इलाहाबाद बैंक मिश्रिख का बदल गया पता

**सीतापुर।** इलाहाबाद बैंक मिश्रिख का पता बदल गया है। अब यह बैंक मुन्ना लाल गुप्ता के मकान में चली गई है। यहां इंडियन बैंक के नाम से ग्राहकों को सेवाएं मिलेंगी। क्षेत्रीय महाप्रबंधक लखनऊ मंडल रविंद्र सिंह ने मंगलवार को फीता काटकर बैंक का उद्घाटन किया। इस मौके पर अनुभव गुप्ता, शाखा प्रबंधक मंसाराम अंजनी पांडे, अंचल प्रमुख विनीत बाजपाई, ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडे आदि मौजूद थे।

### खिचड़ी भोज का आयोजन

**पिसावां सीतापुर।** भाजपा की ओर से पिसवां के नेरी में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पधारे राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त उपाध्यक्ष ललित कला अकादमी गिरीश चंद्र मिश्र ने कहा कि दिल्ली के बॉर्डर पर चल रहा किसान आंदोलन कांग्रेस की उपज है, कुछ किसानों को बरगलाकर कांग्रेस देश मे अशांति फैलाकर सत्ता सुख भोगना चाहती है। कार्यक्रम कवियों ने भी समा बांधी। इस मौके पर जिला महामंत्री रोहित सिंह, उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी, ठाकुर अवधेश कुमार सिंह, श्रीनाथ बाजपेयी, कौशल दीक्षित, पंकज मिश्रा भोले, सुरेंद्र बहादुर पाण्डेय, महेंद्र त्रिवेदी, प्रमोद मिश्रा, हर्षराज सिंह, अमरेश अवस्थी ,आशीष पाण्डेय, लल्ला बाबू, अवधेश पाण्डेय, श्रीकांत मिश्रा, रामकृष्ण तिवारी, धर्मेंद्र गौतम, विद्याप्रकाश पाल, सोनू मिश्रा, शारद मिश्रा, ब्रजेश अर्कवंशी, शरद मिश्रा, अरविंद मिश्रा , रिशान्त शुक्ला, उत्कर्ष शुक्ल, अंकुर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# युवाओं के चहुंमुखी विकास से होगा राष्ट्रीय पुनर्निर्माण: राकेश पांडेय

संवाददाता। सीतापुर

**आज नेहरू** युवा केंद्र सीतापुर द्वारा युवा दिवस के उपलक्ष में आयोजित युवा सप्ताह का समापन समारोह मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल के सभागार में किया गया जिसमें 12 जनवरी से 18 जनवरी तक आयोजित विभिन्न विकास खंडों में विभिन्न प्रतियोगिताओ का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी राकेश पांडेय , विशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव , जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र रोशनी पटवा, विद्यालय की प्रबंधक मोनिका आनन्द, जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा एवं मनु शर्मा की उपस्थिति रही।

जिला विकास अधिकारी राकेश पांडे ने कहा कि युवाओं में असीम संभावनाएं हैं ऐसे प्रतियोगी कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं में प्रतिभा का संचार करना नेहरू युवा केंद्र का सराहनीय कार्य है जिसमे बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए ताकि उनका चहुमुखी विकास हो सके। कार्यक्रम मै युवा कलाकारों द्वारा नाटक का मंचन किया गया जिसका विषय अर्धनारेश्वर रहा एवं समस्त कलाकारों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन रहा द्यकार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता में परसेंडी ब्लॉक में प्रथम पुरस्कार कुलदीप अवस्थी द्वितीय कैफ अंसारी तृतीय सृष्टि संजय कुमार रहे 400 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार राममूर्ति द्वितीय पुरस्कार रविशंकर व तृतीय पुरस्कार कुमार रहे 200 मीटर बालिका दौड़ में प्रथम शालिनी द्वितीय रागिनी व तृतीय सुमित्रा 200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में प्रथम अमर सिंह द्वितीय अनूप यादव तृतीय प्रांशु रहे। कबड्डी में सूरज कुमार अनुपम कुमार ललित कुमार देवेंद्र सिंह शैलेंद्र कुमार रविशंकर विजयी रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सकरन लवलीन दीक्षित ने किया। इस अवसर पर हिमांशु कुमार गिरजेश कुमार संध्या त्रिवेदी अविनाश मिश्रा सोमी शर्मा मनजीत अनुज कुमार शुभम आदि लोग मौजूद रहे।

# आईजी जोन लखनऊ लक्ष्मी सिंह ने सम्पूर्ण समाधान का किया निरीक्षण

## सेल बनाकर शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश

**सीतापुर।** आईजी जोन लखनऊ लक्ष्मी सिंह ने सिधौली तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों को एसडीएम कार्यालय में एक सेल बनाकर निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पीडितों से बात करके ही शिकायतों का निस्तारण किया जाए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी संतोष राय, कार्यवाहक क्षेत्राधिकारी रवि शंकर प्रसाद, तहसीलदार मिथिलेश त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

## बिसवां के तहसील समाधान दिवस में सबसे कम शिकायतों का हुआ निस्तारण

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां के तहसील समाधान दिवस में सबसे कम शिकायतों का निस्तारण किया गया। यहां पर 50 शिकायतें आईं, इनके सापेक्ष सिर्फ2 मामले ही निपटाए जा सके। अध्यक्षता एसडीएम रामदरश राम ने की। इस मौके पर तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह, एडीओ पंचायत शैलेंद्र दीक्षित, वन क्षेत्राधिकारी सीके पांडेय, आपूर्ति निरीक्षक संजय यादव, सीडीपीओ मीरा श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक बिसवां इंद्रजीत सिंह चौहान आदि मौजूद थे।

# मानपुर इलाके में स्वास्थ्य टीम का छापा, दो मेडिकल स्टोर सीज

संवाददाता। मानपुर सीतापुर

## सीएचसी अधीक्षक बिसवां अमित कपूर ने शबा व अंसारी मेडिकल स्टोर को किया सीज

**इलाके के** बन्नीखरैला चौराहे पर कई वर्षों से अवैध रूप से संचालित झोलाछाप के मेडिकल स्टोर को कागज न दिखाने पर स्वास्थ्य महकमे द्वारा सीज कर दिया गया है। मानपुर इलाके में बिना लाइसेंस के झोलाछाप धड़ल्ले से मेडिकल स्टोरों का संचालन कर मोटा मुनाफ कमा रहे हैं। मंगलवार को बिसवां स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अमित कपूर ने इलाके में सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिससे दवा कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जिसकी भनक लगते ही मेडिकल स्टोरों के शटर गिर गए। स्वास्थ्य टीम ने बन्नी चौराहे पर संचालित शबा मेडिकल स्टोर जिसके मालिक परवेज आलम व अंसारी मेडिकल स्टोर के मालिक एखलाक अहमद से जरूरी कागजात दिखाने को कहा। दोनों कारोबारी कोई भी कागज स्वाथ्य टीम को नही दिखा सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विसवां के अधीक्षक अमित कपूर ने बताया कि झोलाछाप के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। लाइसेंस न दिखाने पर उक्त मेडिकल स्टोर सीज किये गए हैं।

# कलेक्ट्रेट सभागार में हुई कृषि तकनीकी प्रबन्ध अभिकरण (आत्मा) की बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी** विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कृषि तकनीकी प्रबन्ध अभिकरण (आत्मा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान डीएम ने आवश्यकताओं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए, इसमें उन्होंने कृषकों के भी सुझाव शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार, उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्रा, भूमि संरक्षण अधिकारी महोली आर.के. यादव, उप अग्रणी जिला प्रबंधक प्रीति पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राम अचल, वरिष्ठ वैज्ञानिक के.वी.के. अम्बरपुर डॉ. वी.के. सिंह आदि मौजूद थे।

# रंडा कोड़र में 3 वर्षों से खम्भे खड़े, नहीं पहुंची बिजली



संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**रेउसा की** ग्राम पंचायत रंडा कोड़र के मजरे खरपतपुरवा, बदनपुरवा और मुरली पुरवा में 3 वर्षों से खम्भे खड़े हैं लेकिन लाइट नहीं पहुंची है। अमरीश कुमार दीक्षित ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए वार्ता की है।

## अमृत योजना से कराए जा रहे कार्यों का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने सरोजनी वाटिका पार्क में अमृत योजना से कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पाथवे की ईंट निकलवाकर देखा। इसके बाद उन्होंने नगर पालिका परिषद पेयजल पुर्नगठन योजना के तहत मोहल्ला लोहारबाग में निर्माणाधीन पानी की टंकी के कार्यों एवं अन्य कार्यों को दिखा और जलनिगम के अधिशासी अभियंता को निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

## गोष्ठी का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर शूरवीर महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर शहर के महाराणा प्रताप पार्क में गोष्ठी का अयोजन किया गया। मुख्य अतिथि, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के सदस्य प्रदीप कुमार सिंह, ईसरत अली खां, पाताबोझ प्रधान अनिल सिंह, दिनेशपाल सिंह, कुवरवरूण सिंह तोमर, सुनील सिंह गौर आदि ने विचार रखे।

शपथ ग्रहण समारोह...

# नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को जिला जज ने दिलाई शपथ

संवाददाता। सीतापुर

**बार एसोसिएशन** सीतापुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मंगलवार को शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में जिले के बाहर से आए मेहमान भी साक्षी बने। चेयरमैन राज्य विधिज्ञ परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश के रोहताशव कुमार अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। बार एसोसिएशन के सभागार में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को जिला जज कुलदीप कुमार द्वितीय ने शपथ दिलाई। अध्यक्ष हरीश कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नजीर अहमद, उपाध्यक्ष विवेक शुक्ला व लखपत सिंह, शिवलेंद्र बहादुर सिंह व अनुराग श्रीवास्तव, महासचिव संजय सिंह, संयुक्त सचिव प्रशासन अनुज कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव प्रकाशन जया सिंह, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार भट्ट, संयुक्त सचिव पुस्तकालय विशाल सक्सेना, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य राम प्रताप सिंह, सदाशिव त्रिवेदी, सईद अहमद, विवेक गौरव गुप्ता, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव व राम मनोहर लोधी और कनिष्ठ कार्यकारिणी अनुज कुमार, बलीगअहमद, ललित किशोर, मोहम्मद फहीम व मिथिलेश कुमार वर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। सहायक चेयरमैन जय नारायण पांडेय, पूर्व चेयरमैन अजय कुमार शुक्ला, पूर्व सहायक अध्यक्ष राज्य विधिज्ञ परिषद प्रदीप कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## 548 शिकायतों में से 51 का मौके पर निस्तारण

**सीतापुर।** सीतापुर की सात तहसीलों में मंगलवार को हुए संपूर्ण समाधान दिवस में अफसरों को जनता ने अपनी समस्याएं सुनाई और उन्होंने विभिन्न मसलों से संबंधित दरख्वास्तें भी दीं। जिले में आईं 548 शिकायतों में से 51 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह को महमूदाबाद में 264 फरियादियों ने अपनी समस्या बताई। मौके पर 28 मामले भी निपटाए। सिधौली में 74 में से 5, बिसवां में 50 में से 2, मिश्रिख में 52 में से 6, लहरपुर में 38 में से 2, महोली में 21 में से 5 और सीतापुर में 49 में से 3 मामले निपटाए गए।

## एसडीएम सदर का बढ़ा कार्यभार

**सीतापुर।** एसडीएम सदर अमित भट्ट का कार्यभार बढ़ गया है। डीएम विशाल भारद्वाज ने तहसील के साथ एसडीएम सदर अमित भट्ट को शहर संभालने की जिम्मेदारी दी है। उन्हें प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट बना दिया गया है।

# गांव के बाहर मिली युवक की लाश, हत्या का आरोप

● परिजनों ने तीन लोगों पर लगाया आरोप



संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी।

**हैदराबाद** थाना क्षेत्र के गांव कोरैया में 35 वर्षीय युवक का शव गांव के उत्तर सड़क के किनारे संदिग्ध अवस्था में मृत पाया गया। मुखबिर की सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सुनीत कुमार ने शव को कब्जे में लेकर 246 जनहित जिला मुख्यालय भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना हैदराबाद के कोरिया गांव निवासी अशोक पुत्र रामभरोसे (35) का अच्छा संदिग्ध अवस्था में गांव के उत्तर सड़क के किनारे पड़ा मिला। परिजनों ने जिसकी सूचना हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक सुनीत कुमार को दी। मौके पर हैदराबाद प्रभारी निरिक्षक ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं परिजनों के अनुसार गांव के ही तीन लोग शाम को युवक को लेने उसके घर पर आए थे। उन्होंने ही इस सारी घटना को अंजाम दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक काफी सीधा साधा किस्म का व्यक्ति था। उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे थे। वह अपनी मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालन करता था। वह जलालपुर में किसी गुड़ के कोल्हू पर कार्य करता था। परिजनों ने गांव के ही तीन लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाकर तहरीर पुलिस को दी है। वहीं सुनीत कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम होने के पश्चात ही घटना का खुलासा हो पाएगा।

## समाधान दिवस में आई बाइस शिकायतें



**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील सभागार में आज संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने की। समाधान दिवस में कुल 22 शिकायतें पत्र आए जिनमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। आने वाली शिकायतों में प्रमुख रूप से राजस्व की 16, पुलिस की 06, विकास की 03, लोक निर्माण नगर पालिका और चकबंदी की एक-एक शिकायत प्रकाश में आई। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल, विकास खंड अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी, पूर्ति विभाग व नगर पालिका सहित तहसील स्तरीय अधिकारी सभी मौजूद रहे।

# कोरोना वारियर्स का किया गया सम्मान

● जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने किया सम्मान

● सीएमओ ने दी उत्तरदायित्व निभाने वाले कोरोना वारियर्स से संबंधित जानकारी



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**मंगलवार को** तहसील सदर में कोरोना वारियर्स का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें ज़िले के 15 कोरोना वारियर्स का सम्मान हुआ। विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी, डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, सीडीओ अरविंद सिंह ने सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल की उपस्थिति में संयुक्त रुप से कोरोना काल के दौरान सातों दिन सेवाएं प्रदान करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रमाण पत्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के कार्यक्रम के दौरान सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल ने सभी कोरोना वारियर्स द्वारा संभाले गए उत्तरदायित्व के संबंध में विस्तार से जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन सभी अधिकारी. कर्मचारियों के द्वारा कोविड-19 महामारी के दौरान निष्काम भाव से पूरे मनोयोग से सौंपे गए उत्तरदायित्व का पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ निर्वहन किया।

जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने कोरोना वारियर्स जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्ध प्रिय सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी रत्नेश चंद्र, जिलाधिकारी के स्टेनो राकेश कुमार त्रिपाठी, मीडिया प्रबंधन हेतु सूचनाकर्मी लोकेश कुमार गुप्ता, कोविड-19 चिकित्सालय जगसड़ के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. अमितेश, डीपीएम अनिल यादव, डा. विकास श्रीवास्तव, चिकित्साधिकारी आयुर्वेदिक डा. रिशु, उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. के सहायक अभियंता सुशील वर्मा, सीएचओ विकास शर्मा, डाटा एंट्री ऑपरेटर इंदु राज, अभिषेक गुप्ता, आलोक वर्मा, वार्डब्याय, केंद्रीय औषधि भंडार सत्य प्रकाश, वाहन चालक राजेंद्र पाल सिंह समेत कुल 15 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित किये गए।

## रक्तदान महायज्ञ का किया गया आयोजन



**मोहम्मदी-खीरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के स्वर्ण जयंती वर्ष एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष में आयोजित किए गए प्रांत स्तरीय रक्तदान महायज्ञ अभियान के अंतर्गत जनपद लखीमपुर खीरी में युवा प्रकोष्ठ द्वारा आरंभ की गई रक्तदान महायज्ञ श्रृंखला में 19 जनवरी मंगलवार को अभियान का पहला रक्तदान शिविर मोहम्मदी के बाजारगंज स्थित अस्तल धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 35 लोगों ने रक्तदान किया। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ मोहम्मदी संयोजक गोविंद गुप्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि स्वाति शुक्ला ने कहा कि रक्तदान से किसी व्यक्ति के सीधे प्राणों की रक्षा होती है और स्वयं के स्वास्थ्य को भी लाभ होता है। सभी को नियमित रक्तदान करना चाहिए। मैं स्वयं भी नियमित रक्तदान करती हूं। सभी को इस पुनीत काम में हाथ बंटाना चाहिए।

# फील्ड में उत्तरदायित्व का निर्वहन करें बैंक सखी:डीएम

● इंड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पहुंचे डीएम

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

मंगलवार को इंड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में वन जीपी वन बीसी प्रशिक्षण व कंप्यूटर एकाउंटिंग कोर्स कार्यक्रम के समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। बैंक सखियों व कंप्यूटर एकाउंटिंग कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त बालिकाओं को डीएम ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर डीएम ने परिसर में पौध रोपित किये।

डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी सभी बैंक सखियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। बैंक सखी पूरी निष्ठा सुचिता व ईमानदारी से उत्तरदायित्व का निर्वहन करें। आपके कंधों पर बड़ी व अहम जिम्मेदारी दी जा रही है। आप बैंक व ग्रामीणों के मध्य सेतु का काम करेंगी। ग्रामीणों तक बैंक सेवाओं को सुगमताए सुलभता के साथ मुहैया कराने में आपकी बड़ी भूमिका होगी। संस्थान के विषय विशेषज्ञों से प्राप्त प्रशिक्षण से लोगों को बेहतर सेवाएं मुहैया कराएं। इंडियन बैंक के मंडलीय प्रबंधक मनोज शर्मा ने कहा कि संस्थान द्वारा जो प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उसका उपयोग कर ग्रामीण को स्वरोजगार हेतु बैंकों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाएं। बैंक सखी का फील्ड में अहम रोल है। अपने किरदार को पूरी निष्ठा ईमानदारी से निष्पादित करें।



अग्रणी जिला प्रबंधक जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, प्रासंगिकता व आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने वन जीपी वन बीसी कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक बैंक सखी का चयन, प्रशिक्षण एवं इनके माध्यम से ग्राम स्तर पर बैंक सुविधाओं एवं सेवाओं को सुलभता के साथ उपलब्ध कराना है। संस्थान द्वारा किए गए अब तक कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। संस्थान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के साथ ही खेलकूद व योग विद्या सहित अन्य गतिविधियों से भी जोड़ने पर संस्थान द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर निदेशक इंड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान एसके जायसवाल सहित काफी संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनीं शिकायतें

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**तहसील** सभागार में आयोजित तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने जनसमस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील सभागार में आयोजित इस संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकांश शिकायतें, मतदाता सूची में गड़बड़ी, अवैध कब्जे, प्रधानमंत्री आवास में अलावा बड़ी मात्रा में भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से खनन की शिकायत की थीं। इसके अलावा ग्राम हथौड़ा रजवहा के पास क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण के अलावा कछौना से बेरुआ संपर्क मार्ग पर हेमनखेड़ा के पास बेतानाला की टूटी पुलिया की मरम्मत, ग्राम सभा कटियामऊ में प्रधान और लेखपाल द्वारा अपात्र लोगों को किए जाने वाले पट्टे, ग्राम हिन्दूखेड़ा में तालाब आबंटन में गड़बड़ी आदि की शिकायतें थीं। जिलाधिकारी ने इनपर तत्कार कार्रवाई के आदेश दिए।

### जुआ खेलते नौ को पकड़ा

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** क्षेत्राधिकारी गोला रविंद्र कुमार वर्मा ने खबर पाकर थाना गोला के स्टाफ के साथ मुन्नूगंज क्षेत्र में अचानक दबिश देकर नौ जुआरियों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। मौके से नकदी व ताश की गड्डी व मोबाइक आदि बरामद हुई है।जानकारी के अनुसार मंगलवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला आरके वर्मा को खबर मिली कि मोहल्ला मुन्नूगंज में लम्बे समय से जुआं का खेल होता है। जिसके बाद दोपहर में अचानक पुलिस बल के साथ छापेमारी की। इसमें मौके से पैसठ सौ दस रुपये नगद व कई मोटरसाइकिल व साइकिल बरामद हुई।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष नियुक्त हुए विवेक श्रीवास्तव



संवाददाता। फतेहपुर

**अखिल भारतीय** कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष पद पर विवेक श्रीवास्तव की ताजपोशी होने के बाद कायस्थ बंधुओं ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान महामंत्री पद पर पूर्व सभासद संजय लाला की ताजपोशी की गई है। हम आपको बता दें कायस्थ महासभा की कमान पहले भी विवेक श्रीवास्तव संभाल चुके हैं और एक बार फिर से प्रांतीय नेतृत्व ने उन पर विश्वास करते हुए जिले की कमान सौंपी है। वही जैसे ही कायस्थ समुदाय में यह सूचना फैली लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा औरअखिल भारतीय चित्रांश महासभा के जिलाध्यक्ष काली शंकर श्रीवास्तव, संरक्षक रामजी सहाय, लक्ष्मी कांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि 23 जनवरी को कार्यकारिणी का विस्तार कर के शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा।यह आयोजन सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह के साथ ही किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष, एमएलसी आशुतोष सिन्हा, चित्रांश महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, कायस्थ महासभा के प्रांतीय संयुक्त महामंत्री अनिल श्रीवास्तव शिरकत करेंगे।वही स्वागत करने वालों में श्रवण श्रीवास्तव,डॉ विवेक श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, संजय सिन्हा,राम जी श्रीवास्तव, प्रवीण प्रसून श्रीवास्तव,अभिषेक श्रीवास्तव,राकेश श्रीवास्तव, राहुल चित्रांशी, धर्मेंद्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कायस्थ बंधु मौजूद रहे।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वितरित हुए नियुक्ति पत्र

**फतेहपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के मध्यम से शिक्षकों को संबोधित करते हुए सभी नव निर्वाचित अध्यापको को बधाई व शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहा है कि पौने चार वर्ष के कार्यकाल ने सरकार का पूरा प्रयास रहा कि बिना भेदभाव के योजनाओ का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाया गया । 19 मार्च 2021 से हमारी सरकार के 04 वर्ष पूरे होने तक 03 लाख 75 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र दिए गए है । जिसमे 69 हजार शिक्षक, 01 लाख 37 हजार पुलिस की भर्ती करके नौकरी दी गई । प्रदेश में 436 प्रवक्ता सहायक अध्यापकों को स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित किये गए ।

## संपूर्ण समाधान दिवसः 168 में 12 को मिला त्वरित न्याय

संवाददाता। फतेहपुर

**संपूर्ण समाधान** दिवस का आयोजन तहसील बिन्दकी के सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ आज के समाधान दिवस शिकायतकर्ताओं से 168 प्रार्थना पत्र पर्याप्त हुए , जिसमे अधिकारियों द्वारा मौके पर 12 प्रार्थना पत्रो का निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत को रजिस्टर बनाकर अंकन किया जाय और विगत माह की शिकायतों का निस्तारण नही किया गया था तीन दिन के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित करे, अधिकारीगण प्रार्थना पत्रो के डिफल्टर के पहले ही निस्तारण कर दे ताकि जनपद की रैकिंग ठीक रहे। उन्होंने परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देश दिए कि अधिकारियो की टीम बनाये और शिकायतों में मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शिता के अनुसार निस्तारण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करे । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जो शिकायते प्राप्त हो रही है अधिकारीगण समयबद्धता से निस्तारण की कार्यवाही करे क्योकि सबको मिलकर चुनाव कराना है, के पूर्व शिकायतों को निस्तारण कराना सुनिश्चित करे । तहसील परिसर में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा 23 नए राशन कार्ड बनाना, यूनिट बढ़ाना आदि से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए । इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बिन्दकी प्रियंका, तहसीलदार, पीडी डीआरडीए, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, श्रम, जिला विकास अधिकारी, एआर को-ऑपरेटिव, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, विद्युत, जल निगम, आरईएस सहित अनेक जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

## क्विक न्यूज

### किसानों के समर्थन में 31वें दिन भी जारी रहा धरना

**फतेहपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा लाये गये नये कृषि कानूनों के खिलाफएवं दिल्ली में चल रहे किसानों के प्रदर्शन का समर्थन करते हुए नहर कालोनी प्रांगण में 31 वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना किसान नेता मनीष पटेल, जिला पंचायत सदस्य बब्लू कालिया व संरक्षक वीरेन्द्र पटेल के नेतृत्व में जारी रहा। प्रशासन द्वारा लगातार आंदोलन को समाप्त करने की दी जा रही चेतावनी पर किसान नेता मनीष पटेल ने कहा कि प्रशासन चाहे कितना प्रयास कर ले इस आंदोलन को खत्म नहीं कर पाएगा। जब तक बिल वापसी नहीं तब तक घर वापसी नहीं का नारा दिया। किसान मजदूर युवा शक्ति के सदस्य सिद्धार्थ एडवोकेट ने कहा कि सरकार हम लोगों को दमनकारी नीति से या तो जेल भेजें तभी धरना समाप्त हो सकता है अन्यथा धरना चलता रहेगा। धरने के संरक्षक वीरेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि जब तक दिल्ली में किसान बैठा है, तब तक धरना चलता रहेगा। यदि कुछ किसानों को जेल भी भेजते हैं तो दूसरे साथी इस आंदोलन को चलाते रहेंगे। इस मौके पर राकेश यादव, सैलाब सिंह, मनोज उत्तम, राजेश जाटव, दिनेश यादव, रमेश पटेल, अरुण दीक्षित, संदीप सांगा, मोहम्मद आसिफ सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव बनें सुनील उमराव

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव पद पर सुनील उमराव के मनोनयन होने के उपरांत डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामजी सहाय के नेतृत्व में माल्यार्पण करके उनका जोरदार स्वागत किया गया और मिष्ठान खिलाकर उन्हें बधाई दी गई। इस अवसर पर समाजवादी अधिवक्ता सभा के नवमनोनीत प्रदेश सचिव सुनील उमराव ने कहा कि प्रदेश हाईकमान ने जो उन पर विश्वास किया है उस पर पूर्णतया खरा उतरने का प्रयास करेंगे और अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठा कर उनके निराकरण के लिए लड़ाई लड़ने का काम करेंगे। इस अवसर पर शिव विक्रम एडवोकेट,बंसीलाल एडवोकेट, अनिल श्रीवास्तव एडवोकेट,प्रभुदत तिवारी, राजेश यादव, हर्षित तिवारी सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।'

### धान के बोरे चोरी करते पकड़ा गया चोर

**बिन्दकी (फतेहपुर)।** धान मिल परिसर से ई-रिक्शा में लादकर धान के बोरे चोरी कर ले जा रहे आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस को सूचना देकर हवाले कर दिया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार नगर के ललौली रोड कैलाश शिव मंदिर परिसर में राजू गुप्ता की धान मिल है। धान मिल परिसर में धान के भरे बोरे रखे हुए थे। तभी दिनदहाड़े एक चोर ई रिक्शा लेकर पहुंचा और धान के बोरे चोरी कर ले जाने लगा। जिस पर गार्ड मनीष शुक्ला की नजर पड़ गई। गार्ड ने शोर मचाया तो मिल परिसर में भारी भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने इसकी सूचना 112 नंबर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी चोर को पकड़कर कोतवाली ले गई। पुलिस आरोपी चोर के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर रही है। वहीं धान मिल परिसर से दिनदहाड़े धान के बोरे चोरी कर ले जा रहे चोर को देखकर हड़कंप मचा रहा। गार्ड मनीष शुक्ला के अनुसार पकड़े गए आरोपी चोर के साथ एक अन्य साथी भी था लेकिन मौका देखते ही वह भाग निकला।

### सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मौहार एनएच-2 पर मंगलवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। हालांकि अभी घायल व मृतक के नाम की जानकारी नहीं हो सकी है। वहीं साथ में आये युवक ने बताया कि दोनों कानपुर नौबस्ता के रहने वाले लगते हैं। सदर अस्पताल में घायल का इलाज किया जा रहा है। जिसकी हालत नाजुक बनी हुयी है।

### राम जन्मभूमि समर्पण अभियान का कार्यक्रम प्रारंभ



**फतेहपुर।** श्री राम जन्मभूमि समर्पण अभियान के तहत आज कलेक्टरगंज सभासद दिवाकर अवस्थी व भाजपा के दक्षिणी क्षेत्र के नगर अध्यक्ष जयप्रकाश फौजी के द्वारा कलेक्टरगंज इलाके में श्री रामचंद्र जी के मंदिर निर्माण हेतु दान कर्ताओं से एक 1000 रूपये की रसीद काट कर दान लिया गया जिसमें दान देने वाले में राज किशोर त्रिपाठी देशबंधु त्रिपाठी पंकज मिश्रा मोहित श्रीवास्तव त्रिपुरेश्वरी पार्टी राज कुमार त्रिपाठी आनंद शुक्ला आदि लोगों ने एक 1000 श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण हेतु स्वेच्छा से चंदा दिया है सभासद दिवाकर अवस्थी ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और आम जनमानस से अपील करते हैं कि ज्यादा से ज्यादा दान देकर मंदिर निर्माण को शीघ्र से शीघ्र पूरा कराने में मदद करें

# 15 ज्ञात व 70 अज्ञात के खिलाफडकैती का मुकदमा

संवाददाता। फतेहपुर

**शहर** कोतवाली क्षेत्र के दक्षिणी गौतम मोहल्ला में दो पक्षों के बीच हुये विवाद पर पुलिस ने दोनो तरफ से क्रास केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार वादी भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष गायत्री सिंह की तहरीर पर सात नामजद व साठ अज्ञात के खिलाफ पहले घर में घुसकर लूट आदि धाराओं में दर्ज किया गया था। सोमवार की रात दूसरे पक्ष के योगेश सिंह की तहरीर पर आठ नामजद व दस-पन्द्रह अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट व जान से मारने की धमकी आदि की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुये जांच शुरू कर दी गयी है।राजनीतिक गलियारों के साथ आम आदमी के बीच पुलिसिया कार्यवाही पर सवालिया निशान लग रहे हैं। राजनीतिक घेरेबंदी की बात करते हुये लोग कहते हैं कि पुलिस ने बीजेपी नेताओं को खुश करने के लिये ऐसी कार्रवाई की है। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रवीन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि बीजेपी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गायत्री सिंह की तहरीर पर दक्षिणी गौतम नगर निवासी स्वरूपराज उर्फ जूली, मनीष, टूली, राजवर्धन, मानिक गुप्ता, अखण्ड प्रताप सिंह, प्रबल सिंह तथा 60 अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर मारपीट करते हुए लूट की घटना कारित करने का आरोप लगाया है। एसएचओ ने बताया कि तहरीर के आधार पर धारा 395, 452, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दक्षिणी गौतम नगर निवासी योगेश सिंह की तहरीर पर बीजेपी महिला मोर्चा गायत्री सिंह, अनूप सिंह व उनके बेटे के अलावा समथ, संगीता मिश्रा समेत आठ लोगों को नामजद करते हुये 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 395, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। आज समूचे दिन राजनैतिक गलियारों में चर्चा रही कि पुलिस को इस तरह से फर्जी मुकदमा नहीं दर्ज करना चाहिये।

### राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा ने मनायी महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि

**असोथर, फतेहपुर।** कस्बे के एपीएस स्कूल में मंगलवार को महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमे क्षत्रीय महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयागराज मण्डल मीडिया प्रभारी ठाव शैलेश सिंह गौतम ने की। मौके पर आज के परिपेक्ष्य में माहाराणा प्रताप के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां अलग अलग वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप कोई व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार धारा हैं जिन्होने देश हित और स्वाभिमान को कायम रखने के लिए कोई समझौता नहीं किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रयागराज मण्डल मीडिया प्रभारी ठा0 शैलेश सिंह गौतम ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि महारणा प्रताप किसी जाती विशेष के लिए नहीं बल्कि वे अपने देश के हर वर्ग के हित और स्वाभिमान की रक्षा के लिए तत्पर थे। इस मौके पर ठश्रच् मण्डल अध्यक्ष अमित अग्निहोत्री, निर्मल सिंह, जयदेव सिंह, कुल्लू सिंह, शिवम सिंह, मनोज सिंह, नरसिंह, शौरभ अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा बूथ अध्यक्ष की बलवे में मौत के बाद बवाल

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**घर के** सामने दरवाजा रखने को लेकर हुए विवाद में पहले जमकर मारपीट हुई जिसमें भाजपा के बूथ अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल हो गए तथा इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद बवाल हो गया। आरोपितों के परिजन ने घर में आग लगाने का आरोप लगाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी रामचन्द्र राजपूत पुत्र रामदुलारे बूथ न0108 ग्राम पड़री के अध्यक्ष थे तथा उनसे पड़ोसी राजेन्द्र पुत्र श्रीराम से घर के सामने दरवाजा रखने को लेकर विवाद हो गया था। राजचन्द्र ने राजेन्द्र के दरवाजा रखने पर आपत्ति की। परिणामत: दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। बताते हैं कि पुलिस तक यह मामला पहुंचा और पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर डांट दिया। विगत 13 जनवरी को इसी प्रकरण में दोनों के बीच पुन: विवाद बढ़ गया और जमकर मारपीट हुई। इस घटना की रिपोर्ट सुरेन्द्र पुत्र श्रीराम ने रामचन्द्र, शिवकुमार, अंकुर प्रसाद पुत्र रामदुलारे तथा सागर व रामभजन पुत्रगण मथुरा प्रसाद तथा सुजीत पुत्र शिवकुमार को नामजद करते हुए दर्ज कराई थी। पुलिस ने यह एफआइआर धारा 34, 452, 333, 504 तथा 506 आईपीसी के अंतर्गत दर्ज कर ली। इसी बीच इस मारपीट में घायल रामचन्द्र को ट्रामासेन्टर ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा था। पुलिस ने 18 जनवरी को एक दूसरी एफआईआर राजेन्द्र व सुरेन्द्र पुत्रगण श्रीराम, श्रीराम पुत्र महावीर, उमा देवी पत्नी श्रीराम तथा निर्मला पत्नी राजेन्द्र को नामजद करते हुए धारा 147, 148, 149 तथा 308 आईपीसी के अंतर्गत दर्ज कर ली। बताते हैं कि 18 जनवरी की रात लगभग 8 बजे रामचन्द्र राजपूत की मौत हो गयी। राजेन्द्र के घर पर मौजूद लोगों का आरोप है कि उनका छप्पर तथा मकान में विपक्षीगण ने आग लगा दी। दूसरी ओर इस घटना को लेकर बवाल हो गया। चूंकि मामला भाजपा बूथ अध्यक्ष का था इसलिए आनन फानन हत्या में एफआइआर तरमीम कर दी गयी। एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव, सीओ अमित किशोर श्रीवास्तव तथा भारी पुलिसबल मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को काफी समझाया बुझाया। नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया है। साथ ही गांव में भारी संख्या में पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गयी है।



ग्रामीणों को समझाते सीओ और एसडीएम

# दरोगा ने एंबुलेंस चालक को पीटा, थाने का घेराव







संवाददाता। नवाबगंज फर्रुखाबाद

**हल्का** प्रभारी की कार में एंबुलेंस से खरोच आने पर दरोगा ने एंबुलेंस चालक को जमकर पीटा और थाने में ले जाकर उस चालक को हवालात में बंद कर दिया। घटना की जैसे ही अन्य साथी एंबुलेंस चालकों को हुई तो भारी संख्या में अपनी अपनी एंबुलेंस लेकर थाना नबाबगंज पहुंच गये और थाने का घेराव कर दिया। घटना की जानकारी होने पर सीओ मोहम्मदाबाद मौके पर पहुंचे । काफी समझाने पर एंबुलेंस चालक नही माने। चालक दरोगा के खिलाफ कार्यवाही की मौँग पर अड़े रहे। एंबुलेंस चालकों के आक्रोश को देखते हुए कई थानो की पुलिस को मौके पर बुलाया गया।बताते है कि नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 108 एंबुलेंस चालक राहुल कुमार लोहिया अस्पताल में मरीज छोड़कर नवाबगंज वापस आ रहा था। बाजार में दूसरी तरफ से कस्बा प्रभारी आशू कुमार अपनी निजी गाड़ी से चौराहे पर जा रहे थे। एंबुलेंस से उनकी गाड़ी में हल्की सी खरोच आ गई जिससे गुस्साए दरोगा ने एंबुलेंस चालक लात घुसो से बुरी तरह उसे जमकर पीटा तथा थाने में लाकर उसे हवालात में बंद कर दिया। जैसे ही जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एंबुलेंस चालको हुई तो वह अपनी-अपनी एंबुलेंस गाड़ियों को लेकर थाने के सामने खड़ी कर दी तथा अपने उच्चाधिकारियों को सूचना दी। जानकारी पाकर उच्च अधिकारी तथा कई एंबुलेंस चालक अपनी एंबुलेंस को लेकर नवाबगंज थाना आ गये गए हैं। घटना की जानकारी होने पर सीओ मोहम्मदाबाद मौके पर पहुंचे । काफी समझाने पर एंबुलेंस चालक नही माने। चालक दरोगा के खिलाफ कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। एंबुलेंस चालको आक्रोश को देखते हुए कई थानो की पुलिस को मौके पर बुलाया गया। समाचार लिखे जाने तक समझौते का प्रयास किया जा रहा था।

### उल्टे पांव भागे चोर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के नगर से सटे गांव लालबाग मोहल्ला खजुरिया निवासी सईद बाबा के घर में रात के अंधेरे का लाभ उठाकर शातिर चोर अपनी करतूतों को अंजाम देने के लिए घुस आए। संयोग से उसी समय गृह स्वामी बाबा पेशाब करने के लिए जागे। उन्हें घर के अंदर खटपट की आवाज सुनाई दी। चौंकाने होकर उन्होंने पड़ोसियों को आवाज दे। लोगों को आभास करा दिया कि उनके घर में चोरों ने धावा बोल दिया है। इस पर गृह स्वामी तथा उसके पड़ोसी ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए घर को चारों ओर से घेर ने का प्रयास किया। उसी समय अपने को गिरा समझकर शातिर चोर किसी तरह मौके से भाग निकले । इन भागते हुए चोरों को ग्रामीणों ने गांव के बाहर काफी दूर तक दौड़ाया। किंतु अंधेरे का लाभ उठाकर चोर भागने में सफल रहे। इसकी सूचना पाकर कुछ विलंब से स्थानीय पुलिस भी गांव पहुंची। जहां उसने घटना के बारे में गृह स्वामी तथा ग्रामीणों से वार्ता की। यह संयोग ही था कि गृह स्वामी जाग गया, तो उसकी खून पसीने की कमाई बच गई अन्यथा आज भी शातिर चोर इनके घर से जमा पूंजी लूटकर ले जाते।

# भाजपा विधायक और तहसीलदार सहित पांच के खिलाफ याचिका

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**फर्जी** दस्तावेज तैयार करके विवादित भूमि खरीदने के मामले में अमृतपुर से भाजपा विधायक और तहसीलदार समेत पांच लोगों के खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर की गई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामले में पुलिस से आख्या तलब की है।

फतेहगढ़ कोतवाली के गांव याकूतगंज निवासी सुरेश चंद्र कटियार ने न्यायालय में दायर याचिका में कहा है कि उनकी पैतृक भूमि में मोहल्ला संगत निवासी बृजभान चंद्र आदि सह खातेदार थे। आरोपितों ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके 24 फरवरी 2016 को खतौनी में नाम दर्ज कराने के लिए आदेश करा लिया। आदेश के खिलाफ अपर आयुक्त कानपुर के यहां उन्होंने अपील दाखिल की। इसमें अपर आयुक्त ने संपूर्ण आदेश स्थगित कर दिया। इसके बाद बृजभान चंद्र ने गांव याकूतगंज निवासी सुधीर कुमार, कमालगंज थानाक्षेत्र के गांव हुसैनपुर लगड़पुर निवासी अरविंद सिंह, अमृतपुर से भाजपा विधायक सुशील शाक्य और न्यायिक तहसीलदार सदर से साठगांठ कर विधायक को भूमि का बैनामा कर दिया, जबकि मामले में अभी तक स्थगन आदेश प्रभावी है। आरोपितों ने अपने नाम फर्जी भूमि दर्शाकर तहसीलदार के माध्यम से खतौनी में नाम चढ़ाने की कार्रवाई की। जब उन्होंने विरोध किया तो अभद्रता की गई। शिकायत करने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सीजेएम ने घटना के संबंध में शहर कोतवाली पुलिस से रिपोर्ट तलब की है। वहीं, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने बताया कि याकूतगंज निवासी ब्रजभान चंद्र इस वक्त फतेहगढ़ में रह रहे हैं। उनके नाम पैतृक जमीन थी, जो उन्होंने खरीदी है। न्यायालय में याचिका दायर करने की जानकारी उन्हें नहीं है।

# मंदबुद्धि बालक के साथ किया कुकर्म

**फर्रुखाबाद।** पानी लेनें गये 15 वर्षीय बालक के साथ युवक नें कुकर्म कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस नें आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी। इसके साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना जहानगंज क्षेत्र के एक गाँव निवासी पीड़ित के भाई की कस्बे में ही समोसा व पकौड़ी की दुकान है। पुलिस को दी गयी तहरीर में पीड़ित मंदबुद्धि बालक के भाई नें बताया कि बीते सोमवार की देर शाम लगभग 8रू30 बजे उनका भाई दुकान के लिए पानी लेनें बिजली घर पर गया था। बिजली घर के गेट पर थाना शमसाबाद क्षेत्र के फैजबाग कुईयां खेड़ा व हाल निवासी कस्बा के सुधीर राठौर के मकान निवासी हिमांशु पुत्र कुंवरपाल सक्सेना उसके भाई को बिजली घर बिल्डिंग के पीछे ले गया। जहाँ पर मेरे उसके साथ कुकर्म किया। जब पीड़ित नें आकर जानकारी अपने भाई को दी तो पुलिस को तहरीर दी गयी।

# राम मंदिर निर्माण के लिए लोगों ने दिया दान



संवाददाता। औरैया

**अयोध्या** में निर्माणाधीन ऐतिहासिक मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के मंदिर निर्माण प्रारंभ होने पर समूचे देश में हर्ष की लहर है। जिसके चलते छोटे बच्चों में भी आर्थिक सहयोग करने का जुनून है मंगलवार को दोपहर 12रू30 बजे दानदाताओं द्वारा मंदिर निर्माण सहयोग योजना का श्री गणेश किया गया जिसके अंतर्गत मोहल्ला खिड़की साहबराय औरैया निवासी सात वर्षीय विदित कुमार पुत्र कपिल कुमार व पांच वर्षीय शाश्वत पुत्र अनुराग कुमार को श्री राम जी के मंदिर निर्माण में आर्थिक सहयोग करने का जुनून आ गया उसने नगर के प्रमुख समाजसेवी संगठन विचित्र पहल औरैया के सदस्यों को आमंत्रित कर अपने मन की बात बताई और दोनों बच्चों ने लगभग क वर्ष में जुड़े हु पैसों वाली गुल्लक समिति के सदस्यों के सामने तोड़कर उसमें कत्रित लगभग दो हजार क सौ साठ रुप मंदिर निर्माण में योगदान हेतु समिति के सदस्यों को सौंप दि धार्मिक विचारधारा से ओतप्रोत विदित व शाश्वत की उदार भावनाओं को दृष्टिगत रखते हु संस्था के लोगों ने उससे प्रेरणा ली अपने नाती की त्याग भावना को दृष्टिगत रखते हु विदित की वयोवृद्ध दादी शारदा देवी व विदित की माँ क्रोनिक अकैडमी की डायरेक्टर दामिनी गुप्ता ने भी अयोध्या में श्री रामलला के भव्य मंदिर निर्माण हेतु ? पांच.पांच हजार की चेक समिति के सदस्यों को प्रदान की तथा समिति के सक्रिय सदस्य मनीष कुमार हीरू ने मंदिर निर्माण में ग्यारह सौ रुप का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता डवोकेट ने बताया कि अयोध्या में श्री राम लला के ेतिहासिक निर्माणाधीन मंदिर हेतु धार्मिक विचारधारा व आस्था के चलते सभी देशवासियों को भव्य मंदिर निर्माण में हाथ बढ़ाकर यथासंभव आर्थिक सहयोग करना चाहि केडमी के प्रबंधक कपिल गुप्ता ने बताया विचित्र पहल संगठन भी श्री राम जी के मंदिर निर्माण में आर्थिक सहयोग की मुहिम में बढ़.चढ़कर सहभागिता करेगा उन्होंने दानवीरों से मंदिर निर्माण के पुनीत कार्य में अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग करने की अपील की हैं। श्री राम मंदिर निर्माण हेतु विचित्र मुहिम के अंतर्गत धन संग्रह वं गुल्लक फोड़ कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभासद छैया त्रिपाठी अनुराग गुप्ता सभासद पंकज मिश्रा शिक्षक शिवम गुप्ता महिला शाखा तुलसी की अध्यक्ष बबिता संरक्षक लक्ष्मी विश्नोई कोषाध्यक्ष क्षमा सोनी सुनीता चौबे काजल पोरवाल सीमा गुप्ता गायत्री प्रतिभा सोनी मधु शर्मा पूनम गुप्ता ममता बिश्नोई गीता अग्रवाल गुड्डन गुप्ता प्रेमलता गुप्ता विमलेश द्विवेदी आदि सदस्य मौजूद रहीं।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का जिला महामंत्री ने किया स्वागत

## युवा नेता हेमू सिंह के नेतृत्व में काशीपुर में प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत





संवाददाता। कानपुर देहात

**भाजपा** प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशॅकर सिंह का जिला महामंत्री रामजी गुप्ता पूर्व जिला पॅचायत उपाध्यक्ष ने अपने सैकडों सर्मथकों के साथ भव्य स्वागत किया। गोविन्द ग्रीन फूड्स इन्फ्राटेक भटौली में आयोजित समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष को स्मृतिचिन्ह भेंट किये गये। बसपा प्रमुख पर टिप्पणी से चर्चित हुये भाजपा नेता दयाशॅकर सिंह के प्रदेश कार्यकारिणी में भाजपा उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने के बाद जनपद आगमन पर विभिन्न स्थानों पर भाजपाईयों ने जोश व उत्साह के साथ जोरदार स्वागत किया। भटौली के गोविन्द ग्रीन इॅफ्राटेक में भाजपा के कद्दावर नेता तथा नवमनोनीत जिला महामंत्री रामजीगुप्ता के नेतृत्व में भाजपाइयों ने प्रदेश उपाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। पूर्व जिला पॅचायत उपाध्यक्ष ने प्रदेश उपाध्यक्ष को स्मृतिचिन्ह भी भेंट किया इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने अगामी पॅचायत चुनाव में भाजपा को मजबूत करने के लिये पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। यहाँ आयोजित समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, विवेक द्विवेदी, रामबाबू शुक्ला, गिरजेश द्विवेदी, सॅजय द्विवेदी, अखिलेश गुप्ता लल्ला, पूर्व चैयरमैन घनश्याम सिंह ओमर, रामू ओमर, लाभम गुप्ता, बिन्दू गुप्ता, पूर्व सभासद विपिन गुप्ता, युवा उद्यमी अविनाश ओमर, वीरे शुक्ला, नरेश सिंह चौहान, बब्लू कटियार, अॅशू त्रिपाठी बब्बन तिवारी सहित भारी सॅख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

# सिलेंडर लीक होने से लगी आग, दो झुलसे

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**कायमगंज** नगर के मोहल्ला बगिया निवासी उद्योगपति अवधेश कौशल के निर्माणाधीन नवीन व्यापारिक प्रतिष्ठान स्थान कायमगंज-अलीगंज मार्ग पर स्थित गांव रुटौल के पास निर्माण स्थल पर बाहर के कुछ मजदूर तथा इलेक्ट्रिकल मैकेनिक काम कर रहे हैं। इन्हीं में से 46 वर्षीय राकेश तथा 40 वर्षीय रामकिशोर फिलहाल गांव रुटौल में किराए का मकान लेकर रह रहे हैं। यह दोनों इलेक्ट्रिक मैकेनिक साथी के साथ किराए वाले आवास पर सुबह चाय बनाने की तैयारी कर रहे थे। उसी समय उनके साथी ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि गैस लीक हो रही है। सावधानी से चूल्हा जलाना। यह कहकर वह नहाने चला गया। इसी बीच राकेश ने उस बात पर ध्यान दिए, बगैर गैस चूल्हा जलाने के लिए, कमरे में जाकर, माचिस की तीली जला दी। जैसे ही तीली जली बस एकदम कमरे में फैली गैस में आग लग गई साथ ही गैस सिलेंडर से लीक हो रही गैस से भी आग की लपटें उठने लगी। जिसकी चपेट में आकर राकेश तथा रामकिशोर गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लाया गया । यहां से उनकी हालत गंभीर भापकर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्रथम उपचार के बाद दोनों को डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया।

### किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**फर्रुखाबाद।** डेयरी पर दूध लेने गई किशोरी को पकड़कर तमंचे के बल पर जबरियन दुष्कर्म करने का प्रयास करने के मामले में पीड़िता की मां ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली चौकी कादरीगेट लकूला नगला गिहार निवासी पीड़िता ने 18 जनवरी को कोतवाली में दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी पुत्री रोज की तरह दूध डेयरी पर दूध लेने गई थी, जब वह दूध लेकरघर वापस आ रही, तभी रास्ते में खड़े गोविन्द, गौरव गिहार पुत्रगण नरेश गिहार उर्फ बल्ली निवासीगण लकूला ने मेरी पुत्री को बदनियती से जबरियन पकड़कर उसका मुंह दबा लिया और खींचकर उसकों शीतला के मकान के अंदर ले गये। जहां मेरी पुत्री के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। उसके साथ जोर जबदरदस्ती व अश्लील हरकते की। शोर मचाने पर आसपास के लोग भागकर पहुंच गये। जब उन लोगों ने इन लोगों को पकडने का प्रयास किया, तो गोविन्द गिहार ने गोट से तमंचा निकाल लिया और धमकी दी कि कोई पास आया तो गोली मार दूंगा। इस दौरान कुछ लोगों ने भागते समय उसे पकडने का प्रयास किया, इस दौरान तमंचा छीनने में जमीन पर गिर गया। सूचना पर आयी पुलिस को भागते समय आरोपी का गिरा हुआ तमंचा सौंप दिया। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही कराये जाने की मांग की। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### महिला ने खाया जहर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव मई रसीद पुर निवासी संजेश की 25 वर्षीय पत्नी मधु ने अज्ञात कारणों से खिन्न होकर किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया।

# डीएम ने की किसान कल्याण मिशन कार्यक्रम तैयारियों की समीक्षा

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास खण्ड सरवनखेडा के योगा पार्क में किसान कल्याण मिशन का आयोजन दिनांक 21 जनवरी 2021 को प्रात: 10 बजे से कृषि उत्पादन आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में मेला/प्रदर्शनी का आयोजन के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिस विभाग के द्वारा प्रदर्शनी लगायी जायेगी उसकी तैयारी पहले से ही कर ले तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी सरवनखेडा अशोक कुमार को निर्देशित किया कि कार्यक्रम का आयोजन सही प्रकार हो इसके लिए सभी व्यवस्थायें रखे इसमें लापरवाही न की जाये। उन्होंने कृषि विभाग, जिला उद्यान विभाग, मुख्य पशु चिक्त्सिाअधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जल निगम आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने अपने विभाग द्वारा जो भी शासन की योजनायें संचालित है उनकी जानकारी हेतु होर्डिंग अवश्य लगवाये तथा पूर्ण जानकारी भी स्टाल लगाकर लोगों को जागरूक करे तथा योजनाओं से लाभावित भी करें तथा उन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किया जाये।

# प्रदेश उपाध्यक्ष ने गरीबों को वितरित किये कम्बल

**कानपुर देहात।** प्रदेश उपाध्यक्ष का जनपद की सबसे बडी गाम पॅचायत माने जानी वाली काशीपुर गॉव में युवा व उत्साही भाजपा नेता हेमू सिंह के नेतृत्व में जोरदार व ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने गरीबों को कम्बल भी वितरित किये। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का जनपद के विभिन्न स्थानों पर उनके आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। काशीपुर गॉव में युवा सामाजिक भाजपा कार्यकर्ता हेमू सिंह के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशॅकर सिंह का स्वागत किया गया। अपने स्वागत से अभिभूत प्रदेश उपाध्यक्ष ने केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार की नीतियों से आम जनमानस के जीवन में हुये आधारभूत लाभों की जानकारी विस्तार से दी। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने गरीब व वॅचित वर्ग के लोगों को सर्दी से बचाव के लिये कम्बलों का भी वितरण किया। कम्बल वितरण के दौरान जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान पूर्व जिला उपाध्यक्ष रजोल शुक्ला, प्रताप सिंह गौर, देशराज सिंह गौर, राजू सिंह गौर, प्रवीण सिंह गौर, विवेक द्विवेदी, केडी सिंह, रामगोपाल, नागेन्द्र, लायक, अंकित, राजेश, अनीश अग्निहोत्री, अनिल सिंह, रोकी सिंह, विक्रम सिंह चंदेल, पप्पू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 43 शिकायतों में एक का हुआ निस्तारण



संवाददाता घाटमपुर

**तहसील** के सभा कक्ष में आयोजित संम्पूर्ण समाधान दिवस में पंहुचे 43 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज करायी जिसमें एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। रोस्टर के तहत आज का संम्पूर्ण समाधान उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में होना था और वो निर्धारित समय से पंहुच कर आये हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी तथा संवंन्धित बिभाग को समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्वक जॉच कर कार्यवाही करने का आदेश दिया, तहसील दार बिनीत कुमार ने बताया कि दिवस में 43 शिकायतें आयी जिनमें सबसे ज्यादा 21 राजस्व की थी। इसके अलावा पुलिस 08, बिकास 11, बिजली 01, तथा बाकी अन्य बिभागों से संवंन्धित थी। एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# आईं 146 शिकायतें, छह हो सकीं निस्तारित

संवाददाता। कानपुर देहात



**जिलाधिकारी** डॉ दिनेश चंद्र ने जिला स्तरीय तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डेरापुर तहसील में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा शिकायतों का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित कर निस्तारण भी कराया। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन के शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है इसमें सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी गंभीरता से शिकायतों का समयवद्धता के साथ निस्तारण करे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कुल 146 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग 51, पुलिस विभाग 11, विकास 20, कृषि 10, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी 10, पीओ डूडा 5, बीएसए 5, विद्युत 11, जिला पूर्ति अधिकारी 7, नगर विकास 7, समाज कल्याण 5, जिला दिव्यांग अधिकारी 1, एलडीएम 1, पशुपालन विभाग 1 आदि विभागों की शिकायतों को गंभीरता के साथ सुना गया तथा शिकायतों का निस्तारण भी कराया। वहीं जन सुनवाई के दौरान बूढ़े बुजुर्ग गरीब महिलाओ और पुरुषो को सैकड़ों कंबल भी वितरित किए गए इस दौरान 17 वरासत के मामलों के निस्तारण के साथ मृतकों के वारिसानो को नि:शुल्क खतौनी भी वितरित की गई। वहीं फरियादियों के मौके पर छोटी मोटी खामियो का निस्तारण कराया गया। वहीं शिकायतकर्ता द्वारा खतौनी में गलत नाम दर्ज होने की शिकायत करते हुए बताया कि रामशरण पुत्र बाबूलाल डिलौलिया निवासी द्वारा खतौनी संशोधन के नाम 2 हजार रूपये आरके द्वारा लिए जाने का डीएम के सम्मुख आरोप लगाया इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को फटकार लगाई। वही खतौनी मे नाम मे संशोधन कराकर तुरंत खतौनी दी और अन्य शिकायतों का निस्तारण करा कर शिकायतकर्ताओ को संतुष्ट किया। वहीं जिलाधिकारी ने एसडीएम को निर्देशित किया कि तीन दिन के अन्दर वरासत अभियान के तहत मृतकों के वारिसों को चिन्हित कर उनके वारिसानों को खतौनी उपलब्ध करायें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, एसडीएम डेरापुर ऋषिकांत राजवंशी, तहसीलदार लाल सिंह, सीएमओ, जिला सूचना अधिकारी बीएसए , जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में हुआ आठ समस्याओं का निस्तारण



**कायमगंज फरुखाबाद।** तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी कायमगंज सुनील कुमार यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों की कुल 58 समस्याओं को लेकर फरियादियों ने समाधान हेतु गुहार लगाई। इनमें अधिकतर चक मार्गो अवैध कब्जे आदि समस्याएं राजस्व विभाग से ही संबंधित थी। इन समस्याओं में से एसडीएम ने आठ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर शेष 50 समस्याओं के प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को स्थलीय निरीक्षण एवं परीक्षण के बाद पूरी पारदर्शिता से निस्तारण करने के निर्देश दे ,उन्हें सौंप दिए। समाधान दिवस पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह गौर तहसीलदार प्रदीप कुमार गुप्ता संबंधित पुलिस सर्किल कायमगंज के एसएचओ सहित अन्य विभागों के अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस ने पांच जुआरियों को धर पकड़ा

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना पुलिस ने ग्राम सथरा स्थित चकरोड पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये पांच जुआरियों को धर पकड़ा। जिसमें ललित कुमार पुत्र श्रीकृष्ण पांडे निवासी कमालुद्दीनपुर, सत्येंद्र उर्फ पप्पू पुत्र वीरपाल, रंजीत पुत्र कन्हैया, अरविंद पुत्र गंगा बक्स, बंगाली पुत्र स्व0 भोला सिंह समस्त निवासीगण कटरी सथरा थाना राजेपुर को 2230 रुपए की नकद सहित 52 ताश पत्ते आदि के साथ गिरफ्तार कर बरामद किया।

# दलित राजकुमारी से संवाद कर पीएम जानेंगे सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत

● पीएम के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम-एसपी ने गांव का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा



जायजा लेते डीएम शेषमणि पांडेय।

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने 20 जनवरी को प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लाभार्थियों को आवास की प्रथम एवं द्वितीय किस्त की धनराशि ऑनलाइन हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित है। लाभार्थियों से संवाद भी स्थापित किए जाने के संबंध में विकासखंड कर्वी की ग्राम पंचायत खोह में निरीक्षण कर एलईडी की व्यवस्था, लाभार्थियों के बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई आदि विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने पीएम आवास योजना ग्रामीण की लाभार्थी राजकुमारी पत्नी कल्लू जिनसे पीएम द्वारा वार्ता की जाएगी। उक्त लाभार्थी से डीएम ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी भी की। पीएम मोदी के संवाद कार्यक्रम को लेकर खोह गांव के लोगो में खुशी की लहर है।

जनपद के पीएम आवास योजना ग्रामीण के 5044 लाभार्थियों को प्रथम किस्त निर्गत की जाएगी जिसमें 1 लाख 20 हजार रुपए आवास का तथा 18 हजार रुपए मनरेगा से प्रत्येक लाभार्थी को दिया जाएगा। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लाभार्थियों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बिजली कनेक्शन, शौचालय, आंगनवाड़ी केंद्रों से बच्चों को पोषाहार, मनरेगा में कार्य, किसान सम्मान निधि, गैस कनेक्शन आदि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए।

## विशाल दंगल, दूर-दराज से आए पहलवानों ने दिखाए दांव पेंच'

**मौदहा।** विकासखंड क्षेत्र के भभई गांव में बजरंगबली दंगल का आयोजन किया गया जिसमें दूर-दराज से आए नामी गिरामी पहलवानों ने अपने दांव पेंच दिखाकर विरोधी पहलवानों को दी पटखनी। जीते पहलवानों को कमेटी की ओर से पूर्व मंत्री बादशाह सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और दंगल मे पहलवानों में प्रमुख रूप से कमलेश बांदा ने अपने प्रतिद्वंद्वी बिहारी लाल घाटमपुर को पराजित किया, वहीं शिवकांत पलरा ने जोगिंदर कानपुर को हराया तो राजू मसगांव ने मुकेश छतरपुर को पटखनी दी इसी क्रम में प्रीतम राठ ने राधेश्याम को मात दी, अमन सिंह धौवल ने रानू उन्नाव को हरा लहराया अपना परचम। जयसिंह परमार, करन सिंह सहित गांव के सभी लोग उपस्थित रहे। दंगल के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कुंवर बादशाह सिंह ने पहलवानों को बधाई देते हुए उत्साह वर्धन किया और गांव वालो को ऐसे आयोजन करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह से गांव के विकास में वयुवकों के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।

# परिसीमन के बाद बीडीसी की 12 सीटें कम, ब्लाक प्रमुख बनने के लिये कम होगी कवायद

**संवाददाता।** हमीरपुर

**पंचायत चुनाव** के परिसीमन के बाद ग्राम प्रधान का क्षेत्र कम होने से बीडीसी की 12 सीटे कम हो गयी है, जिससे अब ब्लाक प्रमुख बनने वाले लोगों को कम मेहनत करनी पड़ेगी।

जानकारी के मुताबिक बीडीसी के पहले जिले में 445 सीटे थी, जिसमें परिसीमन के बाद नौ गांव शहरी क्षेत्र में चले गये है, अब नये परिसीमन के बाद सुमेरपुर क्षेत्र में 84, कुरारा क्षेत्र में 47, मौदहा क्षेत्र में 82, राठ में 46, मुस्करा में 68, गोहांड में 52, सरीला में अब 54 सीटो कुल मिलाकर 433 सीटों पर बीडीसी का चुनाव होगा नये परिसीमन में गांवों के 12 वार्ड हटा दिये गये है वही चुनाव आयोग ने साफ कहा है कि बीडीसी का जो क्षेत्र है वह एक ही गांव में रखा जाये परिसीमन में एक गाव का क्षेत्र दूसरे गांव में नही जाना चाहिये ताकि चुनाव लड़ रहे लोगो को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। वही बूथ केंद्रो व मतदान केंद्रो का जो चुनावी खाका तैयार किया गयाहै उसमें 73 बूथ ऐसे है जिसमें आठ सौ मतदाता से ज्यादा है जब कि आयोग ने कहा है कि इन बूथो में आठ सौ या 800 से कम मतदाता रखे जाये इसी प्रकार 95 बूथ ऐसे है जहा पर चार सौ से कम मतदाता अपने मत का प्रयोग करेगे आयोग ने कहा है कि चार सौ से कम मतदाता किसी भी बूथ में मतदान न करेगे। इसके लिये सहायक चुनाव अधिकारी एसके शुक्ला ने सभी एसडीएम, तहसीलदार,बीडीओ को पत्र लिख दिया है। ताकि फिर से सर्वे किया जा सके। इसको लेकर तरह तरह की चर्चाए की जा रही है।

## विवक न्यूज

### दो पिकअप में क्रूरता से लदे पशुओं समेत पांच दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर मानिकपुर थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार सिंह की टीम ने मारकुण्डी तिराहा से पिकअप यूपी 96टी-2412 व पिकअप यूपी 96टी- 3683 में चार भैंस व चार पड़वा को क्रूरता से लादकर ले जाते पांच लोगों को दबोचा है। मंगलवार को दरोगा दिनेश कुमार सिंह की टीम ने पिकअप में क्रूरता से लदे चार भैंस व चार पड़वा समेत गुलाम रसूल पुत्र इदरीश, घालक तौसीफपुत्र कल्लू, कातिल पुत्र मुसीम व कादिर पुत्र इदरीश निवासी बांधी थाना रैपुरा तथा इन्द्रजीत पुत्र भयंकर निवासी रामा कोल थाना रैपुरा को दबोचा है। सभी लोगों के खिलाफथाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्जकर पिकअप वाहनों को सीज कर दिया है।

### चोरियां बढ़ने से लोगों में दहशत

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र में नगर सहित चोरियां होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है सोमवार की रात नगर के नेशनल चौराहे से लाईवे को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित टावर पर चोरों ने धावा बोल बीस बैटरी चुरा ले गए। नगर से बाहर लिंक रोड पर लगे जिओ कम्पनी के टावर पर रखी 24 बैटरी में से 20 बैटरी चुरा ले गए ड्यूटी पर तैनात आपरेटर अवधेश कुमार ने बताया कि जब 12 बजे के बाद जब वह अपने घर चला गया तभी मौका पाकर चोर बैटरियां चुरा ले गए जब साइड डाउन की बात कम्पनी ने बताया देखा तो वहां बैटरियां चोरी हो चुकी तभी 112डायल कर पुलिस को सूचना दी गई।

### इचौली में पच्चीस पेटी शराब की चोरी

**मौदहा।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र की इचौली पुलिस चौकी अन्तर्गत गांव इचौली में बीती रात चोरों ने शराब के ठेका का ताला तोड़कर यहाँ रखी पच्चीस पेटी शराब पार कर दी है क्योटरा मोहाल निवासी शिवपूजन पुत्र मेड़ा ने चौकी प्रभारी को दिये तहरीर में बताया है कि इचौली गांव में उसका 1 नम्बर शराब का ठेका है जहाँ गांव का ही सेल्समैन काम करता है।बीती रात जब सेल्समैन दुकान बंद करके अपने घर चला गया तो देर रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर यहाँ रखी पच्चीस पेटी शराब चोरी कर ली है। मौदहा कस्बा सहित ताबड़तोड़ चोरियों के चलते लोगों की नींद उड़ गई है। स्थानीय पुलिस चोरियों पर नियंत्रण करने में पूरी तरह से बेबस दिखाई दे रही है।

### निर्माणाधीन कार्यों का एसडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**कालपी (जालौन)।** संपूर्ण समाधान दिवस के बाद कालपी तहसील के उप जिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार आईएएस ने गल्ला मंडी व कागज फैक्ट्री एरिया मे निर्माणाधीन कार्य का औचक निरीक्षण किया। तहसील दिवस के बाद कालपी के तेज तर्रार एसडीएम जयेन्द्र कुमार आईएएस ने कालपी नेशल हाईवे स्थित गल्ला मंडी समिति का औचक निरीक्षण किया जंहा पर साफसाफई संतोषजनक मिली वही मौजूद मंडी सचिव को नियमित रुप से गल्ला की बोली लगाने के व शीघ्र व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये। इसके बाद कागज फैक्ट्री एरिया में 2 करोड़ 34 लाख की लागत से निर्मित होने वाले कार्य जिसमे बाउंड्री बाल, नाली, सड़क व पार्क को पीडब्लूडी कार्यदायी संस्था के एई पीडब्लूडी को समय से निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

### तमंचाधारी युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जालौन (उरई)।** किसी घटना को अंजाम देने के इरादे से देवनगर चौराहे पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपित के पास से देशी तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। चौकी प्रभारी संजीव दीक्षित ने भ्रमण के देवनगर चौराहे से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे युवक को पकड़ा है। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम गजेंद्र शिवहरे पुत्र अशोक शिवहरे निवासी उमरार खेड़ा उरई बताया है। पकड़े गए आरोपित के पास से 315 बोर तमंचा के साथ 2 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। मामला दर्ज कर लिया है तथा जेल भेज दिया है।

### तहसील दिवस में 28 शिकायतों में 4 का निस्तारण

माधौगढ़ (जालौन)। मंगलवार को होने वाले तहसील समाधान दिवस में 28 फरियादियों ने न्याय की गुहार लगायी, 4 समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। एसडीएम शालिकराम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया सर्दी अधिक होने के चलते कोहरे के कारण धुंध सी छाई रही तो 28 फरियादी ही प्रार्थना पत्र लेकर उपस्थित हुए महज 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया जिसमें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग व शिक्षा विभाग की समस्याओं को लेकर फरियादियों द्वारा शिकायती पत्र दिये गये जिसमें उप जिलाधिकारी शालिकराम ने सभी विभागों के अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करें व फरियादियों को पूर्णतया संतुष्ट करें।

### लकड़ी माफियाओं ने नारायणनपुरा के समीप काटे दो वृक्ष

**जालौन (उरई)।** क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान लगातार चल रहा है। सड़क किनारे खड़े पेड़ों की कटान होने के बाद भी वन विभाग मूक दर्शक बना हुआ है। नारायणपुरा में सड़क किनारे खड़े 2 बड़े पेड़ों को काट लिया गया है। वन विभाग व लकड़ी माफियाओं की मिली भगत से क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटान लगातार चल रही है। सड़क किनारे खड़े सरकारी हरे पेड़ों को लकड़ी माफिया रात के अंधेरे का लाभ लेकर काट देते हैं। जिम्मेदार वन विभाग हरे पेड़ों को काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता है। लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद है। ग्राम नारायणपुरा में सड़क किनारे खड़े नीम व जामुन के पेड़ों को अज्ञात लोगों ने काट लिया है। वन विभाग के ढुलमुल रवैया के कारण कटे रहे हरें पेड़ों के मामले में जब एसडीएम गुलाब सिंह से बात की तो उन्होंने तुरंत वन क्षेत्राधिकारी को मौके पर जाकर जांच कर आरोपितों के खिलाफकार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### डकोर के पास फोर लाइन निर्माणाधीन सड़क चटकी

**कुसमिलिया (जालौन)।** लोनिवि द्वारा 127.75 लाख रुपये से निर्मित उरई से राठ रोड फोरलैन सड़क निर्माण बहुत ही मंद गति से हो रहा है कभी बजट की कमी तो कभी निर्माण में भारी उदासीनता के कारण 7 वर्षों से बन रहा फोर लाइन उरई से मुहाना तक मात्र 21 किलोमीटर अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया। वही ग्राम डकोर में राजकीय इंटर कॉलेज के पास सड़क के दोनों ओर 6 माह पूर्ण होने पर भी नाला का भी निर्माण नहीं हो सका जिससे पानी के निकास का सही साधन न होने से सड़क के किनारे किनारे पानी भरने से सड़क पूर्ण रूप से फट गई है जिससे निर्माण करने वाली कंपनी की गैर जिम्मेदाराना रवैया की पोल खोल रही है जगह-जगह नाला खोदकर डाल दिए जाते हैं पर महीनों न बनाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त होता है ग्राम डकोर में राठ रोड पर मस्जिद को जाने वाला रास्ता ही बंद कर दिया वहां अवलंब पुलिया बनवाई जाए तथा जहां सड़क के किनारे नाला निर्माणाधीन है उन्हें अविलंब पूरा कराया जाए।

### तीन माह से अनशन पर पत्नी नहीं हो रही सुनवाई

**बांदा।** बाँदा देहात कोतवाली क्षेत्र के जमुनीपुर के रहने वाले विकलांग अजीज अहमद और पत्नी जरीना 3 महीनों से अशोक लाट तिराहे पर अनशन पर बैठे हैं। वही बताया है कि हमारे दादा की 2020 में मृत्यु हो गई थी। जिसमें हमारे विपक्षी लोग फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा कर 25 जुलाई 1996 में मृत्यु दर्ज करवा कर हमारी जमीन हड़पना चाहते हैं। जबकि सन 2000 में हमारे दादा जी की मृत्यु हुई थी। जिसमें हमारी दादी 2013 में हमारे नाम रजिस्ट्री व वसीयत करवाया था।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: जिलाधिकारी

**बांदा।** तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी आनंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। दिवस में 89 शिकायते प्राप्त हुई। इनमें से मात्र तीन शिकायतों का मौके पर समाधान कराया गया। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को ससमय गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के आदेश अधिकारियों को दिये।

स्थानीय तहसील पहुंचे डीएम आनंद कुमार सिंह के आगमन की सूचना मिलते ही। तहसील में इधर.उधर घूम रहे फरियादी एकत्र होकर अपनी व्यथा सुनाने को लाइन में लग गए। गंगाराम विनोद कुमार दिलीप कुमार शिवगोपाल बांस पोखरी में सुलभ शौचालय के निर्माण में घटिया सामाग्री का प्रयोग करने की शिकायत की। डीएम ने बीडीओ को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थशंकर मीणा मुख्य विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र वर्मा मुख्य चिकित्साधिकारी एनडी शर्मा प्रभागीय वनाधिकारी संजय अग्रवाल एसडीएम आदि उपस्थित रहे। डीएम आनंद कुमार सिंह ने पिथौराबाद गांव की गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। संवाद सहयोगी पैलानी के अनुसार दिवस में आइजी केसत्यनारायन ने एसडीएम रामकुमार के साथ फरियादियों की 23 समस्याओं को सुनकर तीन का निस्तारण किया। सदर तहसील में एसडीएम सुधीर कुमार व तहसीलदार अवधेश कुमार ने संयुक्त रूप से 40 मामलों को सुनकर पांच का मौके पर निस्तारण किया। संवाद सहयोगी बबेरू के अनुसार 32 मामलों की सुनवाई उप जिलाधिकारी सौरभ शुक्ला ने की। तहसीलदार विपिन कुमार खंड विकास अधिकारी डॉण् प्रभात कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे। संवाद सहयोगी अतर्रा के अनुसार उपजिलाधिकारी जेपी यादव 34 फरियादियों की समस्या सुनी।

# मुख्यमंत्री ने बांटे प्रवक्ताओं एवं सहा. अध्यापकों को नियुक्ति पत्र

**चित्रकूट।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश प्रयागराज से नव चयनित 436 प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापकों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी ऑनलाइन पदस्थापना एवं नियुक्ति पत्र का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रवक्ता नागरिक शास्त्र में चयन हुई अभ्यार्थी मनीषा देवी से वार्ता कर शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा को किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर व्यावहारिक दृष्टि को अपनाएं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी रखकर विद्यालयों पर पढ़ाई के दौरान छात्र-छात्राओं को बताएं। ताकि गांव के लोग उसका लाभ ले सके एक सिस्टम को जोड़कर विकास को आगे बढ़ाएं एक शिक्षक 24 घंटे जिंदगी भर का शिक्षक होता है। मैं आज नव चयनित शिक्षकों को बधाई देता हूं। कहा कि मुझे आज इन चयनित शिक्षकों के आत्म बल को देखकर



प्रवक्ता में चयनित मनीषा को नियुक्ति पत्र देते राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय।

प्रसन्नता हो रही है आज हमारी सरकार का 3 वर्ष 10 माह के कार्यकाल के दौरान सरकार का पूरा प्रयास रहा है कि बिना भेदभाव के लाभ दिया जाए योग्यता प्रतिभा को सम्मान दिया जाए जो हम 19 मार्च को हमारी सरकार का 4 वर्ष पूरा होगा जिसमें हम चार लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी देंगे। अभी तक हम लोगों ने पौने 4 लाख से ऊपर नियुक्ति विभिन्न पदों पर निकाली और चयन प्रक्रिया में कोई उंगली नहीं उठा पाया और उन्हें नियुक्ति पत्र दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा कड़े निर्देश दिए थे कि कहीं पर शिकायत मिलेगी तो किसी को क्षम्य नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही डेढ़ करोड़ लोगों को स्वरोजगार भी दिया गया। मैं सभी चयनित अभ्यार्थियों से अपील कर रहा हूं कि सीखने की सीमा नहीं होती है हर व्यक्ति को प्रतिदिन की गतिविधि से सीख मिलती है। एकांकी न बने दुनिया के अच्छे संस्थानों में एक टेक्नोलॉजी अपनाई है उसमें भी लोग 24 घंटे की ड्यूटी करते हैं। आप लोगों को नियुक्ति पत्र ऐसे समय पर मिल रहा है जो 34 वर्षों के बाद नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रधानमंत्री जी ने लागू की है मैं उन्हें बधाई देता हूं। इस नई शिक्षा नीति से जुड़कर अध्ययन कर अपने विद्यालयों पर जाकर बच्चों को लाभान्वित कराये। शिक्षा केवल सैद्धांतिक माहौल न बनकर व्यावहारिक माहौल भी बनाया जाए। हमारा काम केवल पठन-पाठन का न होकर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी बच्चों को उपलब्ध कराना है। इसके अलावा स्वावलंबन की योजनाओं को भी जोड़ कर भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं की जानकारी विद्यालयों पर दें। 4 फरवरी 2021 से 4 फरवरी 2022 तक स्वदेशी, स्वालंबन, स्वच्छता को आधार मानकर चौरी – चौरा की घटना पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी इसके साथ ही साथ स्वाधीनता दिवस पर 15 अगस्त 2021 से 15 अगस्त 2022 तक भी व्यापक कार्यक्रम किए जाएंगे।

## नोडल अधिकारी ने कई गौशालाओं का किया निरीक्षण

**कुरारा ( हमीरपुर )।** कुरारा ब्लाक के शासन से नामित नोडल अधिकारी डॉ सोमप्रकाश तिवारी ने कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के कुतुबपुर,, शिवनी,टोडरपुर,उमराहट, बरुआ, खरौंज, झलोखर, आदि गांवो में संचालित गौशाला का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्था को देखा। गौशालाओ में मूलभूत सुविधाएं स्थायीय टीन शेड, चारा पानी की चरही, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था तथा अन्ना पशुओ को सर्दी से बचाव के लिए टीन शेड के चारो तरफ तिरपाल लगी हुई मिली। वही झलोखर गौशाला में एक बीमार गौबंश का पशु चिकित्सा अधिकारी टीम द्वारा उपचार किया गया। वही गौशाला में बने वर्मीकम्पोस्ट के पिट को पक्का कराने के लिए कहा गया। वही बरुआ गांव में संचालित सुनील कुमार के मुर्गी फार्म का भी निरीक्षण कर वर्ड फ्लू से बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गौशाला में संरक्षित अन्ना गौबंश के ईयर टेंगिंग पाई गई।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

**बांदा।** कानपुर.बांदा मार्ग पर देहात कोतवाली क्षेत्र के लामा गांव के पास तेज रफ्तार बाइक सवार के लिए काल बन गई। ट्रक चालक ने मंगलवार दोपहर युवक को रौंद दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। कोतवाल ने बताया कि कागजातों के आधार पर ट्रक चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। काफी देर बाद मृतक की शिनाख्त की जा सकी। चिल्ला थाना क्षेत्र के गुगौली गांव निवासी कल्लू सिंह का पुत्र 30 वर्षीय चंदन बाइक से बांदा की तरफ जा रहा था। जमालपुर के लामा गांव के पास कानपुर की तरफ से आ रहे खाली ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हेलमेट लगाए होने के बाद भी चंदन की जान नहीं बच सकी। सड़क पर गिरने के बाद भागने के प्रयास में चालक ने रौंद दिया जिससे चेहरा बुरी तरह कुचल गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।

### भीड़ देख भाग निकला चालक

हादसे को देख लोग दौड़ पड़े। भीड़ को आता देख चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। लोगों ने ट्रक को घेर लिया और जाम लगा दिया। कुछ युवकों ने तोड़फोड़ की कोशिश की। देहात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप यादव ने बताया कि ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। हादसे को अंजाम देने वाले वाहन को जब्त कर लिया गया है।

### मौरंग भरने के लिए भगाते हैं तेज रफ्तार

खदान में मौरंग लेने जाने के लिए ट्रक चालक बहुत तेज वाहन भगाते हैं। जल्दी नंबर के चलते स्पीड पर काबू नहीं रहता है। आए.दिन हादसे होते हैं।

## बोर्ड उपाध्यक्ष ने बुंदेलखंड राज्य अलग करने की वकालत की

**कुरारा (हमीरपर)।** जनवरी बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला ने आज देर शाम झलोखर गांव पहुंचे वहां पर पानी जवानी किसानी कार्यक्रम के तहत किसानों की समस्याएं सुनी उन्होंने बताया कि जब तक बुंदेलखंड राज्य पृथक नहीं होता है तब तक इसके विकास में जो अवरोध आ रहे हैं वह आते रहेंगे उन्होंने आम जनमानस का आवाहन किया कि बुंदेलखंड राज्य को पृथक करने के लिए एक स्वर से सभी को आवाज उठानी चाहिए वही ग्राम झलोखर के ग्रामीणों ने स्थानीय भुइयां रानी तालाब के सुंदरीकरण व संरक्षण के लिए ज्ञापन देते हुए उन्हें अवगत कराया कि यह पुरातन धरोहर है इसका संचित रहना बहुत ही आवश्यक है राजा बुंदेला ने ग्रामीणों को इस आशय का आश्वासन दिया कि यह बात हम माननीय मुख्यमंत्री योगी जी तक पहुंचाएंगे और इन प्राकृतिक धरोहर धरोहर का संरक्षण किया जाएगा।

# पुलिस व राजस्व टीमें मौके पर जाकर निपटाएं समस्याएं: डीएम



समाधान दिवस में समस्यायें सुनते डीएम-एसपी।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल की मौजूदगी में कर्वी तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिये कि भूमि संबंधी मामले राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर निस्तारित करें। एक्सईएन आरईएस तथा जिला युवा कल्याण अधिकारी के गैरहाजिर रहने पर जवाब-तलब के निर्देश दिये। डीडीए कृषि को निर्देश दिये कि 21 जनवरी को विकासखण्ड मऊ में किसान कल्याण मिशन का मेगा कैम्प लगाकर किसानों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करायें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ केपी यादव को निर्देश दिये कि गौशाला का संचालन सही ढंग से करायें। बीडीओ से कहा कि नोडल अधिकारियों के गौशाला निरीक्षण में मिली कमियों को जल्द दूर करायें और उन्हें आख्या दें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ अमित आसेरी, एसडीएम सदर रामप्रकाश, डीएफओ कैलाश प्रकाश समेत जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# दो पक्षों की मारपीट में घायल वृद्ध की मृत्यु, गांव में फैली दहशत

**राठ ( हमीरपुर )।** क्रिकेट में हुये विवाद को लेकर सोमवार को कैंथा गांव में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे व हवाई फायरिंग हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया था। आज एक पक्ष के वृद्ध की मौत होने पर तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुये पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक बीते सोमवार को क्षेत्र कैंथा गांव मे दो पक्षों के बीच फायरिंग के साथ जमकर लाठी डंडे चले थे। जिसमे सदर गांव निवासी सुरेश (45) पुत्र कृष्णा व उसके पुत्र मनीष (21), भूपेंद्र व पत्नी कुसुमा गंभीर रूप से घायल हुये थे। वहीं दूसरे पक्ष से कैंथा गांव निवासी मानसिंह पुत्र गंगादीन व उसके पुत्र अवधेश व हृदेश को चोटें आईं थी। दोनों पक्षों के बीच मारपीट के दौरान एक पक्ष के लोगों द्वारा अवैध अस्लिाहों से की गई फायरिंग से गांव में दहशत फैल गई थी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों से घायल सात लोगों को एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिये सीएचसी राठ भिजवाया। रात्रि में पुलिस ने सदर गांव निवासी मनीष पुत्र सुरेश कुमार की तहरीर पर कैंथा गांव निवासी मानसिंह पुत्र गंगादीन व उसके पुत्र हृदेश, अवधेश और भाई मुन्ना उर्फ रामसिंह के विरूद्ध एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। साथ दूसरे पक्ष के कैंथा गांव निवासी हृदेश पुत्र मानसिंह की तहरीर पर मनीष व उसके पिता व रिश्तेदार सहित एक अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। सुबह एक पक्ष के वृद्ध गंगादीन (80) पुत्र मुल्लू खंगार की मौत की खबर से स्थानीय पुलिस अफसरों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद सीओ राठ पुलिस बल के साथ कैंथा गांव पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया है। वहीं मृतक के पुत्र मानसिंह ने आरोप लगाया कि सोमवार को हुई मारपीट में घायल होने के बाद आज उसके पिता की मौत हुई है।

## अकोढ़ी गांव के खेत में कौआ के मृत मिलने से फैली सनसनी

**जालौन ( उरई )।** यूं तो क्षेत्र में बर्ड फ्लू का कोई कोई मामला नहीं आया है। मंगलवार को ग्राम अकोढ़ी दुबे में एक साथ कई कौआ मरने की घटना के बाद ग्रामीणों में अफरा तफरी रही। ग्रामीणों ने कौआ मरने की सूचना पशु पालन विभाग को दी है। बर्ड फ्लू के फैलने को लेकर लोग जागरूक है तथा पक्षियों पर नजर रखे हुए हैं। मुर्गी-मुर्गा के साथ अन्य पक्षियों के मरने को लेकर सजग है। मंगलवार को जब गांव में खलिहान की जगह पर, रामकुमार बाथम के खेत आदि स्थानों पर कौआ मरे देखे तो लोगों में कौतुहल मच गया। गांव में कौआ मरने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गयी। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पशु चिकित्साधिकारी को दी। घटना की सूचना मिलने पर पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। पशु चिकित्साधिकारी डा. रविन्द्र भदौरिया ने बताया कि गांव में कौआ मरने की सूचना मिली है। वह स्वयं टीम के साथ मौके पर जा रहे हैं तथा कौआ के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जायेंगे।

# कुल्हाड़ी से हमला कर मरणासन्न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**कोंच( जालौन )।** कुल्हाड़ी से हमला कर व्यक्ति को मरणासन्न करने के आरोप में पुलिस ने घटना के करीब 3 माह बाद आरोपी बाप बेटों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है।नगर के मुहल्ला तिलकनगर निवासी गिरजाशंकर पुत्र स्व कन्हई ने बीते माह अक्टूबर 2020 को कोंच कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 19 अक्टूबर को वह रास्ते से जा रहा था तभी मुहल्ले के ही रहने वाले मूलचन्द्र यादव पुत्र स्व गजराज सिंह ने अपने बेटे प्रदीप व रोहित के साथ मिलकर उसे शिरोवन यादव के घर के सामने रोक लिया था और जातिसूचक गाली गलौज कर उसके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था।वहीं चीख पुकार सुनकर उसे बचाने आयी पत्नी के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर पत्नी को धक्का देकर जमीन पर पटक दिया था और फिर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये थे। वहीं उक्त घटना के करीब 3 माह पूर्व पुलिस ने मंगलवार को आरोपी बाप बेटों के खिलाफ दफा 308, 323, 504, 506, 3(1)(द)(घ),एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### यौन शौषण के आरोपी रामबिहारी के घर को पुनः खंगाला

**कोंच ( जालौन )।** रामबिहारी राठौर के खिलाफ पुलिस द्वारा की जा रही जाँच लगातार जारी है जिसके तहत सीओ राहुल पांडेय के नेतृत्व में क्राइम इंस्पेक्टर उदयभान गौतम व खेड़ा चौकी प्रभारी शफीक खान ने पुलिस बल के साथ मिलकर सोमवार की देर रात व मंगलवार की सुबह उसके घर पर जाकर एक बार फिर से गहन जांच पड़ताल की। इस दौरान रामबिहारी के घर से 2 मोबाइल व 1 पेनड्राइव पुलिस ने बरामद की है।पुलिस द्वारा मोबाइल व पेनड्राइव की जांच की जा रही है जिससे यह कयास लगाया जा रहा है कि बरामद मोबाइल व पेनड्राइव में कुकर्म के और भी नये मामले सबके सामने आ सकते हैं।

# शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर करें: जिलाधिकारी

**कन्नौज।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अतिरिक्त आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित करते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। अधिकारी आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। लापरवाही किसी भी दशा में छम्य नहीं होगी गुणवत्ता में कमी मिलने पर संबंधित अधिकारी होंगे जिम्मेदार।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी।

डीएम ने तहसील छिबरामऊ के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व, कृषि, राशन, आदि विभागों से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता परक किया जाये फर्जी निस्तारण की कार्यवाही पाए जाने पर सम्बंधित विभाग के अधिकारी को जिम्मेदार मानते हुए शासन को भी अवगत कराते हुए कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने समाधान दिवस के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों में से जमीनी विवाद की समस्त शिकायतों को थानेवार विभाजित कर थाना समाधान दिवस में प्रस्तुत किये जाने एवं संबंधित प्रकरण में संबंधित लेखपाल व हल्का दरोगा से रिपोर्ट लेकर मौके पर जाकर निस्तारण किया जाए। डीएम ने छिबरामऊ की हनुमानगढ़ी क्षेत्र में पेयजल की उचित व्यवस्था न होने की शिकायत पर तत्काल अधिशासी अधिकारी छिबरामऊ को समस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास, चकबंदी, अवैध कब्जे हटाये जाने से संबंधित प्रकरणों, निर्माण कार्य में कमी, आदि संबंधित प्रकरणों के सम्बंध में शिकायतें सुनी व नियमानुसार संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए।

# काली फिल्म लगाना व हूटर बजाना पड़ा महंगा

## पुलिस अधीक्षक ने प्रदेश अध्यक्ष के वाहन से उतरवाई काली फिल्म, खादी और खाकी का नजारा देखते रहे लोग



दिनेश पाण्डेय। सुल्तानपुर

**काली फिल्म** लगी लग्जरी कार और ऊपर से हूटर बजाना अपना दल (एस) के प्रदेश अध्यक्ष को महंगा पड़ गया। एसपी की नजर गाड़ी पर पड़ी तो फौरन वाहन को सड़क किनारे लगवा सिपाहियों से काली फिल्म उतरवा डाली। नेता जी और पुलिस कप्तान के बीच हुआ आमना-सामना स्थानीय लोग और राहगीर गौर से देखते रहे।

मंलगवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अपना दल (एस) के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर जमुना प्रसाद सरोज जनपद में आए हुए थे। नेता जी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर वापस जा रहे थे। उनका काफिला शहर के जीआईसी गेट के पास पहुंचा ही था कि पुलिस अधीक्षक की नजर उनके काफिले पर जा पड़ी। लग्जरी वाहन में काली फिल्म और ऊपर से हूटर की आवाज सुन तेज तर्रार एसपी डा. अरविन्द चतुर्वेदी ने फौरन पुलिस कर्मियों को नेता जी की गाड़ी रोकने का आदेश दिया। कप्तान के फरमान पर सक्रिय हुए पुलिस कर्मियों ने प्रदेश अध्यक्ष की गाड़ी सड़क किनारे लगवा दी। फिर एसपी खुद गाड़ी से उतरे और उनके लग्जरी वाहन के पास पहुंच गए और वाहन में काली फिल्म लगाने को नियम विपरीत बताते हुए मातहतों से उसे उतारने को कहा। कप्तान के रुख को देख नेताजी भड़क गए। फिर क्या था, देखते ही देखते खादी और खाकी के बीच कहासुनी शुरू हो गई। नेता जी के बोल सुन पुलिस अधीक्षक ने प्रदेश अध्यक्ष के लग्जरी वाहन से काली फिल्म उतरवा डाली। यह नजारा स्थानीय लोगों के साथ-साथ राहगीर भी गौर से देखते रहे। हालॉकि जाते वक्त प्रदेश अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से कह ही दिया कि फिर आमना-सामना होगा जिस पर एसपी ने बेबाकी से जवाब दिया कि हम इसकी चिन्ता नही करते। पुलिस अधीक्षक ने नेता जी के वाहन से काली फिल्म उतरवा जो संदेश दिया वह वाकई काबिले तारीफ रहा।

## महिलाओं के लिए वरदान बनी योजना

**सुलतानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी द्वारा 9 अक्तूबर 2019 को शिलान्यास कर जिले वासियों को वन स्टाप सेन्टर की सौगात दी गयी थी। 15 महीने में 48 लाख रूपए की लागत से शहर से निजामपट्टी में तैयार हो रहा वन स्टाप सेन्टर-सखी का मेनका संजय गांधी द्वारा अगले दौरे के दौरान उद्घाटन किया जायेगा।सांसद मेनका संजय गांधी का ड्रीम प्रोजेक्ट वन स्टाप सेन्टर-सखी किसी भी कारण से पीड़ित महिलाओं के लिए सौगात के रूप में होगा। सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने जिला प्रोवेशन अधिकारी राजेश कुमार, सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता राजकिशोर, समाज सेवी राजेश पांडेय एवं लेखपाल चन्द्रदेव सिंह आदि के साथ मौके का निरीक्षण कर जायजा लिया। सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने जिला प्रोवेशन अधिकारी व कार्यदायी संस्था के अवर अभियंता को सांसद द्वारा उद्घाटन किये जाने के पूर्व तैयारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# अतिक्रमण न हटवाने पर लेखपाल सस्पेंड

संवाददाता। गोंडा

**जनशिकायतों** के प्रति जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही की संजीदगी का लाभ जहां एक ओर फरियादियों को मिलना प्रारम्भ हो गया है वहीं जनशिकायतों को गम्भीरता से न लेने वाले अधिकारियों.कर्मचारियों के खिलाफ डीएम की कार्यवाही जारी है। मंगलवार को तहसील तरबगंज में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम ने एसपी व सीडीओ के साथ जनशिकायतें सुनीं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता शिवराम पाण्डेय द्वारा बार.बार शिकायत करने के बावजूद चकरोड से अतिक्रमण न हटवाने के आरोप में जमथा डिक्सिर के लेखपाल जय प्रकाश पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से सस्पेन्ड कर दिया है तथा वर्ष 2012 मे मृत हुए संग्रह अमीन केशरी प्रसाद गुप्ता की पत्नी सीतापतीए नवाबगंज को जीपीएफ की जमा राशि भुगतान आज तक न करने पर लिपिक मुजम्मिल अहमद का वेतन रोकते हुए विभागीय कार्यवाही करने तथा अब तक भुगतान होने के पूरे मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने तथा जीपीएफ का भुगतान एक सप्ताह में कराकर रिपोर्ट देने के आदेश एसडीएम तरबगंज को दिए हैं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में ही डीएम ने आईजीआरएसए आनलाइन व विभिन्न हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त लम्बित शिकायतों का निस्तारण समय सीमा में न किए जाने पर जिला पंचायतराज अधिकारीए पूर्ति निरीक्षक क्रमशः तरबगंजए गोण्डाए करनैलगंज व मनकापुर को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया हे तथा दो दिन के अन्दर लम्बित शिकायतों का निस्तारण न होने पर विभागीय कार्यवाही की चेतावनी दी है। पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने पुलिस अधिकारियों के स्तर पर 469 प्रकरण लंबित मिलने पर सभी थानाध्यक्षों को दो दिन की मोहलत देते हुए चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के भीतर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न हुआ तो वे कार्यवाही के लिए तैयार रहें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिम्मेदार अधिकारी चौबीस घन्टे के अन्दर शिकायतों को निस्तारित कर दें अन्यथा यदि शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में गईं तो निश्चित ही सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध ढंग व गुणवत्तापूर्ण होए यह भी सुनिश्चित कराया जाय। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील तरबगंज में कुल 134 शिकायतें प्राप्त हुईए जिनमें से 17 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गयाए शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

### आयुक्त व आईजी ने लिया जायजा

**गोंडा।** मंगलवार को आयुक्त देवीपाटन एसवीएस रंगाराव ने सम्पूर्ण समाधान दिवस की हकीकत देखने के लिए जनपद की तहसील सदर में औचक पहुंचकर शिकायतों के निस्तारण की स्थिति देखी तथा स्वयं भी जन शिकायतों को सुना।आईजी देवीपाटन डा0 राकेश सिंह के साथ तहसील सदर में पहुंचे आयुक्त ने एसडीएम से धारा.41 के तहत लम्बित पैमाइश के मामलों के बारे में जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि एक हफ्ते में सभी प्रकरणों की पैमाइश कराकर उन्हें रिपोर्ट दें। आयुक्त ने एसडीएम से निर्विवादित वरासत अभियान के बारे में भी जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाय किसी भी पात्र व्यक्ति की वरासत दर्ज होने से वंचित न रहने पाए। शिकायतों की गुणवत्ता की जांच के लिए आयुक्त ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में ही दो शिकायतकर्ताओं के मोबाइल नम्बर पर फोन कराया जिसमें एक शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि उसकी शिकायत का निस्तारण ठीक ढंग से हो गया है जबकि दूसरे ने बताया कि उसका पारिवारिक विवाद के कारण अभी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका है।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष

संवाददाता। खीरों, रायबरेली

**थाना** क्षेत्र के अंतर्गत सेहरामऊ मजरे बनईमऊ में पुरानी रंजिश के कारण मंगलवार की सुबह दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी चले । जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए । तीन घायलों को नाजुक हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है । शेष घायलों का इलाज सीएचसी खीरों में चल रहा है । सेहरामऊ निवासी रामराज ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मंगलवार की सुबह उसके गाँव के मोनू पुरानी रंजिश के कारण उसके दरवाजे आकर गाली दे रहे थे । मनाकरने पर मोनू उसके पिता राम सनेही, चाचा नंदकिशोर, परिवार के राजकुमार आदि ने जान से मारने की नीयत से लाठी डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया । जिसमें उसके परिवार के शिवबालक, धर्मेन्द्र और चन्द्रकेशन व वह खुद गम्भीर रूप से घायल हो गए । इस दौरान जब उन्होंने पीआरबी पुलिस को 112 पर फोन किया तो पुलिस ने सभी लोगों को सीएचसी खीरों पहुँचाया । वहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में शिवबालक और धर्मेन्द्र यादव को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया । दूसरे पक्ष से मोनू ने तहरीर देते हुए पुरानी रंजिश के कारण रामराज, राम औतार चन्द्रकेशन आदि पर लाठी डंडे व कुल्हाड़ी आदि से हमला करने का आरोप लगाया है । जिसमें राम सनेही को प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है । प्रभारी थानाध्यक्ष रावेन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीरें मिली है । घायलों का इलाज चल रहा है । जाँचकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी ।

## आपदा प्रबन्धन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**गोंडा।** जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही के निर्देशन में जनपद के 50 गांवों में आपदा प्रबन्धन हेतु जिला पंचायत सभागार में स्वास्थ्य विभागए पशु पालनए शिक्षाए कृषिए मत्स्यए बाढ़ खण्डए पुलिसए फायर सर्विस तथा राजस्व विभाग के लेखपालोंए नायब तहसीलदारों व तहसीलादारों को आपदा प्रबन्धन का प्रशिक्षण दिया गया। जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण व टाइम्स ग्रुप आफइण्डिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह ने किया। प्रशिक्षण में कर्मियों को आपदा प्रबन्धन का प्रशिक्षण दिया गया तथा शीत लहरए बाढ़ए सूखाए भूकम्पए सुनामी जैसी आकस्मिक आपदाओं से निपटने व पूर्व तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान काफी बारीकी से बताया।

## शिकायतों के गलत निस्तारण पर जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाईः मुख्य विकास अधिकारी

**श्रावस्ती।** शासन के मंशा के अनुरूप यदि किसी अधिकारी कर्मचारी द्वारा शिकायतों के निस्तारण में फर्जी रिपोर्टिंग की गई तो उन्हें बख्सा नही जायेगा। फरियादियो के मोबाइल पर बात करने पर अगर निस्तारण फर्जी पाया गया तो निश्चित ही सम्बन्धित से जवाब तलब के साथ ही निलम्बन की कार्यवायी होगी। उक्त निर्देश तहसील जमुनहा में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कही। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा की राजस्व निरीक्षक अपने.अपने क्षेत्रो में टीम बनाकर थाना दिवसो में प्राप्त शिकायतो का निस्तारण पुलिस के सहयोग से करें और इसमें कोई लापरवाही न बरती जाये। उन्होने सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों में किसी भी प्रकार का कब्जा न किया जाए यदि किसी भी क्षेत्र में इस प्रकार की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवायी सुनिश्चित की जायेगी। तहसील जमुनहा में कुल 58 शिकायतो में से मौके पर ही 03 शिकायतो का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतो के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारी को हस्तगत कराया गया। जबकि तहसील भिनगा में अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ यहॉ पर 80 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। साथ ही तहसील इकौना में अपर पुलिस अधीक्षक वी0 सी0 दूबे एवं उप जिलाधिकारी राजेश मिश्रा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ यहॉ पर 102 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर 9 शिकायतों का निस्तारण किया गया।शेष शिकायतों के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया।

# नोडल अधिकारी ने जानी विकास कार्यों की जमीनी हकीकत




संवाददाता। श्रावस्ती

**विकास** खण्ड सिरसिया के सुहेलवा फारेस्ट गेस्ट हाउस के बगल नव निर्माणाधीन पंचायत भवन का जिले के नोडल प्रमुख सचिव नियोजन उत्तर प्रदेश शासन आमोद कुमार ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माणाधीन स्थल पर कार्य की लागत निर्माण कार्य प्रारम्भ करने की तिथि कार्य पूर्ण होने की तिथि आदि अंकित न पाए जाने पर वहां उपस्थित जिला पंचायत राज् अधिकारी किरन को निर्देश दिए कि जिले में पंचायत विभाग द्वारा जितने भी निर्माण कार्य कराए जा रहा है उन सभी स्थलों पर साइन बोर्ड जरूर लगाए जाएं जिसमें निर्माण कार्य सम्बंन्धी सभी सूचनाएं अपडेट की जायए ताकि निरीक्षण के दौरान सभी जानकारी मिल सके। नोडल ने सुहेलवा में ही संचालित प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय सुहेलवा का निरीक्षण कर साफसफाई पर बल दिया इसके पश्चात वही पर नव निर्मित सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया तथा जो भी अपूर्ण कार्य है उसे पूरा कर शौचालय के संचालन का निर्देश दिया। इसके बाद सिरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सभी सुविधाओं को पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराते रहने का सम्बन्धित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया। तत्पश्चात भिनगा स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कैम्पस में स्थापित कोविड .19 वैक्सीन स्टोर जनपदीय वैक्सीन भंडार का भी निरीक्षण कर जायजा लिया तथा मानक के अनुसार वैक्सीन भन्डार रूम में सभी व्यवस्थाए हमेशा रखने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया।

# बीआरसी पर काम करने वाले श्रमिकों को नहीं मिली मजदूरी

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**एक** तो सरकार दिहाड़ी मजदूरों और बीपीएल रेखा से नीचे लोगों के लिए नित नए प्रयास करके उनके जीवन स्तर को सुधारने का प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी तरफ सरकारी कारिन्दो के द्वारा ही मजदूरों की मजदूरी हड़पी जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बछरावां का है। जहां पर खंड शिक्षा अधिकारी पद्म शेखर मौर्य और उनके गुर्गों द्वारा मजदूरों की मजदूरी का लगभग 85,000 रुपया हड़प लिया गया है। जिससे बीआरसी कार्यालय पर काम करने वाले मिस्त्री व मजदूर भुखमरी के कगार पर है। उन्होंने अपनी मजदूरी के लिए बछरावां थाने में लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था होने के कारण आज तक मजदूरों की मजदूरी नहीं मिल पाई है। बीआरसी पर काम करने वाले संतोष कुमार पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम राजामऊ विकास क्षेत्र बछरावां जनपद



रायबरेली ने लिखित शिकायत पत्र देकर अवगत कराया है कि मैंने 29 जून 2020 से बीआरसी बिशुनपुर में दो माह काम किया। मौके पर काम कराने वाले खंड शिक्षा अधिकारी पद्म शेखर मौर्य, नीलेश श्रीवास्तव बाबू और देशराज लिपिक हैं मैंने इनके कहने पर ही बीआरसी बछरावां में काम किया काम करने के पहले कहा कि काम करते समय ही खर्चा मिलेगा और काम पूरा होने पर पूरा हिसाब हो जाएगा। लेकिन जब हम काम पूरा कर चुके और जब हिसाब के लिए उनके पास गए और उनको बताया कि काम करने के समय 50,000 दिए थे अब 85000 और बाकी है फिर भी काम करने के लगभग चार माह बीतने के बाद भी आज तक उन्होंने मेरा हिसाब नहीं किया। बीआरसी पर काम करने वाले संतोष मिस्त्री, पिंटू मिस्त्री, लेबर श्यामलाल, दीपू, राजेंद्र, प्रदीप, जय बहादुर व मनीष जोकि राजा मऊ ग्राम सभा के ही रहने वाले हैं। जब भी बीआरसी पैसा मांगने के लिए मिस्त्री जाते हैं तब उनको एक हफ्ता रुक जाओ हिसाब हो जाएगा यही कहानी बताई जाती है। संतोष मिस्त्री ने यह भी बताया कि लेबरों के पैसा मांगने पर मैंने अपनी पत्नी की सोने की झुमकी भी बेचकर दिवाली में सब लेबरों को थोड़ा थोड़ा पैसा दिया। पैसा अभी बीआरसी से ही नहीं मिल पाया तो हम इन लेबरों को पैसा कहां से दे। लेबर संतोष मिस्त्री का आए दिन पैसे के चक्कर में घर भी कहते हैं अजीब पशोपेश की स्थिति में सरकारी कार्यों के चक्कर में बेचारे गरीब मिस्त्री पिस रहे हैं। वही वर्षों से जमे खंड शिक्षा अधिकारी के यह काले कारनामे गरीबों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। कमीशन बाजी के चक्कर में मुंह में लगा खून गरीबों का भी निवाला छीने जा रहा है। मजदूर की दिहाड़ी हड़पने के बारे में संवाददाता ने जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली के मोबाइल नंबर 9453004175 पर जब बात करना चाहा तो उनका फोन नहीं उठा। उसके बाद संवाददाता ने खंड शिक्षा अधिकारी के मोबाइल नंबर 7905234656 पर बात की तो उन्होंने बताया कि इन मिस्त्रियो द्वारा बीआरसी पर काम किया गया है। भुगतान के बारे में घन मीटर के हिसाब से नाप कराकर भुगतान कराया जाएगा। वही मजदूरों व राजमिस्त्रियों का कहना है कि हमने प्रतिदिन की मजदूरी के हिसाब से काम किया था ठेकेदारी प्रथा में काम नहीं किया है।

# तहसील दिवस में डीएम ने सुनी शिकायतें

संवाददाता। लालगंज,रायबरेली

**तहसील** सभागार लालगंज में आयोजित तहसील दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने की। इस मौके पर कुल 127 शिकायतें आईं। जिनमें से 26 शिकायतें निस्तारित की गईं। राजस्व विभाग की सर्वाधिक 53 शिकायतें रही वहीं पुलिस विभाग की 49, विकास विभाग की 7, समाज कल्याण की 3 तथा अन्य विभागों की 15 शिकायतें आईं। राजस्व विभाग की 23 व समाज कल्याण विभाग की तीन शिकायतें निस्तारित की गईं। उन्होंने सभागार में शोर होने पर जहां मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाई वहीं चकरोड़ों पर अवैध कब्जे होने तथा शिकायतों का समय से निस्तारण न होने पर भी नाराजगी जताई।सोहाईबाग मुहल्ला निवासी राजेंद्र ने एडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि तहसीलदार न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने के बावजूद प्रतिपक्षी निर्माण कार्य कराने में जुटे हैं। इस पर डीएम ने कोतवाली पुलिस को निर्माण रूकवाने को कहा।गोपालीखेड़ा निवासी बृजेश द्विवेदी ने बंजर भूमि पर अवैध कब्जा होने, मदुरी के सूर्यपाल ने भूमिअधिग्रहण का धन न मिलने, रनापुर के रामसजीवन ने बिजली कर्मचारी पर गलत बिल ठीक कराने के नाम पर तीन हजार रूपये लेने, महाखेड़ा की बिंदादेई ने तीन वर्ष बाद भी शौचालय की दूसरी किश्त न मिलने का शिकायती पत्र दिया।चकरोड़ों पर अवैध कब्जे की शिकायतों समेत तहसील दिवस रजिस्टर में दर्ज शिकायतों के समय से निस्तारण न होने पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने समय से शिकायतें निस्तारित कराने के आदेश दिए।। डीएम से एक मामले में मिलने गए अधिवक्ताओं से डीएम ने कहा कि वह तहसीलदार का सहयोग करते हुए कोर्ट चलवाकर पुराने वादों को शीघ्र निस्तारित कराए।

## क्विक न्यूज

### भाई बहन को ट्रक ने रौंदा, बहन की मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव बीकरगढ़ मे ट्रक ने बाइक सवार भाई बहन को रौंद दिया जिसमें बहन की मौत हो गई जबकि भाई घायल होने पर सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।ऊंचाहार कोतवाली के गांव बीकरगढ़ मे बाइक सवार अमित कुमार 22वर्ष पुत्र संतोष निवासी बल्दीकापुरवा अपने मामा के पुत्री यानी ममेरी बहन कंचन 28वर्ष पुत्री जगन्नाथ पाण्डेय निवासी कुण्डानेवादायथाना गौरीगंज जिला अमेठी ऊंचाहार होकर प्रयागराज रेलवे की परीक्षा देने के लिए जा रहे थे तभी मंगलवार के दिन बाइक सवार दोनो को ऊंचाहार कोतवाली के बीकरगढ़ मे सलोन से ऊंचाहार मार्ग पर ट्रक ने रौंदकर सलोन की ओर फरार हो गया।जिसमे दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में भर्ती किया गया।जहां पर कंचन को चिकित्सको ने मृतक घोषित कर दिया जबकि अमित को चोटे आने पर सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला रेफर कर दिया गया।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।दुर्घटना करने वाले ट्रक की खोजबीन किया जा रहा है।

### मिनी फ्लोर मिल का अफसरों ने लिया जायजा

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** बल्दीराय के प्रगतिशील किसान जमील अहमद के प्रधानमंत्री योजनान्तर्गत मिनी फ्लोर मिल का अधिकारियों ने जायजा लिया। अफसरों ने निरीक्षण के बाद मिल शुरू करने की बात कही। अधिकारियों ने अमरेन्द्र सिंह के भी प्लान्ट के निरीक्षण के बाद चंदन का पौधा रोपित किया। इस मौके पर इकब पारा, जुनैद खान, असलम खान, इंजमामूल हसन खान, राधेश्याम, मुनाब खान, कादिर खान, सिद्धनाथ आदि लोग उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर एजेंसी से कल्टीवेटर व बैटरियां चोरी

**सुल्तानपुर।** शहर से सटे अमहट चौराहे के निकट काशीराम कॉलोनी के सामने स्थित एक ट्रैक्टर एजेंसी से सप्ताह भर में चोरों ने एक कल्टीवेटर व चार बैटरियां उड़ा दी। पुलिस सूचना पर पहुंची पर मुकदमा नही दर्ज किया केंवल जांच से ही खानापूरी कर रही है। गौरतलब हो कि लगातार हो रही चोरियों से इलाके में दहशत है। लोगों का कहना है कि चोरों का गिरोह सक्रिय हैं। अगर पुलिस गम्भीरता से प्रयास करे तो कई घटनाओं का राजफाश हो सकता है। जहां से लगातार चोरी हो रही वह एजेंसी आरटीओ कार्यालय के निकट है। आसपास की बड़ी दुकानों बिल्डिंग में कई सीसीटीवी कैमरे भी लगे है। घटनाओं के परदाफाश के लिए उसके फुटेज से भी मदद मिल सकती है। लेकिन इलाकाई पुलिस को जुटना होगा।

### दुर्गा पब्लिक इण्टर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**रायबरेली** दुर्गा पब्लिक इण्टर कालेज,देदौर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने अपने अपने प्रोजेक्ट बनाकर उनकी कार्यविधि और उपयोगिता समझाई।डा अमिताभ पाण्डेय ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कृत किया और कहा कि विज्ञान और गणित से तार्किक क्षमता का विकास होता है।प्रधान दिनेश चौधरी ने शैक्षिक व्यवस्था और प्रदर्शनी की प्रशंसा की। ऋचा गौतम,अवनी पटेल,हिमान्शी ने प्रथम,अभिमन्यु,मयंक,आयूष पटेल ने द्वितीय और आयुषी गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रदर्शनी में अभिभावकों के साथ-साथ अतिथियों ने भी छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए रेन हार्वेस्टिंग,खेल खेल में गणित,सोलर ड्रिप,सिंचाई सहित अन्य कई प्रोजेक्ट पर जानकारी ली।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अमित कुमार चौधरी,प्रधानाचार्य शशीन्द्र पटेल,मनीष,प्रमोद,संतोष,राम सजीवन आदि मौजूद रहे।

### वृद्ध की हालत बिगड़ी, मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार नगर के वार्ड नंबर 2 निवासी मो वाहिद पुत्र मो दहल की एकाएक हालत बिगड़ने पर बेड से नीचे गिर गए।जिनको सीएचसी में प्राथमिक उपचार हेतु भर्ती करवाया गया।जहां पर उनका उपचार के दौरान मौत हो गई है।जिनके मौत पर परिजनो मे रो रोकर बुरा हाल था।

### ज्वैलर्स ने लाखों के जेवरात की किया टप्पेबाजी

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत गांव गंगेहरागुलालगंज निवासी लल्लनतिवारी ने कोतवाली में मंगलवार के दिन तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सलोन कोतवाली के गांव उमरनबाजार निवासी ज्वैलर्स एक माह पूर्व घर आकर बच्चे का चांदीकाचुरवाय3मंगलसूत्र सोने कीयदो जोड़ी पायल चांदी कायकर्धनीयसोने का झुमकायसोने की जंजीर आदि को बनाने के लिए ले गया।जिसके बाद से नही दे रहा है।जिसमे पीड़ित ने ज्वैलर्स पर टप्पेबाजी का आरोप लगाया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिली है जिसको एनटीपीसी चौकी इंचार्ज को जांच हेतु भेजकर रिपोर्ट मांगी गई है। जिसके बाद अग्रिम कार्यवाही किया जाएगा।

### राम मंदिर निर्माण के लिए विधायक ने दिया सहयोग

**बछरावां** रायबरेली क्षेत्र में चलाए जा रहे हैं अभियान मे आज बछरावां विधायक माननीय रामनरेश रावत ने अयोध्या में जन्मभूखंड भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण हेतु ?101000 रुपये की राशि निधि प्रमुख को प्रदान किया

### जिलाधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी टी के शिबु ने विकास खण्ड हरिहरपुर रानी के अन्तर्गत पंचायत भवन खैरी कला का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया । कैम्पस के अन्दर फूल पौधा लगे क्षेत्र में साफसफाई और बेहतर बनाने के साथ ही पंचायत भवन के दीवार पर गाँव मे तैनात सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों का नाम पद नाम मोबाइल नम्बर आदि लिखवाकर प्रदर्शित कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया। तदोपरांत पंचायत भवन के समीप ही बने नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया । तथा सामुदायिक शौचालय की साफसफाई व देख रेख की व्यवस्था के लिए सचिव को निर्देशित किया। ततपश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय खैरी कला का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। यहॉ पर कराए गये मरम्मत कार्य सन्तोष जनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सचिव को कड़ी फटकार लगायी और ढंग से कार्य करा कर कराए गये कार्यो को सुधार का निर्देश दिया ।

### श्रीराम मंदिर निधि समर्पण अभियान कार्यालय का उदघाटन

**श्रावस्ती।** सिरसियाए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक जितेन्द्र के तत्वावधान में निधि समर्पण कार्यक्रम का उद्घाटन सिरसिया बाजार निकट सिंचाई विभाग कालोनी के समीप हुआ। जिला प्रचारक ने कहा कि जिस प्रकार भगवान राम के कार्य में छोटे बड़े सभी एक साथ लगे और मंदिर वहीं बनाएंगे राम लला हम आएंगे इसका संकल्प लेकर जो यात्रा आरंभ कीए वर्तमान में आज उसी का यह परिणाम हैए कि वहां भव्य राम मंदिर बनने के लिए तैयार है। इस कार्य में हम सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहने वाला है और हमारा प्रयास होना चाहिए कि श्रावस्ती के सिरसिया में हर घर से हर हिंदू का इस भव्य राम मंदिर निर्माण में कुछ ना कुछ योगदान रहे। इस अवसर पर राजकुमार यादव ने11000 की धनराशि व फूलचन्द्र श्रीवास्तव 5100 तथा जनार्दन द्विवेदी ने 5100 की धनराशि निधि समर्पण किया ।

### ग्राम सभा की जमीन कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा करना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। लेखपाल की शिकायत पर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला भीरागोविंदपुर गांव का है जहां के लेखपाल शिवदुलारे ने कोतवाली लालगंज में धीरज पासी के विरूद्ध सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य करने का शिकायती पत्र दिया था। कोतवाल अरूण सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 को

**लालगंज,रायबरेली।** आगामी 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई जाएगी। इस मौके पर तीन लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# जिला पंचायत ने सभी तरह के लाइसेंस फीस में की भारी वृद्धि

**संवाददाता** । बस्ती

**शासन** ने अगर जिला पंचायत के उस प्रस्ताव की मंजूरी दे दी, जिसमें सभी तरह के लाइसेंस फीस में भारी वृद्धि करने को कहा गया, तो जिला पंचायत की आय चार गुना बढ़ जाएगी। बढ़ोत्तरी के दायरें ईंट भठठा ने लेकर पेटोल पंप तक षामिल है। डीएम के प्रशासक बनने और उनके आदेश के बाद जिला पंचायत आय में बढ़ोत्तरी और नये आय के स्रोत तलाशने की दिशा में कई कदम उठा रहा है। जिसमें बकाएदारों से वसूली के लिए रोज सुबह आठ बजे बकाएदारों के दरवाजे पर पहुंच जाना और पांच हजार से अधिक डिफाल्टर बकाएदारों के खिलाफडिमांड नोटिस जारी करना शामिल है। हालांकि

## जिला पंचायत ने वृद्धि करने का प्रस्ताव शासन को भेजा, आय बढ़ाने का निकाला फार्मूला

बकाए की वसूली करने में राजस्व निरीक्षक और सहायक राजस्व निरीक्षकों के सामने कई व्यवहारिक कठिनाई सामने आ रही है, मसलन अगर कोई निरीक्षक सुबह आठ बजे किसी बकाएदार के दरवाजे पर पहुंच जाता है, तो उसे बकाया तो नहीं मिलता अलबत्ता सुबह-सुबह दरवाने पर जाने के कारण गालियां अवष्य मिलती है।

हालांकि जिला पंचायत ने एक करोड़ आठ लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 96 लाख की वसूली कर चुका है। अपर मुख्य अधिकारी विकास मिश्र का कहना है कि जिला पंचायत हर उस आय के स्रोत को तलाषकर रही जिससे आय में वृद्धि हो सके। ग्रामीण अंचल में जिला पंचायत के दायरे में आने वाले जूना-चप्पल की दुकान से लेकर कल कारखाने, पेटोल पंप और ईंट भठ्ठा सहित सभी लाइसेंस संपत्ति एवं विभव का लाइसेंस शुल्क में जो वृद्धि का प्रस्ताव शासन में लंबित हैं, उनमें चीनी मिल का लाइसेंस फीस एक हजार से 50 हजार करना शामिल है।

एएमए ने जोर देकर कहा है कि जिसका लाइसेंस नवीनीकरण नहीं हुआ है, वह त्वरित नवीनीकरण करा लें और जिनका व्यवसाय बिना लाइसेंस के चल रहा है, वह लाइसेंस बनवा ले, अन्यथा अगर निरीक्षण के दौरान कोई पकड़ा जाएगा, तो उसका चालान कर दिया जाएगा।

### जेई को निलंबित नहीं बल्कि शोकाज नोटिस दी गईः एएमए

**बस्ती**। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी विकास मिश्र ने स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता के आरोप में डीएम ने जेई तिलकराज उपाध्याय को निलंबित नहीं, बल्कि कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया, गलती से सूचना कार्यालय द्वारा निलंबन की जानकारी दे दी गई। बताया कि निलंबित करने का अधिकार शासन को है।

# डीएम ने अमहट नदी पर जाली लगाने के दिए निर्देश

**संवाददाता** । बस्ती

**डीएम** आशुतोष निरंजन के पहल पर इंसानी जानें बचाने की कारगर पहल शुरु हो गई हैं नवनिर्मित अमहट घाट पुल पर जाली लगाने के लिए डीएम ने सेतु निगम के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि जाली ना होने से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इसलिए तत्काल इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करें।

कुछ दिन पहले सदर विधायक दयाराम चौधरी ने डीएम को पत्र लिखकर उनसे हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए जाली लगाने को नत्र लिखा था। डीएम ने निर्माण कार्यों में विलंब के लिए यूपी आरएनएन के परियोजना प्रबंधक का स्पष्टीकरण तलब किया है। मेडिकल कॉलेज में लैंड स्केपिंग का कार्य विगत चार महीने से कराया जा रहा है, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ।

# गंगा में नाव डूबी, नाविक सहित सभी सवार सुरक्षित

## मामला अत्यंत गम्भीर है, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगीः डीएम

**संवाददाता** । (मीरजापुर)

**स्थानीय** कोतवाली अंतर्गत बनवारीपुर गांव के गंगाघाट के समीप अतिरिक्त बोझ के कारण नाव डूब गयी। नाव में दो नाविक सहित सवार कुल 18 लोग सुरक्षित निकाल लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विन्ध्याचल कोतवाली अंतर्गत बनवारीपुर गांव के सामने गंगा नदी के उस पार से खेतों में कामकर नाव से इस पार लौट रही चार महिलाएं, 12 बालिकाएं व दो नाव चालक क्रमशः कल्लू व शनि तथा बाकी सवार रेखा, संतोषी, पुष्पा, संगीता ए श्रेया, खुशी, नेमा, जिउती, सुनीता, साधना, सुधा, शिवदेवी, बेबी, पायल, निशा व सुनीता नाव पर सवार थे। किनारे पहुंचने से पहले अतिरिक्त बोझ के कारण नाव डूबने लगी। पल भर में नाव पर सवार सभी नदी में गिर गए। स्थानीयों के अनुसार सभी सवार तैरना जानते थे, कुछ बच्चियां तैर कर किनारे पहुंच गईं। बाकियों की मदद के लिए कुछ नाविक तत्काल मौके पर पहुंचे तथा बारी बारी से सभी महिलाओं व बच्चियों को बाहर निकाल लिया गया। कड़ाके की ठंड के कारण गंगा नदी का जल भी काफी ठंडा था। जिसके कारण एक महिला व दो बच्चियों की हालत थोड़ी खराब हो गई। उनको उपस्थित लोगों ने विन्ध्याचल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सूचना पाकर मौके पर नगर विधायक रत्नाकर मिश्र सबसे पहले पहुंचे । घटना की गूंज प्रदेश सरकार तक पहुंच चुकी थी, इसलिए जनपद के आलाधिकारियों को पहुंचने में भी देर नही लगी। मौके पर जिलाधिकारी प्रवीण लक्षकार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह, पालिकाध्यक्ष मनोज जायसवाल, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अजयकुमार राय दलबल के साथ पहुंचे। कुल 14 महिलाओं व बच्चियों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद एक नाविक फरार था। सीएचसी के अधीक्षक डॉ सन्तोष कुमार सिंह के अनुसार सभी लोग प्राथमिक उपचार के पश्चात अब पूरी तरह सामान्य है। इस घटना के सम्बंध में जिलाधिकारी ने बताया कि मामला बेहद गम्भीर है एक छोटी नाव पर इतने लोग सवार थे। इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अधिकारी समस्याओं का समय से करें निस्तारणः डीएम

## सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने सुनी समस्याएं

**संवाददाता** । बस्ती

**सदर** तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम आशुतोष निरंजन ने अधिकारियों को समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। अधिकारी शिकायतकर्ता को भी सुनें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव ने शिकायतों की सुनवाई कर उनके निस्तारण का निर्देश दिया। उप जिलाधिकारी आशाराम वर्मा ने बताया कि तहसील दिवस में कुल 129 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 14 का मौके पर निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान का संचालन तहसीलदार पवन जायसवाल ने किया। इस अवसर पर पीडी आरपी सिंह, बीएसए जगदीश शुक्ल, उप निदेषक कृषि डॉ. संजय त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव, उदय प्रकाश पासवान, दल सिंहार यादव, डॉ. राजेश कुमार, अनिल राय, डीसी मनरेगा इन्द्रपाल सिंह, सीओ गिरीश सिंह, एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें। इस अवसर पर जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ब्लड कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन मोबाइल वैन का निरीक्षण किया।

इसके प्रभारी डॉक्टर दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थाओं एंव संगठनों के अनुरोध पर यह वैन मौके पर जाकर ब्लड लेने का काम करती है। इस अवसर पर काउन्सलर कीर्ति आनन्द, अंजू सिंह, एलटी मो इमरान, राजू उपस्थित रहें। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने तहसील में स्थापित महिला डेस्क का भी निरीक्षण किया।

# परम्परागत ढंग से मनेगा गणतन्त्र दिवस

## कोई भी नया आयोजन नहीं होगाः एडीएम

**संवाददाता** । संतकबीरनगर



**आगामी** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह जनपद में परम्परागत ढंग से हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा। कार्यक्रमों के संयोजन एवं समीक्षा हेतु सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिये गये हैं। गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम में प्रभात फेरी, महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल-कूद, सामूहिक मार्च पास्ट, वृक्षारोपण सहित अन्य विविध कार्यक्रम शामिल किये गये है।

अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने सोमवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने हेतु कार्यक्रम की रूप रेखा पर जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ चर्चा करते हुए गणतत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान कोविड-19 संक्रमण के दृष्टिगत अपनाये जाने वाले समस्त सुरक्षात्मक उपायों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में सीमित संख्या में सोशल डिस्टेसिंग एवं मास्क का प्रयोग के साथ ही कार्यक्रमों को मनाये जाने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की तैयारी बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों को गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों मे दायित्व सौपे जा रहें, वे अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रह कर कार्यक्रमों को सफल बनाना सुनिश्चित करेगें। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः प्रभात फेरी, सभी सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण, वृक्षारोपण, पुलिस परेड, जनपद मुख्यालय पर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण एवं समस्त शिक्षण संस्थाओं, पंचायत भवनों तथा सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण 12:30 बजे जिला चिकित्सालय में मरीजों में फल वितरण सहित विविध कार्यक्रम के आयोजन की रूप रेखा तय करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कार्यक्रमों को गौरवशाली बनाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों, पत्रकारों एवं स्वंय सेवी संगठनों से अपील की है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्र एवं स्वंय सेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एनसीएल निगाही ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**संवाददाता** । सोनभद्र

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल सामाजिक निगमित दायित्व सीएसआर के तहत निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में समय समय पर मेडिकल कैंप लगाकर स्थानीय लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का वितरण करती है।

इसी क्रम में एनसीएल के निगाही क्षेत्र की सीएसआर एवं मेडिकल टीम ने ग्राम पंचायत सिंगाही में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व औषधि वितरण शिविर लगाया। इस शिविर में निगाही क्षेत्र के चिकित्सा अधिकारी डा. पी पासवान एवं उनकी चिकित्सा टीम ने शिविर में आए ग्रामीणों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की और 40 गर्भवती महिलाओं एवं 20 कुपोषित बच्चों को हॉर्लिक्स विटामिन बी काम्प्लेक्स आयरन टॉनिक कैल्शियम सीरप एवं प्रोटीन पाउडर उपलब्ध कराया। शिविर के माध्यम से कुल 135 मरीज लाभान्वित हुए जिनका परीक्षण कर उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराई गयीं।

# आगामी चुनाव में वैश्य समाज की महत्वपूर्ण भूमिकाः डा. गुप्ता

**संवाददाता** । सोनभद्र

**रौनियार** वैश्य समाज को संगठित करने हेतु चलाए जा रहे जन संपर्क व जागरूकता अभियान को लेकर जनपद सोनभद्र के अति पिछड़ा इलाका लिलासी म्योरपुर स्थित विद्यालय में समाज की बैठक संपन्न हुई। उक्त अवसर पर समाज के वरिष्ठ बुजुर्ग लोगों को कंबल वितरण कर उनका सम्मान किया गया। रामसहाई रौनियार वरिष्ठ समाजसेवी ने कहा कि समाज द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता व जनसंपर्क अभियान के तहत समाज के लोगों को बड़ी सफलता मिल रही है । कई गांव के लोग इस बैठक में उपस्थित हैं। इस आदिवासी अंचल में निवास करने वाले समाज के सभी लोगों में काफी जागरूकता आई है। रौनियार वैश्य समाज के नेतृत्वकर्ता डॉ एके गुप्ता रौनियार ने कहा कि वैश्य समाज का यह अभियान पूरे देश प्रदेश जिलों में चल रहा है सभी राज्यों के लोगों से जनसंपर्क जारी है बड़े पैमाने पर लोग इकठ्ठा हो रहे हैं। समाज के लोगों का बड़े पैमाने पर उत्पीड़न होता रहा है, किंतु अब समाज के लोगों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने हक व अधिकार के लिए समाज के लोग आगे आ रहे हैं। रौनियार समाज की 364 उपजातियां हैं। राजनीति के क्षेत्र में वैश्य समाज के लोग आने वाले समय व चुनाव में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पूर्व चेयरमैन कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा कि हम लोग का प्रयास जारी है समाज के लोगों को संगठित करना और इस अभियान में बड़ी सफलता मिल रही है। गांव गांव शहर शहर अभियान चलाकर लोगों को जोड़ा जा रहा है , ताकि जनपद सोनभद्र के अति पिछड़ा इलाका क्षेत्र से समाज के लोगों को ऊपर उठाया जा सके। उक्त अवसर पर राजेश कुमार गुप्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ लखन राम, बलराम प्रसाद गुप्ता, शिव शंकर प्रसाद, एडवोकेट रमाशंकर रौनियार आदि मौजूद रहे।

# अनुशासन ही देश को महान बनाता हैः राजकुमार

**संवाददाता** । बीजपुर (सोनभद्र)



**एनटीपीसी** रिहंद स्टेशन के आवासीय परिसर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल मे मंगलवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आगाज़ किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी के सुरक्षा विभाग के प्रबंधक मुकेश कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिय रहे। अपने स्वागत संबोधन में प्राचार्य राजकुमार ने मुख्य अतिथि को आश्वस्त किया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने में विद्यालय परिवार सदैव से अग्रसर रहा है और आगामी दिनों में भी इसी तरह के भूमिका का निर्वहन करता रहेगा, साथ ही साथ इस संदर्भ में समाज में जागरूकता लाने के लिए भी भरपूर प्रयास करेगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि सड़क हादसों में लगभग डेढ़ लाख लोगों की मौत प्रत्येक वर्ष हो जाती है। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन यदि किया जाय तो इन हादसों को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित विद्यालय परिवार के लोगों से हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु आगाह भी किया। कक्षा नौवीं की छात्रा अंशिका मिश्रा ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ दिलाया। धन्यवाद ज्ञापन के दौरान प्राचार्य राजकुमार ने कहा कि अनुशासन हीं देश को महान बनाता है। यदि हम सभी अनुशासित होकर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें तो अवश्य हीं इन हादसों को रोका जा सकता है। इस अवसर पर डॉ आरके झा, डा राजेश श्रीवास्तव, अनंत मोहन, डा. डी लाल आदि मौजूद रहे।

# किसानों की आवाज को दबाने का कार्य कर रही है सरकार



**संवाददाता** । मीरजापुर

**कांग्रेस** पार्टी द्वारा लगातार चलाए जा रहे हैं संगठन विस्तार के तहत न्याय पंचायत बबुरा की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अमिताभ पांडे ने कहा कि देश का अन्नदाता किसान देश की सरकार के खिलाफधरना पर बैठा हुआ है, लेकिन गूंगी बहरी सरकार किसानों की आवाज को दबाने के लिए लगी हुई है। श्री पांडे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों के समर्थन में गांव-गांव कांग्रेस पार्टी द्वारा पंचायत के माध्यम से आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। आने वाले समय में चारों तरफ भाजपा का विरोध शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वह समय दूर नहीं जब भाजपा के सांसद और विधायक का विरोध जनता खुलकर सड़क पर करेगी और अपने क्षेत्र में घुसने नहीं देगी।

# सेक्रेटरी ने शौचालय के धन का दो बार किया गबन

## ढाई लाख के गबन में चल रहे हैं निलंबित, अब 39.72 लाख के गबन में फंसे

**संवाददाता** । बस्ती

**प्रधान** और सचिव मिलकर षौचालय का करोड़ों रुपये पांच साल में डकार गए और खुले में षौच को मुक्त करने की सरकार की योजना प्रधान और सचिव के कारण धरी की धरी रह जा रही है। हालत यह है कि लाखों के गबन में एक-एक सचिव कई बार निलंबित हो चुके हैं, और प्रधानों का पावर सीज हो चुका है, मगर सुधार नहीं हो रहा है। ऐसा ही एक और मामला विकास खंड कुदरहा के ग्राम पंचायत कड़सरी मिश्र का सामने आया। यहां के सचिव वीरेंद्र कुमार इसी ब्लॉक के ग्राम बगही उर्फ बेनीपुर में किए शौचालय के ढ़ाई लाख के घोटाले में निलंबित चल रहे है। अब इनका और प्रधान का नाम ग्राम कड़सरी मिश्र में हुए 39.72 लाख के शौचालय गबन में आ रहा है। इसके लिए डीपीआरओ नें बकायदा इन्हें और प्रधान दोनों को नोटिस जारी किया, मगर दोनों ने समय सीमा बीत जाने के बावजूद नोटिस का जबाव नहीं दिया। अब विभाग इस सचिव और प्रधान के खिलाफ पुनः कार्रवाई करने जा रहा है। निलंबित चल रहे कड़सरी मिश्र को जारी नोटिस में कहा गया है कि धन आहरित कर लिया गया, मगर उसका हिसाब किताब नहीं दिया गया, क्यों ने इसे गबन मानते हुए कार्रवाई कर दी जाए। इसके बावजूद प्रधान और सचिव दोनों ने अभी तक कोई जबाव नहीं दिया। लगभग पांच माह पहले कुदरहा ब्लॉक के ग्राम बगही उर्फ बेनीपुर में सचिव रहते वीरेंद्र कुमार को षौचालय का लगभग ढ़ाई लाख रुपये के गबन के आरोप में निलंबित किया जा चुका है।

# पूर्व एमएलसी ओमप्रकाश को दी गई श्रद्धांजलि

**संवाददाता** । मीरजापुर

**याद** करेंगे सुबहो शाम, ओमप्रकाश शर्मा तुम्हें प्रणाम के उद्घोष के साथ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने पूर्व एमएलसी और संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा को श्रद्धांजलि दी। बीएलजे इंटर कॉलेज के हाल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शिक्षकों ने शर्मा जी के योगदान की चर्चा की। खास बात थी कि दोनों बड़े शिक्षक संगठन के पदाधिकारी एक साथ एक मंच पर थे। सभा में श्संगठन के प्रदेश मंत्री शिक्षक नेता राजेंद्र तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का शिक्षक शर्मा जी के संघर्ष एवं उनके द्वारा शिक्षा और शिक्षकों के लिए किए गए योगदान के लिए हमेशा ऋणी रहेगा। उनके प्रयासों का ही प्रतिफल हैं कि शिक्षक आज सम्मान पूर्वक जीवन जी रहा है।

# जिला अस्पताल को मिली इनडायरेक्ट ऑपरेशनल माइक्रोस्कोप मशीन

**संवाददाता** । बस्ती

**डीएम** आशुतोष निरंजन के अनुरोध पर रुधौली चीनी मिल बजाज ग्रुप, अठदमा द्वारा जिला अस्पताल के लिए इनडायरेक्ट ऑपरेशनल माइक्रोस्कोप तथा कीरेटोमीटर मशीन उपलब्ध कराया है। बजाज चीनी मिल के जनरल मैनेजर सुरेंद्र उपाध्याय तथा हयूमन रिसोर्स हेड बीसी मंडल नया मशीन कैंप ऑफिस में एसआईसी डा. रोचस्पति पांडे तथा जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला अस्पताल में पुरानी मशीन होने के कारण आंखों का ऑपरेशन नहीं हो पाता था। नई मशीन के आने से आंखों के इलाज में बेहतर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में डॉ. सोहेल तथा डॉ. शमीम नेत्र रोगियों का जांच एवं इलाज ओपीडी में करते रहे हैं।

# अखिलेश ने प्रदीप को राष्ट्रीय आदर्श युवा सम्मान से किया सम्मानित



**संवाददाता** । संतकबीरनगर

**लखनऊ** में आयोजित समाजवादी पार्टी के एक विशेष कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय आदर्श युवा सम्मान से सम्मानित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव का बागडोर सौपा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदीप सिंह को जिम्मेदारी देते हुए अधिक से अधिक युवाओं को समाजवादी विचारधारा से प्रेरित किये जाने की जिम्मेदारी दी है। सपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह पूर्व मुख्यमंत्री के हाथो से सम्मानित होकर गौरवान्वित है। उन्होने मीडिया से वार्ता के दौरान बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में जो कार्य किया है। उसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जायेगा। मौजूदा सरकार सपा सरकार के कार्यो को स्वरूप बदलकर अपना नाम कमा रही है। प्रदीप सिंह सिसोदिया ने कहा कि मगहर महोत्सव का बंद किया जाना और देश की सबसे बड़ी धरोहर युवा शक्ति का उपेक्षित किया जाना तथा देश को उद्योगपतियों के हवाले किये जाने से देश की हालत खराब होने के साथ प्रतिभाओं को उपेक्षित किया जा रहा है। प्रदीप सिंह सिसोदिया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को कबीर दास का ग्रंथ बीजक उपहार में दिया।

# भाजपा का सबका साथ सबका विकास का दावा खोखला

**संवाददाता** । संतकबीरनगर

**भाजपा** का सबका साथ सबका विकास का दावा खोखला साबित हो रहा है। आज समाज का हर वर्ग सरकार की गलत नीतियों के कारण परेशान है। उक्त बातें उ.प्र. कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के प्रदेश उपाध्यक्ष अख्तर मलिक ने मंगलवार को मगहर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी जाति- मजहब की सियासत नहीं की। समाज के सभी वर्ग के लोगों का सम्मान किया है। आज किसान कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए आन्दोलन कर रहे हैं लेकिन दुख यह है कि केन्द्र सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर उनकी मांगों पर गंभीर नहीं दिख रही है।

# महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



**संवाददाता** । घोरावल (सोनभद्र)

**स्थानीय** भारतीय इंटर कालेज परिसर में महिला सशक्तिकरण को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान व नारी स्वालंबन को लेकर विस्तार से परिचर्चा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रोवेशन अधिकारी अमरेंद्र कुमार पौतस्यायन ने बताया कि महिला सशक्तिकरण जागरूकता हर महिला के लिए है। किसी प्रकार का उत्पीड़न न हो इसके लिए सरकार सराहनीय कार्य कर रही है। इस क्षेत्र में महिलाओं की जागरूकता से ही महिला निर्भीक जीवन जी सकेगी। महिलाओं की सुरक्षा बाउंड्रीवाल से नही बल्कि अन्तःकरण की मजबूती से होगी। महिला कल्याण अधिकारी सीमा द्विवेदी ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण को लेकर बताया जिसमें उन्होंने प्रलोभनों से बचने की सलाह दी। जिला समंवयक साधना मिश्रा ने चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में बताया और प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया।

# पशु शेड बना ही नहीं और निकाल लिया गया धन

## घपला साबित होने के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

**संवाददाता** । बस्ती

**घपलेबाजों** के खिलाफकार्रवाई करना या करवाना दोनों आसान नहीं है। कुछ इस तरह का मामला विकास खंड रामनगर के ग्राम पंचायत बारहकोनी का सामने आया। यहां के शिकायतकर्त्ता भाजपा के जिला मंत्री उमाकांत शुक्ल घोटालेबाजों के खिलाफ कार्रवाई करवाने के लिए मुख्यमंत्री तक से गुहार लगा चुके है, बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। जब कि जांच में साबित हो चुका है कि प्रधान और सचिव ने मिलकर पषुषेड और कम्पोस्ट पिट में भारी घपला किया है। बीडीओ ने अपनी जांच रिपोर्ट में माना कि दोनों मामलों में घपला किया गया। फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। अपने ही सरकार पर सवाल उठाते हुए शिकायतकर्त्ता ने कहा कि जब भाजपा के पदाधिकारी की ही नहीं सुनी जाएगी तो आम आदमी का क्या हाल होगा? जिसे आसानी से समझा जा सकता। डीएम को लिखे पत्र में कहा गया कि ग्राम पंचायत बारहकोनी में जमकर ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। पशु शेड बना ही नहीं और धन निकाल लिया गया। भुगतान होने की जानकारी जन सूचना अधिकार के तहत सेक्रेटरी पुष्पा श्रीवास्तव ने माना कि कम्पोस्ट पिट और पशु शेड के निर्माण में चार नवंबर 19 और 18 जनवरी 20 को हुआ। मगर जब बीडीओ ने इसकी जांच की तो दोनों काम मौके पर नहीं मिला।

## योगी टीम के जिलाध्यक्ष बने अरविंद

**सकलडीहा,चन्दौली।** टीम योगी सपोर्टर संघ के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अनुप बाथम द्वारा सलेमपुर सिवाने गांव निवासी अरविंद डिसिल को चंदौली जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसकी जानकारी होने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष है। वरिष्ठ अधिवक्ता उपेन्द्र नारायण सिंह, अनिरूद्ध कुमार, रामअवतार राम, मोती लाल, पंकज रायए मनीष राय, अजय राय आदि ने मनोनयन पर बधाई दिया है।

## शिक्षक नेता के निधन पर जताया शोक

**सकलडीहा,चन्दौली** बट्टी बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज चतुर्भुजपुर में मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के निधन पर शिक्षक सहित क्षेत्रवासियों ने शोक संवेदना प्रकट किया। इस मौके पर इस मौके पर प्रधानाचार्य उषा गुप्ता, शहजहां बानोए विनय लालएअ श्वनी श्रीवास्तव, उषा तिवारी, सुनील तिवार, उषा पांडेयए मैना देवी, अंकित यादव, बच्चाए सर्वजीत आदि मौजूद रहे।

## पुजारी के निधन पर शोक

**सकलडीहा,चन्दौली।** बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर के पुजारी 57 वर्षीय कमला पांडेय का दोपहर में निधन होगया। इसकी जानकारी होने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। अंत में दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना प्रकट किया गया। इस मौके पर नामवर यादव, काशी नाथ गुप्ता, सन्नी मोदनवाल, दुलारे चौहान, विनोद यादव,अरविंद यादवए राधेश्याम जायसवाल,प्रवीण जायसवाल, विजयी जायसवाल चाखन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रजिस्ट्रार के निधन पर शोक

**सकलडीहा,चन्दौली।** सकलडीहा तहसील से सेवानिवृत्त 62वर्षीय रजिस्ट्रार कानूनगों गुरूप्रसाद का सोमवार को आक्समिक निधन होगया। इसकी जानकारी होने पर तहसील कर्मियों में शोक व्याप्त है। मंगलवार को लेखपाल और रजिस्टार कार्यालय के कर्मचारियों ने शोक संवेदना प्रकट किया। इस मौके पर रजिस्टार अजय बहादूर सिंह, केहर सिंहए चन्द्रभूषणए अशोक यादव, चंदन यादवए गुलाब, दिनेश सिंहए पंकजएरामविलास आदि मौजूद रहे।

## अवैध अंग्रेजी शराब की बरामदगी, दो गिरफ्तार

**देवरिया।** पुलिस लाइन एस्से मनोरंजन कक्ष में प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर श्रीपति मिश्रा ने बताया कि सोमवार की रात थाना बनकटा पुलिस द्वारा थाना बनकटा के रामपुर बुजुर्ग चेक पोस्ट पर एक रिकवरी वैन संख्या: नच 15 बज 2125 से 750 एमएल की 41 पेटीए 375 एमएल की 42 पेटीए 180 एमएल की 43 पेटी कुल 126 पेटी हरियाणा निर्मित इम्पीरियल ब्लू अवैध अंग्रेजी शराबए जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रूपये है तथा रिकवरी वैन वाहनए जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 05 लाख रूपये हैए इस प्रकार कुल बरामदगी लगभग 16 लाख रूपये की गयी है। इस संबंध में अभियुक्त कुलदीप सिंह पुत्र करमवीर सिंह निवासी सिसाना थाना खरखौदा जनपद सोनीपत हरियाणा, परमजीत पुत्र दमन निवासी. पिलाना थाना कलनौर जनपद रोहतक हरियाणा की गिरफ्तारी कर उसके विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बरनवाल समाज के प्रतिभावान युवाओं को किया गया सम्मानित

**मऊ।** श्री बरनवाल सेवा समिति के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भीटी स्थित एक प्लाजा में किया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार स्वजातीय बंधुओं को अंग वस्त्रमए प्रतीक चिन्ह व बुके देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान समिति के जिलाध्यक्ष गोपालकृष्ण बरनवाल, संगठन के उपाध्यक्ष अनुराग बरनवाल सोनू, महामंत्री आशुतोष बरनवाल लकी ने विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पूर्वांचल के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल कुमार एमडी आर्थो, प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ एमएस डॉ स्निग्धा बरनवाल एवं महिला बीमा अभिकर्ता पुष्पा बरनवाल को अंग वस्त्रम, प्रतीक चिन्ह व बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ अन्य स्वजातीय युवा प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया।

## काम्टे की जयंती मनी

**जौनपुर ।** टीडी पीजी कालेज के समाजशास्त्र विभाग में समाजशास्त्र के जनक आगस्त काम्टे की जयंती पर आज एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉण् हरिवंश यादव ने कहा कि आगस्त काम्टे समाजशास्त्र विषय के संस्थापक रहे, समाजशास्त्र के वर्तमान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रतन सिंह ने कहा कि मानवता रूपी समाज के संस्थापक रूप में आगस्त काम्टे का नाम लिया जाता है। इसी लिये उन्हें फ्रांसीसी या पश्चिमी सामाजिक विचारक के रूप में जाना जाता है। उनके द्वारा प्रतिपादित सामाजिक चिंतन का त्रिस्तरीय सिद्धांत आज भी वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्यों में प्रासंगिक है।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले चेहरे

### देवरिया जनपद के 5 नव चयनित प्रवक्ताओं को दिया गया

संवाददाता। देवरिया

राजकीय माध्यमिक विद्यालयो के लिये लोक सेवा आयोग उप्र प्रयागराज से नव चयनित 436 प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापकों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी आनलाइन पदस्थापना एवं नियुक्तिपत्र वितरण के आयोजित कार्यक्रम, द्वितीय चरणद्ध के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ नियुक्त प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापकों से जुड़े। उनसे संवाद किये तथा चयन के लिये उन्हे शुभकानमाए एवं बधाई दिये। उन्होने सभी से शिक्षण कार्य को पूरी तन्मयता व निष्ठा से किये जाने को कहा। साथ ही अपने विषयों के साथ ही अन्य सभी विषयवस्तुओं की भी जानकारी रखने तथा उसे शिक्षण कार्य में व्यवहारिक रुप से भी अपनाये जाने की भी अपेक्षा किये। एनआइसी देवरिया में वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जनपद के नियुक्त 5 शिक्षक इस कार्यक्रम से जुडे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर कारखाना विधायक कमलेश शुक्ला, गन्ना विकास उपाध्यक्ष नीरज शाही, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंहए मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएन द्वारा नव चयनित इस जनपद के अध्यापकों,प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्रध्पदस्थापन पत्र प्रदान किये एवं इन्हे शुभकामनायें व बधाई भी दिये। जनपद के चयनित अध्यापक भारद्वाज शुक्ला, अंग्रेजी, सुजीत कुमार पाठक भूगोल, सपना सिंह इतिहास, आनन्द कुमार गौंड.हिन्दी एवं रुबी मिश्रा इतिहास विषय से प्रवक्ता के रुप में नियुक्त होने में सम्मिलित हैए जिन्हे आज नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक राम हुजूरए प्रधानाचार्य जीआईसी पीके शर्माए उप प्रधानाचार्य महेन्द्र प्रसादए भाजपा के कृष्णानाथ रायए डा अजय कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।




**नव चयनित प्रवक्ताओं को दिया गया नियुक्ति पत्र देते विधायक**

## भक्तों ने शोभा यात्रा निकालकर लगाये जय श्रीराम के नारे

**सकलडीहा, चन्दौली।** 15 जनवरी से 15 फरवरी तक गांव और कस्बा में भगवान प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली जा रही है। इस क्रम में मंगलवार को सकलडीहा दुर्गा माता मंदिर से भाजप, एबीवीपी,विश्व हिन्दू परिषद और आरएसएस व रामभक्त कार्यकर्ताओं के संयुक्त नेतृत्व में विशाल शोभा यात्रा निकाला गया। इस दौरान पूरे कस्बा में शोभा यात्रा निकालकर जय श्रीराम के नारा लगाते हुए मंदिर निर्माण के लिये सहयोग की अपील किया गया। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ और भाजपा की ओर से जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके तहत 15 फरवरी तक प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण के तहत शोभा यात्रा निकाला जा रहा है। दुर्गा माता मंदिर से भाजपा नेता सूर्यमुनी ,अरविंद , अजीत , विद्या सागर, शैलेन्द्र, पवन, संतोष, रमाशंकर,देवेन्द्र, जिला संघचालक गुलाब सिंह व आरएसएस प्रांत पदाधिकारी राजन जी के नेतृत्व में पूरे उत्साह के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए।

## एक भी समस्या का नहीं हो पाया निस्तारण



**सकलडीहा,चन्दौली।** सम्पूर्ण समाधान दिवस सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया है। मंगलवार को एसडीएम प्रदीप कुमार और तहसीलदार डाण् वंदना मिश्रा के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। अधिकारी गण सुबह से लेकर कार्य दिवस तक फरियाद सुनते रहे। लेकिन अन्य विभाग के अधिकारी मोबाईल पर व्यस्त नजर आये। इस दौरान 43 प्रार्थना पत्र पड़ा। मगर एक भी शिकायतों का निस्तारण नही हो पाया। मायूस किसान सहित अन्य फरियादी वैरंग लौट गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस को लेकर पुलिस विभाग तो दूर अन्य विभाग के अधिकारी भी अपने न आकर मातहतों को भेज दे रहे है। एसडीएम तहसीलदार राजस्व विवादों के निस्तारण को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों को गुहार लगाते नजर आते है। सिंचाईए बिजलीए जलनिगमए पीडब्ल्यूडीए समाज कल्याण सहित ग्राम पंचायत ए धान खरीदारी व मतदाता निर्वाचन नियमावली के तहत नामों के संशोधन को लेकर लोग परेशान थे। लेकिन समस्याओं का निस्तारण तो दूर अधिकारी गंभीर नही दिखे। अंत में कुल 43 प्रार्थना पत्र सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को सौपकर इतिश्री कर लिया गया। इस मौके पर बीडीओ सुशील मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक केके मिश्रा, अमित द्विवेदी,एडीओ पंचायत राजेश सिंह,एसडीओ विद्युत आकाश सिंहए सीडीपीओ अवधेश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं ने जानी शहीदों की गाथा



**धानापुर,चन्दौली।** शहीद हीरा सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति एवं इतिहास विभाग के छात्र छात्राओं का संयुक्त रूप से शैक्षिक भ्रमण मंगलवार को शहीद स्मारक का कराया गया। जिसमें शहीदों को नमन करते हुए अगस्त क्रांति के वीर सपूतों की गाथा विस्तार रूप से बच्चों को बताया गया। छात्र छात्राओं में अपने पुरखों के बलिदान और गौरवान्वित इतिहास को लेकर काफी उत्सुकता देखी गयी। शहीद पार्क में सुभाष राम विभगध्यक्ष राजनीति विज्ञानए प्रदीप कुमार यादव विभगध्यक्ष इतिहास एवं प्रोफेसर डॉ किरण यादव ने धानापुर में अगस्त क्रांति के दौरान हुए थाना कांड की गौरव गाथा सुनाई और बताया कि यह शौभाग्य की बात है कि आप के पुरखों ने अपने जान की आहुति देकर देश मे सबसे पहले 16 अगस्त 1942 को क्षेत्र को दस दिनों के लिए आज़ाद करा दिया था। जिसकी अगुवाई कामता प्रसाद विद्यार्थी ने किया था। इस दौरान महंगू सिंहए हीरा सिंहए रघुनाथ सिंह शहीद हुए थे। धानापुर कांड का राष्ट्रीय आंदोलन में महत्वपूर्ण स्थान है। आज भी इन शहीदों की याद में 16 अगस्त को शहीद दिवस के रुप मे मनाया जाता है। छात्र छात्राओं ने शहीद पार्कए थाना भवन में बने शहीद स्थल और आसपास के स्थानों का भ्रमण किया और विस्तर पूर्वक जानकारी ली। इस दौरान डॉ प्रवेश कुमारए पांचू रामए दिनेश प्रसादए अनिल यादव कृष्णाए सुजीत पटेलए सरफराजए रणधीरए अमरेंद्रए राहुलए शुभमए प्रीतिए सबए आकृतिए शबनम सहित अन्य छात्र छात्रा उपस्थित रहीं।

# 16 वर्षीय छात्र की गला काटकर की गई हत्या

संवाददाता। डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर

सिद्धार्थनगर जनपद के 16 वर्षीय नाबालिक युवक का गला काटकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार ढेबरूआ थाना के ग्राम पच मोहनी के रहने वाले छात्र का नाम विकास पुत्र चंदू है उसकी लाश इटवा कस्बे में बरामद हुई है इस सनसनी वारदात से सारा इलाका थर्रा उठा। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है मंगलवार को हुई इस घटना के छानबीन में इटवा पुलिस जुट गई है हत्या को देखकर ऐसा लगता है कि इसके पीछे बदले की भावना रही होगी। विकास का शव मंगलवार की सुबह इटवा कस्बे में डिग्री कॉलेज के पीछे निर्माणाधीन भवन में पाया गया शव की खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई इटवा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया फिलहाल इटवा पुलिस मामले के खुलासे के लिए जुटी हुई है बताया जाता है विकास सोमवार से ही घर से लापता है शाम को जब वह घर नहीं लौटा तो परिवार के लोग खोजबीन करने लगे परंतु नहीं मिले मंगलवार को सुबह उनके परिजन को हत्या की सूचना मिली सूचना मिलते ही घरवाले के सामने पहाड़ टूट पड़ा शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि लड़के का गला किसी धारदार हथियार से काटा गया हो 16 वर्षीय विकास माता प्रसाद इंटर कॉलेज मैं 11 का छात्र है ।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 27 प्रार्थना पत्रों का किया गया निस्तारण

### जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जारी किया सख्त दिशा निर्देश

संवाददाता। मऊ



तहसील घोसी पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 118 आवेदनध्शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमे से 27 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। राम बचन मौर्य पुत्र रामदत मौर्यए ग्राम.रामपुर चकजगरनाथ द्वारा खेल के मैदान पर अवैध अतिक्रमण किये जाने की शिकायत की गयी थी। जिलाधिकारी द्वारा तत्काल पुलिस एवं राजस्व की टीम भेजकर आज ही खेल के मौदान की भूमि सार्वजनिक भूमि को खाली कराया गया। रामलक्षन पुत्र स्व0 रामधनीए निवासी.आदमपुर द्वारा शिकायत की गयी कि उनके घर में शनिवार को आग लग गयी है। लेखपाल रामलाल भारती से पूछने पर लेखपाल द्वारा बताया गया कि आज रिपोर्ट बना रहे है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं लेखपाल रामलाल भारती को कठोर चेतावनी निर्गत की गयी।

## शासन की योजनाओं को लाभार्थी तक पहुंचायें : मनीष कुमार वर्मा

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बदलापुर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष राशनए भूमि विवादए प्रधानमंत्री आवासए शौचालय संबंधित 124 विभागीय शिकायतें प्राप्त जिनमें से 12 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस पर जिलाधिकारी ने मामलों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। मरगुपुर एवं डोमपुर में बंजर जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने तथा खुर्चनपुर गांव में विद्युत व्यवस्था सुदृण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की योजनाओं को प्रत्येक लाभार्थी तक पहुचाया जाये। समाधान दिवस के अवसर पर भूमि विवाद के ज्यादा शिकायते प्राप्त होने पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का ससमय निस्तारण करें। यदि समस्या का निस्तारण उनके स्तर पर न हो तो प्रार्थी को अवगत करा दे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि आईजीआरएस के मामलों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे।

## सिर्फ सपने नहीं,काम से मिलती है मंजिल : प्रो. साकेत कुशवाहा

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार को कुलपति सभागार में उच्च शिक्षा की गुणवत्तारू राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य वक्ता राजीव गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालयए अरुणाचल प्रदेश के कुलपति प्रोण् साकेत कुशवाहा ने कहा कि नई शिक्षा नीति व्यक्ति से व्यक्ति का और भारतीयता का भारतीयता से परिचय कराती है। उन्होंने कहा कि सिर्फ सपने देखने से नहींए काम करने से मिलती हैं मंजिल। हमें संघर्षशील, प्रयत्नशील व्यक्ति का निर्माण करने की प्रक्रिया बनाना होगा मशीन की नहीं यही आज मानव की जरूरत है।

# विधानसभा सलेमपुर द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बैठक संपन्न

संवाददाता। देवरिया

विधानसभा सलेमपुर द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की बैठक बस स्टैंड स्थित कार्यालय पर हुई। जिसमें जिलाउपाध्यक्ष संतोष त्रिगुणायक ने ब्लाक संयोजको एवम वार्ड संयोजको को सम्बोधित करते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी गम्भीर है इस चुनाव के बाद कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जायेंगे। कार्यकर्ताओं को सक्रिय होना पड़ेगा। जो कार्यकर्ता चुनाव लड़ेंगा वो किसी वार्ड का संयोजक नही होगा।

भाजपा हर वार्ड में अपनी आगामी पंचायत चुनाव में प्रत्याशी को उतारेगी और पार्टी पूरी ताकत से प्रत्याशी के साथ खड़ी होगी। हम सब पूरे समाज को अपने साथ जोड़ेंगेएयह चुनाव अगले विधानसभा का भविष्य निर्धारित करेगा। जनता हमारी सरकार की व्यवस्था से संतुष्ट है बस हम सबको घर.घर संपर्क करना है। हम योजनाबद्ध ढंग से चुनाव लड़ेंगे तो हर हाल में हम चुनाव जीतेंगे। मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल ने कहा कि पंचायत चुनाव की विजय हमारी पार्टी के अंत्योदय की भावना को धरातल पर उतारेगी। सबका साथ सबका विकास हमारा लक्ष्य इसको हम पंचायत चुनाव के विजय के उपरांत शत प्रतिशत पूरा करेंगे।



फोटो नंबर दो बैठक करते भाजपाई

## प्रतिबंधित सिरप बरामद कर 6 को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** जनपद मुख्यालय से 40 किमी दूर स्थित शाहगंज तहसील मुख्यालय पर छापा मारकर एसटीएफ की टीम ने 1.34 करोड़ रुपए की मादक पदार्थ के रूप में प्रयोग की जाने वाली दवा फेन्साडील सिरप बरामद करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया गया है। टीम निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि विगत काफी समय से सूचना प्राप्त हो रही थी कि अंतरप्रांतीय गिरोहों द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से मादक पदार्थों एवं दवाओं की तस्करी कर पूर्वोत्तर राज्यों में भेजा जा रहा हैए जहाँ इन दवाओं का सेवन नशा करने के लिये किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में एसटीएफ उप्र के विभिन्न टीमोंध्इकाईयों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देषित किया गया था।

## समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाले राम हैं : बाल तुलसीदास

**देवरिया।** सलेमपुर के महथापार में चल रहे पाँच दिवसीय संगीतमय श्रीरामकथा के तीसरे दिन अयोध्या से पधारे राष्ट्रीय सन्त श्री बाल तुलसीदास जी महाराज ने कहा कि कथा श्रवण से मनुष्य के शरीर मे ज्ञान की उत्पति होती है। समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाले राम है। जीवन में संस्कार का बहुत बड़ा महत्व है। रामचरित मानस के प्रत्येक प्रसंग से जीवन का ज्ञान प्राप्त होता है। भगवान का ध्यान लगाने से जीव सांसारिक सुखों को प्राप्त करते हुए ईश्वरीय कृपा से भक्ति के मार्ग से मुक्ति को प्राप्त करता है। भगवान की भक्ति से सबकुछ आसान हो जाता है। बाल तुलसीदास जी ने रामकथा का वर्णन करते हुए अगस्त ऋषि द्वारा भगवान शिव को सुनाई गई रामकथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि तुलसीदास जब पैदा हुये तो उनके पिता आत्माराम दुबे ने देखा कि पुत्र के 32 दांत है और वो राम का नाम बोल रहा है।उनको लगा ऐसा बालक कुल खानदान का नाश करेगा उन्होंने तुलसीदास जी का परित्याग कर दिया।

# प्रेक्षागृह के नामकरण का विवाद बढ़ा

### दिन में अटल, रात में मोहन सिंह में परिवर्तित हुआ नाम

संवाददाता। देवरिया







जिले में नगर पालिका के टाऊनहाल स्थित प्रेक्षागृह का नामकरण को लेकर विवाद गहरा हो गया है। बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास होने के बाद रविवार को प्रेक्षागृह पर भारत रत्न स्वण् अटल बिहारी वाजेपेयी का नाम अंकित किया गया।

अगले दिन देर रात में पूर्व प्रधानमंत्री का नाम मिटाकर पूर्व सांसद स्वण् मोहन सिंह स्मृति प्रेक्षागृह कर दिया गया। सोमवार की रात हुई इस हरकत के बाद से स्थानीय प्रशासन की नींद उड़ी हुई है। चार करोड़ 21 लाख की लागत से तैयार हुए प्रेक्षागृह के नामकरण को लेकर 21 दिसंबर 2019 को नगर पालिका बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास हुआ था। वार्ड नंबर 17 के सभासद आशुतोष तिवारी के प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम का समर्थन किया था।

रविवार को ईओ रोहित सिंह ने प्रेक्षागृह पर अटल जी का नाम अंकित कराया। जिसके अगले दिन सोमवार की रात को अटल जी का नाम मिटाकर पूर्व सांसद स्व मोहन सिंह का नाम लिख दिया गया। बता दें कि इसी प्रकार अराजक तत्वों ने रात में प्रेक्षागृह के भीतर मोहन सिंह की प्रतिमा रख दी। जिसे हटाने को लेकर सभासदों ने कमिश्नर से लगायत शासन तक को चिट्ठी लिखी है। वह मूर्ति अभी भी प्रेक्षागृह में मौजूद है।

## जौनपुर के नए जिलाधिकारी ने संभाला काम

**जौनपुर।** नए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज कार्यभार ग्रहण कर लिया है जिलाधिकारी इसके पहले सीडीओ प्रतापगढ़ और कौशांबी जिले में डीएम पद पर रह चुके हैं। 2011 बैच के आईएस अधिकारी वर्मा ने पत्रकारों से कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप काम होगा काम में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी जिम्मेदार माने जाएंगे जो भी अधिकारी व कर्मचारी इस दायरे में आएंगे उनके ऊपर कड़ी कार्यवाही होगी जनता के शिकायत के निस्तारण के लिए समय सीमा के अंतर्गत अंतर्गत मामले को निपटाया जाएगा। जिससे लोगों को लगे कि मेरा काम हो गया है भ्रष्टाचार में लिप्त लोग सुधर जाएंगे अन्यथा शिकायत नहीं पाए जाने पर उन्हें जेल भेजा जाएगा।

## डुमरियागंज में प्रेस भवन बनाने के लिए किया गया भूमि पूजन

**डुमरियागंज,सिद्धार्थ नगर।** डुमरियागंज क्षेत्र के पत्रकारों द्वारा मांग की जा रही थी कि यहां पर एक प्रेस भवन का निर्माण किया जाए ताकि पत्रकारों से जुड़ी मीटिंग व अन्य कार्यक्रम इसी में संपन्न हो सके जिन की समस्या को



सुनने के बाद यहां प्रेस भवन बनाने का निर्णय लिया गया है जिससे पत्रकारों को अपने कार्यों को करने में पूरी स्वतंत्रता मिलेगी। यह बातें डुमरियागंज स्थित जीजीआईसी ग्राउंड के निकट प्रेस भवन बनाने के लिए भूमि पूजन अवसर पर विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज के अभिन्न अंग है यह समाज से लेकर देश के उत्थान के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं अगर इनकी समस्या को जनप्रतिनिधि समाधान नहीं करेंगे तो कभी.कभी दुश्वारियां भी अपने कार्यों में उठानी पड़ती है। डुमरियागंज क्षेत्र के पत्रकारों द्वारा मांग किया गया कि यहां पर प्रेस भवन का निर्माण कराया जाए उनकी समस्या को समझते हुए अपनी निधि द्वारा 3 लाख रुपए का सहायता राशि दे दिया है। सांसद जगदंबिका पाल द्वारा 5 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है । प्रेस भवन बन जाने से पत्रकारों को अपने अपने दायित्वों का निर्वाहन करने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं होगी।

# कबाड़ व्यवसाई की हत्या का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

संवाददाता। देवरिया



मदनपुर थाना क्षेत्र में कबाड़ व्यवसाई की हत्या के मामले में पुलिस और एसओजी ने पर्दाफश कर दिया है इसमें 4 लोगों को गिरफ्तार किया है इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक डॉ श्रीपति मिश्र ने प्रेस वार्ता के दौरान दी । थाना मदनपुर पर वादी दीपक कुमार पुत्र स्व बृजमोहन निग्रामबरांव थाना.मदनपुर जनपद.देवरिया की तहरीरी सूचना पर मु.अ.सं.04,2021 धारा.302,506,120बी भादंसं बावत वादी के भाई संदीप कुमार उम्र 24 वर्ष की अज्ञात अभियुक्तों द्वारा चाकू से गला रेत कर हत्या कर दिये जाने के कायम कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। विवेचना के मध्य संदेही अभियुक्तों पवन गुप्ता एवं महेन्द्र गुप्ता पुत्रगण गिरधारी गुप्ता निवासीगण बरांव थाना.मदनपुर जनपद.देवरिया व संजय मद्धेशिया व दो अन्य अज्ञात तथा मृतक व पवन गुप्ता के परिवार वालों से सघन पूँछ.ताँछ के पश्चात यह तथ्य पाया गया कि मृतक की अभियुक्त पवन गुप्ता के परिवार की एक लड़की के बीच संबन्धों को लेकर अभियुक्तगण पवन गुप्ता व महेन्द्र गुप्ता पुत्रगण गिरधारी गुप्ता एवं इनके दोस्तों राजू कुमार एवं सूरज यादव द्वारा मिलकर चाकू से गला काट कर हत्या कर दी गयी।

# पंचायत चुनाव में कार्यकर्ताओं को टिकट देगी भाजपा: राधा मोहन

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए रोड मैप तैयार

## कार्यकर्ताओं को ही लीडर बनाएगी भाजपा

संवाददाता। बाराबंकी



**पंचायत** चुनाव के लिए भाजपा ने कमर कस ली है । जिले की चुनावी गणित समझने एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा कार्यालय पर एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें चुनाव का रोड मैप तैयार किया गया। मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने कहा कि भाजपा कभी भी जातिए वर्ग और क्षेत्रवाद के आधार चुनाव नही लड़ती। सबका साथ और सबका विश्वास भाजपा की चुनावी रणनीति का मुख्य हिस्सा है। उन्होने कहा कि मोदी का सपना गांव को मजबूती देना है जिसके लिए मोदी के समर्थकों का पंचायत चुनाव जीतना बेहद जरूरी है तभी केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लागू की गई योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है वे कार्यकर्ता पंचायत चुनाव नही लड़ सकते हैं। ब्लॉक संयोजकों को उन्होने समन्वय स्थापित करके स्थानीय समीकरण एवं प्रत्याशी चयन में बेहद सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होने मोदी और योगी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने की बात कार्यकर्ताओं से कही। अवध क्षेत्र के प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री अमरपाल सिंह ने कहा कि भाजपा ने तय किया है कि कार्यकर्ताओं को ही लीडर बनाना है। क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में मतदाता एवं लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किये जाने है। एक सप्ताह कद भीतर ब्लॉक स्तर पर बैठक आयोजित करने के दिशा निर्देश उन्होने सभी ब्लॉक संयोजको को दिए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान, सांसद उपेंद्र रावत, अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह, प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत, जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, शरद अवस्थी, बैजनाथ रावत, सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं के समाधान में लापरवाही पर अब खैर नहीं: जिलाधिकारी

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस मे कुल दो सौ नवासी शिकायतें दर्ज हुई। इनमें से आठ शिकायतो को अफसरो ने मौके पर निस्तारण कराया। इनमे सर्वाधिक राजस्व की 124 तथा पुलिस विभाग की 34 व विकास विभाग की सत्रह, समाज कल्याण की दो व अन्य 112 शिकायतें रही। जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल ने फरियादियों की समस्याओ की एक एक कर सुनवाई करते दिखे। डीएम ने कुछ शिकायतों के समाधान दिवस मे दोबारा देखने पर अफसरो के रवैये को लेकर तल्ख नाराजगी भी जताई। वरासत मे ढिलाई पर तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव को डीएम की डांट सुननी पड़ी। वहीं तहसील परिसर मे साफ सफाई की शिकायत तथा शौचालयों के ठीक नहीं होने व समस्याओ की फेहरिस्त लम्बी देख भी डीएम का पारा चढ़ा दिखा। डीएम डा. नितिन ने लापरवाही पर एसडीएम राम नारायण को भी सचेत किया। जिलाधिकारी ने अफसरो से कहा कि पीडितो की शिकायतों का वह मौके पर उसकी संतुष्टि के आधार पर निस्तारण करायें। उन्होने कहा कि बार बार आने वाली शिकायतो को चिन्हित कर संबंधित विभागीय अफसरो के खिलाफ अब कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस मे ज्यादातर शिकायतें मतदाता सूची मे नामों के हेरफेर व बढोत्तरी-घटोत्तरी को लेकर दिखी। इस पर डीएम ने एसडीएम को अपने स्तर से समीक्षा कर समयबद्ध निस्तारण के कडे निर्देश दिये। सार्वजनिक सम्पत्तियों पर अवैध कब्जो के भी मामले मे जिलाधिकारी ने एसडीएम व तहसीलदार को टीम बनाकर कार्रवाई कराए जाने को कहा। रहिमाकुली गांव से आये ग्रामीणों ने रास्ते मे अवरोध को लेकर डीएम से व्यथा सुनाई। डीएम ने तहसीलदार को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये। पुलिस से जुडी शिकायतो की सुनवाई एसपी शिवहरि मीणा ने स्वयं की। छोटे विवादो को लेकर आई शिकायतो पर एसपी भी मातहत थानाध्यक्षों पर नाराज दिखे। स

## तीन पर मारपीट व तोड़फोड़ का केस दर्ज

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ महिला को घर में घुसकर मारने पीटने तथा गृहस्थी के सामान मे तोड़फोड़ का केस दर्ज किया है। कोतवाली के तिना चितरी निवासी पवन वर्मा की पत्नी गायत्री ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती 13 जनवरी को शाम सात बजे जमीनी विवाद मे गांव के आरोपियों ने उसके घर मे घुसकर मारपीट की। विरोध करने पर गांव के उमेश वर्मा, राजेश वर्मा तथा रमेश ने गाली देते हुए घर मे रखी टीवी व बाइक तोडकर नष्ट कर दिया। आरोपियो ने शिकायत करने पर पीड़िता को जानलेवा धमकी भी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोमवार की रात आरोपी उमेश समेत तीन के खिलाफ कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

## महिला स्वावलंबन व बेटी साक्षरता पर मंथन

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। स्थानीय बाल विकास परियोजना कार्यालय पर मंगलवार को बाल संरक्षण समिति की बैठक हुई। डीएम डा. नितिन बंसल के निर्देश पर हुई बैठक मे महिला सशक्तीकरण व स्वावलबंन तथा बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ के बिंदुओ पर जागरूकता को लेकर मंथन किया गया। प्रारंभ मे बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुपम मिश्रा ने महिला स्वावलबंन को लेकर शासन द्वारा संचालित कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। सीडीपीओ अनुपम ने डीएम डा. नितिन बंसल द्वारा महिला सशक्तीकरण को लेकर जागरूकता के निर्देशों के क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होनें कहा कि बेटियों की साक्षरता तथा स्वावलंबन से ही सशक्तीकरण के मिशन को आगे बढ़ाया जा सकता है। अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सुरेन्द्र सिंह ददन ने बाल संरक्षण समिति के जरिए नारी सशक्तीकरण के विविध आयामों की मजबूती पर जोर दिया। संचालन समिति के सचिव व बीडीओ मुनव्वर खां ने किया। इस मौके पर अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता, एसआई आशा सचान, एडीओ पंचायत राजेश तिवारी तथा पीआरवी निरंजन तिवारी ने भी महिलाओं के संरक्षित अधिकारों की मजबूती के लिए अपने सुझाव दिये।

## महिला उत्पीड़न की एसपी से की शिकायत

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। पीड़िता को आरोपियो द्वारा ऑटो पर धमकाये जाने को लेकर पुलिस को तहरीर दी गई है। अमेठी जिले के महमदपुर की कंचन पाण्डेय ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र मे कहा है कि बीती सोलह जनवरी को वह लालगंज से ऑटो से घर जा रही थी। रास्ते मे सांगीपुर थाना के तिवारी का पुरवा के एक आरोपी ने उसे धमकी दी। एसपी ने सांगीपुर एसओ को घटना की जांच के निर्देश दिये है। इधर लालगंज कोतवाली के इटैला गांव के जमुना रजक की पत्नी अनीता ने एसपी से मंगलवार को यहां शिकायत की कि उसके साथ दुष्कर्म की घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। इसके बावजूद पुलिस आरोपियो पर कार्रवाई नही कर रही है। पीड़िता ने एसपी को बताया कि आरोपी अब उसे मुकदमें की पैरवी करने पर जानलेवा धमकी दे रहे है। पीडिता का कहना है पुलिस ने कोर्ट मे उसका बयान भी दर्ज कराया है। इसके बावजूद वह मुकदमे मे जानबूझकर आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई नही कर रही है। एसपी शिवहरि मीणा ने घटना को लेकर प्रभारी कोतवाल को फटकार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये है।

## सार्वजनिक मार्ग पर अवरोध की शिकायत

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोतवाली के रहिमाकुली गांव मे आरोपियों द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर अवरोध को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम से शिकायत दर्ज करायी। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस के द्वारा रास्ता खुलवाए जाने के बावजूद आरोपियों द्वारा बांस-बल्लियां लगाकर दोबारा अवरोध खड़ा कर दिया गया है। गांव के रामबरन, विजय कुमार, चंद्रभान, संजय, शांती देवी, गुड़िया, मझिला आदि का कहना है कि आरोपी अवरोध हटाए जाने को लेकर मारपीट पर अमादा है। एसडीएम ने तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये है।

## किसान समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। आवारा मवेशियों से फसल को नुकसान व किसानो के उत्पीड़न को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अ) ने मंगलवार को पीडब्ल्यूडी गेट के समीप धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने धरना प्रदर्शन के दौरान मण्डल अध्यक्ष नंदलाल तिवारी ने आरोप लगाया कि वेजुबान मवेशियो के द्वारा उनकी फसल को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसके बावजूद गोशालाओं मे इनके प्रबन्ध प्रशासन नहीं कर रहा है। वहीं विभिन्न गांवो मे किसानो के उत्पीड़न को लेकर भी धरना प्रदर्शन के दौरान नाराजगी जताई गई। सभा की अध्यक्षता प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण पाण्डेय व संचालन जिलाध्यक्ष नीतू गौतम ने किया। इस मौके पर किसान नेता राव वीरेन्द्र सिंह, रवि वर्मा, गुलाबा देवी, मालती देवी, हरिकेश वर्मा आदि रहे।

## अवैध निर्माण को लेकर शिकायत की

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। थाने मे तैनात चौकीदार द्वारा पुलिस का धौंस जमाकर जबरिया दीवार निर्माण कराए जाने को लेकर तहरीर दी गई है। थाना क्षेत्र के नगइया बादशाहपुर निवासी रामपाल वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसका भाई थाने मे चौकीदार है। आरोपी द्वारा पुलिस की धौंस देकर समझौते के बावजूद जबरिया उसकी भूमिधरी मे निर्माण कराया जा रहा है। पीड़ित का कहना है उसने कई बार सांगीपुर पुलिस को तहरीर दी किंतु कोई सुनवाई नही हो रही है। इस बाबत सांगीपुर एसओ सतीश का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जरूरतमंदों को बंटा कंबल

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। सांगीपुर क्षेत्र के पूरे बदौवन मंगापुर गांव मे जय गुरूदेव संगत द्वारा जरूरतमंदो को कंबल वितरित किया गया। सोमवार की शाम आयोजित कार्यक्रम मे संगत के कन्हैयालाल यादव व संदीप विश्वकर्मा ने गरीब तबके के लोगों को कंबल बांटा। कंबल पाकर निराश्रितों मे प्रसन्नता देखी गई। इस मौके पर निर्मला, भगौती, फूलकली, रामदुलारी, मुन्नादेवी, गंगादेवी, राम महेश, दसई, शीतला प्रसाद, गरीब दास, विन्देश्वरी, कमला देवी, राजकली, गंगाराम आदि रहे।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिल उठे नवनियुक्त शिक्षकों के चेहरे

संवाददाता। अमेठी

**सोमवार** को राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए लोक सेवा आयोग उप्र से पूरे प्रदेश में 436 नवचयनित प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापक का निष्पक्ष एवं पारदर्शी ऑनलाइन पदस्थापन एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह वर्चुअल आयोजित हुआ। जिसमे अमेठी जनपद के 03 नवचयनित प्रवक्ता शामिल हुए। कलेक्ट्रेट स्थित जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम से 03 नवनियुक्त माध्यमिक शिक्षा के प्रवक्ताओं को जिलाधिकारी अरुण कुमारए मुख्य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठर ने नियुक्ति पत्र वितरित किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त प्रवक्ताओं में धनंजय पांडे प्रवक्ता हिन्दी, ज्ञान कुमार प्रवक्ता हिंदी व उपमा प्रवक्ता संस्कृत को नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र पाकर नवचयनित प्रवक्ताओं ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माध्यमिक शिक्षा के सभी नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए उन्हें उनकी अपार सफलता पर शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करके अमूल चूल परिवर्तन किए। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों में विषय की समझ को पैदा करें। शिक्षण एक पवित्र कार्य हैए यदि तन्मयता से कार्य करेंगे तो पूरा जीवन यशस्वी होगा। सकारात्मक सोच एवं ऊर्जा समाज में सबसे बड़ी ताकत है जो समाज में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा की गई सभी नियुक्तियों पर कोई भी उंगली नहीं उठा सकता। सुचिता एवं पारदर्शी ढंग से यथा योग्य लोगों की नियुक्ति की गई है।

## एसपी ने थाना मडावरा व गिरार का किया औचक निरीक्षण

**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार द्वारा थाना मडावरा का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होने समाधान दिवस रजिस्टर अपराध रजिस्टर महिला हेल्प डेस्क महिला संबंधी शिकायतों को तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। सीसीटीएनएस कार्यालय मैस आवास का निरीक्षण कर साफसफाई रखने हेतु व अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। थाना कार्यालय मडावरा में हेड कां जाहर सिंह व हेड कां रामजीवन को अभिलेखों के अच्छे रखरखाव करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। एसपी द्वारा महिला हेल्प डेस्क में आई शिकायतों के संबंध में शिकायतकर्ताओं से स्वयं टेलीफोन से संपर्क कर उनकी शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली गई व संबंधित को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये, साथ ही एसपी ने गिरार थाने का औचक निरीक्षण किया।

# जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं: डीएम

## संपूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। अमेठी



**जनपद** की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की जन समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाए और शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें आई है, जिसमें अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। डीएम ने निर्देश दिये कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील गौरीगंज में कुल 86 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की दो संयुक्त टीमें मौके पर गई। वहीं तहसील तिलोई में 39 शिकायतें मिली।

# निश्छल श्रद्धा से प्रशस्त होता है जीवन में पुण्य का मार्ग: आचार्य गोपाल

## भागवत कथा ज्ञानयज्ञ

संवाददाता। प्रतापगढ़



**जिले** के पटटी क्षेत्र के वारीकलां गांव मे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ मे मंगलवार को श्रद्धालुओं ने कथा का रसास्वादन किया। कथाव्यास आचार्य गोपाल कृष्ण जी महराज ने कहा कि भगवान के प्रति मन की श्रद्धा मनुष्य को जीवन मे जीने की कला प्रदान किया करती है। उन्होनें कहा कि मन की वितृष्णा को दूर करने के लिए कलयुग के कलिकाल मे श्री राधे का भजन व स्मरण ही एक मात्र साधन है। आचार्य गोपाल कृष्ण जी महराज ने कहा कि भगवान कृष्ण ने अपने सांसारिक अवतार के जरिए यह शाश्वत संदेश दिया कि जीवन मे नीति पथ ही विजय पथ का मूलमंत्र है। आचार्य प्रवर ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि आस्था सदैव स्वार्थ से मुक्त होनी चाहिए। भगवान के प्रति समर्पण का उददेश्य सदैव निश्छल और निष्काम ही होने से जीवन मे पुण्य स्वत: मुदित हुआ करते है। आचार्य गोपाल कृष्ण जी ने कहा कि कलियुग के कलिकाल मे भागवत महात्म्य को सुनने का अवसर भी जीव को उसके समस्त मंगल अभिषेक के पक्ष को मजबूत बना दिया करता है। कथा व्यास ने कहा कि पूजा और भक्ति का मार्ग इसलिए कठिन है क्योंकि इस मार्ग पर संस्कार और चरित्र बल को तपाना पड़ता है। उन्होनें कहा कि भक्ति की निर्मलता स्वयं भगवान के भजन की पुण्यता है। भावपूर्ण कथा के दौरान महिला श्रद्धालुओं द्वारा श्रीराधे संकीर्तन से कथास्थल पर आध्यात्मिक वातावरण सुमधुर गुंजायमान हो उठा दिखा। कथा का संयोजन करते हुए समाजसेवी रामअचल सिंह ने आचार्य पीठ का अभिषेक करते हुए गोपाल कृष्ण जी का सारस्वत श्रीतिलक किया। सह संयोजक अरूण कुमार सिंह व हरिकेश बहादुर सिंह तथा राजपति सिंह ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। कथा संयोजन मे रामसिंह, राजकुमार सिंह, रमेश सिंह, उमेश सिंह, बलराम सिंह, श्याम सिंह, त्रिभुवन सिंह, घनश्याम, विकास, वैभव, अभिनीश, अभिमन्यु, आयुष, आर्यन, अधिराज आदि का सराहनीय योगदान दिखा। इसके पूर्व श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान ग्रामीण श्रद्धालुओं के पुष्पवर्षा व श्रीराधे नाम स्मरण के जयघोष से वातावरण सुगंधित हो उठा।

## तीसरे दिन एडीजी जोन एसएन सावंत ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**बाराबंकी**। मानसिक मंदित दलित युवती के दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में तीसरे दिन मंगलवार को एडीजी जोन एसएन सावन्त ने घटनास्थल का दौरा कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने नपे तुले शब्दो मे कहा कि खुलासे के लिये एसपी ने नेतृत्व में पुलिस की पांच टीमे लगाई गई हैं ।

इसके साथ ही फोरेंसिक टीम भी जांच कर रही है। एक सवाल के जवाब में एडीजी ने कहा कि खुलासे के लिये प्रश्न 36 घण्टों का नही, बल्कि सही दोषियों को पकड़ना है इन तमाम पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया है। उल्लेखनीय है कि जैदपुर थानाक्षेत्र के बीबीपुर गांव में स्थित एक सरसों के खेत एक दलित मानसिक मंदित 22 वर्षीय युवती का गला घोंटकर हत्या कर फेंका गया अस्त.व्यस्त अवस्था मे शव बरामद हुआ था उसके बाद राजनीतिक जगत इस मामले को लेकर हलचल मच गया था।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में सात प्रार्थनापत्रों का मौके पर हुआ निस्तारण

संवाददाता। बाराबंकी

**सम्पूर्ण** समाधान दिवस का आयोजन तहसील फतेहपुर में जिलाधिकारी डॉ. आदर्श सिंह एवं पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 95 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिसमें से राजस्व विभाग से सम्बन्धित 26 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 13 प्रार्थना पत्रए पूर्ति विभाग से सम्बन्धित चार प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से सम्बन्धित 13 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से सम्बन्धित चार प्रार्थनापत्र, चकबन्दी विभाग से सम्बन्धित दो प्रार्थना पत्रए समाज कल्याण विभाग से सम्बन्धित तीन प्रार्थना पत्र व अन्य विभागों से सम्बन्धित 30 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सात प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों के माध्यम से प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण समयान्तर्गत कर लिया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस सिरौलीगौसपुर अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता की अध्यक्षता व उपजिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चैहान के संयोजन में सम्पन्न हुआ । जिसमे कुल समस्त विभागों से सम्बंधित 20 शिकायतें आयी, जिसमे दो राजस्व विभाग से सम्बंधित शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। मंगलवार को तहसील के पारिजात सभागार मे सम्पूर्ण समाधान दिवस मे आये फरियादियों की मनोयोग से समस्याओं को सुना अऔर सम्र्धधित विभागों को गुणवक्ता परक निस्तारण करने के आदेश दिये। वहीं घाघरा तलहटी के बींहण मनीराम पुरवा आदि के दर्जनों ग्रामीणों ने गांव के किनारे सरयू नदी मे आयी शील्ट को दबंगों बालू खनन करने का प्रयास किया जा रहा है जिसे रोका जाय।

## 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जायेगा

**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जायेंगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान कार्यक्रम में हिस्सा लेने की शपथ दिलाई जायेंगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

उन्होंने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम में नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में निर्वाचन गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेने की शपथ दिलाये जाने के साथ ही नये मतदाताओं को अपना वोट बनवाये जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस उद्देश्य से उन्होंने जनपद के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाए ।

# अधिवक्ता के घर डकैती के खुलासे की मांग, वकीलों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## डीएम व एसपी ने कार्रवाई का दिया भरोसा

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)



**संपूर्ण** समाधान दिवस मे साथी अधिवक्ता के घर हुई डकैती का अब तक खुलासा नहीं हो पाने समेत कई मुद्दों पर वकीलों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर आक्रोश जताया। इसके पहले अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर से लेकर एसडीएम कार्यालय तक पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में दिये गये ज्ञापन मे रूरल बार के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा के घर हुई डकैती का अब तक खुलासा न होने पर वकीलों ने नाराजगी जताई। इस पर एसपी शिवहरि मीणा ने वकीलों को जल्द घटना के खुलासे का भरोसा दिलाया। वहीं ज्ञापन मे तहसील परिसर मे वादकारी शेडो मे गंदगी व शौचालयो के चोक होने की डीएम से वकीलों ने शिकायत की। अधिवक्ताओं ने डग्गामारी के चलते नगर चौक पर जाम की समस्या को लेकर भी पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताई। वहीं मतदाता सूची मे अनियमितता तथा निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली को लेकर भी अधिवक्ताओं ने डीएम का ध्यान दिलाया। डीएम डा. नितिन बंसल ने वकीलों को समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। इधर समाधान दिवस मे नगर के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग के सामने एचटी लाइन के टूटकर गिरने को लेकर भी शिकायत की गई। इस पर डीएम ने अधिशाषी अभियंता से कार्रवाई आख्या तलब की। इस मौके पर उपाध्यक्ष विनय शुक्ल, महामंत्री रामकुमार पाण्डेय, टीपी यादव, राममोहन सिंह, विकास मिश्र, संतोष पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## किसान हितों को सपा ने दी सर्वाधिक प्राथमिकता: सबाह

**बाराबंकी**। सपा किसानों की सच्ची हितैषी हैए किसान हितों को सपा ने सर्वाधिक प्राथमिकता दी है। भाजपा ने किसानों के हितों को अडानी व अंबानी को गिरवी रख दिया हैए भाजपा सरकार द्वारा पारित तीन काले कानून को भारत का किसान, मजदूर नहीं लागू होने देगा और इसके खिलाफ संघर्ष करेगा। किसान संवाद चौपाल की बैठक में सपा जिला उपाध्यक्ष व प्रभारी कुर्सी मो सबाह ने यह विचार व्यक्त किए।

श्री मो सबाह ने कहा कि किसान आज हताशा का शिकार हैए किसानों के साथ आज जैसा सौतेला व्यवहार कभी नहीं हुआ। किसानों की एकता को खंडित करने का कुत्सित प्रयास सफल नहीं हो सकता। कृषि का बाजारीकरण के गंभीर नतीजे होंगे। पूर्व प्रमुख संतोष वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा सरकार किसान सहित सभी मुद्दों पर फेल साबित हुई है।

# ऑनलाइन कारोबार से छोटा व्यापारी बर्बाद हो चुका है: सुरेश बडेरा

संवाददाता। ललितपुर

**जिला** उद्योग व्यापार मंडल की जिला कार्यकारिणी की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष सुरेश बडेरा ने बताया की देश व प्रदेश का ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यापार के कारण देश में प्रदेश का खुदरा छोटा व्यापारी पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। आम आदमी ऑनलाइन व्यापार से अपने घरेलू सामान की आपूर्ति करता है इससे प्रदेश के छोटे छोटे दुकानदार का व्यापार चौपट हो चुका है। इस पर केंद्र द्वारा सरकार को रोक लगानी चाहिए। जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई ने कहा कि नगर पालिकाओं द्वारा सभी दुकानों पर यूजर टैक्स लगा रही है इसका जिला उद्योग व्यापार मंडल पुरजोर विरोध करता है। इसकी मांग प्रदेश सरकार से ज्ञापन के माध्यम से की जाएगी। मीटिंग में व्यापारियों का होने वाले उत्पीड़न को कैसे रोका जाए, इस पर चर्चा की गई और शीघ्र ही नगर में व्यापारी व आमजन की जो लगातार चोरी हो रही है, किसी भी चोरी का पर्दाफाश नहीं हो रहा है। इस पर संगठन के सभी पदाधिकारियों ने चिंता व्यक्त की और शीघ्र ही है ज्ञापन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से मिलेंगे व्यापार मंडल व्यापार बंधु की मीटिंग में नगर पालिका में जो दुकानदार स्थित है, उनके मार्ग अवरुद्ध होने पर रेलिंग हटाया जाए और वहां जीना बना दिया जाए, इससे लोग आसानी से दुकानों पर पहुंच सके और उनका व्यापार आराम से चल सके और इस जिला अध्यक्ष ने कहा शीघ्र ही नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मिलकर इस समस्या का निराकरण किया जाएगा । और संगठन के पदाधिकारियों ने मांग की नगर कमेटी जिला युवा कमेटी एवं नगर युवा कमेटी का शीघ्र ही विस्तार किया जाएगा और यह भी मांग उठी जल्द से जल्द सभी सेक्टरों का गठन किया जाए एवं हर महीने एक मासिक जिले की मीटिंग बुलाई है जिससे संगठन के प्रति विस्तार से चर्चा हो सके।

संगठन में यह भी तय किया गया किसी भी व्यापारी का किसी भी तरह का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री पंडित मनीष सड़ैया, जिला अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, वरिष्ठ महामंत्री प्रदीप सतरबांस, जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, उद्योग मंच प्रदेश मंत्री कमलेश सराफ,जिला संयुक्त महामंत्री अभिषेक अनोरा, प्रांतीय सदस्य अजय सोनी, अमर ज्वेलर्स जिला उपाध्यक्ष बॉबी राजा, नाराहट राजू सिंधी, रविंद्र दिवाकर, प्रदीप त्रिपाठी , सुरेंद्र लारिया, वरिष्ठ नेता उदय सराफ महेंद्र टैडैया मोहम्मद इकराम आदि मौजूद रही।